www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
रायपुर, शुक्रवार, 6 अक्टूबर 2023 । वर्ष – 65 । अंक –172 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



बिजली क्षेत्र में अनुसंधान और विकास अत्यधिक महत्वपूर्णः मुर्मु पृष्ठ 2
■ अभिव्यक्ति की आज़ादी पर लगता पूर्वग्रहण
■ न्यूज़क्लिक पर छापेमारी स्वतंत्र मीडिया को डराने-धमकाने की ... पृष्ठ 6
■ कनाडा के साथ विवाद के कारण संबंध खराब होने के दावों को अमेरिका ने किया खारिज पृष्ठ 7
सेमीफाइनल से पहले भी खत्म हो सकता है पाकिस्तान का सफरः हरभजन पृष्ठ 8

# संजय सिंह को 10 तक ईडी की रिमांड में भेजा

## गिरफ्तारी के एक दिन बाद राउज एवेन्यू कोर्ट में हुई पेशी, पेशी के दौरान आप कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली**, 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 10 अक्टूबर तक ईडी की रिमांड में भेज दिया है। अब खत्म हो चुकी दिल्ली की आबकारी नीति या शराब घोटाला मामले में कोर्ट ने यह फैसला सुनाया है। बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों ने संजय सिंह को गिरफ्तार किया था। दिल्ली आबकारी नीति मामले में गिरफ्तारी के एक दिन बाद आम आदमी पार्टी नेता संजय सिंह को गुरुवार को अदालत में पेश किया गया। प्रवर्तन निदेशालय ने सिंह को 2021–22 दिल्ली आबकारी नीति मामले से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में बुधवार को गिरफ्तार किया था।

**आप कार्यकर्ताओं का देशभर में प्रदर्शन**

आप कार्यकर्ताओं ने संजय सिंह की गिरफ्तारी के खिलाफ राजधानी समेत पूरे देश में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता दीनदयाल उपाध्याय मार्ग स्थित आप कार्यालय में जुटे। बैनर थामे प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए सिंह की रिहाई की मांग की। विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेने वाले आप नेताओं में



आतिशी, गोपाल राय, जरनैल सिंह शामिल रहे। दिल्ली के मंत्री गोपाल राय ने विरोध प्रदर्शन के दौरान आरोप लगाया, भाजपा ने देशव्यापी सर्वेक्षण कराया है। उसे पता है कि हार निश्चित है। इसलिए वह ईडी की ओर से गिरफ्तारी कराकर चुनाव जीतने की कोशिश कर रही है। पार्टी ने आरोप लगाया है कि प्रवर्तन निदेशालय ने संजय सिंह को इसलिए गिरफ्तार किया है क्योंकि उन्होंने संसद में अडानी समूह से संबंधित मुद्दे उठाए थे।

**पार्टी ने अघोषित आपातकाल बताया**

पार्टी ने संजय सिंह की गिरफ्तारी को अघोषित आपातकाल करार दिया। दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा कि ईडी की ओर से संजय सिंह की गिरफ्तारी भी इस अघोषित आपातकाल में विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास है। विपक्ष के नेताओं को डरा-धमकाकर, उन्हें जेल में डाला जा रहा है। बीजेपी ईडी–सीबीआई के दम पर 2024 का चुनाव लड़ रही है।

### सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई टली



दिल्ली शराब घोटाले में आप नेता मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने ईडी से कई सवाल किए। लंबी दलीलों के बाद कोर्ट मामले की सुनवाई टाल दी। अब इस पर 12 अक्तूबर को सुनवाई होगी। वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने मनीष सिसोदिया की ओर से पक्ष रखा। सिंघवी ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि आरोप बेबुनियाद हैं और इनसे साबित नहीं होता कि याचिकाकर्ता का इस धांधली से कोई संबंध है। आरोपी विजय नायर याचिकाकर्ता का सहयोगी नहीं है।

भाजपा का केजरीवाल पर निशाना

### अनुराग ठाकुर बोले सरगना भी जाएगा जेल

दिल्ली शराब घोटाला कांड में आम आदमी पार्टी की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। पार्टी सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी के बाद अब भाजपा ने अरविंद केजरीवाल पर हमला तेज कर दिया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने दिल्ली के मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी के राष्टीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहाकि सरगना अभी बाहर है। उसका नम्बर भी आएगा। जिन लोगों को केजरीवाल ने ईमानदारी का सर्टिफिकेट दिया था,वो सभी एक साल से जेल में हैं। उन्होंने कहा कि लोग अब केजरीवाल की कथित ईमानदारी पर हंस रहे हैं। खुलेआम घोटाले करना और पकड़े जाने पर राजनीति करना उनकी फितरत हो गई है। लेकिन अब उनके चेहरे का तनाव साफ देखा जा सकता है।

# कांग्रेस सरकार ने पांच सालों में छग को किया बेहाल : अनुराग ठाकुर

## प्रधानमंत्री आवास के मामले में भूपेश सरकार है दोषी

**रायपुर**, 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। पांच सालों में कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ को बेहाल कर दिया। शराबबंदी बोलकर घर–घर शराब बांट रहे हैं। गंगा जल की कसम खाकर भूपेश बघेल शराब घोटाले करते हैं।यह बात केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने भू-पे एप के लॉचिंग समारोह में कही।

केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि मध्यप्रदेश से अलग कर छत्तीसगढ़ को राज्य का रूप देने का काम अटल बिहारी बाजपेयी ने किया था। मध्यप्रदेश भाजपा की सरकार बनने के पहले बीमारू राज्य था। उस वक्त छतीसगढ़ में कितनी चुनौतियां थीं। छत्तीसगढ़ में जब भाजपा की सरकार बनी तो नए आयाम बने।लेकिन पांच सालों में कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ को बेहाल कर दिया। छत्तीसगढ़ में 40 हजार बच्चों की मौत हो गई, हज़ारों कर्मियों को सड़कों पर आना पड़ा।मंडी टैक्स दुगुना किया,



जो वादे किए, पूरा नहीं किया।

अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि माफियाओं के राज में छत्तीसगढ़ अब माफी चाहता है।चुनाव के समय प्रदेश के युवा व महिलाएं ब्याज समेत वसूली करेंगे।उन्होंने भाजपा के एप को सोशल मीडिया पर शेयर करने की बात कहते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के मुखिया हैं भू–पे। उस समय दिल्ली में मैंने मनीष को कहा था, अब कह रहा हूं भूपेश। दिल्ली में मनीष, छत्तीसगढ़ में भूपेश।

**18 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला**

मल्लिकार्जुन खरगे के केंद्र सरकार सहयोग नहीं करने के आरोप को अनुराग सिंह ठाकुर ने चुनौती देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल ने ग़रीबों का हक खाया है।खरगे को खुली चुनौती देता हूँ, अगर दम है तो किसी मंच पर सामने आ जाएं।18 करोड़ गरीबों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला तो वो है मोदी की सरकार ने, 13 करोड़ घरों को नल देने का काम किया।

**पीएम आवास के लिए जारी हुआ केंद्रांश**– राज्य सरकार के आरोप पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि गरीब का आवास छीनने का काम भू पे ने किया है। केंद्र सरकार हर चीज का पैसा देता।16 लाख आवास स्वीकृत किया। 4 रिमाइंडर किया, केंद्रांश जारी हो गया है आज तक 1 भी स्वीकृति नहीं किया. प्रधानमंत्री आवास के मामले में कांग्रेस सरकार दोषी है।

**सार संक्षेप**

### चंद्रबाबू नायडू की न्यायिक हिरासत 19 तक बढ़ी

**विजयवाड़ा।** विजयवाड़ा एसीबी कोर्ट ने गुरुवार को कथित कौशल विकास निगम घोटाले में पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू की न्यायिक हिरासत 19 अक्टूबर तक बढ़ा दी। नायडू की हिरासत समाप्त होने के साथ, उन्हें राजमुंदरी सेंट्रल जेल से न्यायाधीश के सामने वर्चुअली पेश किया गया। न्यायाधीश ने हिरासत की अवधि दो सप्ताह के लिए बढ़ा दी। अदालत ने नायडू की जमानत याचिका के साथ-साथ उनकी हिरासत के लिए सीआईडी याचिका पर सुनवाई भी शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दी।

### नांदेड़ अस्पताल में हुई मौतों पर राहुल ने सरकार को घेरा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने महाराष्ट्र के नांदेड़ के एक सरकारी अस्पताल में कई लोगों की मौत पर गुरुवार को भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीब मां की इन दिल दहला देने वाली चीखों को सुनें। और पूछा कि आप हमेशा अपने अपराध की सजा गरीबों को ही क्यों देते हो।

एक्स पर हिंदी में एक पोस्ट में राहुल गांधी ने कहा, प्रधानमंत्री जी, नांदेड़ की इस गरीब मां की दिल दहला देने वाली चीखें सुनिए। आप हमेशा अपने अपराधों की सजा गरीबों को ही क्यों देते हैं? उन्होंने इस सप्ताह की शुरुआत में नांदेड़ के सरकारी अस्पताल में अपने बच्चे की मौत के बाद चिल्लाती हुई एक बच्चे की मां का वीडियो भी संलग्न किया।

### सीबीआई ने सीबीएफसी कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) के अज्ञात कर्मचारियों और तीन अन्य व्यक्तियों के खिलाफ 7 लाख रुपए की रिश्वत लेने का मामला दर्ज किया है। तीन आरोपियों की पहचान मर्लिन मेनागा, जीजा रामदास, राजन एम के रूप में की गई है और अन्य के नाम का खुलासा नहीं किया गया है। एक शिकायत के आधार पर, सीबीआई ने आरोप लगाया है कि पिछले महीने, एक आरोपी ने हिंदी में डब की गई फिल्म के लिए सीबीएफसी से आवश्यक सेंसर प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए 7 लाख रुपए की रिश्वत लेने के लिए अन्य लोगों के साथ साजिश रची थी।

# केंद्र सरकार धान खरीदी है तो भुगतान आगे कब करेंगे वह भी बताएं : भूपेश

**रायपुर**, 5 अक्टूबर (देशबन्धु)।। धान खरीदी को लेकर भूपेश बघेल ने भाजपा के आरोप पर पलटवार करते हुए कहा कि अभी सबसे बड़ा झूठा आया था, वे बोले धान खरीदी करते हैं। धान खरीदी करते हैं तो बताए कब उन्होंने बटन दबाया ? जैसे हम लोग हर 3 महीने में बटन दबाते हैं और सीधे पैसा किसानों के खाते में जाता है।अगर ये धान खरीदी करते हैं तो किसके खाते में पैसा जाता है ? धान का पेमेंट तुरंत होता है क्या ? ये लोग कितने का बजट रखे हैं ? ये भी बता दें कि भुगतान कब किए, आगे कब भुगतान करेंगे वह भी बता दें।

दिल्ली में ईडी की कार्रवाई पर



मुख्यमंत्रीभूपेश बघेल ने मोदी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पहले पत्रकारों पर कार्रवाई हुई, जो दु:खद है, ये तानाशाही रवैया है। पत्रकार अपनी कलम से लिखते हैं, जो निष्पक्ष खबरे लिख रहे हैं या आलोचना कर रहे हैं, उन्हें जेल में ठूंसा जा रहा है। यह सीधे लोकतंत्र पर हमला है। एनडीए की सरकार जब से बनी है, तब से विपक्षी नेताओं को दबाने की कोशिश की जा रही। उन्होंने कहा कि सोनिया और राहुल गांधी के बाद छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल में दमन किया जा रहा, ताकि विपक्ष ना बचे।जबकि प्रजातंत्र में विपक्ष का होना जरूरी है।ये विपक्ष को जेल में ठूंसने और खत्म करने की कोशिश

➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# भ्रष्ट तंत्र तहस-नहस हो गया है : मोदी



**जबलपुर**, 5 अक्टूबर (एजेंसी)। मध्य प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जबलपुर पहुंचे, जहां उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, 2014 में मोदी के आने से पहले क्या हाल था, कांग्रेस के समय में कितने भ्रष्टाचार सामने आते थे। गरीबों का पैसा खाया जाता था। हमने करीब 11 करोड़ फर्जी नामों को वोटर लिस्ट से हटाया। ये वे नाम थे, जिनका कभी जन्म ही नहीं हुआ। उन्होंने कहा, हमने जन धन, आधार और मोबाइल की ऐसी त्रि–शक्ति बनाई कि कांग्रेस का भ्रष्ट तंत्र तहस–नहस हो गया।

# दिल्ली में 9 को होगी कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक

**नई दिल्ली**, 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे की अगुवाई में नवगठित कांग्रेस कार्यसमिति की दूसरी बैठक राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में होगी। इसमें इस साल के आखिर में होने जा रहे पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव की तणनीति तय करने ,जातीय जनगणना और कुछ अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हो सकती है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, आगामी सोमवार को कांग्रेस मुख्यालय में होने जा रही कार्यसमिति की बैठक में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम के विधानसभा चुनाव की तैयारियों, जाति जनगणना,जांच एजेंसियों के कथित दुरुपयोग और देश के मौजूदा राजनीतिक व आर्थिक हालात को लेकर चर्चा की जा सकती है। उल्लेखनीय हैकि कार्यसमिति कांग्रेस पार्टी की सबसे नीति निर्धारक इकाई है। इसकी बैठक पांच राज्यो के विधानसभा चुनावों से ठीक पहले हो रही है। इसलिए यह ज्यादा महत्वपूर्ण हो गई है। माना जा रहा है कि इसमें चुनाव की रणनीति के साथ ही चुनावी मुद्दों पर चर्चा होगी। कांग्रेस के सामने जहां छत्तीसगढ और राजस्थान में अपनी सत्ता बचाने की चुनौती है,वहीं मध्यप्रदेश में वह भाजपा से सत्ता छीनने की जद्दोजहद कर रही है। वहीं तेलंगाना और मिजोरम में क्षेत्रीय पार्टियो का फिलहाल वर्चस्व है।दाव पर लगी है। बतादें कि इससे पहले कांग्रेस कार्य समिति की बैठक पिछले माह 16–17 सितम्बर को हैदराबाद में हुई थी।

**पांच राज्यों के चुनाव व जाति जनगणना पर होगी चर्चा**

# राजा जा रहा है, अब रोजगार के लिए होगी वोटिंग : प्रियंका

**धार**, 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और मध्य प्रदेश प्रदेश दोनों ही सरकार पर जमकर हमले बोले और कहा कि अब तो यहां की जनता भी कहने लगी है कि इस बार राजा जा रहा है और उनका वोट रोजगार के लिए जाएगा। प्रियंका गांधी ने धार जिले के राजगढ़ में आयोजित जन आक्रोश सभा में भाजपा सरकार पर हमला किया और कहा कि बीते 18 साल में इस प्रदेश में भाजपा के शासनकाल में ढाई सौ से ज्यादा घोटाले हुए हैं, मगर इन घोटाले बाजों के यहां कोई भी जांच एजेंसी नहीं भेजी गई जबकि इन जांच



एजेंसियों को सबके घर भेज दिया जाता है। किसी ने उनके खिलाफ बोला और वहां ईडी पहुंच जाती है। फिल्म के अभिनेताओं के घर भी ईडी पहुंच जाती है, मगर यहां के अधिकारियों और नेताओं के यहां ईडी नहीं पहुंची। प्रियंका गांधी ने धार दौरे का जिक्र करते हुए कहा कि मैं जब यहां आ रही थी तो नौजवानों से मैंने पूछा क्या लगता है इस बार के चुनाव में क्या होने वाला है। वह कहने लगे राजा जा रहा है और उनका वोट रोजगार देने वालों के लिए होगा।

प्रियंका गांधी ने राज्य में हुए घोटालों का जिक्र करते हुए कहा पोषण आहार, मिड डे मील, सर्व शिक्षा अभियान, स्कॉलरशिप, भर्ती परीक्षा, कारम डेम में भी घोटाला हुआ है। यहां व्यापम घोटाले में तो 50 से अधिक लोगों की मौत तक हुई है। सवाल है कि क्या इन्होंने इसकी जांच कराई ? प्रियंका गांधी ने यहां पहुंचने पर सबसे पहले मोहनखेड़ा तीर्थ के गुरु मंदिर में जाकर ट्रस्टियों से मुलाकात की और पूजा भी की।

### प्रियंका आज कांकेर में, पंचायती राज महासम्मेलन में होंगी शामिल

**रायपुर।** कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी एक बार फिर 6 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ आ रही हैं। वे कांकेर के गोविंदपुर स्थित मैदान में नगरीय निकाय एवं पंचायती राज महासम्मेलन में शामिल होंगी। उनके साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व तमाम कांग्रेस के दिग्गज शामिल होंगे। कार्यक्रम में 866 करोड़ रुपए के 518 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया जाएगा। विधानसभा चुनाव से पूर्व उत्तर बस्तर के इलाके में प्रियंका गांधी की सभा बेहद अहम मानी जा रही है। कार्यक्रम की भव्यता देख लग रहा है कि इस कार्यक्रम में लाखों लोग शामिल होंगे। नक्सल प्रभावित इलाका होने के कारण सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

मणिपुर में फिर हिंसा भड़की

# इंफाल में दो घरों में लगाई आग, हुई गोलीबारी

**इंफाल,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। मणिपुर में फिर से हिंसा शुरू हो गई है। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि राज्य के इंफाल वेस्ट जिले में दो घरों में आग लगा दी गई। इसके अलावा इस दौरान कई राउंड गोलीबारी की गई। पुलिस ने कहा कि मामला बुधवार रात करीब 10 बजे पटसोई पुलिस थाना क्षेत्र के न्यू कीथेलमनबी का है। हमले के बाद आरोपी मौके से तुरंत भाग गया. पुलिस ने आगे कहा कि हमने फायर सर्विस के साथ मिलकर तुरंत आग पर काबू पा लिया। पुलिस ने जानकारी दी कि पूरे मामले के बाद इलाके में तनाव की स्थिति बनी हुई थी, लेकिन अब नियंत्रण में है। उन्होंने बताया कि घटना के बाद इलाके में इकट्ठा हुईं मैतेई समुदाय की महिलाओं को सुरक्षा बलों ने आगे बढ़ने से रोक दिया। इसके अलावा एरिया में स्थिति संभालने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किया गया है। मणिपुर में मई से हिंसा जारी है। हिंसा की घटनाओं में अब तक 180 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। सैकड़ों लोग घायल हुए हैं।

एनडीए को फिर लगा झटका

# पवन कल्याण ने भी साथ छोड़ा

**मछलीपट्टनम**, 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। अभिनेता राजनेता पवन कल्याण ने कहा है कि उनकी जन सेना पार्टी (जेएसपी) 2024 विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी (टीडीपी) तेलुगु देशम के साथ हाथ मिलाने के लिए बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए से बाहर आ गई है। कृष्णा जिले के पेडाना में अपनी वाराही यात्रा के हिस्से के रूप में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वह कठिन समय में टीडीपी का समर्थन करने के लिए एनडीए से बाहर आए हैं। उन्होंने कथित कौशल विकास घोटाले में टीडीपी नेता और पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी का जिक्र करते हुए कहा, मुश्किलों के बावजूद हम एनडीए में शामिल हुए थे। अब हम सामने आए हैं और टीडीपी को 100 प्रतिशत समर्थन दिया है क्योंकि यह कठिन समय से गुजर रही है। पवन कल्याण, जिन्होंने पिछले महीने



राजमुंदरी जेल में नायडू से मुलाकात की थी, ने कहा कि आंध्र प्रदेश को लड़ने के लिए टीडीपी के चार दशकों के अनुभव और जन सेना की युवा ताकत की जरूरत है। उन्होंने विश्वास जताया कि टीडीपी–जेएसपी गठबंधन 2024 में सत्ता में आएगा।

यह पहली बार है कि पवन कल्याण ने सार्वजनिक रूप से घोषणा की कि जन सेना एनडीए से बाहर आ गई है। वह 18 जुलाई को दिल्ली में हुई एनडीए की बैठक में शामिल हुए थे। बैठक के बाद उन्होंने कहा था कि जन सेना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन का समर्थन करेगी।

चुनाव तैयारियों का आकलन करने तेलंगाना पहुंचा आयोग

# चुनावों में धनबल के इस्तेमाल पर आयोग की नजर

**हैदराबाद**, 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने गुरुवार को कहा कि चुनाव आयोग स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी और प्रलोभन मुक्त चुनाव कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सीईसी के नेतृत्व में 17 सदस्यीय टीम वर्तमान में तेलंगाना में चुनाव तैयारियों का आकलन करने पहुंचा है। इस दौरान सीईसी राजीव कुमार ने राजनीतिक दलों, राज्य और केंद्र सरकार के अधिकारियों व प्रवर्तन एजेंसियों जैसे विभिन्न हितधारकों के साथ बैठकें कीं।

कुमार ने तेलंगाना में टीम की गतिविधियों के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि प्रवर्तन एजेंसियों को चुनाव के दौरान धन बल के इस्तेमाल के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करने का मजबूत संदेश दिया गया है। उन्होंने कहा, धनबल और मुफ्त में सामानों का वितरण करने वाले हमारे विशेष रडार पर होंगे। यदि वे (प्रवर्तन एजेंसियां) कार्रवाई नहीं करती हैं तो हम उनसे कार्रवाई करवाएंगे। समय आने पर हम आकलन करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि वे इन सब पर कार्रवाई करें।

**ऑनलाइन हस्तांतरण पर नजर रखने को कहा**–उन्होंने कहा कि बैंकों से इस संबंध में ऑनलाइन नकद हस्तांतरण पर नजर रखने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों के साथ बातचीत के दौरान, उन्होंने चुनाव आयोग से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया कि तेलंगाना में चुनाव प्रलोभन मुक्त हों।

**पुरस्कार** फॉसे ने 40 नाटकों के साथ-साथ कुछ उपन्यास, लघु कथाएं भी लिखी

# साहित्य का नोबेल पुरस्कार नार्वे के जॉन फॉसे को मिला

■ नोबेल साहित्य समिति के अध्यक्ष एंडर्स ओल्सन ने की घोषणा

**स्टॉकहोम, 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। नार्वे के साहित्यकार जॉन फॉसे को वर्ष 2023 के नोबेल साहित्य पुरस्कार से सम्मानित किए जाने की गुरुवार को घोषणा की गई। फॉसे को यह पुरस्कार उनके नाटकों, उपन्यासों और बच्चों के लिए लिखी गईं उनकी किताबों के लिए दिया जा रहा है।**

यह पुरस्कार देने वाली नोबेल साहित्य समिति के अध्यक्ष एंडर्स ओल्सन ने कहा कि श्री फॉसे को नार्वे की पृष्ठभूमि वाली उनकी उत्कृष्ट साहित्यिक रचनाओं के लिए नोबेल साहित्य सम्मान से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। श्री फॉसे (64) ने इस पुरस्कार की घोषणा पर अपने प्रकाशक सैमलागेट के माध्यम से जारी अपनी प्रतिक्रिया में कहा, मैं अभिभूत हूं, मैं इसे विशुद्ध- साहित्य



साधना के लिए एक पुरस्कार के रूप में देखता हूं, जिसका सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य बिना किसी अन्य विचार के साहित्य होता है। श्री फॉसे कविताएं भी लिखते हैं। उन्होंने लगभग 40 नाटकों के साथ-साथ कुछ उपन्यास, लघु कथाएँ, बच्चों के लिए साहित्यिक पुस्तकें, कविताएं और अनेक निबंध भी लिखे हैं।

नोबेल सम्मान देने वाली स्वीडिश अकादमी ने कहा, यह सम्मान उनके (फॉसे के) अनूठे नाटकों और गद्य के लिए है जो आम लोगों की आवाज देते हैं। साहित्य नोबेल पुरस्कार विजेता को 1.1 करोड़ स्वीडिश क्रोनर (लगभग 997,700 अमेरिकी डॉलर) दिये जाते हैं। दिसंबर में पुरस्कार समारोह में विजेताओं को 18 कैरेट का स्वर्ण पदक और प्रशस्ति पत्र से नवाजा जाता है।

इस पुरस्कार की धनराशि नोबेल पुरस्कार के संस्थापक और स्वीडिश आविष्कारक अल्फ्रेड नोबेल की वसीयत के तहत रखे गए धन से दी जाती है। आविष्कारक श्री नोबेल का वर्ष 1896 में उनका निधन हो गया था।

# देश

उवाच

भाजाप वायनाड से लोकसभा सांसद राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता से घबरा गई हैं, यह 2024 के लोकसभा चुनावों में अपनी हार को महसूस करने के बाद भाजपा की घबराहट है।' इंडिया गठबंधन के गठन के बाद से वे दहशत में हैं, राहुल गांधी को रावण कहना उनकी हताशा को दर्शाता है :-**इमरान प्रतापगढ़ी, कांग्रेस नेता**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 34.0 | 23.0 |
| मुंबई | 32.0 | 26.0 |
| कोलकाता | 27.0 | 26.0 |
| चेन्नई | 32.0 | 28.0 |

# भाजपा ने राहुल गांधी को नए जमाने का 'रावण' बताते हुए जारी किया पोस्टर

**नई दिल्ली,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। भाजपा ने राहुल गांधी को नए जमाने का रावण बताते हुए पोस्टर जारी कर उन्हें धर्म और राम विरोधी बता दिया है। भाजपा ने जॉर्ज सोरोस पर भी निशाना साधते हुए यह आरोप लगाया है कि राहुल गांधी का एकमात्र लक्ष्य भारत को बर्बाद करना है। भाजपा ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट्स पर राहुल गांधी का जो पोस्टर जारी किया है, उसमें उनके 7 सिर दिखाए गए हैं और उसके ऊपर लिखा गया है – 'भारत खतरे में है।' राहुल गांधी की 7 सिरों वाली तस्वीर के नीचे अंग्रेजी भाषा के बड़े अक्षरों में 'रावण' लिखा गया है और उसके नीचे 'ए कांग्रेस पार्टी प्रोडक्शन डायरेक्टेड बाय जॉर्ज सोरोस' लिखा गया है। पोस्टर को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर शेयर करते हुए भाजपा ने लिखा है, 'नये जमाने का रावण यहां है। वह दुष्ट है। धर्म विरोधी, राम विरोधी है। उनका लक्ष्य भारत को नष्ट करना है।'




- **भाजपा ने पोस्टर जारी कर राहुल को धर्म और राम विरोधी बताया**
- **राहुल गांधी का एकमात्र लक्ष्य भारत को बर्बाद करना**

## कांग्रेस ने राहुल गांधी के रावण पोस्टर को लेकर भाजपा की आलोचना की

**नई दिल्ली।** भाजपा ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर राहुल गांधी का एक पोस्टर पोस्ट किया। जिसमें राहुल गांधी को रावण के रूप में दर्शाया गया है। इस हरकत पर कांग्रेस ने गुरुवार को भाजपा की कड़ी आलोचना की है। कांग्रेस ने कहा कि पोस्टर का उद्देश्य राहुल गांधी के खिलाफ स्पष्ट रूप से हिंसा भड़काना है, जिनके पिता पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी और दिवंगत दादी प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या उन ताकतों द्वारा की गई थी जो भारत को विभाजित करना चाहते थे।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने अपने एक्स अकाउंट से पोस्ट किया, 'भाजपा के ऑफिशल हैंडल पर राहुल गांधी को रावण के रूप में दिखाने वाले घटिया ग्राफ़िक के पीछे वास्तविक मंशा क्या है? इसका स्पष्ट रूप से एक ही मकसद है, एक कांग्रेस सांसद और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष के ख़िलाफ़ हिंसा के लिए उकसाना और भड़काना, जिनके पिता और दादी की हत्या उन ताकतों ने की थी जो भारत को तोड़ना चाहते हैं।' उन्होंने आगे लिखा कि प्रधानमंत्री का हर दिन झूठ बोलकर मानसिक रूप से बीमार होने और आत्ममुग्धता के विकार से पीड़ित होने का सबूत देना एक बात है। लेकिन, अपनी पार्टी से इस तरह के घृणा से भरे कंटेंट बनवाना न केवल पूरी तरह से अस्वीकार्य है, बल्कि बेहद ख़तरनाक भी है। हम डरने वाले नहीं हैं। 10 सिर वाले राहुल गांधी के पोस्टर को पार्टी के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने भी अपने एक्स हैंडल पर साझा किया था।



पोस्टर का उद्देश्य राहुल गांधी के खिलाफ स्पष्ट रूप से हिंसा भड़काना है, जिनके पिता पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी और दिवंगत दादी प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या उन ताकतों द्वारा की गई थी जो भारत को विभाजित करना चाहते थे:- **जयराम रमेश, कांग्रेस महासचिव**

## महाराष्ट्र के अस्पतालों में मौतें

### कांग्रेस ने हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त जज से जांच कराने, स्वास्थ्य मंत्री को हटाने की मांग की



**मुंबई,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र कांग्रेस ने गुरुवार को राज्यपाल रमेश बैस से मुलाकात की और विभिन्न सरकारी अस्पतालों में सिलसिलेवार मौतों की उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश से जांच कराने और राज्य के स्वास्थ्य मंत्री तानाजी सावंत को हटाने की मांग की। कांग्रेस ने इस मुद्दे तथा लोगों, किसानों, कानून-व्यवस्था और महिलाओं से जुड़े अन्य प्रमुख मुद्दों पर चर्चा के लिए राज्य विधानमंडल का एक विशेष सत्र बुलाने का भी आह्वान किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले, कार्यकारी अध्यक्ष एम. आरिफ नसीम खान, विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार, मुंबई पार्टी प्रमुख प्रो. वर्षा गायकवाड़ और अन्य नेताओं ने भी मृतकों के परिजनों के लिए 10-10 लाख रुपये के मुआवजे की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने एक ज्ञापन सौंपा जिसमें बताया गया कि कैसे नांदेड़ के डॉ. शंकरराव चव्हाण सरकारी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल 48 घंटे में 16 शिशुओं समेत 31 लागों, छत्रपति संभाजीनगर के सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 24 घंटे में 14 मौतें और नागपुर के मेयो अस्पताल में 24 घंटे में 23 मरीजों की मौतें शामिल हैं। ये सारी घटनाएं एक सप्ताह के भीतर की हैं। इससे पहले उन्होंने अगस्त के मध्य में बताया था कि कैसे ठाणे जिले से सटे ठाणे नगर निगम के छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में 24 घंटों में 18 मरीजों की मौत हो गई।

# बिजली क्षेत्र में अनुसंधान और विकास अत्यधिक महत्वपूर्णः मुर्मु

**नई दिल्ली,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बिजली क्षेत्र में अनुसंधान और विकास को महत्वपूर्ण करार देते हुए कहा है कि बिजली क्षेत्र का भविष्य इसी पर निर्भर करेगा। राष्ट्रपति ने गुरूवार को यहां राष्ट्रपति भवन में केन्द्रीय विद्युत इंजीनियरिंग सेवा के अधिकारियों से मुलाकात की और कहा कि भारत के नेट जीरो उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ऊर्जा दक्षता और नवीकरणीय ऊर्जा प्रमुख स्तंभ हैं। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के अनुसार, स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तनों में ऊर्जा दक्षता को 'पहला ईंधन' कहा जाता है। यह जलवायु परिवर्तन शमन के सबसे तीव्र और किफायती विकल्प उपलब्ध करता है। यह ऊर्जा बिल को भी कम करता है और ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ बनाता है। उन्होंने केंद्रीय विद्युत इंजीनियरिंग सेवा के अधिकारियों से ऊर्जा दक्षता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया, जिससे जलवायु परिवर्तन संबंधी लक्ष्यों को अर्जित करना सरल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि ऊर्जा परिवर्तन और ग्रिड एकीकरण की प्रक्रिया में उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है लेकिन उन्हें इन चुनौतियों से निपटने के लिए समग्र दृष्टिकोण अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि बिजली क्षेत्र का भविष्य अनुसंधान और नवोन्मेषण में निहित है, चाहे वह ऊर्जा भंडारण, ग्रिड प्रबंधन या ऊर्जा उत्पादन के नए रूपों में ही क्यों न हो। उन्होंने उनसे बिजली क्षेत्र में अनुसंधान और विकास को महत्व देने का आग्रह किया ताकि भारत वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बना रहे।

उन्होंने कहा कि ऊर्जा की मांग और खपत किसी देश की सामाजिक-आर्थिक प्रगति के संकेतकों में से एक है। इसलिए, जैसे-जैसे भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर आगे बढ़ेगा, बिजली की मांग और खपत निश्चित रूप से बढ़ेगी जो देश के विकास को और अधिक आगे बढायेगी।

राष्ट्रपति ने भारतीय व्यापार सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि व्यापार अर्थव्यवस्थाओं की रीढ़ है। यह निवेश को बढ़ावा देता है, रोजगार सृजित करता है, आर्थिक विकास को गति देता है और जीवन स्तर में सुधार लाता है। उन्होंने कहा कि भारत डिजिटल और टिकाऊ व्यापार सुविधा के लिए प्रतिबद्ध है और भारतीय व्यापार सेवा के अधिकारी व्यापार संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।



भारत के नेट जीरो उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ऊर्जा दक्षता और नवीकरणीय ऊर्जा प्रमुख स्तंभ हैं, अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के अनुसार, स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तनों में ऊर्जा दक्षता को 'पहला ईंधन' कहा जाताः- **द्रौपदी मुर्मु, राष्ट्रपति**

## सार संक्षेप

### लोकसभा स्पीकर ने निशिकांत दुबे को गृह मामलों की स्थायी समिति का सदस्य मनोनीत किया

**नई दिल्ली।** लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को गृह मामलों की स्थायी समिति का सदस्य मनोनीत किया है। निशिकांत दुबे को समिति में सदस्य के तौर पर शामिल भाजपा सांसद किरण खेर की जगह पर मनोनीत किया गया है। लोकसभा बुलेटिन में यह जानकारी दी गई है। लोकसभा सचिवालय द्वारा आज, 5 अक्टूबर को जारी किए गए बुलेटिन के अनुसार, लोकसभा स्पीकर ने डॉ. निशिकांत दुबे को किरण खेर की जगह पर गृह मामलों की स्थायी समिति में मनोनीत किया है। आपको बता दें कि, गृह मामलों के विभाग से संबंधित संसद की स्थायी समिति राज्यसभा की है और भाजपा राज्यसभा सांसद बृजलाल इस समिति के अध्यक्ष हैं।

### सरकार को सिक्किम व हिमाचल प्रदेश जैसी त्रासदियों को राष्ट्रीय आपदा घोषित करना चाहिएः खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को सिक्किम में तीस्ता नदी में अचानक आई बाढ़ में कई लोगों की मौत पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि स्थिति खतरनाक है और केंद्र सरकार को पारिस्थितिक रूप से नाजुक हिमालयी राज्यों से निपटने के लिए अपनी रणनीति को फिर से तैयार करना चाहिए। सिक्किम और हिमाचल प्रदेश जैसी त्रासदियों को राष्ट्रीय आपदा घोषित करना चाहिए ताकि इन राज्यों को अधिक टिकाऊ तरीके से खुद का पुनर्निर्माण करने के लिए पर्याप्त धन मिल सके। एक्स, पूर्व ट्विटर पर एक पोस्ट में, खड़गे ने कहा, 'सिक्किम में स्थिति अनिश्चित है, क्योंकि बादल फटने और अचानक आई बाढ़ के कारण कई लोगों की जान चली गई है और हमारे बहादुर सेना कर्मियों सहित कई लोग लापता हैं। हमारी संवेदनाएं सिक्किम के लोगों के साथ हैं।' जो इस संकटपूर्ण समय से जूझ रहे हैं।' उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने और लापता लोगों को ढूंढने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए, जिनकी संख्या कथित तौर पर लगातार बढ़ रही है।

### उत्तराखंड जा रहे हैं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

**देहरादून।** गृहमंत्री अमित शाह 7 अक्टूबर को टिहरी जनपद के नरेंद्र नगर में आयोजित होने वाले मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में शामिल होने उत्तराखंड आ रहे हैं। साथ ही एफआरआई में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। इसके अलावा गृहमंत्री शाह दिल्ली जाने से पहले 3 घंटे उत्तराखंड बीजेपी मुख्यालय में मौजूद रहेंगे। जहां वह 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भी पार्टी संगठन, सीएम समेत तमाम नेताओं से चर्चा करेंगे। देहरादून डीएम सोनिका सिंह ने गृहमंत्री के उत्तराखंड दौरे को लेकर तमाम अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



नव नियुक्त कांग्रेस कोषाध्यक्ष अजय माकन को गांधी टोपी पहनाकर सम्मानित करते कांग्रेस सेवादल के पूर्व आर्गनाइजर दिनेश्वर त्यागी। फोटो देशबन्धु

बंगाल नगर पालिका भर्ती घोटाला

## ईडी ने राज्य के खाद्य मंत्री के आवास पर मारा छापा

**कोलकाता,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने गुरुवार सुबह से ही पश्चिम बंगाल पश्चिम बंगाल में नगर पालिकाओं में करोड़ों रुपये के भर्ती घोटाले के सिलसिले में खाद्य आपूर्ति मंत्री रथिन घोष के आवास पर छापेमारी और तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। सूत्रों ने कहा कि घोष का नाम इस मामले में पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में मध्यमग्राम नगर पालिका के अध्यक्ष रहने के दौरान उनकी संलिप्तता के संबंध में ईडी के अधिकारियों द्वारा हासिल किए गए आपत्तिजनक दस्तावेजों के बाद सामने आया है। यह पता चला है कि घोष का नाम राज्य में विभिन्न नगर पालिकाओं द्वारा भर्ती परीक्षा प्रक्रिया आयोजित करने के लिए आउटसोर्स की गई एजेंसी एबीएस इन्फोज़ोन से ईडी के अधिकारियों द्वारा जब्त किए गए आपत्तिजनक दस्तावेजों के बाद सामने आया था, जो 2014 और 2018 के बीच मध्यमग्राम नगर पालिका में भर्ती प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं की ओर संकेत करता है। एबीएस इन्फोज़ोन का स्वामित्व निजी प्रमोटर अयान सिल के पास है, जो पश्चिम बंगाल में स्कूल के बदले नौकरी के करोड़ों रुपए के मामले में कथित संलिप्तता के कारण पहले से ही न्यायिक हिरासत में है।



## सांसद मोहम्मद फैजल ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

नई दिल्ली, 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। लक्षद्वीप के अयोग्य सांसद मोहम्मद फैजल ने हत्या के प्रयास के मामले में उनकी सजा को निलंबित करने से इनकार करने वाले केरल उच्च न्यायालय के नए आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति एन. नागरेश की पीठ ने मंगलवार को स्पष्ट रूप से फैज़ल सहित चार लोगों की सजा को निलंबित करने से इनकार कर दिया था। इन्हें पहले इस साल जनवरी में ट्रायल कोर्ट द्वारा दोषी ठहराया गया था। उच्च न्यायालय द्वारा मंगलवार को पारित फैसले के मद्देनजर, लोकसभा सचिवालय ने बुधवार को एक अधिसूचना जारी कर कहा कि फैज़ल संविधान के अनुच्छेद 102 (1) (I) और धारा 8 के अनुसार सदन का सदस्य नहीं रह गए हैं। सुप्रीम कोर्ट के समक्ष फैजल द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका में कहा गया है कि उच्च न्यायालय का हालिया फैसला इस बात की सराहना करने में विफल रहा कि अगर उसकी सजा को निलंबित नहीं किया गया तो केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप के मतदाताओं को भी गंभीर पूर्वाग्रह और कठिनाई का सामना करना पड़ेगा।



**अयोग्य ठहराए गए लक्षद्वीप के सांसद ने सजा पर रोक लगाने से हाईकोर्ट के इनकार के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया**

## जेडीयू सांसद ने जातीय गणना के आंकड़ों को गलत करार दिया, बोले जातीय गणना में गड़बड़ी की गयी है

**पटना,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिहार में जातीय गणना के आंकड़ों को लेकर विवाद लगातार बढता जा रहा है। कोईरी, धानुक जैसी कई जातियों के लोगों के साथ साथ विपक्षी पार्टियों के नेता जातीय गणना के आंकड़ों पर गंभीर सवाल उठा चुके हैं। अब जेडीयू के सांसद ने जातीय गणना के आंकड़ों को गलत करार दिया है। जेडीयू सांसद ने कहा है कि जातीय गणना में तेली समाज के लोगों के साथ गड़बड़ी की गयी है। सांसद ने कहा है कि उनके समाज के लोग इस जातीय गणना को खारिज करते हैं।

जेडीयू के सांसद सुनील कुमार पिंटू ने आज मीडिया से बात करते हुए कहा कि बिहार सरकार ने 2 अक्टूबर को जातीय गणना की जो रिपोर्ट जारी की है वह सही नहीं है। सांसद सुनील कुमार पिंटू ने कहा है कि वे तेली समाज के संयोजक हैं और उन्होंने सभी जिलों में अपने समाज के लोगों से बात की है। सारे जिलों से ये जानकारी दी गयी है कि कई जगहों पर तेली समाज के मोहल्ले और टोलों की गिनती ही नहीं की गयी और आंकड़े गढ़ लिये गये।

सांसद सुनील कुमार पिंटू ने कहा कि जातीय गणना की रिपोर्ट में तेली समाज की तादाद 2.81 परसेंट बतायी गयी है जो पूरी तरह से गलत है। इसलिए तेली समाज के लोग इस जातीय गणना को खारिज करते हैं। सांसद ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से कहा है कि वह फिर से जातीय गणना करायें। अभी की गणना को तेली समाज के लोग नहीं मानेंगे। सुनील कुमार पिंटू ने कहा कि जातीय गणना की रिपोर्ट के खिलाफ 8 अक्टूबर को पटना में तेली समाज के लोगों को बुलायी गयी है।



## पटना पहुंचे जेपी नड्डा ,बोले बीजेपी अब बिहार में किसी को अपने कंधे पर नहीं बैठाएगी

**पटना,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिवंगत भाजपा नेता कैलाशपति मिश्र की 100वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा शामिल हुए। इस अवसर पर बापू सभागार में बीजेपी नेताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान अपने संबोधन में जेपी नड्डा ने पंडित कैलाशपति मिश्र को पार्टी के प्रथम पंक्ति और प्रथम श्रेणी का नेता बताया। नड्डा ने कहा कि कैलाशपति मिश्र ने बीजेपी के लिए अपना सारा जीवन लगा दिया, वह बिहार में पार्टी के भीष्म पितामह थे। नड्डा ने कहा कि आज जातीयता की बात, जनगणना की बात होती है, लेकिन कैलाशपति मिश्रा सभी को साथ ले चले। इस दौरान नड्डा ने यह भी कहा कि बीजेपी अब बिहार में किसी को अपने कंधे पर नहीं बैठाएगी। जेपी नड्डा ने अपने संबोधन में आगे कहा, बिहार में ओबीसी को पहला आरक्षण कैलाशपति मिश्र वित्त मंत्री रहते मिला था। यूपीए की सरकार में नारी शक्ति बिल सदन में फाड़ा गया था, लेकिन मोदी सरकार ने 3 दिन में नारी शक्ति वंदन विधेयक पास करा लिया। 2029 में लोक सभा और 2027 से विधान सभा चुनाव में महिलाओं को आरक्षण मिलेगा। नड्डा ने कहा कि ओबीसी कमीशन को संवैधानिक दर्जा पीएम मोदी की सरकार ने दिया। बिहार को पहला एम्स अटल बिहारी वाजपेई ने दिया, दूसरा एम्स पीएम मोदी ने दरभंगा में दिया। आज भी पैसा रखा हुआ है जैसे ही काम शुरू होगा पैसा रिलीज होगा।



## मुख्यमंत्री केसीआर 16 को बीआरएस घोषणापत्र करेंगे जारी

### महिलाओं के हित में कई घोषणाएं शामिल होंगी बीआरएस घोषणापत्र में

हैदराबाद, 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री श्री के चंद्रशेखर राव भारत राष्ट्र समिति का चुनाव घोषणापत्र 16 अक्टूबर को वारंगल में जारी करेंगे। मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव द्वारा जारी घोषणापत्र विपक्षी दलों के लिए गंभीर झटका साबित होगा। वित्त मंत्री टी हरीश राव ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि श्री के चन्द्रशेखर राव तीसरी बार विजयी होकर हैट्रिक बनाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हरीश राव ने कहा कि घोषणापत्र का अनावरण मुख्यमंत्री 16 अक्टूबर को वारंगल में होने वाली विशाल बीआरएस रैली में करेंगे। इस घोषणापत्र में तेलंगानावासियों के लिए कई अच्छी खबर होगी। इसमें महिलाओं के हित में घोषणाएं शामिल होंगी। यह घोषणापत्र विपक्षी दलों के लिए चुनौती बन जाएगा क्योंकि वे बीआरएस से मुकाबला करने की स्थिति में नहीं होंगे। हरीश राव ने कहा कि के चंद्रशेखर राव हमेशा लोगों के लिए आशा का स्रोत रहे हैं। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री ने तेलंगाना के लोगों से किए गए हर वादे को पूरा किया है और वास्तव में, कई कल्याण उन्मुख योजनाओं को शुरू करने वाले वादों से आगे निकल गए हैं। तेलंगाना में लागू की जा रही अनेक योजनाएं और कल्याण कार्यक्रम कर्नाटक या किसी अन्य कांग्रेस शासित राज्य में नहीं लागू किया जा सका है।

हरीश राव ने कहा कि कृष्णा जल में राज्य की हिस्सेदारी तय करने के लिए एक न्यायाधिकरण गठित करने का केंद्रीय मंत्रिमंडल का निर्णय तेलंगाना के लिए एक बड़ी जीत होगी। इस कदम से सुनिश्चित जल का परियोजनावार आवंटन सुनिश्चित होगा।

कृष्णा जल मुद्दे के समाधान के लिए कृष्णा जल विवाद न्यायाधिकरण-II को आगे की संदर्भ शर्तों (टीओआर) के मुद्दे को मंजूरी देने के केंद्र के फैसले से तेलंगाना को काफी लाभ होगा। पूर्ववर्ती महबूबनगर जिले का भी यही हाल था, जहां राज्य में कृष्णा जलग्रहण क्षेत्र का बड़ा हिस्सा है।

राज्य की प्रत्येक परियोजना के लिए सुनिश्चित पानी का अपना हिस्सा आवंटित किया जाएगा। पालमुरु-रंगारेड्डी लिफ्ट सिंचाई योजना का भी यही हाल था। असल में केंद्र इस मुद्दे पर बैठा रहा, जबकि मुख्यमंत्री ने साढ़े नौ साल पहले केंद्रीय जल संसाधन मंत्रालय के साथ यह मुद्दा उठाया था।

यद्यपि राज्य ने कृष्णा जल मुद्दे पर सर्वोच्च न्यायालय का रुख किया, लेकिन एक वर्ष से अधिक समय पहले इस मुद्दे को एक न्यायाधिकरण द्वारा हल करने के लिए मामले को वापस लेना पड़ा। उन्होंने कहा कि चुनाव नजदीक आने पर केंद्र इस मुद्दे पर निर्णय लेने के लिए अपनी नींद से जाग गया है।




सार्वजनिक सूचना

ICICI Home Finance

पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बान्द्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (ईस्ट), मुंबई-400051
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई-400059
शाखा कार्यालय : क्रीसेंट प्लाजा, यूनिट-एच4, द्वितीय तल, निकट स्वरूप टॉकीज, स्टेशन रोड, दुर्ग, छत्तीसगढ़-491001

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड ("आईसीआईसीआई एचएफसी") से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन निम्नवर्णित तिथि को एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, तथापि यह उनको सुपुर्द नहीं की जा सकी और अतएव एतद्द्वारा उनको को इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/ गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/ सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| | पवन देव केशरी (कर्जदार), विन्दा वती देवी (सह-कर्जदार), मोहन लाल केशरी (सह-कर्जदार), 42 10 राधिका नगर, सुपेला, भिलाई, भिलाई 490023, दुर्ग, छत्तीसगढ़-490024/ एलएचडीआरजी00001480306 | एनए एलआईजी 812 हाउसिंग बोर्ड कोहका, सम्पत्ति एलआईजी 812, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, कोहका, भिलाई, तहसील और जिला दुर्ग, अर्बन एनए भिलाई, छत्तीसगढ़-491002 में स्थित है, चौहद्दी – उत्तर : निजी भूमि, दक्षिण : रोड, पूरब : एल.आई.जी.-813, पश्चिम : एल.आई.जी.-811 | 12-09-2023 रू. 92,696/- | 03-09-2023 |
| 2. | पवन देव केशरी (कर्जदार), विन्दा वती देवी (सह-कर्जदार), मोहन लाल केशरी (सह-कर्जदार), 42 10 राधिका नगर, सुपेला, भिलाई, भिलाई 490023, दुर्ग, छत्तीसगढ़-490024/ एलएचडीआरजी00001480194 | एनए एलआईजी 812 हाउसिंग बोर्ड कोहका, सम्पत्ति एलआईजी 812, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, कोहका, भिलाई, तहसील और जिला दुर्ग, अर्बन एनए भिलाई, छत्तीसगढ़-491002 में स्थित है, चौहद्दी – उत्तर : निजी भूमि, दक्षिण : रोड, पूरब : एल.आई.जी.-813, पश्चिम : एल.आई.जी.-811 | 12-09-2023 रू. 20,08,450/- | 03-09-2023 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक उपाय किए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को उक्त बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, जिसमें विफल रहने की स्थिति में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

तिथि : 06-10-2023
स्थान : भिलाई

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड



कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 2 (छत्तीसगढ़)

ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना

दिनांक 03.10.2023


निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा 'डी' श्रेणी एवं अधिक श्रेणी के ठेकेदारों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| एसआईटी क्रं. निविदा क्रं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | ऑनलाईन निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| NIT NO. 203 Tender No. 148970 | जिला महासमुन्द के उपसंभाग क्रमांक-2 महासमुन्द अंतर्गत विभिन्न मार्गों में स्थित पुल-पुलियों का विशेष मरम्मत का कार्य। | रू. 30.00 लाख | तृतीय आमंत्रण 13.10.2023 |
| NIT NO. 204 Tender No. 148974 | जिला धमतरी के अधारी नवागाँव में शासकीय हाईस्कूल भवन का निर्माण कार्य। | रू. 57.57 लाख | प्रथम आमंत्रण 25.10.2023 |
| NIT NO. 205 Tender No. 148975 | कसडोल अनुविभाग अंतर्गत स्पोर्ट स्टेडियम कसडोल का निर्माण रिनोवेशन का कार्य। | रू. 44.34 लाख | |
| NIT NO. 206 Tender No. 148977 | जिला महासमुन्द के उपसंभाग सरायपाली अंतर्गत पुराना विश्राम गृह सरायपाली में 02 नग 'आई' टाईप आवासगृह का निर्माण कार्य। | रू. 23.27 लाख | |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट बेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट अन्य https://cproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम पर एनेक्जर-3 का शपथ पत्र बिडकेपेसीटी उपलब्धता बाबत जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।)
निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

जी-05978/1

अधीक्षण अभियंता,
लो.नि.वि. रायपुर मण्डल
क्रमांक-2. (छ.ग.)



# दुनिया रंग-बिरंगी



## सचिन-जिगर का नवरात्रि गीत धीमे-धीमे रिलीज

**मुंबई।** संगीतकार जोड़ी सचिन-जिगर का नवरात्रि गीत धीमे-धीमे रिलीज हो गया है। अपने चार्ट-टॉपिंग हिट्स और इनोवेटिव कंपोजिशन के लिए जाने जाने वाले सचिन-जिगर नवरात्रि गीत 'धीमे-धीमे' लेकर आये हैं। सचिन-जिगर संगीतबद्ध यह गाना सचिन सांघवी ने गाया है जबकि गाने को निरेन भट्ट ने लिखा है।यह गाना रिद्धि डांगर और विशाल पारेख पर फिल्माया गया है। सचिन-जिगर ने कहा कि नवरात्रि हमारे दिलों के करीब एक त्योहार है, और हम अपने फैंस के लिए वास्तव में कुछ खास बनाना चाहते थे। 'धीमे धीमे' परंपरा और आधुनिकता का उत्सव है। हम हर किसी के लिए इस गीत के जादू का अनुभव करने और नवरात्रि की भावना का जश्न मनाने में हमारे साथ शामिल होने का इंतजार नहीं कर सकते।

## मैक्सिकन-भारतीय हाई स्कूल की छात्रा ने जीता मिस टीन यूएसए का ताज



**न्यूयॉर्क,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। मैक्सिकन-भारतीय हाई स्कूल की छात्रा उमा सोफिया श्रीवास्तव को मिस टीन यूएसए 2023 का ताज पहनाया गया है। अमेरिका के नेवादा में एक लाइव-स्ट्रीम प्रतियोगिता में देश भर से 50 से अधिक लड़कियों ने हिस्सा लिया। सेंट एलिजाबेथ अकादमी में 16 साल की हाई स्कूल जूनियर इस साल की शुरुआत में पहली मैक्सिकन-भारतीय मिस न्यू जर्सी टीन यूएसए बनी थी। श्रीवास्तव ने पिछले सप्ताह प्रतिष्ठित खिताब जीतने के बाद सोशल मीडिया पर लिखा, 'क्या यह सच है? मैं बहुत आभारी और सम्मानित महसूस कर रही हूं कि मैं पहली मैक्सिकन-भारतीय, पहली न्यू जर्सी, आपकी मिस टीन यूएसए 2023 हूं!' यह रात वास्तव में मेरे जीवन की सबसे अच्छी रात है क्योंकि मुझे उन लोगों के साथ ताज पहनाया गया है जिन्होंने मुझे प्यार किया है और हर चीज में मेरा समर्थन किया है और दर्शक मेरे लिए जयकार कर रहे हैं। अंग्रेजी, स्पेनिश, हिंदी और फ्रेंच बोलने वाली श्रीवास्तव संयुक्त राष्ट्र के राजदूत बनना चाहती है। वह भारत में वंचित बच्चों को अच्छी शिक्षा, उचित पोषण और स्वास्थ्य देखभाल प्राप्त करने में मदद करने के लिए लोटस पेटल फाउंडेशन के साथ काम करती हैं। अपने स्कूल में विविधता और समावेशन अभियान की सह-संस्थापक, श्रीवास्तव मॉक ट्रायल और मॉडल यूनाइटेड नेशंस में भी भाग लेती हैं। उन्होंने 'द व्हाइट जगुआर' नामक पुस्तक लिखी जिसके बारे में उनका कहना है कि यह सभी उम्र के लोगों को उन चीजों को अपनाने के लिए प्रेरित करती है जो उन्हें अद्वितीय बनाती हैं।

### कोपरनिकस जलवायु परिवर्तन सेवा के अनुसार जारी आंकड़ा

## 2023 सबसे गर्म साल बनने की राह पर, सितम्बर ने तोड़ा रिकॉर्ड

**लंदन,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। यूरोपीय संघ की कोपरनिकस जलवायु परिवर्तन सेवा के अनुसार, सितम्बर में अभूतपूर्व तापमान दर्ज किया गया और इस साल लगातार चौथे महीने इतिहास में सबसे गर्म संबंधित महीने का रिकॉर्ड कायम हुआ। इस प्रकार, 2023 रिकॉर्ड किए गए इतिहास में सबसे गर्म साल बनने की राह पर है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार को जारी आंकड़ों से पता चला कि सितम्बर ने 2020 में बनाए गए पिछले मासिक रिकॉर्ड को 0.5 डिग्री सेल्सियस के आश्चर्यजनक रिकॉर्ड से पीछे छोड़ दिया। इसमें कहा गया है कि 1940 में कोपरनिकस ने रिकॉर्ड रखना शुरू किया था। उसके बाद सितम्बर से कभी भी इतना असामान्य रूप से गर्म महीना नहीं रहा। कॉपरनिकस की उपनिदेशक सामंथा बर्गेस ने एक बयान में कहा कि रिकॉर्ड गर्मी के बाद सितम्बर में वर्ष के दौरान देखे गए अभूतपूर्व तापमान ने असाधारण मात्रा में रिकॉर्ड तोड़ दिया है। सितम्बर में औसत वैश्विक वायु तापमान 16.38 डिग्री सेल्सियस था। यह महीना 1991 से 2020 के औसत से 0.93 डिग्री सेल्सियस अधिक गर्म रहा। यह औद्योगिक युग से पहले सितंबर के औसत से 1.75 डिग्री सेल्सियस अधिक गर्म रहा, जब दुनिया में बड़ी मात्रा में जीवाश्म ईंधन जलना शुरू हो गया। इस साल सितम्बर में लीबिया और ग्रीस, बुल्गारिया और तुर्की में विनाशकारी बाढ़ देखी गई जिसमें हजारों लोग मारे गए। दूसरी तरफ, कनाडा अपने अभूतपूर्व जंगल की आग से जूझ रहा था और दक्षिण अमेरिका के कुछ हिस्से रिकॉर्ड तोड़ गर्मी से झुलस रहे थे। इस बीच, न्यूयॉर्क में रिकॉर्ड बारिश से बाढ़ आ गई। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, सितम्बर में महासागर के तापमान ने भी रिकॉर्ड तोड़ दिए। समुद्र की सतह का औसत तापमान 20.92 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो सितम्बर के दर्ज इतिहास में सबसे अधिक और इस साल अगस्त के बाद किसी भी महीने में दूसरा सबसे अधिक था। अंटार्कटिक में समुद्री बर्फ भी साल के इस समय में रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई। इन रिकॉर्ड-तोड़ घटनाओं के कारण, यूएस नेशनल ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन ने 2023 के दर्ज इतिहास में सबसे गर्म साल होने की संभावना 93 प्रतिशत से अधिक बताई है।



■ लगातार चौथे महीने इतिहास में सबसे गर्म संबंधित महीने का रिकॉर्ड कायम

## मैडम तुसाद दुबई में अल्लू अर्जुन की मोम की प्रतिमा का अनावरण साल के अंत तक

**मुंबई,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता तेलुगू स्टार अल्लू अर्जुन साल के अंत में मैडम तुसाद दुबई में अपने मोम के पुतले का अनावरण करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। तेलुगू स्टार अल्लू अर्जुन का गुरुवार को माप देते हुए एक वीडियो सामने आया, जिसमें उन्हें काला सूट पहने हुए दिखाया गया। अल्लू अर्जुन का मोम का पुतला एक प्रतिष्ठित लाल जैकेट पहनेगा जो उन्होंने अपनी फिल्म 'अला वैकुंठपुर्मुलु' के बोर्डरूम डांस दृश्य में पहनी थी। यह खबर मिलने पर कि उन्हें मैडम तुसाद दुबई में मोम के पुतले के लिए चुना गया है, अल्लू ने एक बयान में कहा कि मैंने लॉस एंजिल्स में मैडम तुसाद का दौरा किया और उस अनुभव से अभिभूत हो गया। अभिनेता ने कहा कि मुझे विश्वास नहीं हो रहा है कि अब मेरे पास एक मोम का पुतला होगा, मैंने कभी इस पर विश्वास नहीं किया होगा। मैडम तुसाद में सेलिब्रिटी और कलाकारों के बीच एक 'सिटिंग' मीटिंग इस साल की शुरुआत में दुबई में हुई थी। अद्भुत मोम की आकृतियों में से एक को बनाने के लिए आवश्यक सामान्य, विस्तृत प्रक्रिया के रूप में 200 से अधिक माप लिए गए। मैडम तुसाद दुबई के महाप्रबंधक सनाज कोलसरड ने कहा कि इसमें कोई शक नहीं कि अल्लू अर्जुन दक्षिण भारत के सबसे बड़े अभिनेता हैं। उनकी अविश्वसनीय सफलता को चिह्नित करने का इससे बेहतर तरीका क्या हो सकता है कि प्रशंसकों को वह दिया जाए जो वे उनकी पहली मोम प्रतिमा चाहते हैं। हमारे कलाकार अल्लू के साथ उनकी समानता पर काम कर रहे हैं और हम इस वर्ष के अंत में प्रतिमा का अनावरण करने के लिए इंतजार नहीं कर सकते।

## मुग्धा गोडसे और राहुल देव की धार्मिक पुस्तिका और ऑडियो कृष्ण वंदना रिलीज!

**मुंबई,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। अभिनेत्री मुग्धा गोडसे और अभिनेता राहुल देव की धार्मिक पुस्तिका और ऑडियो कृष्ण वंदना रिलीज हो गया है। मुग्धा गोडसे और राहुल देव बॉलीवुड के सबसे प्यारे कपल में से एक हैं। अब एक बार फिर यह कपल चर्चा में है क्योंकि मुग्धा गोडसे और राहुल देव 'कृष्ण वंदना' नामक एक विशेष पुस्तक और ऑडियो लेकर आए हैं। इस की शुरूआत उन्होंने उनके आध्यात्मिक गुरु तरनीव जी के साथ की है। 'कृष्ण वंदना' पुस्तक में भगवान कृष्ण के 108 नाम और गुण है और इस के ऑडियो में 15 मिनिट लंबा गाना है जिसे मुग्धा गोडसे जी ने खुद गाया है। राहुल ने इस किताब में उनकी खूबसूरत यात्रा को लिखने में उनकी मदद की है। इस पुस्तक में यह सारी जानकारी है की कैसे उन्होंने अपने गुरु के आशीर्वाद से इस ऑडियो के बोल और धुन तैयार की और धुन से लेकर गाने तक सब कुछ कैसे मुमकिन हुआ। मुग्धा और राहुल बहुत उत्साहित हैं और वह इसे सब के सामने लाना चाहते हैं। पुस्तिका और ऑडियो रिलीज हो चूकें है और वे सभी बड़े प्लेटफार्मों पर उपलब्ध हैं।

## 9 साल पुराना झगड़ा खत्म करते हुए सलमान खान के घर पहुंचे अरिजीत सिंह

**मुंबई,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। हाल ही में गायक अरिजीत सिंह को मुंबई के बांद्रा इलाके में बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट के परिसर में देखा गया। गायक को एमपीवी में बैठकर सलमान के घर जाते हुए देखा गया। सलमान के एक फैन ने यह वीडियो एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर शेयर किया। लगभग एक दशक पहले एक पुरस्कार समारोह में गायक और अभिनेता के बीच झगड़ा हो गया था, उस पुरस्कार समारोह के होस्ट सलमान खान थे। अरिजीत ने 'आशिकी 2' एल्बम में अपनी आवाज के लिए सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायक का पुरस्कार जीता था।



समारोह में सर्वश्रेष्ठ गायक की घोषणा हुई, लेकिन, अरिजीत मंच पर देर से पहुंचे और सलमान ने उनका मजाक उड़ाया, जिस पर अरिजीत ने लापरवाही से जवाब दिया, 'सर, आप लोग इतनी देर कर देते हैं।' यह 'तेरे नाम' अभिनेता को पसंद नहीं आया और तभी दोनों के बीच रिश्ते खराब हो गए। इसके बाद अरिजीत ने सलमान से कई बार टेक्स्ट करके माफी मांगी क्योंकि उनकी दो फिल्में चली गई थीं। उन्हें 'बजरंगी भाईजान' में मौका नहीं दिया गया। सुल्तान में उनके 'जग घूमेया' संस्करण को राहत फतेह अली खान को दे दिया गया। बाद में अरिजीत ने 2016 में फेसबुक पर सलमान से रिश्ता सुधारने के लिए सार्वजनिक माफी मांगी, लेकिन जल्द ही इसे हटा लिया और तब से वह चुप हैं।

अरिजीत शायद हिंदी फिल्म उद्योग के एकमात्र कलाकार हैं, जिनके सलमान के साथ अच्छे संबंध नहीं होने के बावजूद उनके करियर को कोई नुकसान नहीं हुआ। अरिजीत को सलमान के घर पर देखे जाने से ऐसा लगता है कि दोनों ने नौ साल बाद झगड़े को खत्म कर लिया है। संगीतकार प्रीतम चक्रवर्ती की मध्यस्थता में एक सहयोग की संभावना है, जो सलमान की अगली फिल्म 'टाइगर 3' के लिए संगीत तैयार कर रहे हैं। प्रीतम लगभग 20 वर्षों से अरिजीत के गुरु हैं।

## माइक्रोसॉफ्ट ट्रांसलेटर में अब 20 भारतीय भाषाओं का सपोर्ट

**नई दिल्ली,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। माइक्रोसॉफ्ट इंडिया ने गुरुवार को ट्रांसलेटर में चार नई भाषाओं-भोजपुरी, बोडो, डोगरी और कश्मीरी- को शामिल करने की घोषणा की। इसी के साथ माइक्रोसॉफ्ट ट्रांसलेटर में भारतीय भाषाओं को सपोर्ट करने की संख्या 20 हो गई है। माइक्रोसॉफ्ट ट्रांसलेटर अब असमिया, बंगाली, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, कोंकणी, मैथिली, मलयालम, मराठी, नेपाली, उड़िया, पंजाबी, सिंधी, तमिल, तेलुगु, उर्दू, भोजपुरी, बोडो, डोगरी और कश्मीरी को सपोर्ट कर रहा है।

■ ट्रांसलेटर में चार नई भाषाओं - भोजपुरी, बोडो, डोगरी और कश्मीरी शामिल

कंपनी ने कहा कि यह माइक्रोसॉफ्ट ट्रांसलेटर को सभी 22 आधिकारिक भारतीय भाषाओं का सपोर्ट करने के अपने लक्ष्य के करीब लाता है। अब यह देश की लगभग 95 प्रतिशत आबादी की बोली जाने वाली भाषाओं को कवर करता है।

माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के भारत विकास केंद्र के प्रबंध निदेशक राजीव कुमार ने बयान में कहा कि हम देश के विकास को गति देने और प्रौद्योगिकी तक पहुंच को अधिक समावेशी बनाने के लिए सबसे एडवांस एआई तकनीक का लाभ उठाकर भारत की विविध भाषाओं और संस्कृति का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



ट्रांसलेशन फीचर्स को व्यवसायों और डेवलपर्स के लिए माइक्रोसॉफ्ट ट्रांसलेटर एप, एज ब्राउज़र, ऑफिस 365, बिंग ट्रांसलेटर और एज़्योर एआई ट्रांसलेटर एपीआई के माध्यम से एक्सेस किया जा सकता है, जिसका उपयोग जियो हैप्टिक और कू जैसी कंपनियों कर रही हैं। जियो हैप्टिक के साथ माइक्रोसॉफ्ट का सहयोग और ट्रांसलेटर के साथ एकीकरण भाषाई विभाजन को पाटने और सभी प्रमुख भारतीय भाषाओं के लिए प्रौद्योगिकी पहुंच के माध्यम से भारत के विविध समुदायों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

जियो हैप्टिक के सह-संस्थापक और सीटीओ स्वपन राजदेव ने कहा कि यह डेवलपमेंट हैप्टिक के लिए काफी रोमांचक है क्योंकि यह हमारे ग्राहकों को अधिक समावेशी होने और व्यापक दर्शकों तक पहुंचने का अवसर प्रदान करता है। वे अब भोजपुरी, बोडो, कश्मीरी, डोगरी जैसी भाषाओं में सहायता प्रदान कर सकते हैं, जो अभूतपूर्व है।

कंपनी ने कहा कि यह नया अपडेट करीब 61 मिलियन लोगों को प्रभावित करेगा और स्थानीय कारीगरों एवं व्यवसायों के लिए नए आर्थिक अवसर खोलेगा, जिससे उन्हें व्यापक दर्शकों से जुड़ने का मौका मिलेगा।

## 'जल ज्ञान यात्रा' का शुभारंभ, छात्रों ने देखा बदलता उत्तर प्रदेश

**अमेठी,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। मलिक मोहम्मद जायसी की मजार और नंदमहर धाम के लिए प्रसिद्ध अमेठी जिले में गुरुवार को नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की पहल 'जल ज्ञान यात्रा' का आयोजन सरकारी स्कूल के बच्चों के लिए यादगार बन गया। जल निगम कार्यालय में रखी जल जीवन मिशन की उपलब्धि बताता आकर्षण का केंद्र बना रहा। इस मॉडल में घर, शौचालय, पंचायत भवन, प्राथमिक विद्यालय और एएनएम सेंटर पर ही नहीं, स्कूली बच्चों को हर घर में नल कनेक्शन और जल की पर्याप्त उपलब्धता सभी जगह दिखाई दी।

इससे पहले जल निगम (ग्रामीण) के अधिशासी अभियंता विक्रम प्रताप सिंह ने 'जल ज्ञान यात्रा' को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। अमेठी में आयोजित जल ज्ञान यात्रा में उच्च प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा पांच के ऊपर के बच्चों ने जल जीवन मिशन की परियोजनाओं को करीब से देखा।

स्कूली बच्चों को ग्राम पंचायत सोगरा, विकासखंड गौरीगंज और टीकरमाफी ग्रामीण पेयजल योजना पर ले जाया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों को सौर ऊर्जा से संचालित ओवर हैड टैंक दिखाया गया। उन्हें 'हर घर जल' योजना से पहुंच रहे स्वच्छ पेयजल से गांव-गांव में आए बदलाव की जानकारी दी गई।



नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छ पेयजल की आवशयकता और महत्ता बताई गई। स्कूली बच्चों ने जल निगम कार्यालय में जल जांच लैब का भ्रमण किया। प्रयोगशाला में पानी गुणवत्ता की जांच को नजदीक से देखा। एफटीके प्रशिक्षित महिलाओं ने फील्ड टेस्ट किट से पानी की 11 तरह की जांच दिखाई।

## क्रिकेट विश्वकप की आगज पर गूगल ने बनाया एनिमेटेड डूडल

**नई दिल्ली,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। सर्च इंजन गूगल ने गुरूवार से शुरू हो रहे आईसीसी विश्व कप के अवसर पर बैट लेकर दो बत्तखों को मैदान पर दौड़ लगाने वाला एक एनिमेटेड डूडल बनाया है।




गूगल ने आज बनाए अपने डूडल में मैदान में दर्शकों की मौजूदगी में दो बत्तखों को बैट लेकर विकेट के बीच में रन लेते हुए दिखाया गया है। गूगल होमपेज पर डूडल पर क्लिक करने पर यूजर्स के सामने टूर्नामेंट का पूरा शेड्यूल आ जाता है। इसके साथ ही गूगल ने अपनी स्पेलिंग में एल के रूप में क्रिकेट के बैट को नाचते हुए दिखाया गया है।

उल्लेखनीय है कि भारत 12 वर्ष के बाद एकदिवसीय क्रिकेट विश्व कप की मेजबानी कर है। चैम्पियनशिप की शुरुआत में आज इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में विश्व कप का पहला मैच खेला जाएगा।

## शानदार अभिनय से दर्शकों के बीच विनोद खन्ना ने बनाई विशिष्ट पहचान

**मुंबई,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। बॉलीवुड में विनोद खन्ना को ऐसे अभिनेता के तौर पर याद किया जाता है, जिन्होंने बतौर खलनायक अपने करियर का आगाज कर नायक के रूप में अपने शानदार अभिनय से दर्शकों के बीच विशिष्ट पहचान बनाई। 6 अक्तूबर 1946 को पाकिस्तान के पेशावर में जन्में विनोद खन्ना ने स्नातक की शिक्षा मुंबई से की। इसी दौरान उन्हें एक पार्टी के दौरान निर्माता-निर्देशक सुनील दत्त से मिलने का अवसर मिला। सुनील दत्त उन दिनों अपनी फिल्म 'मन का मीत' के लिए नए चेहरों की तलाश कर रहे थे। उन्होंने फिल्म में विनोद खन्ना से बतौर सहनायक काम करने की पेशकश की जिसे विनोद खन्ना ने सहर्ष स्वीकार कर लिया। घर पहुंचने पर विनोद खन्ना को अपने पिता से काफी डांट भी सुननी पड़ी। विनोद खन्ना ने जब अपने पिता से फिल्म में काम करने के बारे में कहा तो उनके पिता ने उन पर बंदूक तान दी और कहा यदि तुम फिल्मों में गए तो तुम्हें गोली मार दूंगा। बाद में विनोद खन्ना की मां के समझाने पर उनके पिता ने विनोद खन्ना को फिल्मों में दो वर्ष तक काम करने की इजाजत देते हुये कहा यदि फिल्म इंडस्ट्री में सफल नहीं होते हो तो घर के व्यवसाय में हाथ बंटाना होगा।

वर्ष 1968 में प्रदर्शित फिल्म मन का मीत टिकट खिड़की पर हिट साबित हुई। फिल्म की सफलता के बाद विनोद खन्ना को आन मिलो सजना, मेरा गांव मेरा देश, सच्चा झूठा, जैसी फिल्मों में खलनायक की भूमिकाएं निभाने का अवसर मिला लेकिन इन फिल्म की सफलता के बावजूद विनोद खन्ना को कोई खास फायदा नहीं पहुंचा। विनोद खन्ना को प्रारंभिक सफलता गुलजार की फिल्म मेरे अपने से मिली। इसे महज एक संयोग ही कहा जाएगा कि गुलजार ने बतौर निर्देशक करियर की शुरूआत की थी। छात्र राजनीति पर आधारित इस फिल्म में मीना कुमारी ने भी अहम भूमिका निभाई थी। फिल्म में विनोद खन्ना और शत्रुघ्न सिन्हा के बीच टकराव देखने लायक था। वर्ष 1973 में विनोद खन्ना को एक बार फिर से निर्देशक गुलजार की फिल्म अचानक में काम करने का अवसर मिला जो उनके करियर की एक और सुपरहिट फिल्म साबित हुई। फिल्म से जुड़ा एक रोचक तथ्य है कि इस फिल्म में कोई गीत नहीं था। वर्ष 1974 में प्रदर्शित फिल्म इम्तिहान विनोद खन्ना के सिने करियर की एक और सुपरहिट फिल्म साबित हुई। वर्ष 1977 में प्रदर्शित फिल्म अमर अकबर ऐंथोनी विनोद खन्ना के सिने करियर की सबसे कामयाब फिल्म साबित हुई। मनमोहन देसाई के निर्देशन में बनी यह फिल्म खोया पाया फॉर्मूले पर आधारित थी। तीन भाइयों की जिंदगी पर आधारित इस मल्टीस्टारर फिल्म में अमिताभ बच्चन और ऋषि कपूर ने भी अहम भूमिका निभाई थी। वर्ष 1980 में प्रदर्शित फिल्म कुर्बानी विनोद खन्ना के करियर की एक और सुपरहिट फिल्म साबित हुई। फिरोज खान के निर्माण और निर्देशन में बनी इस फिल्म में विनोद खन्ना ने अपने दमदार अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के फिल्म फेयर पुरस्कार से नामांकित किये गये। अस्सी के दशक में विनोद खन्ना शोहरत की बुलंदियों पर जा पहुंचे और ऐसा लगने लगा कि सुपरस्टार अमिताभ बच्चन को उनके सिंहासन से विनोद खन्ना उतार सकते है लेकिन विनोद खन्ना ने फिल्म इंडस्ट्री को अलविदा कह दिया और आचार्य रजनीश के आश्रम की शरण ले ली। वर्ष 1987 में विनोद खन्ना ने एक बार फिर से फिल्म इंसाफ के जरिए फिल्म इंडस्ट्री का रूख किया। वर्ष 1988 में प्रदर्शित फिल्म दयावान विनोद खन्ना के करियर की महत्वपूर्ण फिल्मों में शामिल है। हालांकि यह फिल्म टिकट खिड़की पर कामयाब नहीं रही लेकिन समीक्षकों का मानना है कि यह फिल्म विनोद खन्ना के करियर की उत्कृष्ट फिल्मों में एक है। फिल्मों में कई भूमिकाएं निभाने के बाद विनोद खन्ना ने समाज सेवा के लिए वर्ष 1997 राजनीति में प्रवेश किया और भारतीय जनता पार्टी के सहयोग से वर्ष 1998 में गुरदासपुर से चुनाव लड़कर लोकसभा सदस्य बने।



## बुलेट ट्रेन परियोजना की पहली पर्वतीय सुरंग बनी

**वलसाड,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। जापान के सहयोग से बनने वाली मुंबई अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना में गुरवार को एक महत्वपूर्ण प्रगति दर्ज की गई और इस परियोजना में गुजरात में बनने वाली एकमात्र सुरंग की खुदाई का काम पूरा हो गया। परियोजना के सी4 पैकेज के अंतर्गत महाराष्ट्र गुजरात सीमा पर झराली गांव के समीप एक पहाड़ी में बनने वाली सुरंग के दक्षिणी छोर को इंजीनियरों ने नियंत्रित विस्फोट के जरिए खोल दिया। दक्षिणी छोर से कुछ मीटर दूर महाराष्ट्र की सीमा शुरू हो जाती है।

यह सुरंग कुल मिलाकर 334 मीटर लंबी होगी जिसे जापान की तकनीक से तैयार किया जाएगा। इस सुरंग के दोनों छोरों पर 31-31 मीटर लंबी खिड़की युक्त संरचना वाले एंट्रेंस हुड बनाए जाएंगे जो 320 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से आने वाली ट्रेनों के वायुमंडलीय दाब को नियंत्रित करेंगे और ट्रेनें बहुत ही सहजता से सुरंग से गुजर सकेंगी।

मुख्य परियोजना प्रबंधक सत्य प्रकाश मित्तल ने यहां सुरंग निर्माण स्थल पर पत्रकारों को बताया कि सुरंग की ऊंचाई 10.25 मीटर और चौड़ाई 12.6 मीटर होगी और इसमें अप और डाउन दोनों लाइनें होंगी। उन्होंने बताया कि इस सुरंग की बनाने के लिए 120 से अधिक नियंत्रित विस्फोट किए गए।



इसे इतना बनाने में एक साल से अधिक समय लगा।

मित्तल ने बताया कि सुरंग को खोदने के लिए देश में प्रचलित न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग मैथड (एनएटीएम) का प्रयोग किया गया लेकिन सुरंग को तैयार करने की विधि जापान की है और भारतीय इंजीनियरों ने उसे जैसे का तैसा ग्रहण किया है। करीब 508 किलोमीटर की मुंबई अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना में कुल आठ सुरंगों का निर्माण होना है जिनमें से एक मुंबई के बांद्रा कुर्ला काम्प्लेक्स से ठाणे तक 21 किलोमीटर तक भूमिगत मार्ग शामिल है। इसमें 7 किलोमीटर ठाणे क्रीक के नीचे का रास्ता शामिल है।

**334 मीटर लंबी सुरंग जापान की तकनीक से तैयार**

परियोजना की बाकी छह सुरंगें महाराष्ट्र के पालघर जिले में हैं जिन पर शुरूआती काम आरंभ हो गया है। इन छह सुरंगों में सबसे लंबी सुरंग 2.663 किलोमीटर और 1.480 किलोमीटर की हैं। सबसे छोटी सुरंग 228 मीटर की है। सात पर्वतीय सुरंगें कुल 6.382 किलोमीटर लंबी हैं। परियोजना का पुलों वाला हिस्सा 9.82 किलोमीटर का है।

एक लाख आठ हजार करोड़ रुपए की इस परियोजना का काम कोविड महामारी के दौरान प्रभावित हुआ था। परियोजना से जुड़े सूत्रों के अनुसार अक्टूबर नवंबर 2021 से परियोजना के विभिन्न हिस्सों में निर्माण कार्य ने रफ्तार पकड़ ली है। मुंबई से वापी तक महाराष्ट्र में 156 किलोमीटर लंबाई में सिविल कार्य के तीन पैकेज तथा दादरा नगर हवेली में वापी से अहमदाबाद के बीच 352 किलोमीटर की लंबाई में सिविल कार्य के सभी 13 पैकेज के ठेके आवंटित कर दिये गये हैं। इस समय करीब 334.5 किलोमीटर की लंबाई में सिविल कार्य जोरों पर है। करीब 235.2 किलोमीटर की दूरी तक खंभे बन चुके हैं और 90.84 किलोमीटर की दूरी तक गिर्डर बिछाए जा चुके हैं जबकि 118.34 किलोमीटर के गिर्डर बन कर तैयार हो गए हैं। पांच नदियों - पार, पूर्णा, मिंढोना, अंबिका और औरंगा पर पुल पूरी तरह से बन गए हैं।

वापी, बिलिमोरा, सूरत, भरूच, वडोदरा, आणंद, अहमदाबाद और साबरमती स्टेशनों का निर्माण कार्य जोरों पर चल रहा है। सूरत का स्टेशन तैयार होने के करीब है। रेल मंत्री ने बिलिमोरा सूरत खंड पर 2026 में बुलेट ट्रेन चलाने की घोषणा की है। सूत्रों के अनुसार महाराष्ट्र में 99.85 प्रतिशत भूमि अधिग्रहण हो चुका है। दादरा नगर हवेली के वापी से साबरमती तक के गुजरात वाले 352 किलोमीटर के हिस्से को युद्ध स्तर पर बनाया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार मुंबई अहमदाबाद हाईस्पीड रेलवे परियोजना के गुजरात दादरा नगर हवेली खंड पर पूरा निर्माण कार्य 2026 तक पूर्ण होने की संभावना है। उसी समय जापान से शिन्कानसेन नवीनतम प्रौद्योगिकी वाले ट्रेन सेट आयेंगे जिनसे करीब छह महीने तक परीक्षण चलेगा जो 350 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति पर किया जाएगा। रेल मंत्री द्वारा निर्धारित समय सीमा के हिसाब से 2027 में वापी से साबरमती के बीच यात्री सेवा शुरू होनी है। यात्री सेवा 320 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से संचालित की जाएगी।

रायपुर, शुक्रवार 6 अक्टूबर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# इन गिरफ्तारियों के संकेत साफ हैं

देश में सरकार विरोधी लोगों की गिरफ्तारियों का सिलसिला जारी है। एक ओर तो आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है, तो वहीं दूसरी तरफ ऑनलाइन न्यूज़ पोर्टल 'न्यूज़क्लिक' के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ को सात दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। उन्हें पोर्टल के एचआर प्रमुख अमित चक्रवर्ती के साथ पुलिस कस्टडी में सौंपा गया है जहां हफ्ते भर दोनों से पूछताछ होगी। आप से राज्यसभा के सदस्य संजय सिंह को दिल्ली सरकार के कथित शराब घोटाले में संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया गया है तो न्यूज़क्लिक पर आरोप है कि उसने चीन के समर्थन में प्रचार करने के लिये धन लिया है। आप पार्टी के दो वरिष्ठ मंत्री शराब मामले में पहले से जेल में हैं- उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और आबकारी मंत्री सत्येन्द्र जैन। दोनों पर शराब नीति में फेरबदल कर घूस लेने के आरोप हैं। इसी की कड़ी के रूप में संजय सिंह को प्रवर्तन निदेशालय ने करीब 10 घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को पुरकायस्थ एवं चक्रवर्ती के अलावा और भी कई प्रतिष्ठित पत्रकारों को पुलिस ने पूछताछ के लिये बुलाया था। उनमें से कई के लैपटॉप व मोबाइल जब्त कर लिये गये थे। इनमें उर्मिलेश, अनिंद्य चक्रवर्ती, परंजॉय गुहा ठाकुरता, अभिसार शर्मा तो थे ही, इतिहासकार सोहेल हाशमी, व्यंग्यकार संजय राजौरा एवं सेंटर फॉर टेक्नालॉजी एंड डेवलपमेंट के डी रघुनंदन शामिल हैं। पूछताछ के बाद दोनों के अलावा अन्य को जाने दिया गया। ऐसे ही, तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख व पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी के भतीजे अभिषेक बैनर्जी को कई पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ दिल्ली में उस समय गिरफ्तार किया गया जब वे कृषि भवन के बाहर धरना दे रहे थे। उनसे पहले ही कथित कोयला घोटाले को लेकर प्रवर्तन निदेशालय कई बार पूछताछ कर चुकी है। यह भी माना जाता है कि उन पर भी गिरफ्तारी की तलवार लटकी हुई है।

कहने को तो ये सारे मामले अलग-अलग हैं लेकिन राजनैतिक रूप से देखें तो साफ हो जाता है कि इनका आपस में सूक्ष्म सम्बन्ध है। संजय सिंह एक बेहद मुखर सांसद हैं जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी सरकार के कट्टर आलोचकों में से एक माने जाते हैं। प्रभावशाली वक्ता होने एवं निडरता से अपनी बात रखने वाले संजय पर आरोप है कि शराब घोटाले के एक आरोपी बिचौलिये दिनेश अरोरा से उन्होंने दिल्ली के बार व रेस्त्रां मालिकों से उनकी पार्टी के लिये धन जुटाने को कहा था। अरोड़ा ने 82 लाख रुपये का चेक भी दिया था। उल्लेखनीय है कि संजय सिंह ने संसद में मोदी के मित्र कहे जाने वाले देश के प्रमुख कारोबारी गौतम अदानी के खिलाफ जोर-शोर से आवाज़ उठाई थी। ऐसे ही, अयोध्या के रामजन्मभूमि परिक्षेत्र में कथित जमीन घोटाले का भी संजय सिंह ने बहुत दमदारी से पर्दाफाश किया था। उस वक्त भाजपा के साथ मंदिर ट्रस्ट की बहुत भद्द पिटी थी। तभी से वे भाजपा की आंखों को खटक रहे थे।

पुरकायस्थ की बात करें तो न्यूज़क्लिक को एक निर्भीक पोर्टल के रूप में जाना जाता है जिसकी उन्होंने स्थापना की थी। वे देश के बहुत प्रतिष्ठित व साहसी पत्रकारों में से एक माने जाते हैं। सरकार से सवाल करने के कारण उनके प्रति भी केन्द्र सरकार व भाजपा की नाराज़गी स्वाभाविक है। इतना ही नहीं, जिन पत्रकारों को पूछताछ के लिये बुलाया गया था, वे सारे अपने सरकार विरोधी रवैये के कारण जाने जाते हैं जो जनपक्षधरता की पत्रकारिता करते हैं और सरकार के लोकतंत्र विरोधी कदमों का पुरज़ोर विरोध करते हैं। सरकार से सवाल करना अपना पेशागत धर्म मानने वाले ये पत्रकार शासकीय कार्रवाई की जद से बाहर निकल गये हैं- ऐसा मानने वाले गलत साबित हो सकते हैं।

अपने खिलाफ उठने वाली हर आवाज़ को दबाने की आदी मोदी सरकार का यह रवैया वैसा ही है जैसा कि पूरा देश पिछले 9 वर्षों से प्रत्यक्ष देख रहा है। संसद के बाहर हो या भीतर, विरोधी दलों के नेताओं पर अपनी जांच एजेंसियों- प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) तथा आयकर विभाग (आईटी) के छापे डलवाना तथा आधे-अधूरे आरोपों के आधार पर या बेवजह उन्हें गिरफ्तार करना मोदी सरकार की नीति और कार्यपद्धति में शामिल हो चुका है। अनेक प्रतिपक्षी नेता जेलों में बन्द हैं या विभिन्न आरोपों से सम्बन्धित पूछताछ से गुजर रहे हैं जिन पर गिरफ्तारी की तलवार लटकी हुई है। जिन सांसदों को वह गिरफ्तार नहीं कर पाती उन्हें सदन से निलम्बित करना, उनकी आवाज को म्यूट कर देना अथवा उनके वाक्यांशों को कार्रवाई से निकाल देना मोदी सरकार के उपकरण हैं जो पूर्णत: अलोकतांत्रिक हैं। स्वयं संजय सिंह को पिछली बार पूरे सत्र के लिये निलम्बित कर दिया गया था जिसके कारण उन्हें संसद परिसर में ही गांधी प्रतिमा के पास धरना देना पड़ा था। टीएमसी के ही डेरेक ओ ब्रायन भी निलम्बन झेल चुके हैं। गुजरात की एक कोर्ट द्वारा अवमानना के आरोप में हुई सजा के बाद राहुल गांधी की सदस्यता छीनी गयी थी। लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता अधीर रंजन चौधरी भी निलम्बित हुए थे।

जहां तक पत्रकारों की गिरफ्तारी की बात है, कई भाजपा शासित राज्यों में अनेक पत्रकार इसलिये जेलों में बन्द हैं क्योंकि उन्होंने सरकारी की खामियां उजागर कर दी थीं। ये बड़े ओहदों पर बैठे पत्रकार नहीं हैं लेकिन अब जैसे बड़े पत्रकारों के खिलाफ कार्रवाई हुई है उसके संकेत साफ हैं कि भाजपा, उसकी सरकारों या मोदी के खिलाफ उठने वाली हर आवाज़ को चुप कराया जायेगा।

# अभिव्यक्ति की आज़ादी पर लगता पूर्णग्रहण

अभिव्यक्ति की आज़ादी पर ग्रहण तो पहले से ही था, अब पूर्णग्रहण ही लग गया है। पत्रकारों की आवाज़ें दबाई नहीं जा रहीं, सीधे गले ही घोंटे जा रहे हैं। उन्हें 'देशद्रोही' कहा जा रहा है क्योंकि वे वैसा लिख-बोल नहीं रहे हैं, जैसा सरकार चाहती है। सरकार से अलग सोचना अब देशद्रोही हो जाना है। पत्रकार या नागरिक अलग सोच सकते हैं-यह समझ किसी भी लोकतान्त्रिक सरकार को उसी दिन से होती है जिस दिन वह चुनकर आई होती है। उसे पता होता है कि जो जनसमर्थन आज उसके लिए जुटा है वह कल किसी और के लिए था, तो कल किसी और के लिए जुटेगा। आखिर क्यों इस सरकार का भरोसा उन मतदाताओं पर से ही डिग रहा है जिन्होंने इसे चुना था। लोकतंत्र में डम-डम डिगा-डिगा का राग कब हमेशा किसी एक के लिए बजता रहा है? नौ साल पहले ये ही पत्रकार आज़ादी के पैरोकार और 1975 के आपातकाल में तो पूजनीय थे। अब वे देशद्रोही हो गए हैं। इस अविश्वास की वजह क्या है? प्रधान सेवक बनते-बनते यह तानाशाह का राजदंड भला क्यों हाथ में ले लिया गया है? क्या महान पूर्ववर्तियों को इस बात का आभास पहले ही था जो उन्होंने कह दिया था कि राजधर्म का पालन नहीं हुआ है। आज पत्रकार गिरफ्तार हो रहा है और विपक्ष जेल में ठूंसा जा रहा है।

लगभग 46 पत्रकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं न्यूज़ क्लिक पोर्टल के कर्मचारियों के घरों पर मंगलवार को पुलिस ने छापे मारे। ये पत्रकार मुख्य धारा में नहीं बल्कि वैकल्पिक मीडिया के ज़रिये अपनी पत्रकारिता कर रहे थे। बुधवार को न्यूज़ क्लिक न्यूज़ पोर्टल के संस्थापकों को सात दिन की पुलिस रिमांड पर ले लिया गया था।

क्या वाकई वैकल्पिक मीडिया इतना शक्तिशाली हो गया है कि सरकार को लगता है कि मतदाता इससे प्रभावित हो रहा है? खुद प्रधानमंत्री ने भी पिछले दिनों यू ट्यूब पर खुद को सब्सक्राइब करने की अपील की है। क्या इस माध्यम को भी टीवी न्यूज़ चैनलों की तरह एकतरफ़ा मोड में लाने की कोशिश है क्योंकि मंगलवार को न्यूज़ क्लिक पोर्टल के संस्थापकों के साथ ही उसके लिए कंटेंट देने वाले यू ट्यूबर्स से भी गहरी पूछताछ की गई। उनसे पूछा गया कि क्या आप शाहीन बाग़ गए थे, क्या आपने दिल्ली दंगों और किसान आंदोलन को कवर किया है? क्या आप जेएनयू संघर्ष के समय वहां थे?

सब जानते हैं कि ये तमाम मसले सरकार के गृह मंत्रालय की नाक में दम कर देने वाले रहे थे। शाहीन बाग़ में आंदोलन कर रही महिलाओं को उठाने के लिए सरकार के मंत्रियों ने अपशब्दों और फिर बल के प्रयोग का समर्थन किया जो अंत में दिल्ली के दंगों की आग में बदल गया। किसान आंदोलन के समय बरसों बाद फिर से खालिस्तानी लफ्ज़ का इस्तेमाल हुआ जो अब वास्तव में बार-बार दोहराए जाने से विदेशी धरती पर खाद-पानी पा गया लगता है। पत्रकारों की इस गिरफ़्तारी और पूछताछ का आधार चीन से मिले पैसों को बनाया गया है जिसे नकारते हुए पत्रकार अभिसार शर्मा ने कहा कि मैंने ऐसा एक भी कार्यक्रम नहीं बनाया है जिसमें चीन का प्रोपेगेंडा हो। उलटे, मैंने सरकार से ये सवाल ज़रूर किये थे कि सीमा पर हमारे 20 सैनिक क्यों शहीद हुए। पत्रकार ने यह भी साफ़ किया कि मेरी जो भी कमाई है वह मेरे बैंक ट्रांज़िशन का हिस्सा है। छूटने के बाद पत्रकार के कार्यक्रम को साढ़े 12 लाख लोग देख चुके हैं जिसमें उन्होंने कहा कि मेरे बच्चे पुलिस की इस स्पेशल सेल के छापे के समय स्कूल जा रहे थे फिर भी मैं हर सवाल का जवाब दूंगा लेकिन सरकार से सवाल पूछना बंद नहीं करने वाला हूं।



वर्षा भम्भाणी मिर्ज़ा

**वैकल्पिक मीडिया इतना शक्तिशाली हो गया है कि सरकार को लगता है कि मतदाता इससे प्रभावित हो रहा है? खुद प्रधानमंत्री ने भी पिछले दिनों यू ट्यूब पर खुद को सब्सक्राइब करने की अपील की है। क्या इस माध्यम को भी टीवी न्यूज़ चैनलों की तरह एकतरफ़ा मोड में लाने की कोशिश है क्योंकि मंगलवार को न्यूज़ क्लिक पोर्टल के संस्थापकों के साथ ही उसके लिए कंटेंट देने वाले यू ट्यूबर्स से भी गहरी पूछताछ की गई।**

चीन से कनेक्शन अगर पत्रकारों की अभिव्यक्ति को दबाने का आधार है तो फिर अपने पहले कार्यकाल में चीनी राष्ट्रपति के बेहद नज़दीक जाते हुए देश ने अपने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी देखा है। गुजरात में झूला झूलते (2016) हुए और महाबलीपुरम (2019) में उनके टूरिस्ट गाइड हमारे प्रधानमंत्री ही थे। प्रधानमंत्री ने दक्षिण भारतीय वेशभूषा वेष्टि धारण की थी और चैन्नई से महाबलीपुरम तक बड़े-बड़े पोस्टर चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव शी जिनपिंग के थे। देश को उम्मीद थी कि हमारे लोकप्रिय और काबिल प्रधानमंत्री 1962 के युद्ध की तकलीफ़ और विभीषिका को धो देंगे लेकिन चीन धोखेबाज़ निकला। भारत की बेहतरीन मेज़बानी के बावजूद उसने गालवान घाटी में हमारे सैनिकों पर हमला किया। कूटनीतिक रिश्तों में ऐसे मंज़र आते हैं लेकिन देश ने कभी कटघरे में खड़ा करते हुए यह नहीं कहा कि चीन को समझने में आप से भूल क्यों हुई? जबकि देश पहले भी धोखा खा चुका है। अब चीन के नाम पर पत्रकारों को डराया जा रहा है।

ये सभी वे पत्रकार हैं जो सरकार से सवाल करते हैं। न्यूज़ पोर्टल और पत्रकारों पर दिल्ली पुलिस ने यूएपीए के तहत मुकदमा दर्ज़ किया है जिसमें ज़मानत लगभग नामुमकिन है। न्यूज़ क्लिक पर एफआईआर जो एक पुलिस इंस्पेक्टर की ही है, उसमें आरोप है कि यह कश्मीर को भारत के नक़्शे से मिटाना चाहते हैं, चीन से पैसे लेते हैं, भारत की एकता और अखंडता को ख़त्म करना चाहते हैं और अरुणाचल प्रदेश को विवादित क्षेत्र बताना चाहते हैं। न्यूज़ क्लिक ने इन आरोपों से इंकार करते हुए कहा है कि सारी फंडिंग बैंकों के ज़रिये हुई है लेकिन जिस आधार पर हमसे पूछताछ हुई है उसका आधार दिल्ली दंगे और किसान आंदोलन है जिससे मंतव्य समझा जा सकता है। हमें कोर्ट और न्यायिक प्रक्रिया पर पूरा भरोसा है।

ये सभी अनुभवी पत्रकार हैं जो कभी प्रभावी मीडिया चैनलों का हिस्सा रहे हैं। वरिष्ठ पत्रकार उर्मिलेश ने आपातकाल में भी अपनी आवाज़ बुलंद की थी। भाषा सिंह, परंजॉय गुहा ठाकुरता, अनिंद्यो चक्रवर्ती भी मुखर पत्रकारिता करते आए हैं। अब पत्रकार यह मानने लगे हैं कि उन पर दबाव का सिलसिला और बढ़ने वाला है। सत्ता आधी रात को जगा कर उनके फ़ोन, लैपटॉप जब्त कर सकती है। एक डरी हुई सरकार ने भी आपातकाल लगाकर पत्रकारों को जेल में डाला था। तानाशाह को आज़ाद आवाज़ें पसंद नहीं आतीं। पता नहीं कैसे संत कबीर लिख पाए और महात्मा गांधी ने स्वराज ला दिया। महात्मा गांधी 'यंग इंडिया', 'नवजीवन' में गोरी सत्ता के ख़िलाफ़ लगातार लिखते रहे। आज प्रेस फ्रीडम इंडेक्स में हम 180 देशों के बीच 161 वें स्थान पर हैं। केरल के पत्रकार सिद्दीक कप्पन उत्तर प्रदेश में 27 महीनों की जेल काटकर ज़मानत पर इसी साल छूटे हैं। उन्हें भी यूएपीए के तहत गिरफ्तार किया गया था, मानों वे कोई आतंकवादी हों। वे दलित लड़की के साथ हुए बलात्कार केस की रिपोर्टिंग के सिलसिले में हाथरस गए थे। जेल में उन्हें दो बार कोविड हुआ और जब अस्पताल में दाख़िल कराया गया तब स्टाफ के एक अधिकारी ने कहा कि 'यह आतंकवादी है'। पांच दिनों तक उन्हें टॉयलेट जाने से रोका गया और हाथों को हथकड़ियों से बांधकर इलाज किया गया।

मणिपुर के पत्रकार किशोरचंद्र वांगकेम को देशद्रोह के आरोप में सलाखों के पीछे डाल दिया गया था। अपराध था मणिपुर सरकार की आलोचना। तब भी मुख्यमंत्री बिरेन सिंह मणिपुर में भारतीय जनता पार्टी के मुख्यमंत्री थे। पत्रकार का गुनाह यह था कि राज्य में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के जन्मोत्सव को मनाए जाने के खिलाफ पोस्ट लिखी थी। दो छोटे बच्चों की मां और पत्रकार किशोर की पत्नी रंजीता ने यह लड़ाई लड़ी और बमुश्किल पति के लिए ज़मानत हासिल की।

साल 2019 में ही उत्तर प्रदेश में मिड डे मील में नमक-रोटी परोसे जाने को लेकर पत्रकार पवन जायसवाल के ख़िलाफ़ मुकदमा दर्ज किया गया। यह मिर्ज़ापुर की घटना थी। प्रेस कॉउंसिल के दखल के बाद पुलिस ने पत्रकार का नाम हटा दिया लेकिन बाद में इस युवा पत्रकार की कैंसर से मौत हो गई। बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री 'इंडिया : द मोदी क्वेश्चन' से भी सरकार खासी ख़फ़ा रही। आयकर विभाग की कार्रवाई दंडित करने की मंशा से हुई। इसे 'भ्रष्ट और बकवास कॉरपोरेशन' भी कहा गया।

अमेरिकी चिंतक और आलोचक नॉम चोम्स्की ने कहा है कि जिनसे हम नफ़रत भी करते हैं और उनकी अभिव्यक्ति की आज़ादी में यकीन नहीं करते तो यकीनन हम अभिव्यक्ति की आज़ादी में भी यकीन नहीं करते। मशहूर दार्शनिक वाल्तेयर भी कह गए हैं कि हो सकता है मैं आपके विचारों से सहमत ना हो पाऊं लेकिन विचार प्रकट करने के आपके अधिकारों की रक्षा करुंगा। बेशक यह हमारा बुनियादी संवैधानिक हक़ है जिसे इन दिनों छीना जा रहा है। एडिटर्स गिल्ड ऑफ़ इंडिया ने इन गिरफ़्तारियों का विरोध किया है।

देश में पत्रकारों के 16 संगठनों ने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ से गुहार लगाई है कि आप ही हमारी अंतिम उम्मीद हैं और एक एसओएस संदेश दिया है 'सेव अवर सोल', यानी हमारी आत्मा की रक्षा कीजिये! अच्छी बात यह है कि पत्रकारों का हौसला अब भी बना हुआ है। वे गजानन माधव मुक्तिबोध की कविता की इन पंक्तियों से भी प्रेरणा लेते हैं-

अब अभिव्यक्ति के सारे खतरे
उठाने ही होंगे।
तोड़ने होंगे ही मठ और गढ़ सब।

**(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

# न्यूज़क्लिक पर छापेमारी स्वतंत्र मीडिया को डराने-धमकाने की नीति का हिस्सा

■ के रवीन्द्रन

न्यूज़ क्लिक में पत्रकारों के खिलाफ आतंकवादी कानूनों का उपयोग नरेंद्र मोदी सरकार के इस इरादे को बहुत स्पष्ट करता है: स्वतंत्र मीडिया संगठनों को आतंकित करना जो देश में हावी गोदी मीडिया परिदृश्य से अलग स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से काम करते हैं। जैसा कि प्रतीत होता है, सरकार को महसूस करती है कि जो थोड़े से स्वतंत्र मीडिया संगठन उसके प्रभाव के दायरे से बाहर हैं, उन्हें भी काम करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है, विशेषकर ऐसे समय में जब जाति जनगणना और सामाजिक न्याय के पुन: दावे के साथ-साथ इंडिया गठबंधन के तहत एकीकृत विपक्ष के उद्भव ने उसके लिए नये खतरे उपस्थित कर दिये हैं, और आगामी चुनावों के लिहाज से केन्द्र की भाजपा सरकार लगातार कमजोर होती दिख रही है।

**छापों की तीव्रता और नाटकीयता से यह स्पष्ट हो जाता है कि यह विचार डराने-धमकाने का है। कर्मचारियों के साझा आवासों सहित 30 स्थानों पर तलाशी ली गई और उनके कम्प्यूटर और मोबाइल फोन जब्त किये गये। ये छापे आईएसआईएस और हाल ही में पीएफआई जैसे गैरकानूनी आतंकवादी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई की याद दिलाते हैं। इस बार भी आरोप वैसे ही हैं जैसे पीएमएलए के मामले में थे, जैसे देशद्रोह।**

न्यूज़क्लिक के खिलाफ़ मामला, जो 2021 से लंबित है, मुख्य रूप से कथित मनीलॉन्ड्रिंग के बारे में है और मनीलॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मुकदमा भी चलाया जा रहा है। आरोपों में शेयरों का अधिक मूल्यांकन, फंड का डायवर्सन और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नियमों का उल्लंघन शामिल है। पोर्टल और संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ ने प्रवर्तन निदेशालय को उनके खिलाफ 'जबरन कार्रवाई' से रोकने के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय का आदेश भी प्राप्त कर लिया था। लेकिन इस साल अगस्त में, ईडी ने आरोपियों को सुरक्षा देने के अपने पहले के आदेश को रद्द करने के लिए उच्च न्यायालय का रुख किया। पोर्टल के खिलाफ आर्थिक अपराध शाखा के आपराधिक मामले को रद्द करने की न्यूज़ क्लिक की याचिका पर अदालत ने अभी तक अपना फैसला नहीं सुनाया है। लेकिन सरकार ने अब न केवल संगठन बल्कि उसके पदाधिकारियों के खिलाफ भी आतंकवाद के आरोप लगाये हैं।

छापों की तीव्रता और नाटकीयता से यह स्पष्ट हो जाता है कि यह विचार डराने-धमकाने का है। कर्मचारियों के साझा आवासों सहित 30 स्थानों पर तलाशी ली गई और उनके कम्प्यूटर और मोबाइल फोन जब्त किये गये। ये छापे आईएसआईएस और हाल ही में पीएफआई जैसे गैरकानूनी आतंकवादी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई की याद दिलाते हैं। इस बार भी आरोप वैसे ही हैं जैसे पीएमएलए के मामले में थे, जैसे देशद्रोह।

2014 में मोदी के सत्ता संभालने के बाद से छापे के पैटर्न स्पष्ट रूप से सामने आ गये हैं। इस साल फरवरी में, प्रधानमंत्री की आलोचना करने वाली एक डॉक्यूमेंट्री की रिलीज के मद्देनजर बीबीसी के परिसरों पर छापे मारे गये थे। इसी तरह की कार्रवाई मोदी सरकार की आलोचना करने वाली अन्य मीडिया इकाइयों जैसे द क्विंट और द वायर के खिलाफ भी की गई है। 2021 में, आयकर अधिकारियों ने सरकार की कोविड महामारी से निपटने में कमियों की आलोचना करने के लिए, देश के अग्रणी और प्रभावशाली समाचार पत्र समूहों में से एक, दैनिक भास्कर के मामलों की जांच भी शुरू की थी।

हिसाब बराबर करने के लिए प्रवर्तन महानिदेशालय और जांच एजेंसियों का दुरुपयोग न्यायपालिका के ध्यान से बच नहीं पाया है, जो हाल ही में समस्या के बारे में तेजी से मुखर रही है। सर्वोच्च न्यायालय की तीन सदस्यीय पीठ केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग के बारे में आलोचकों द्वारा उठाये गये सभी मुद्दों की जांच करने के लिए तैयार है। यह महज संयोग नहीं हो सकता है कि सर्वोच्च न्यायालय ने इस तरह के दुरुपयोग के खिलाफ खुद को स्पष्ट रूप से व्यक्त किया है, जिससे यह जानकारी मिलती है कि अदालत आने वाले दिनों में इस समस्या से कैसे निपटें उसकी योजना बना रही है।

भले ही पुरकायस्थ और उनके एचआर मैनेजर से ईडी की हिरासत में पूछताछ चल रही है, लेकिन मनी-लॉन्ड्रिंग मामले में इसी तरह की दो गिरफ्तारियां रद्द करने के बाद एजेंसी को सर्वोच्च न्यायालय की फटकार का सामना करना पड़ रहा है। अदालत ने कहा कि प्रवर्तन महानिदेशालय प्रतिशोधात्मक तरीके से व्यवहार नहीं कर सकता और उसे उच्चतम स्तर की निष्पक्षता के साथ काम करते हुए दिखना चाहिए।

सर्वोच्च न्यायालय ने अपने एक फैसले में कहा, 'ईडी की हर कार्रवाई पारदर्शी, संदेह से ऊपर और कार्रवाई में निष्पक्षता के प्राचीन मानकों के अनुरूप होने की उम्मीद की जाती है।' गुरुग्रम के एम3एम ग्रुप के निदेशकों- बसंत बंसल तथा पंकज बंसल ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटाया था, जिसने जून में जमानत के उनके अनुरोध को खारिज कर दिया था।

अदालत ने कहा कि इस मामले में, तथ्यों से पता चलता है कि जांच एजेंसी 'अपने कार्यों का निर्वहन करने और अपनी शक्तियों का प्रयोग करने में विफल' रही। न्यायाधीशों ने कहा, 'ईडी से अपने आचरण में प्रतिशोधपूर्ण होने की उम्मीद नहीं की जाती है और उसे अत्यंत ईमानदारी और उच्चतम स्तर की निष्पक्षता और निष्पक्षता के साथ कार्य करते हुए देखा जाना चाहिए।' उन्होंने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तारी के लिए पर्याप्त आधार होना चाहिए।

न्यायाधीशों ने कहा कि ईडी को यह विश्वास करने के लिए विशेष रूप से कारण ढूंढना होगा कि आरोपी धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अपराध के दोषी हैं और सम्मन के जवाब में केवल असहयोग किसी को भी गिरफ्तार करने के लिए पर्याप्त नहीं होगा। अदालत ने कहा, 'पूछताछ के लिए बुलाये गये व्यक्ति से अपराध स्वीकार करने की उम्मीद करना ईडी के लिए समुचित नहीं है।'

## पावन प्रसंग

# 'श्राद्ध' पितरों का पर्व

'श्रद्धया दीयते यत् तत् श्राद्धम्।'

'श्राद्ध' का वास्तविक अर्थ है कि जो कुछ भी दिया जाए श्रद्धा से दिया जाय। पितरों के लिए श्रद्धापूर्वक किए गए पदार्थ-दान (हविष्यान्न, तिल, कुश, जल के दान) का नाम ही श्राद्ध है। श्राद्धकर्म पितृऋण चुकाने का सरल व सहज मार्ग है। पितृपक्ष में श्राद्ध करने से पितरगण वर्षभर प्रसन्न रहते हैं।

श्राद्ध-कर्म से व्यक्ति केवल अपने सगे-सम्बन्धियों को ही नहीं, बल्कि ब्रह्मा से लेकर तृणपर्यन्त सभी प्राणियों व जगत को तृप्त करता है। पितरों की पूजा को साक्षात विष्णुपूजा ही माना गया है। प्राय: कुछ लोग यह शंका करते हैं कि श्राद्ध में समर्पित की गईं वस्तुएं पितरों को कैसे मिलती है? कर्मों की भिन्नता के कारण मरने के बाद गतियां भी भिन्न-भिन्न होती हैं जैसे कि कोई देवता, कोई पितर, कोई प्रेत, कोई हाथी, कोई चींटी, कोई वृक्ष और कोई तृण बन जाता है। तब मन में यह शंका होती है कि छोटे से पिण्ड से अलग-अलग योनियों में पितरों को तृप्ति कैसे मिलती है? इस शंका का स्कन्दपुराण में बहुत सुन्दर समाधान मिलता है।

एक बार राजा करन्धम ने महायोगी महाकाल से पूछा कि, मनुष्यों द्वारा पितरों के लिए जो तर्पण या पिण्डदान किया जाता है तो वह जल, पिण्ड आदि तो यहीं रह जाता है फिर पितरों के पास वे वस्तुएं कैसे पहुंचती हैं और कैसे पितरों को तृप्ति होती है?

भगवान महाकाल ने बताया कि, विश्वश्वनियन्ता ने ऐसी व्यवस्था कर रखी है कि श्राद्ध की सामग्री उनके अनुरुप होकर पितरों के पास पहुंचती है। इस व्यवस्था के अधिपति हैं 'अग्निष्वात'। पितरों और देवताओं की योनि ऐसी है कि वे दूर से कही हुई बातें सुन लेते हैं, दूर की पूजा ग्रहण कर लेते हैं और दूर से कही गई स्तुतियों से ही प्रसन्न हो जाते हैं। वे भूत, भविष्य व वर्तमान सब जानते हैं और सभी जगह पहुंच सकते हैं। पांच तन्मात्राएं, मन, बुद्धि, अहंकार और प्रकृति, इन नौ तत्वों से उनका शरीर बना होता है और इसके भीतर दसवें तत्व के रूप में साक्षात भगवान पुरुषोत्तम उसमें निवास करते हैं। इसलिए देवता और पितर गन्ध व रसतत्व से तृप्त होते हैं। शब्दतत्व से रहते हैं और स्पर्शतत्व को ग्रहण करते हैं। पवित्रता से ही वे प्रसन्न होते हैं और वर देते हैं।

जैसे मनुष्यों का आहार अन्न है, पशुओं का आहार तृण है, वैसे ही पितरों का आहार अन्न का सार-तत्व (गंध और रस) है। अत: वे अन्न व जल का सारतत्व ही ग्रहण करते हैं। शेष जो स्थूल वस्तु है, वह यहीं रह जाती है।

नाम व गोत्र के उच्चारण के साथ जो अन्न-जल आदि पितरों को दिया जाता है, विश्वेदेव एवं अग्निष्वात (दिव्य पितर) हव्य-कव्य को पितरों तक पहुंचा देते हैं। यदि पितर देवयोनि को प्राप्त हुए हैं तो यहां दिया गया अन्न उन्हें 'अमृत' होकर प्राप्त होता है। यदि गन्धर्व बन गए हैं तो वह अन्न उन्हें भोगों के रूप में प्राप्त होता है। यदि पशुयोनि में हैं तो वह अन्न तृण के रूप में प्राप्त होता है। नागयोनि में वायुरूप से, यक्षयोनि में पानरूप से, राक्षसयोनि में आमिषरूप में, दानवयोनि में मांसरूप में, प्रेतयोनि में रुधिर रूप में और मनुष्य बन जाने पर भोगने योग्य तृप्तिकारक पदार्थों के रूप में प्राप्त होता हैं।

जिस प्रकार बछड़ा झुण्ड में अपनी मां को ढूंढ़ ही लेता है, उसी प्रकार नाम, गोत्र, हृदय की भक्ति एवं देश-काल आदि के सहारे दिए गए पदार्थों को मन्त्र पितरों के पास पहुंचा देते हैं। जीव चाहें सैकड़ों योनियों को भी पार क्यों न कर गया हो, तृप्ति तो उसके पास पहुंच ही जाती है। श्राद्ध से बढ़कर और कोई कल्याणकारी कार्य नहीं है और वंशवृद्धि के लिए तो पितरों की आराधना ही एकमात्र उपाय है। पितर प्रसन्न तो सभी देवता भी प्रसन्न हो जाते हैं।

ब्रह्मपुराण में बताया गया है कि धन के अभाव में श्रद्धापूर्वक केवल शाक से भी श्राद्ध किया जा सकता है। यदि इतना भी न हो तो अपनी दोनों भुजाओं को उठाकर कह देना चाहिए कि मेरे पास श्राद्ध के लिए न धन है और न ही कोई वस्तु। अत: मैं अपने पितरों को प्रणाम करता हूं, वे मेरी भक्ति से ही तृप्त हों।

**आर.डी.अग्रवाल (सुमन सागर)**

## आपके पत्र

# बिहार में खेल के क्षेत्र में सुधार की कवायद

एक समय था जब कहा जाता था, 'पढ़ोगे-लिखोगे बनोगे नवाब, खेलोगे-कूदोगे बनोगे खराब'. मगर बदलते समय के साथ इस कहावत के मायने बदल गये हैं. अब 'खेल-खेल में पढ़ाई' पर जोर दिया जाने लगा है। खेल के क्षेत्र में कैरियर की बढ़ती संभावनाओं को देखते हुए युवा इसकी ओर आकर्षित होने लगे हैं। ग्लैमर, पैसा एवं सरकारी नौकरियों में खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध अवसरों के कारण गांव के युवाओं-छात्राओं में भी खेल के प्रति रूचि बढ़ी है। छोटे-बड़े शहरों से लेकर स्कूल-कॉलेजों के स्पोर्ट्स ग्राउंड एवं गांवों के खेत-खलिहान में युवाओं को क्रिकेट, फुटबॉल, कबड्डी, कुश्ती आदि खेलते देखे जा सकते हैं। अन्य राज्यों की तरह बिहार के सुदूर देहाती इलाकों में भी क्रिकेट क्लब, फुटबॉल क्लब आदि का गठन कर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होता रहता है। सरकार भी खेलकूद को बढ़ावा देने की कवायद में जुटी हुई है। लेकिन इन खिलाड़ियों के सामने कई चुनौतियां भी हैं, जो उन्हें नेशनल-इंटरनेशनल टूर्नामेंट तक पहुंचने में बाधक बनी हुई है।

वैशाली जिले के अरनिया जंदाहा निवासी नीतीश कुमार स्नातक के छात्र हैं। वे पिछले कई सालों से क्रिकेट के मैदान पर बेहतरीन बॉलर के तौर पर पसीने बहा रहे हैं। ऑल इंडिया नेशनल यूनिवर्सिटी के क्रिकेट खिलाड़ी के रूप में नीतीश ने दूसरे स्टेट में जाकर भी टूर्नामेंट खेला है। लेकिन अब तक उन्हें अपेक्षित सफलता नहीं मिली है। नीतीश का कहना है कि पहले की तुलना में अब प्रदेश में खेलकूद का माहौल बदला है। सरकार अपनी योजनाओं में खेलों को बढ़ावा देने में प्राथमिकता दे रही है। कोचिंग भी मिल रही है, लेकिन अभी और ध्यान देने की जरूरत है। मुजफ्फरपुर के खेल संघ से जुड़े रहे एक पदाधिकारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि नि:संदेह बिहार में खेल के क्षेत्र में बदलाव आए हैं, लेकिन खेल संघों की राजनीति, जातिवाद-पैरवी, खेलकूद के लिए आबंटित पैसों में गड़बडी, खिलाड़ियों को समय पर पैसे न मिलना आदि कुछ ऐसी चीजें हैं, जो खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने में बाधक बनती हैं।

बिहार में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है. लेकिन करप्शन, खेल संघों में राजनीति, जातिवाद, पैरवी और पैसों का खेल बहुत सारी प्रतिभाओं को आगे बढ़ने नहीं दे रहा है. ट्रायल के दौरान ही बहुत सारे वाजिब खिलाडियों को टूर्नामेंट में भाग लेने से रोक दिया जाता है और ऐसे खिलाड़ियों को चुन लिया जाता है जिनमें खेल को छोड़कर उपर्युक्त सभी गुण होते हैं. ऐसे में ज़रूरी है कि यदि बिहार में भी खेलों को बढ़ावा देना है और यहां के खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंटों तक पहुंचना है तो सबसे पहले चयन में पारदर्शिता लानी होगी. खेल संघों को राजनीति, जातिवाद और पैरवी करने वालों से मुक्त करना होगा. एक खिलाड़ी ही खेल के महत्व और खिलाड़ियों की प्रतिभा को पहचान सकता है. इसलिए ज़रूरी है कि खेल संघों की कमान केवल राज्य का प्रतिनिधित्व कर चुके खिलाड़ियों के हाथों में होनी चाहिए।

**रिंकु कुमारी, मुजफ्फरपुर, बिहार**

# देश विदेश

## अफगानिस्तान में बस पलटने से दो की मौत, 28 घायल

**तालुकान।** उत्तरी अफगानिस्तान के तखर प्रांत में एक यात्री बस के पलट जाने से कम से कम दो लोगों की मौत हो गयी और 28 अन्य घायल हो गये है। उन्होंने बताया कि बुधवार रात प्रांत के बंगी जिले में सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और महिलाओं और बच्चों सहित 28 अन्य घायल हो गए, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है। अधिकारी ने सड़क दुर्घटना के लिए लापरवाह ड्राइविंग को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि भीड़भाड़ वाली सड़कों पर चालकों की लापरवाही अक्सर प्रांत में घातक दुर्घटनाओं का कारण बनती है।

# कनाडा के साथ विवाद के कारण संबंध खराब होने के दावों को अमेरिका ने किया खारिज

**‘पोलिटिको’ की रिपोर्ट के बाद आया है स्पष्टीकरण**



**नई दिल्ली,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिकी दूतावास ने गुरुवार को उन रिपोर्टों का खंडन किया है, जिसमें दूत ने कहा था कि कनाडा के साथ नई दिल्ली के राजनयिक विवाद के कारण द्विपक्षीय संबंध प्रभावित होंगे।

यह स्पष्टीकरण ‘पोलिटिको’ की रिपोर्ट के बाद आया है। जिसमें कहा गया था कि राजदूत एरिक गार्सेटी ने अपने देश की टीम को बताया था कि कनाडा के साथ भारत के राजनयिक विवाद के कारण भारत-अमेरिका के बीच संबंध कुछ समय के लिए खराब हो सकते हैं। अमेरिकी दूतावास के एक बयान में कहा गया, राजदूत एरिक गार्सेटी अमेरिका और भारत के लोगों और सरकारों के बीच साझेदारी को गहरा करने के लिए हर दिन कड़ी मेहनत कर रहे हैं। जैसा कि उनकी व्यक्तिगत व्यस्तता और सार्वजनिक कार्यक्रम से पता चलता है, राजदूत गार्सेटी और भारत में अमेरिकी मिशन भारत के साथ हमारी महत्वपूर्ण, रणनीतिक और परिणामी साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए हर दिन काम कर रहे हैं। विदेश विभाग के एक अनाम अधिकारी का हवाला देते हुए, पोलिटिको रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया, एरिक गार्सेटी ने अपनी टीम से कहा कि अमेरिका को अनिश्चित अवधि के लिए भारतीय अधिकारियों के साथ अपने संपर्क कम करने की जरूरत हो सकती है। रिपोर्ट भारत द्वारा खालिस्तान नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या पर दोनों देशों के बीच राजनयिक विवाद के बीच कनाडा से भारत में तैनात अपने राजनयिकों की संख्या कम करने के लिए कहने के साथ मेल खाती है, जिन्हें 2020 में भारत द्वारा नामित आतंकवादी घोषित किया गया था।

**अमेरिकी मीडिया ने कहा, प्रतिनिधि सभा अराजकता में**

## केविन मैक्कार्थी को बाहर करने का दिया हवाला



**बीजिंग।** पद संभालने के सिर्फ नौ महीने के बाद, अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष केविन मैक्कार्थी को बाहर कर दिया गया। 3 अक्टूबर को रिपब्लिकन पार्टी द्वारा नियंत्रित प्रतिनिधि सभा में मैक्कार्थी को पद से हटाने के लिए सदन के सदस्यों ने 216: 210 वोट दिए। इससे अमेरिकी मीडिया ने आश्चर्य से कहा, अमेरिकी इतिहास में अभूतपूर्व प्रतिनिधि सभा अराजकता में है। रिपब्लिकन पार्टी नियंत्रण से बाहर है। अमेरिका में जीवन के सभी क्षेत्रों के लोग चिंतित हैं कि अमेरिकी राजनीति में नंबर तीन व्यक्ति के नाटकीय इस्तीफे के साथ, दो अमेरिकी पार्टियों और पार्टी के भीतर गुटों के बीच संघर्ष तेज हो जाएगा, जिससे अमेरिकी राजनीतिक में और अधिक उथल-पुथल मच जाएगी, और अमेरिकी समाज को और अधिक तोड़ा जाएगा। जैसा कि कई विश्लेषकों ने बताया है, अमेरिका में राजनीतिक दलों के बीच तीव्र विरोध और पार्टी के भीतर गुटीय लड़ाई का तेज होना मैक्कार्थी के इस्तीफे के महत्वपूर्ण कारण हैं।

# बाइडेन ने सीमा पर दीवार के नए खंड को दी मंजूरी

### आप्रवासन के बढ़ते स्तर को रोकने का प्रयास



**मेक्सिको सिटी,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन प्रशासन आप्रवासन के बढ़ते स्तर को रोकने के प्रयासों तहत दक्षिणी टेक्सास में सीमा पर दीवार के एक नये हिस्सा का निर्माण करेगा। बीबीसी की एक रिपोर्ट में बताया गया कि यह हिस्सा लगभग 32 किमी (20 मील) का होगा और इसका निर्माण मेक्सिको के साथ सटी सीमा पर स्टार काउंटी में किया जाएगा। यह वहीं हिस्सा है, जहां से अधिकारी अप्रवासियों को सीमा पार से इस पास बड़ी संख्या में घुसने की रिपोर्ट का दावा करते हैं। सीमा पर दीवार बनाना राष्ट्रपति के तौर पर डोनाल्ड ट्रम्प की एक महत्वपूर्ण नीति थी और इसका डेमोक्रेट्स ने इसका कड़ा विरोध किया था। श्री बाइडेन ने 2020 में वादा किया कि यदि वह राष्ट्रपति चुने गए तो वह एक और फुट भी दीवार नहीं बनाएंगे, लेकिन अवैध सीमा पार करने वालों की बढ़ती संख्या ने इस मुद्दे को राष्ट्रपति को दोबारा सोचने का मजबूर कर दिया। सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि इस साल दो लाख 45 हजार से अधिक लोग सीमा पार से आये और इस मामले में सितंबर महीना में रिकॉर्ड अप्रवासियों की सीमा पर से आयी हैं। कई अमेरिकी शहरों का कहना है कि सीमा पर से इस तरह की घुसपैठ से वे दबाव महसूस कर रहे हैं। न्यूयॉर्क शहर के मेयर एरिक एडम्स ने भविष्यवाणी की है कि पिछले साल से 100,000 से अधिक नए लोगों के आवास की लागत अगले तीन वर्षों में बढ़कर 12 अरब डॉलर हो जाएगी।

## सुडोकू 6338

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 5 | 1 | | | 7 | |
| 5 | | | 7 | | | 9 | | |
| 8 | | 7 | 2 | | 6 | | | 3 |
| 4 | | 2 | | | | | | |
| | 6 | | | | | | 3 | |
| | | | | | | 7 | | 5 |
| 2 | | | 8 | | 5 | 4 | | 7 |
| | | 4 | | | 9 | | | 1 |
| | 1 | | 4 | 7 | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6338

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | |
| | ■ | ८ | ९ | | | | ■ | | ■ |
| ■ | १० | ■ | | ■ | ■ | ■ | ११ | ■ | १२ |
| १३ | | | | ■ | १४ | ■ | १५ | | |
| ■ | | ■ | १६ | | | | ■ | ■ | |
| १७ | | | ■ | ■ | | ■ | १८ | १९ | |
| | ■ | ■ | २० | | | २१ | ■ | | ■ |
| २२ | | | | ■ | ■ | २३ | | | |

**बायें से दायें:-**

१. पराजित होना, अपमानित होना, मुहावरा है दांत .... होना
३. अश्वशाला
५. गायब, लुप्त
६. 26 दिसंबर 1934 के पूर्व ईरान को इस नाम से पुकारा जाता था
७. निरुत्तर, अनुपम (उर्दू)
८. चांदी का घड़ा
१३. भिड़ंत, टकराव
१५. घर्षण, घिसाव
१६. शिष्टता शहर में रहने का भाव
१७. लाजवंती
१८. युवावस्था
२०. दर्शकगण (उर्दू)
२२. तकलीफदेह
२३. डरावना

**ऊपर से नीचे:-**

१. अनबन, मनमुटाव
२. बुद्धिमान (उर्दू)
३. मुनाफाखोरी
४. उपद्रवकारी (उर्दू)
५. जिसे जीता गया हो, पराजित
९. कस कर बांधना, कसना, बांधना
१०. जिद्दी
११. प्रभात, सुबह
१२. असुविधा, कठिनाई
१४. सभासद (उर्दू)
१७. चंद्रमा
१९. वस्त्र
२०. ध्वनि, आवाज
२१. गगन, आकाश

## वर्ग पहेली-6337

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ बु | द्धि | २ म | त्ता | ■ | ■ | 3 त | र | ४ स | ना |
| रा | ■ | नो | ■ | ५ कि | ता | ब | ■ | र | ■ |
| ६ भ | वा | नी | ■ | र | ■ | ७ दी | प | का | ल |
| ला | ■ | ८ त | ९ र | ण | ता | ल | ■ | र | ■ |
| ■ | १० वे | ■ | वा | ■ | ■ | ■ | ११ स्वा | ■ | १२ द |
| १३ अ | स | हा | य | ■ | १४ ट | ■ | १५ ति | मि | र |
| ■ | ब | ■ | १६ त | र | क | श | ■ | ■ | ख्वा |
| १७ आ | ब | रू | ■ | ■ | सा | ■ | १८ स | १९ म | स्त |
| प | ■ | ■ | २० हि | मा | ल | २१ य | ■ | र्या | ■ |
| २२ स | म्मि | लि | त | ■ | ■ | २३ था | ने | दा | र |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शुक्रवार 6 अक्टूबर , 2023 भाद्र आश्विन पक्ष 8

### राशिफल

मेष -मन में स्थिरता और निर्णायकता का अभाव होने से आप तेजी से कोई निर्णय नहीं ले सकेंगे। इसके परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण कार्य स्थगित रखने पड़ेंगे। नौकरी धंधे में विरोधियों का सामना करना पड़ेगा।

वृषभ -आज आपको समस्त दुविधाओं को किनारे रखकर मन को एकाग्र और स्वस्थ रखने की आवश्यकता है, क्योंकि मन की अस्थिरता के कारण आप हाथ में आए हुए सुनहरे अवसर को खो देंगे, ऐसी संभावना है।

मिथुन -तन-मन से ताजगी और प्रसन्नता का अनुभव होगा। घर में मित्रों, सगे- संबंधियों के आगमन से खुशी का वातावरण रहेगा। अच्छा भोजन और सुंदर वस्त्राभूषण मिलने का योग है। आज का दिन आर्थिक लाभ का दिन है।

कर्क -आज आपका मन अस्वस्थ और बेचैन रहेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद होने से घर में विपरीत परिस्थिति उत्पन्न हो जाएगी। आपकी निर्णय शक्ति कुंठित होने से दिशा नहीं दिखाई देगी।

सिंह -आपको व्यापार धंधे में लाभ होगा और आय बढ़ेगी। अच्छा भोजन मिलेगा और मित्रों के साथ बाहर घूमने जाने की संभावना है। मित्र आपके लिए सहायक सिद्ध हो सकेंगे। पुत्र से मुलाकात होगी। बुजुर्गों का साथ मिलेगा।

कन्या -आज आप नए काम की योजनाओं को अमल में ला सकेंगे। व्यापार और नौकरी करने वाले लोगों को लाभ मिल सकेगा। अधिकारी आप पर कृपादृष्टि रखेंगे। उच्च पद मिलने की संभावना है।

तुला -आप नए काम शुरू करने का प्रयत्न करेंगे। बौद्धिक तथा साहित्य और लेखन का कार्य कर सकेंगे। किसी धार्मिक स्थान पर दर्शन के लिए जा सकेंगे। विदेशी मित्रों या सगे- संबंधियों के समाचार मिलने से खुशी अनुभव करेंगे।

वृश्चिक -आज अपने स्वभाव और व्यवहार पर काबू रखना आवश्यक है। कोई नए काम की शुरुआत आज ना करें। स्वास्थ्य खराब होने की संभावना होने से खानपान में ध्यान रखें। अचानक आर्थिक लाभ हो सकता है।

धनु -आज आप स्वादिष्ट भोजन, अच्छे पोशाक, प्रवास और पार्टी का आनंद ले सकेंगे। भरपूर मनोरंजन का आनंद उठाएंगे। दोस्तों से विशेष आकर्षण अनुभव करेंगे। प्रिय व्यक्ति से मिलकर रोमांच अनुभव करेंगे।

मकर -व्यापार में वृद्धि और आर्थिक योजनाएं बनाने के लिए आज का दिन अच्छा है। पैसे की लेन-देन अच्छी तरह कर सकेंगे। जो लोग आयात निर्यात का काम करते हैं, वे लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

कुंभ -आज आपको किसी बात का डर लगा रहेगा। विचार तेजी से बदलने के कारण आप दुविधा में रहेंगे और किसी निर्णय पर नहीं आ सकेंगे। संतान की चिंता परेशान करेगी। आपको पेट की तकलीफ होने की संभावना है।

मीन -आज आपको सावधान रहना पड़ेगा। परिवार में मतभेद हो सकता है और माता के स्वास्थ्य चिंता रहेंगी। मन में किसी बात की चिंता रहेगी। आर्थिक नुकसान हो सकता है और प्रतिष्ठा को कलंक पहुंच सकता है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## ताइवान में तूफान कोइनु से लगभग 200 लोग घायल

**ताइपे,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। ताइवान में तूफान कोइनु के कारण हुए हादसों में कम से कम 190 लोग घायल हो गए और बिजली खम्भों और तारों के क्षतिग्रस्त होने से 60,000 से अधिक घरों और वाणिज्यिक इमारतों में अभी भी बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की जा सकी है। ताइवान की सेंट्रल न्यूज एजेंसी (सीएनए) ने गुरुवार को बताया कि कोइनु तूफान स्थानीय समयानुसार लगभग 8:20 बजे द्वीप के दक्षिण में पिंगटुंग काउंटी के तट पर पहुंचा। तूफान की अधिकतम हवा की गति 48 मीटर प्रति सेकंड (106.8 मील प्रति घंटा) थी। हवा ने व्यावसायिक बैनरों, तारों, शहर के निर्माणों को नष्ट कर दिया। तूफान से बड़ी संख्या में पेड़ भी गिर गए। द्वीप के दक्षिण-पूर्वी तट, लैन यू द्वीप (ऑर्किड द्वीप) पर 95 मीटर प्रति सेकंड (212 मील प्रति घंटा) तक हवा चली। हवा की यह गति सबसे तेज़ रही। ताइवान पावर कंपनी के अनुसार तूफ़ान ने 174,500 से अधिक घरों और वाणिज्यिक भवनों को विद्युत ऊर्जा से वंचित कर दिया है। वर्तमान में, अधिकतर तूफान प्रभावित क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति बहाल कर दी गई है। तूफान के कारण करीब 60,000 से अधिक घरों में अभी विद्युत आपूर्ति बाधित हैं। आपदा के कारण स्थानीय हवाई अड्डों ने 42 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें और 182 स्थानीय उड़ानें रद्द कर दी हैं।

# इमरान का करीबी नौ मई के दंगों के मामले में बना सरकारी गवाह



■ पीटीआई की टाइगर फोर्स के प्रमुख रहे हैं उस्मान डार

**इस्लामाबाद,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के करीबी सहयोगियों में से एक और पीटीआई की टाइगर फोर्स के प्रमुख रहे उस्मान डार ने 9 मई के दंगे के मामले में पाला बदलने और अपने पार्टी प्रमुख के खिलाफ सरकारी गवाह बनने का फैसला किया है। टाइगर फोर्स के प्रमुख के रूप में कार्य करने के अलावा डार, पार्टी के लिए काम करने के लिए युवा स्वयंसेवकों को शामिल करने और बढ़ावा देने के लिए गठित एक संगठन के पूर्व विशेष सहायक भी थे। एक टीवी चैनल को दिए साक्षात्कार में डार ने दावा किया कि दंगों की योजना और क्रियान्वयन की रणनीति लाहौर के ज़मान पार्क स्थित पूर्व प्रधानमंत्री के आवास पर बनाई गई थी। उन्होंने कहा, 9 मई की घटना की योजना लाहौर में उनके ज़मान पार्क निवास पर पीटीआई प्रमुख के रूप में इमरान खान की अध्यक्षता में हुई बैठकों में बनाई गई थी। इमरान खान ने खुद सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने के निर्देश दिए थे। कहा कि , इस बात पर चर्चा हुई कि हमें उन पर (सैन्य प्रतिष्ठान) दबाव बनाने के लिए जरूरत पड़ने पर राज्य संस्थानों पर हमला करना चाहिए। डार ने कहा कि पार्टी में दो खेमे बन गए हैं। एक का झुकाव राज्य संस्थानों के प्रति सुलहवादी दृष्टिकोण की ओर था, जबकि दूसरा पक्ष आक्रामक आख्यान बनाने और संस्थानों को अपने सिर पर लेने की कहानी की ओर झुका हुआ था। उन्होंने दावा किया, मुराद सईद, हम्माद अज़हर और आज़म स्वाति उस समूह में से थे, जो चाहते थे कि खान सत्ता विरोधी रुख अपनाएं और इमरान खान उनकी बात सुनते थे।

# गुटेरेस ने स्वायत्त हथियार प्रणालियों पर प्रतिबंध लगाने का आह्वान किया



**वाशिंगटन,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और रेड क्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति (आईसीआरसी) के अध्यक्ष मिर्जाना स्पोलजारिक ने गुरुवार को नेताओं से मानवता की रक्षा के लिए स्वायत्त हथियार प्रणालियों के उपयोग को प्रतिबंधित करने के लिए नए अंतरराष्ट्रीय नियम स्थापित करने का आह्वान किया। आज हम एक तत्काल मानवीय प्राथमिकता को संबोधित करने के लिए शामिल हो रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र और रेड क्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति (आईसीआरसी) ने राज्यों से स्वायत्त हथियार प्रणालियों पर विशिष्ट निषेध और प्रतिबंध स्थापित करने का आह्वान किया है, ताकि वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों को उनके उपयोग के परिणामों से बचाया जा सके। संयुक्त राष्ट्र ने एक बयान में कहा, मौजूदा सुरक्षा परिदृश्य में, स्पष्ट अंतरराष्ट्रीय लाल रेखाएं स्थापित करने से सभी राज्यों को लाभ होगा। श्री गुटेरेस और श्री स्पोलजारिक ने विश्व नेताओं से स्वायत्त हथियार प्रणालियों पर स्पष्ट निषेध और प्रतिबंध स्थापित करने और 2026 तक ऐसी वार्ताओं को समाप्त करने के लिए एक नए कानूनी रूप से बाध्यकारी उपकरण की बातचीत शुरू करने का आह्वान किया। बयान में कहा गया है, मानवीय भागीदारी के बिना लोगों की जान लेने की शक्ति और विवेक वाली मशीनों को अंतरराष्ट्रीय कानून द्वारा प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र ने यह भी कहा कि रोबोटिक्स और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी नई प्रौद्योगिकियों की बढ़ती उपलब्धता और पहुंच, जिन्हें इन प्रणालियों में एकीकृत किया जा सकता है। इन प्रौद्योगिकियों को विकसित करने वाले संगठनों के साथ-साथ वैज्ञानिकों और उद्योग जगत के नेताओं के बीच चिंताएं बढ़ा रही हैं।

**प्रथम पृष्ठ का शेष**

**केंद्र सरकार धान खरीदी है तो ...**

कर रहे हैं। जो तानाशाही है। लेकिन ये देश प्रजातांत्रिक देश है. इसकी जड़े बहुत गहरी है अति का अंत होता है।

**इनकी निगाहें छत्तीसगढ़ के खदानों पर है : मुख्यमंत्री**

केंद्रीय मंत्री के एप लॉन्चिंग पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने अडानी को लूट लूट कर दिया, हमने छत्तीसगढ़ में इन्हें रोका है। अभी एक खदान उनकी बंद हुई है। 13 नम्बर का बैलाडीला खदान को निरस्त कराया। अनेक खदानों पर इनकी निगाहें थी, लेकिन हमने वहां एलिफेंट कॉरिडोर बनाया। उससे भी भाजपा का दिल भरा नहीं है। अडानी को कितना लूटा है उसके बारे में भी अनुराग ठाकुर को कुछ बोलना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक बार राहुल गांधी ने सवाल पूछा कि 20 हजार करोड़ रुपये कहां से गया, कैसे गया? उन्होंने तो केवल फोटो दिखाई थी संसद में, उसी में उनकी सदस्यता निरस्त हो गई।अनुराग ठाकुर में हिम्मत है तो अडानी के बारे में भी बोलकर बताएं।

## आज का इतिहास

1499-फ्रांस के राजा लुईस ने मिलान पर क़ब्ज़ा किया।
1723-बेंजामिन फ्रेंकलिन 17 साल की उम्र में फिलाडेल्फिया पहुंचे।
1762-ब्रिटिश सैनिकों ने फिलीपींस के मनीला पर क़ब्ज़ा किया।
1862-भारतीय दंड संहिता कानून पारित हुआ और एक जनवरी से लागू हुआ।
1919-तांबुलीस्की बुल्गारिया के प्रधानमंत्री बने।
1935-भारत में 32 साल के सबसे लंबे समय तक अंपायरिंग करने वाले जीवन डी घोष का बंगाल में जन्म हुआ।
1946-हिन्दी फ़िल्म अभिनेता विनोद खन्ना का जन्म।
1957-सोवियत संघ ने नोवाया ज़ेमल्या में परमाणु परीक्षण किया।
1963-पंजाब के स्वतंत्रता सेनानी ग्रैंड ओल्ड मैन बाबा खड़क सिंह का जन्म।
1972-मेक्सिको में ट्रेन पटरी से उतरने से 208 लोगों की मौत।
1980-गुयाना ने संविधान को अंगीकार किया।
1981-काहिरा में सैनिक परेड के दौरान एक सैनिक समूह द्वारा मिस्त्र के राष्ट्रपति अनवर सादात की हत्या।
1983-पंजाब में राष्ट्रपति शासन लगाया गया।
1987-फिजी एक गणराज्य घोषित हुआ।
1994-यूनेस्को ने वर्ष 1995 को संयुक्त राष्ट्र सहिष्णुता वर्ष के रूप में मनाने की घोषणा की।
1995-दो स्विस वैज्ञानिकों ने पृथ्वी के सौर व्यवस्था के बाहर गृह की पहली बार पहचान की।
1999-संयुक्त राष्ट्र निरस्त्रीकरण सम्मेलन आस्ट्रेलिया की राजधानी वियना में प्रारम्भ।
2000-इस्त्रायली पुलिस द्वारा अलअक्सा मस्जिद में जबरन प्रवेश के बाद हिंसा शुरू।

**परेशानी** *बिजली उत्पादन के बावजूद बिजली कटौती का करना पड़ रहा सामना*

# सर्दी की दस्तक के साथ ही जम्मू कश्मीर से बिजली गुम

**जम्मू, 5 अक्तूबर(देशबन्धु)। यह जम्मू कश्मीर के लोगों की बदकिस्मती है कि प्रदेश में हजारों मैगावाट बिजली उत्पादन के बावजूद उन्हें सर्दी और गर्मी में बिजली कटौती के भयानक दौर से गुजरना पड़ रहा है। इन गर्मियों में सूरज देवता पर दोष मढ़ने वाला बिजली विभाग सर्दी की शुरुआत के साथ ही आरंभ हुई 5 से 9 घंटों की बिजली कटौती को जायज ठहराने के लिए अब बहाने तलाश रहा है। नतीजा यह है कि स्मार्ट मीटरों को लगाने के साथ ही 24 घंटे बिजली आपूर्ति के किए गए दावे और वादे ठुस्स हो चुके हैं। कारण स्पष्ट है।**



5 से 9 घंटें की हो रही बिजली कटौती

करीब 500 मैगावाट बिजली की कमी सिर्फ कश्मीर में है और यही हाल जम्मू संभाग का भी है। कश्मीर में अभी 1700 मैगावाट बिजली की जरूरत है। 1500 मैगवाट बिजली जम्मू संभाग को चाहिए। पर बिजली विभाग अभी से हाथ खड़े कर चुका है। हालांकि इन गर्मियों में कश्मीर को बिजली कटौती से कोई खास फर्क नहीं पड़ा था पर जम्मू संभाग में जैसे प्रतिदिन कई इलाकों में मात्र 6 से 8 घंटों के लिए ही बिजली आपूर्ति हो रही थी वैसा ही हाल अभी से कश्मीर का है। लाल चौक में दुकान चलाने वाला शब्बीर अहमद कहता था कि अभी तो सर्दी ने सिर्फ दस्तक दी है और बिजली नदारद हो चुकी है। ऐसे में कश्मीर पावर डिस्ट्रीब्यूशन कारपोरेशन लिमिटड के चीफ इंजीनियर युसूफ जावेद डार कहते थे कि कश्मीर में सूखा पड़ने से दरियाओं में पानी कम होने से बिजली उत्पादन आधे से भी कम हो चुका है। पर वे इसके प्रति कोई उत्तर नहीं देते थे कि जो उत्पादन हो रहा है वह जम्मू कश्मीर के लोगों को देने में प्राथमिकता क्यों नहीं है। क्यों सारी बिजली प्रदेश के बाहर भेजी जा रही है। रोचक तथ्य यह है कि बिजली की कमी को पूरा करने के लिए अब अपने ही डैमों से बनाई जाने वाली बिजली खरीदने के लिए केंद्र सरकार से मिन्नते की जा रही हैं। अधिकारी बिजली के मद पर करोड़ों का खर्चा होने और उगाही अभी भी नगण्य होने का रोना जरूर रोते थे। इसे भूला नहीं जा सकता कि इन गर्मियों में बिजली कटौती को लेकर जम्मू संभाग में मचे हाहाकार के बीच अधिकारियों ने यह कह कर आग को और भड़काया था कि सरकार के पास अतिरिक्त बिजली खरीदने को पैसा नहीं है। ऐसे में जबकि कश्मीर में सर्दी ने अभी दस्तक ही दी है बिजली आपूर्ति के मोर्चे पर सरकार के ढेर हो जाने के बाद कश्मीरी भयानक सर्दी के मौसम में बिजली कटौती के प्रति सोच से ही परेशान हो रहे हैं। पर सरकार को सिवाय बहाने तलाशने और स्मार्ट मीटर लगाने के बाद 24 घंटे बिजली आपूर्ति के झूठे वादे करने के सिवाय कुछ नहीं सूझ रहा है।

## दुनिया को जानें

# प्रादा हाउस नासा के स्पेससूट डिजाइन करने में मदद करेगा

**वाशिंगटन,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। इटालियन लक्जरी फैशन हाउस प्रादा ने चंद्रमा पर आर्टेमिस थर्ड के लिए नासा के स्पेससूट को डिजाइन करने के लिए अमेरिकी कंपनी एक्सिओम स्पेस के साथ पहली अभूतपूर्व साझेदारी की है। प्रादा ने वेबसाइट पर एक बयान में कहा एक इतालवी लक्जरी फैशन हाउस और एक वाणिज्यिक अंतरिक्ष कंपनी के बीच पहली अभूतपूर्व साझेदारी में, प्रादा आर्टेमिस मिशन के लिए नासा के चंद्र स्पेससूट पर उद्योग के नेता और दुनिया के पहले वाणिज्यिक अंतरिक्ष स्टेशन के वास्तुकार एक्सिओम स्पेस के साथ सहयोग प्रस्तुत करता है। दिसंबर 1972 में अपोलो 17 के बाद चंद्रमा पर उतरने वाले पहले चालक दल के रूप में, 2025 के लिए योजनाबद्ध यह आर्टेमिस मिशन, चंद्रमा पर एक महिला को भेजने वाला भी पहला मिशन होगा। प्रादा ने कहा कि नया एक्सिओम एक्स्ट्रावेहिकल मोबिलिटी यूनिट स्पेससूट अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए उन्नत क्षमताएं प्रदान करेगा, जबकि नासा को चंद्रमा पर और उसके आसपास पहुंचने, रहने और काम करने के लिए आवश्यक व्यावसायिक रूप से विकसित मानव प्रणालियों की पेशकश करेगा।

# खेल जगत

## अंतिम पंघल ने कुश्ती में जीता ब्रॉन्ज

**हांगझोऊ,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। दो बार की मौजूदा अंडर-20 चैंपियन अंतिम पंघल ने गुरुवार को टोक्यो ओलंपिक पदक विजेता मंगोलिया की बैट-ओचिर बोलोरतुया को हराकर 19वें एशियाई खेलों में महिलाओं की 53 किग्रा कुश्ती स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। मौजूदा एशियाई चैंपियन अंतिम, जो अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में जापान की अकारी फुजिनामी से हार गई थी, वो रेपचेज के माध्यम से कांस्य पदक मुकाबले में आगे बढ़ी। इस बीच पूजा गहलोत महिलाओं के फ्रीस्टाइल 50 किग्रा सेमीफाइनल कांस्य पदक मैच में उज्बेकिस्तान की अकतेंगे क्यूनिमजेवा से 2-9 से हारकर पदक से चूक गईं। पूजा इससे पहले सेमीफाइनल में दो बार की एशियाई चैंपियन जापान की रेमिना योशिमोटो से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार गईं थीं। वहीं, ग्रीको-रोमन पहलवान नवीन को 130 किग्रा कांस्य पदक मुकाबले में दक्षिण कोरिया के मिनसोक किम के हाथों 1-5 से हार का सामना करना पड़ा।



# तीरंदाजी में महिला टीम के बाद पुरुष टीम ने भी जीता स्वर्ण पदक



**हांगझोउ** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत के ओजस देवतले, अभिषेक वर्मा और जावकर प्रथमेश समाधान की जोड़ी ने पुरुष कंपाउंड तीरंदाजी में गुरुवार को दक्षिण कोरिया को 235-230 के अंतर से हराकर इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीत लिया है। इससे भारत की महिला टीम ने चीनी ताइपे को 230-229 से हराकर स्वर्ण पदक जीता था।

ओजस प्रवीण देवताले, अभिषेक वर्मा और प्रथमेश जावकर की भारतीय पुरुष कंपाउंड टीम ने गुरुवार को यहां 19वें एशियाई खेलों में फाइनल में स्वर्ण पदक जीता। भारतीय टीम ने जू जेहून, यांग जेवोन और किम जोंगहो की दक्षिण कोरियाई टीम को पुरुषों की कंपाउंड स्पर्धा में 235-230 से हराकर शीर्ष पुरस्कार जीता।आज यहां खेले गये मुकाबले में दक्षिण कोरिया के पांच नौ-पॉइंटर्स की मदद से 58-55 की बढ़त के साथ भारत आगे बढ़ने वाला पहला खिलाड़ी था। कोरियाई लोग फिर से एंड 2 के शुरुआती शॉट्स में 10 से चूक गए और एक और अंक पीछे रह गए। दूसरे छोर से भारतीय टीम ने अंदरूनी घेरे पर प्रहार करना जारी रखा। स्वर्ण पदक जीतने की राह में, भारतीय तिकड़ी ने क्वार्टर फाइनल में भूटान के खिलाफ 235-221 से जीत दर्ज करने के बाद सेमीफाइनल में चीनी ताइपे को 235-224 से हराया। इसके अलावा, भारत ने कंपाउंड पुरुष व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण और रजत पदक पक्के कर लिए हैं, जिसमें विश्व चैंपियन ओजस और हमवतन अभिषेक शनिवार को शिखर मुकाबले के लिए तैयार हैं।

इससे पहले दिन में भारतीय तीरंदाजी महिला कंपाउंड टीम ने फाइनल में मुकाबले में चीनी ताइपे को 230-229 से हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया था।

अदिति, ज्योति और परनीत की भारतीय जोड़ी शुरुआत में दो अंकों से पीछे चल रही थी, लेकिन दूसरे छोर के छठे तीर में चीनी ताइपे के 7-प्वाइंटर ने भारत को बढ़त दिला दी। फिर, अंतिम छोर तक स्कोर 171-171 रहा और भारत ने अंत मे चीनी ताइपे को एक अंक से हराकर स्वर्ण पदक मैच जीत लिया।

ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति गोपीचंद स्वामी और परनीत कौर की महिला टीम ने यी सुआन चेन, आई जु हुआंग और लु यून वांड की चीनी ताइपे टीम को कड़े मुक़ाबले में 230-229 से हराकर स्वर्ण पदक जीता।

## घोषाल स्वर्ण से चूके, रजत जीता

संभवत: अपने आखिरी एशियाई खेलों की तरह, भारत के सौरव घोषाल अपने अवसरों को भुनाने में असफल रहे और गुरुवार को हांगझोउ में स्वर्ण पदक मैच में मलेशिया के एनजी इयान यू से 3-1 से हार गए। हांगझोउ ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर स्क्वैश कोर्ट 1 में खेले गए फाइनल में, राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता घोषाल ने पहला गेम 11-9 से जीता, लेकिन फिर अगले तीन गेम में 9-11, 5-11, 7-11 से हार गए और एक बार फिर उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। घोषाल, 37 साल की उम्र में हर गुजरते दिन के साथ युवा नहीं हो रहे थे, उन्होंने एकल स्वर्ण पदक जीतने का अपना सर्वश्रेष्ठ मौका गंवा दिया था। वह 2014 फाइनल में अब्दुल्ला अल-मुजायेन से 12-10, 11-2, 12-14, 8-11, 9-11 से हार गए थे। एशियाई खेलों का एकल स्वर्ण वह पदक है जिसे घोषाल सबसे अधिक चाहते थे। गुरुवार को उसके पास मौके थे लेकिन वह एक ऐसे प्रतिद्वंद्वी से हार गए जो अधिक ऊर्जावान, अत्यधिक कुशल और बेहतर लय में दिख रहा था। घोषाल ने मैच के बाद कहा, मैं वास्तव में बहुत निराश हूं। पहला गेम जीता लेकिन दूसरा मेरे अनुकूल नहीं रहा। अजीब चीजें हुईं। मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उसने बेहतर खेलना शुरू कर दिया और खुद को थोपा और मैं जवाब नहीं दे सका। मुझे यकीन नहीं है कि मैं अगले एशियाई खेलों में वहां पहुंच पाऊंगा या नहीं। कुछ 50-50 निर्णय ऐसे थे जो उनके अनुरूप नहीं रहे। भारत के अब तक के सबसे सफल कोलकाता के 37 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, बहुत सारे किंतु-परंतु हैं लेकिन मैं अभी चीजों का विश्लेषण नहीं करने जा रहा हूं। यह मैं बाद में करूंगा जब भावनाएं शांत हो जाएंगी और चीजें स्पष्ट हो जाएंगी। लगभग दो दशकों तक देश का प्रतिनिधित्व करने वाले स्क्वैश खिलाड़ी से यह पूछे जाने पर कि क्या वह अगले एशियाई खेल खेलेंगे, घोषाल ने कहा कि वह बाद में इस बारे में फैसला करेंगे। उन्होंने कहा, मैं अभी इस बारे में कुछ नहीं कह रहा हूं। मैं शांत क्षणों में इस बारे में फैसला करूंगा। एशियाई खेलों के स्क्वैश में अब तक 9 पदकों के साथ सौरव घोषाल भारत के सबसे सफल खिलाड़ी हैं। जब वह अपने रैकेट लटकाएगा तो उसके दिल में एकमात्र निराशा यह होगी कि उसका प्रिय स्क्वैश कई प्रयासों के बावजूद ओलंपिक में जगह नहीं बना सका। उन्होंने कहा, कौन सा स्क्वैश खिलाड़ी ओलंपिक में खेलना पसंद नहीं करेगा? लेकिन ऐसा नहीं हुआ। यह भारत के अब तक के सबसे महान स्क्वैश खिलाड़ी के लिए एक और निराशा होगी, जिसने भारतीय खिलाड़ियों के लिए नए कीर्तिमान स्थापित किये।

# भारत की महिला हॉकी टीम का टूटा सीधे पेरिस ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करने का सपना

- चीन की महिला हॉकी टीम ने भारत को सेमीफाइनल में दी 4-0 से शिकस्त
- भारत को सेमीफाइनल में अखरी माहिर ड्रैग फ्लिकर की कमी



**नई दिल्ली,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। अनुभवी गोलरक्षक सविता पूनिया की अगुआई वाली भारत की महिला हॉकी टीम का हंगजू(चीन) में 19 वें एशियाई खेलों में स्वर्ण जीत सीधे 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करने का सपना बृहस्पतिवार को सेमीफाइनल में चीन के हाथों 0-4 हार से टूट गया। भारत की टीम पूल में अपने तीन मैच जीत तथा दक्षिण कोरिया से मैच ड्रॉ खेल चार-चार मैचों में समान रूप से दस-दस अंकों के बाद अपने बेहतर गोल अंतर से शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल में पहुंची थी। अब भारतीय महिला हॉकी कांसे के लिए भिड़ेगी। जियाकी जोंग के दूसरे क्वॉर्टर , मिरोंग जू के तीसरे क्वॉर्टर के अधबीच पेनल्टी कॉर्नर पर तथा मियू लियांग के चौथे और आखिरी क्वॉर्टर में मैदानी तथा और बिफेंग गू के अंतिम मिनट में अंतिम पेनल्टी कॉर्नर पर दागे एक-एक गोल की बदौलत चीन की महिला हॉकी टीम ने भारत को पर 4-0 से आसान जीत के साथ फाइनल में स्थान बना स्वर्ण जीत ओलंपिक के लिए सीधे क्वॉलिफाई करने की उम्मीदें बरकरार रखा।

भारत ने तीसरे और आखिरी क्वॉर्टर में पांच पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन दूसरे और अंतिम पर नवनीत कौर के इनडायरेक्ट गोल को अमान्य कर दिए। सच तो यही है कि भारत को माहिर ड्रैग फ्लिकर की एशियाई खेलों में सबसे ज्यादा चीन के खिलााफ सेमीफाइनल में अखरी । चीन की महिला टीम ने अपने चार में से तीन गोल पेनल्टी कॉर्नर पर किए और यही उसकी जीत के साथ फाइनल में स्थान बनाने का बड़ा कारण रहा। भारत की टीम तीसरे क्वॉर्टर के आखिर तथा चौथे क्वॉर्टर के शुरू को छोड़ मैदान में कहीं दिखाई ही नहीं पड़ी।

चीन को पहले क्वॉर्टर में दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन उम्मीदों के मुताबिक भारत की कप्तान गोलरक्षक सविता ने ली होंग की इनडायरेक्ट इसे गोल में बदलने की कोशिश नाकाम कर दी। भारत की अग्रिम पंक्ति में सलीमा टेटे और संगीता कुमारी दो गेंद को लेकर चीन की डी में पहुंची लेकिन चीन की रक्षापंक्ति की मजबूत दीवार को पार करने में नाकाम रही। चीन की ऑस्ट्रेलियाई चीफ कोच एलिसा अन्नान की भारत के हमलों के वक्त उसकी स्ट्राइकर पर गेंद जाने पर अपनी टीम की तीन खिलाडियो को उनकी चौकसी पर लगाने की नीति कारगर रही।वहीं भारत की रक्षापंक्ति में अनुभवी फुलबैक दीपग्रेस एक्का व सुशीला चानू के साथ गोलरक्षक सविता पूनिया ने पूरी मुस्तैदी दिखाई। बदकिस्मती से चीन को मिले चौथे पेनल्टी कॉर्नर पर वह जियाकी जोंग के पेनल्टी कॉर्नर का कोण भांपने से चूक गोल खा गई। भारत के लिए गोल करने का पहला बढिया अभियान दाएं से सलीमा टेटे ने मैच के 14 वें मिनट में बनाया लेकिन पूरी की पूरी चीनी टीम ने अपने किले की चौकसी पर आकर उनकी गोल करने की कोशिश नाकाम कर दी। पहले क्वॉर्टर में कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई। चीन ने दूसरे क्वॉर्टर के दसवें मिनट जियाकी जोंग ने चौथे पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर अपनी टीम को 1-0 से आगे कर दिया।

# भारत ने ग्रुप मुकाबले चीनी ताइपे के बाद जापान को हराया




**हांगझोउ** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय पुरुष कबड्डी टीम ने गुरुवार को ग्रुप 'ए' के चौथे और अंतिम मुकाबले में जापान को 56-30 हरा दिया है। इससे पहले तीसरे मुकाबले में भारतीय टीम ने चीनी ताइपे के खिलाफ 50-27 से जीत दर्ज की थी। इस जीत के साथ भारतीय कबड्डी टीम अपने ग्रुप ए के सभी चार मैचों में से चार जीतकर एशियन खेल 2023 कबड्डी सेमीफाइनल में जगह बनाने तक अजेय रही। चीनी ताइपे तीन जीत और भारत के खिलाफ एक हार के साथ दूसरे स्थान पर रहा। बंगलादेश और थाईलैंड ने अपनी एकमात्र जीत जापान के खिलाफ दर्ज की।

सात बार के चैंपियन भारत का सेमीफाइनल में दो बार के रजत पदक विजेता पाकिस्तान से मुकाबला होगा, वहीं चीनी ताइपे का सामना मौजूदा चैंपियन ईरान से होगा।

एशियाई खेल 2023 में कबड्डी में पुरुषों का सेमीफाइनल शुक्रवार को ज़ियाओशान गुआली स्पोर्ट्स सेंटर में खेला जाएगा। सेमीफाइनल में हारने वाले खिलाड़ियों को भी कांस्य पदक से सम्मानित किया जाएगा। पवन सहरावत की अगुवाई में भारतीय टीम ने अपनी चौथी जीत के दौरान जापान को कुल 5 बार ऑल-आउट किया, पहले हाफ में 3 बार और दूसरे हाफ में 2 बार ऑल-आउट किया। कबड्डी मुकाबले में भारतीय टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल प्रदर्शन जारी रखा। भारत ने पहले हाफ में जापान की टीम को 3 बार ऑल-ऑउट और दो बोनस अंक हासिल करते हुए स्कोरशीट में कुल 35 अंक दर्ज किए। जबकि जापान की टीम ने 6 बोनस अंक हासिल करते हुए कुल 11 अंक दर्ज किए। दोनों ही टीमें इस दौरान कोई भी टेक्निकल और सुपर टैकल अंक हासिल नहीं कर सकीं। इसी के साथ पहला हाफ 35-11 के स्कोर पर समाप्त हुआ। दूसरे हाफ में जापान ने वापसी करते हुए भारत को कड़ी टक्कर दी और लगातार बोनस अंक बटोरने का सिलसिला जारी रखा। इस बीच भारतीय टीम जापान को एक बार फिर ऑल-आउट करने में सफल रही। जापानी खेमे से लगातार अच्छा प्रदर्शन देखने को मिला, लेकिन भारत के डिफेंस ने अपना दबाव बनाए रखा। भारतीय टीम ने जापान के खिलाफ दूसरे हाफ में 21 अंक हासिल किए, जबकि जापान ने 19 अंक दर्ज किए।

# महिला एकल क्वार्टरफाइनल में सिंधु चीन से हारी



**हांगझोउ** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु को गुरुवार को महिला एकल के क्वार्टरफाइनल मुकाबले में चीन की खिलाड़ी से हारकर एशियाई खेलों से बाहर हो गई है।

आज यहां बिनजियांग जिम्नेजियम स्टेडियम में 47 मिनट तक चले मुकाबले में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी सिंधु को पांचवें रैंकिंग की चीन की हे बिंगजियाओ से 21-16, 21-12 से हार का सामना करना पड़ा।

दो बार की विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता हे बिंगजियाओ ने क्वार्टरफाइनल मैच में शानदार शुरुआत की और 9-5 की बढ़त बनाई। वह पहले गेम की शुरुआत से पीवी सिंधु पर चीनी खिलाड़ी हावी रहीं। बिंगजियाओ ने शुरुआती बढ़त हासिल की और भारतीय खिलाड़ी को कड़ी टक्कर दी।

सिंधु ने अपने शॉट के जरिए अंक हासिल करने की पूरी कोशिश की। सिंधु ने लगातार तीन अंक हासिल किए और स्कोर को (16-18) किया, लेकिन बिंगजियाओ ने इस गेम को 21-16 से अपने नाम कर लिया।

दूसरे गेम में चीनी बैडमिंटन खिलाड़ी ने शुरुआती (5-1) बढ़त बनाई। लेकिन सिंधु ने 8-8 से स्कोर बराबर किया, लेकिन इसके बाद चीनी खिलाड़ी ने इस गेम में 6 अंकों से बढ़त हासिल की और अपनी बढ़त को बरक़रार रखते हुए दूसरे गेम को 21-12 से जीत लिया। वहीं, पीवी को मैच में काफी संघर्ष करना पड़ा। सिंधु की हार के साथ महिला स्पर्धा में पदक की उम्मीद ख़त्म हो गई है। इससे पहले महिला एकल में अस्मिता चालिहा राउंड ऑफ 32 में हारकर बाहर हो गई थीं।

उल्लेखनीय है कि हांगझोउ में अपने मैच से पहले सिंधु पांच मैचों में से चार में चीनी खिलाड़ी को मात दे चुकी हैं।

## सार संक्षेप

### तारा शाह, आयुष शेट्टी ने बढ़ाया जीत का सिलसिला, उन्नति चैंपियनशिप से बाहर

**स्पोकेन (अमेरिका)।** तारा शाह और आयुष शेट्टी ने बैडमिंटन विश्व जूनियर चैंपियनशिप के राउंड ऑफ-16 में आगे बढ़ते हुए अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा, जबकि उन्नति हुडा राउंड ऑफ-32 में हारकर बाहर हो गईं। लड़कियों के एकल मैच में टूर्नामेंट की तीसरी वरीयता प्राप्त तारा ने कनाडा की एलेना यू के खिलाफ 30 मिनट तक चले करीबी मुकाबले में 23-21, 21-16 के स्कोर के साथ जीत हासिल की। लड़कों के एकल वर्ग में आयुष को इंडोनेशिया के मुहम्मद रजा अल फजरी से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। हालांकि, पहला गेम हारने के बाद मुहम्मद ने जोरदार वापसी की, लेकिन आयुष ने धैर्य दिखाया और अंततः 21-14, 13-21, 21-19 से मुकाबला जीत लिया। मिश्रित युगल में सात्विक रेड्डी कनापुरम और वैष्णवी खडकेकर की जोड़ी का सामना सिंगापुर के नगे जू जिन और जिओ एन हेंग से हुआ। शुरुआती झटके के बावजूद, उन्होंने शानदार वापसी की और अंतिम गेम में 19-21, 21-10, 21-7 के स्कोर के साथ जीत हासिल की। दूसरे मिश्रित युगल मुकाबले में समरवीर और राधिका शर्मा ने एक और करीबी मुकाबले में मलेशिया के ब्रायन जेरेमी गूनटिंग और चान वेन त्से को सीधे गेमों में 21-19, 21-18 से हराया। अन्य लड़कियों के एकल वर्ग में उन्नति हुडा को टूर्नामेंट की शीर्ष वरीयता प्राप्त जापान की टोमोका मियाज़ाकी ने 21-13, 21-13 से हराया।

### बहरीन ने तीसरी बार महिला मैराथन जीती, चीन ने पहला पुरुष स्वर्ण जीता

**हांगझोउ।** एशियाई खेलों के पुरुष मैराथन में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले चीनी एथलीट बन गए, जबकि बहरीन की यूनिस चेबिची पॉल चुंबा ने गुरुवार को स्वर्ण पदक जीतकर अपनी स्थिति बरकरार रखी। कियानतांग रिवर ग्रीन बेल्ट कोर्स में चल रहे आयोजनों में, रोज़ चेलिमो (जकार्ता-पालेमबांग 2018) और यूनिस जेपकिरुई किरवा (गुआंगज़ौ 2014) की सफलताओं के बाद, चुम्बा बहरीन की लगातार तीसरी महिला मैराथन विजेता बन गई। चुम्बा ने कहा, यह पहली बार है जब मैंने एशियाई खेलों या किसी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है।

# स्क्वैश में दीपिका-संधू ने मिश्रित युगल में स्वर्ण



**हांगझोउ,** 05 अक्टूबर (वार्ता) दीपिका पल्लीकल और हरिंदर पाल सिंह संधू की जोड़ी ने गुरुवार को एशियाई खेलों के इतिहास रचते हुए स्क्वैश मिश्रित युगल स्पर्धा में पहला स्वर्ण पदक जीता और सौरव घोषाल को पुरुष एकल मुकाबले में रजत मिला है।

आज यहां हुए मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने फाइनल में मलेशिया के आइफा अजमान और मोहम्मद सयाफिक कमाल को 11-10, 11-10 से हराया। इस जोड़ी ने अपने सभी एशियाड मुकाबलों में सिर्फ दो गेम गंवाए थे।

यह एशियाई खेलों में दीपिका का पहला स्वर्ण पदक है, जबकि संधू ने महाद्वीपीय प्रतियोगिता में अपना तीसरा पदक जीता।

पुरुष टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले सौरव ने पहले मुकाबले को 11-9 के अंतर से जीता लेकिन फिर 9-11, 5-11, 7-11 से हार का सामना करना पड़ा। सौरव घोषाल को मलेशिया के इयान यो एनजी से 3-1 से हार मिली।

सौरव घोषाल ने इससे पहले, एशियाई खेल 2023 में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष टीम का हिस्सा थे। महाद्वीपीय प्रतियोगिता में उनकी मेडल टैली में पदकों की संख्या 10 हो गई है, जिसमें तीन टीम स्वर्ण, दो एकल रजत, तीन एकल कांस्य और दो टीम कांस्य पदक शामिल हैं।

# सेमीफाइनल से पहले भी खत्म हो सकता है पाकिस्तान का सफर: हरभजन



**मुबंई** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत के पूर्व फिरकी गेंदबाज हरभजन सिंह पाकिस्तान को मौजूदा विश्व कप का दावेदार नहीं मानते। उनकी नजर मे पड़ोसी देश का सफर विश्व कप के सेमीफाइनल से पहले भी खत्म हो सकता है।

क्रिकेटर से कमेंटेटर बने हरभजन ने ईएसपीएनक्रिकइंफो के कार्यक्रम रोड टू द वर्ल्ड कप में अपने विचार रखते हुये कहा बल्लेबाजी पाकिस्तान की कमजोर कड़ी है और नसीम शाह के न खेलने से उनकी गेंदबाजी में गिरावट देखी जा सकती है। मेरा मानना है कि भारत इस बार खिताब का प्रबल दावेदार है मगर आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावना प्रबल है और यदि सेमीफाइनल की चौथी टीम की बात की जाये तो इसमें दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिल सकता है। हरभजन के तर्क से पूर्व कोच रवि शास्त्री पूरा इत्तेफाक नही रखते। उनका मानना है कि सेमीफाइनल में पहुंचने के लिये पाकिस्तान पूरा जोर लगायेगा। उन्होंने कहा, कई टीमों को चोटें आई हैं, लेकिन मेरा मानना है कि ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत निश्चित रूप से सेमीफाइनल में पहुंचेंगे। नसीम शाह के नहीं होने से पाकिस्तान की ताकत थोड़ी कम हो गई है मगर वे इन परिस्थितियों में अपने खेल को जानते हैं। मैं कहूंगा कि यह चौथी टीम के रूप में पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के बीच मुकाबला होगा। हरभजन ने कहा सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली तीन टीमें मेरे लिए निश्चित हैं,इंग्लैंड, भारत और ऑस्ट्रेलिया। चौथी टीम कोई भी हो सकती है लेकिन हम पहले पाकिस्तान के बारे में सोच रहे थे, लेकिन हाल ही में मैंने देखा है कि उन्होंने जिस तरह से बल्लेबाजी की है, वह बहुत नाजुक लग रही है। इसके अलावापाकिस्तान की मौजूदा स्पिन गुणवत्ता उनके पिछले दौर की तुलना में कम हुई है। उनकी टीम में सकलैन मुश्ताक, सईद अजमल, शाहिद अफरीदी, मुश्ताक अहमद जैसे बड़े स्पिनर थे मगर अब शादाब खान हैं लेकिन अब हाल ही में वह अपनी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी नहीं कर रहे है, वह विकेट लेने के बारे में नहीं सोच रहा है। वह 50-60 रन बनाने और कोई विकेट नहीं लेने से काफी खुश हैं। उन्होने कहा, इसलिए, मेरा मानना है कि उनकी स्पिन उतनी मजबूत नहीं है जितनी पहले हुआ करती थी और उनकी बल्लेबाजी बहुत नाजुक दिखती है। सच कहूँ तो, गेंद कब स्विंग करती है, उन्हें इसका अंदाज़ा ही नहीं होता। गेंद कब घूमी, उन्हें पता ही नहीं चलता। इसलिये मेरा मानना है कि मेरे लिए चौथी टीम या तो न्यूजीलैंड या दक्षिण अफ्रीका है। मैं पाकिस्तान को चौथी टीम के रूप में नहीं चुन रहा हूं।


**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, KHUSHBOO DEVCHAND GOLANI D/O DEVCHAND UTTAMCHAND GOLANI resident of H.N. 75 STREET NO. 4 TELIBANDHA RAIPUR (C.G.) have changed my old name KHUSHBOO DEVCHAND GOLANI D/O DEVCHAND UTTAMCHAND GOLANI so in future I should be recognized by my new name that is BHAVYA KESHWANI W/O MANISH KESHWANI in all Government and other documents.

**BHAVYA KESHWANI**
H.N. 75 STREET NO. 4
TELIBANDHA RAIPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, AFROZ JAHAN KHAN W/O GULAM FAROOQUE resident of HOUSE NO-246/K TAJEEM MANJIL WARD NO 10 OPPOSITE WATER FILTER PLANT MADHUBAN PARA RAIGARH (C.G.) 496001 have changed my old name AFROZ JAHAN KHAN W/O GULAM FAROOQUE so in future I should be recognized by my new name that is AFROJ JAHAN W/O GULAM FAROOQUE in all Government and other documents.

**AFROJ JAHAN**
HOUSE NO-246/K TAJEEM
MANJIL WARD NO 10
OPPOSITE WATER FILTER
PLANT MADHUBAN PARA
RAIGARH (C.G.) 496001

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SUMIT JAIN S/O RIKHAB CHAND resident of B 302 GANJPARA NEAR BANDHA TALAT DURG (C.G.) have changed my old name SUMIT JAIN S/O RIKHAB CHAND so in future I should be recognized by my new name that is SUMIT KUMAR JAIN S/O RIKHAB CHAND in all Government and other documents.

**SUMIT KUMAR JAIN**
B 302 GANJPARA NEAR
BANDHA TALAT DURG (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, ANKUR W/O RAKESH KUMAR AGRAWAL resident of 72/3 WARD NO 15, INDUSTRIAL AREA KATGHORA DIST KORBA (C.G.) have changed my old name ANKUR W/O RAKESH KUMAR AGRAW-AL so in future I should be recognized by my new name that is ANKUR AGRAWAL W/O RAKESH KUMAR AGRAWAL in all Government and other documents.

**ANKUR AGRAWAL**
72/3 WARD NO 15,INDUSTRIAL
AREA KATGHORA DIST
KORBA (C.G.)


# भारत का फाइनल में पलड़ा भारी, जरूरत है जापान के खिलाफ चौकस रहने की

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। अनुभवी स्ट्राइकर मनदीप सिंह, ललित उपाध्याय और नौजवान अभिषेक ने सही वक्त पर मैदानी गोल करने के साथ बराबर पेनल्टी कॉर्नर दिलाए और इनका बतौर ड्रैग फ्लिकर उसके कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने %ब्रह्मास्त्र' के रूप में पूरा इस्तेमाल कर गोल कर भारतीय पुरुष हॉकी टीम को हंगजू(चीन) में सेमीफाइनल सहित अजेय रह कर जीत' के छक्के साथ 19 वें एशियाई खेलों के फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। भारत की ताकत उसके मनदीप, ललित और अभिषेक जैसे स्ट्राइकरों हॉकी की कलाकारी और हरमनप्रीत सिंह सहित खतरनाक ड्रैग फ्लिकरों की त्रिमूर्ति के साथ बतौर टीम उसका बेहद फिट होना है । भारतीय हॉकी टीम मैच को जिस रफ्तार से शुरू करती है उसी से खत्म करने का भी दम रखती है। 13 वीं बार एशियाई खेलों फाइनल में पहुंचने वाली दुनिया की तीसरे नंबर की टीम भारत के सामने अब शुक्रवार को जवाबी हमले बोलने में माहिर आखिर तक टक्कर देने का जज्बा रखने वाली मौजूदा चैंपियन जापान की टीम होगी। पूरे रंग में चल रहे भारत का पलड़ा फाइनल में भारी है, लेकिन जरूरत जापान के खिलाफ पूरी तरह चौकस रहने की है। भारत और जापान दोनों ही स्वर्ण जीत सीधे 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करने के मकसद से उतरेंगे और ऐसे में फाइनल में बेहद रोमांचक मुकाबले की उम्मीद है।

भारत के लिए अमित रोहिदास की भूमिका बतौर रशर पेनल्टी कॉर्नर को रोकने, ड्रैग फ्लिकर के रूप में गोल करने के साथ बतौर डिफेंडर जापान के हमलों को नाकाम करने के लिहाज बेहद अहम होगी।

**सुडोकू 6338 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 1 | 8 | 7 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 7 | 8 | 4 | 9 | 2 | 6 |
| 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 6 | 1 | 5 | 3 |
| 4 | 7 | 2 | 5 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 |
| 1 | 6 | 5 | 9 | 4 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 6 | 2 | 7 | 4 | 5 |
| 2 | 9 | 3 | 8 | 1 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 7 | 5 | 4 | 6 | 2 | 9 | 3 | 8 | 1 |
| 6 | 1 | 8 | 4 | 7 | 3 | 5 | 9 | 2 |

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 2.04 प्रतिशत |
| एलटी | 1.68 प्रतिशत |
| टाइटन | 1.50 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 1.30 प्रतिशत |
| एसबीआई | 0.71 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| मारुति | 2.46 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.83 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.59 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 1.48 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 1.23 प्रतिशत |

## सर्राफा

| दिल्ली | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 59900 |
| बिटुर | 59275 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 30,345 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74,700 |
| वायदा | 72,285 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 825 |
| बिकवाली | 880 |

## मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 83.143 | 83.775 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.09 | 105.45 |
| यूरो | 88.51 | 88.80 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

## अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

## मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

## चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

## दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

# [ अर्थ जगत ]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**नई दिल्ली,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम गुरुवार को भी स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



## कंपनी को बैंक ऋण के लिए दी गई कॉर्पोरेट गारंटी पर लग सकता है 18 फीसदी जीएसटी

**नई दिल्ली,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। जीएसटी परिषद मूल कंपनियों द्वारा अपनी सहायक कंपनियों को बैंकों से ऋण प्राप्त करने के लिए दी गई कॉर्पोरेट गारंटी पर 18 प्रतिशत की कर लगाने की संभावना पर विचार कर सकती है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, यह मुद्दा हाल ही में आयोजित विभिन्न बैठकों के दौरान जीएसटी परिषद की कानून समिति द्वारा उठाया गया था।

समिति का विचार है कि कॉर्पोरेट गारंटी एक तरह की आपूर्ति है जो 18 प्रतिशत जीएसटी ब्रैकेट में आती है। इसलिए यह कॉर्पोरेट गारंटी पर भी लागू होनी चाहिए। कानून समिति ने कॉर्पोरेट गारंटी प्रदान करने के लिए आयकर अधिनियम के तहत सेफ हार्बर रूल के अनुरूप मूल्यांकन नियमों को अपनाने की सिफारिश की है। इन नियमों के तहत, पात्र अंतरराष्ट्रीय लेनदेन में, न्यूनतम स्वीकार्य कमीशन/शुल्क गारंटी राशि का एक प्रतिशत है।

इसलिए, यह प्रस्तावित किया गया कि जीएसटी के तहत संबंधित पार्टी लेनदेन के मामले में भी इसे अपनाने पर विचार करने की आवश्यकता है। अंतिम फैसला शनिवार को जीएसटी काउंसिल की बैठक में लिया जाएगा। कॉर्पोरेट गारंटी, समूह कंपनियों के बीच एक व्यवस्था है जिसके द्वारा एक मूल कंपनी किसी बैंक से ऋण सुविधाएं हासिल करते समय एक सहायक कंपनी के लिए गारंटर के रूप में कार्य




करने के लिए सहमत होती है। ये व्यवस्थाएं या तो बिना किसी प्रतिफल के या ऋण राशि पर मामूली कमीशन के साथ निष्पादित की जाती हैं। जीएसटी परिषद इस मुद्दे पर भी विचार कर सकती है कि क्या निजी गारंटी या किसी कंपनी के लिए प्रमोटरों/निदेशकों दी गई गारंटी पर भी 18 प्रतिशत जीएसटी लगाया जाना चाहिये। निजी गारंटी के मामले में, कानून समिति ने भारतीय रिज़र्व बैंक के आदेश का हवाला दिया जिसमें कहा गया है कि ऋण लेने के लिए बैंक को व्यक्तिगत गारंटी प्रदान करने के बदले कंपनी द्वारा निदेशक को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कमीशन, ब्रोकरेज शुल्क या किसी अन्य रूप में कोई भुगतान नहीं किया जा सकता है।

## 400 प्रतिशत जीएसटी बढ़ोतरी की आशंका के बीच भारतीय गेमिंग प्लेटफॉर्म विंजो ने ब्राजील में की इंट्री

नई दिल्ली। देश में गेमिंग कंपनियों पर जीएसटी में 400 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी की आशंका के बीच घरेलू स्थानीय भाषा के सोशल गेमिंग प्लेटफॉर्म विनजो ने गुरुवार को ब्राजील में अपना ऐप लॉन्च करने की घोषणा की। विंजा ब्राज़ील में 100 से अधिक साझेदार गेम डेवलपर्स के लिए वितरण और ब्रांडिंग में 2.5 करोड़ डॉलर का निवेश करेगा। विंजो के सह-संस्थापक पावन नंदा ने कहा, हमने एक तकनीकी स्टैक बनाया है जो आज भारत के 15 करोड़ से अधिक युवा यूजर्स को सेवा प्रदान करता है और इसे दुनिया भर में बढ़ाया जा सकता है। कंपनी ने कहा कि ब्राजील के बाजार में प्रवेश करने का निर्णय भारत में जीएसटी में 400 प्रतिशत की बढ़ोतरी से सभी कंपनियों के लिए यहां उत्पन्न चुनौतियों का समाधान करने और विविधता लाने के रणनीतिक दृष्टिकोण से प्रेरित है। इस कदम से प्लेटफ़ॉर्म के साझेदार गेम डेवलपर्स को कैरम, शतरंज, कार रेस आदि जैसे गेम निर्यात करने में मदद मिलेगी और नौ करोड़ से अधिक यूजरों के साथ चौथे सबसे बड़े मोबाइल गेमिंग बाज़ार ब्राज़ील तक मुफ्त पहुंच प्राप्त होगी।

## भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर : सीतारमण

**नई दिल्ली,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज कहा कि अभी भारत दुनिया की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था है और यह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है।

श्रीमती सीतारमण ने श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स के 97वें वार्षिक दिवस कार्यक्रम में कहा कि वर्ष 2013-14 में भारत दुनिया की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी। अगले कुछ सालों में यह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगी। उन्होंने कहा कि राजनीतिक स्थिरता और नीतियों में सुधार का लाभ मिल रहा है। सरकार की निर्णय लेने की क्षमता से भारतीय अर्थव्यवस्था का तेजी से विस्तार हो रहा है। इनके कारण भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में कोई बाधा नहीं है।

वित्त मंत्री ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान ना तो हमने विदेश से कर्ज लिया और ना ही जमकर पैसे छापे। जो लोग उस



समय करेंसी छापने की वकालत कर रहे थे, वे लोग ही आज राजस्व घाटे पर सवाल उठा रहे हैं। आर्थिक चुनौतियों का उल्लेख करते हुये उन्होंने कहा कि इस समय फर्टिलाइजर, फूड और फ्यूल को लेकर पूरी तरह अनिश्चितता की स्थिति है। यह नहीं पता है कि अनाज की आपूर्ति काला सागर के रास्ते से होगी या फिर किसी और रास्ते से। यही हाल फर्टिलाइजर और फ्यूल मार्केट का है। यहां उतार चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है। पूरा वैश्विक सप्लाई चेन बिगड़ा हुआ है।

## भारत में सेवा क्षेत्र की वृद्धि सितंबर में 13 साल के उच्चतम स्तर पर : एसएंडपी सर्वे




**नई दिल्ली,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत का सेवा क्षेत्र सितंबर में मजबूत गति से बढ़ा है। सकारात्मक मांग के माहौल में नए कारोबार और उत्पादन को बढ़ावा मिला है। ये बात गुरुवार को जारी एसएंडपी ग्लोबल सर्वे में कही गई है। एसएंडपी ग्लोबल इंडिया सर्विसेज पीएमआई बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स अगस्त में 60.1 से बढ़कर सितंबर में 61.0 हो गया, जो उत्पादन में तेज वृद्धि का संकेत देता है जो 13 साल में सबसे मजबूत है।

काम का बोझ बढ़ने और क्षमताओं पर हल्के दबाव का सामना करने के साथ, नौकरियों की संख्या ऐतिहासिक रूप से उच्च दर से बढ़ती रही। सर्वे में कहा गया है कि सेवा कंपनियों ने उम्मीदें बरकरार रखी हैं, सेंटीमेंट्स नौ साल में अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गई हैं।

सितंबर में उत्पादन में विस्तार आमतौर पर प्रभावी विपणन, अच्छी मांग की स्थिति और नए व्यवसाय की मजबूत आमद से जुड़ा था। एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस में इकोनॉमिक्स एसोसिएट डायरेक्टर पोलीन्ना डी लीमा ने कहा, नवीनतम पीएमआई नतीजे भारत की सेवा अर्थव्यवस्था के लिए और अधिक सकारात्मक खबरें लेकर आए हैं।

## खुले बाजार के लिए 1.89 लाख टन गेहूं, पांच हजार टन चावल की बिक्री

नई दिल्ली, 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। सरकार ने गुरुवार को बताया कि उसने खुले बाजार के लिए और 1.89 लाख टन गेहूं तथा पांच हजार टन चावल की बिक्री की है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार खुली बाजार बिक्री योजना (घरेलू) (ओएमएसएस[डी]) के तहत 15वीं ई-नीलामी के दौरान 2255 बोलीदाताओं को कुल 1.89 लाख टन गेहूं और पांच हजार चावल की बिक्री की गई। विज्ञप्ति के अनुसार गुरुवार को आयोजित इस ई-नीलामी में देशभर के 481 डिपो से 2.01 लाख टन गेहूं और 264 डिपो से 4.87 लाख टन चावल की बिक्री की पेशकश की गई थी। चावल, गेहूं और आटे की खुदरा कीमत को नियंत्रित करने के लिए बाजार में हस्तक्षेप की भारत सरकार की पहल के एक भाग के रूप में, गेहूं और चावल दोनों की साप्ताहिक ई-नीलामी आयोजित की जाती है। ई-नीलामी में गेहूं और चावल दोनों के लिए 2447 सूचीबद्ध



खरीदारों ने भाग लिया। पूरे भारत में अच्छे औसत किस्म के गेहूं का आरक्षित मूल्य 2150 रुपये प्रति क्विंटल रखा गया था। जबकि बिक्री औसत भारित 2185.05 रुपये/क्विंटल के भाव पर की गयी थी। इसी तरह कम गुणवत्ता के गेहूं का आरक्षित मूल्य 2125 रुपये प्रति क्विंटल था और बिक्री औसतन 2193.12 रुपये प्रति क्विंटल पर हुई। इसी तरह चावल की बिक्री के लिए आरक्षित मूल्य 2932.83 रुपये प्रति क्विंटल रखा। इसके मुकाबले औसत मूल्य 2932.91 रुपये प्रति क्विंटल बिक्री हुई है।

### हरियाणा, पंजाब, तमिलनाडु में 12.21 लाख टन धान की सरकारी खरीद

तीन राज्यों हरियाणा, पंजाब , तमिलनाडु में अब तक खरीफ विपणन मौसम 2023-24 के दौरान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) योजना के तहत कुल 12.21 लाख टन धान की सरकारी खरीद की गयी है। केंद्र ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार इससे 99,675 किसानों को लाभ हुआ है। विज्ञप्ति के अनुसार खरीफ विपणन मौसम 2023-24 में धान की खरीद की शुरुआत हाल ही हुई है। इसके तहत 03 अक्टूबर तक तमिलनाडु, पंजाब और हरियाणा राज्यों में 12.21 लाख टन धान की खरीद की गई है, जिससे 99,675 किसानों को 2689.77 करोड़ रूपए के एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) का लाभ हुआ है।

## सार संक्षेप

### कॉपर प्लांट का रखरखाव आगे बढ़ने के साथ थूथुकुडी को नई सुबह की उम्मीद

**नई दिल्ली।** स्टरलाइट कॉपर स्मेल्टर परिसर से 75 प्रतिशत से अधिक संचित जिप्सम को 26 जून से 30 सितंबर के बीच हटा दिया गया है और शेष 30,000 मीट्रिक टन आने वाले सप्ताहों में बेचे जाने की उम्मीद है। इसके साथ ही कंपनी मई 2023 के सुप्रीम कोर्ट के रखरखाव आदेश को पूरा करने की राह पर है। जिला कलेक्टर द्वारा नियुक्त नौ सदस्यीय स्थानीय स्तर की निगरानी समिति अब महत्वपूर्ण गतिविधियों की देखरेख कर रही है, जिसमें जिप्सम अवशेषों की निकासी, हरित पट्टी का रखरखाव और जंगली झाड़ियों और सूखे पेड़ों को हटाना शामिल है। सामुदायिक समूहों और नागरिकों के बीच भी प्रत्याशा की भावना है क्योंकि जब सुप्रीम कोर्ट मामले की सुनवाई फिर से शुरू करेगा तो उन्हें अनुकूल परिणाम की उम्मीद है। स्टरलाइट कॉपर की प्रवर्तक कंपनी वेदांता समूह ने भी परिचालन फिर से शुरू करने के लिए अनुबंध के आधार पर कच्चे माल और कुशल तथा अर्ध-कुशल श्रमिकों की आपूर्ति के लिए रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करनी शुरू कर दी है। हालांकि परिचालन फिर से शुरू करना शीर्ष अदालत के फैसले पर निर्भर करेगा। उल्लेखनीय है कि इन ईओआई में स्थानीय और क्षेत्रीय आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी, जो समुदाय के हित के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। व्यापार निकायों, ठेकेदार संघों और अन्य सहायता समूहों ने स्मेल्टर प्लांट को तत्काल फिर से खोलने के लिए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री, सांसदों और जिला कलेक्टर से बार-बार अपील की है, जो 25,000 से अधिक लोगों के लिए रोजगार के अवसर और आजीविका को पुनर्जीवित करेगा।

### इंडिगो ने दिल्ली-हांगकांग उड़ान फिर से शुरू की


नई दिल्ली। इंडिगो ने गुरुवार को दिल्ली और हांगकांग के बीच सीधी उड़ानें फिर से शुरू कर दीं। 2020 की शुरुआत में कोविड-19 महामारी के कारण सेवाएं अस्थायी रूप से बंद कर दी गई थीं। एक एयरलाइन अधिकारी ने यह जानकारी दी। एयरलाइन के एक प्रवक्ता ने कहा, इस बहाली का मकसद दक्षिण एशिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक और एशिया-प्रशांत क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण व्यापार और यात्रा केंद्र के बीच समृद्ध सामाजिक-सांस्कृतिक विविधता का लाभ उठाते हुए रणनीतिक संबंधों को मजबूत करना है। अधिकारी ने कहा, ये उड़ानें आगामी शीतकालीन कार्यक्रम के दौरान व्यावसायिक और छुट्टी बिताने वाले यात्रियों को सेवा प्रदान करेंगी, जिससे बेहतर उड़ान विकल्प और निर्बाध यात्रा अनुभव मिलेगा। इंडिगो के वैश्विक बिक्री प्रमुख विनय मल्होत्रा ने कहा, वैश्विक कनेक्टिविटी और पहुंच बढ़ाने की हमारी रणनीति के अनुरूप, हम दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण वित्तीय केंद्रों और वाणिज्यिक बंदरगाहों में से एक, दिल्ली से हांगकांग के लिए उड़ानें फिर से शुरू करने के लिए उत्साहित हैं। जैसे-जैसे यात्रा परिदृश्य विकसित हो रहा है, हम विभिन्न अंतरराष्ट्रीय यात्रा विकल्पों की बढ़ती मांग की उम्मीद करते हैं। यह मार्ग यात्रियों को हांगकांग और उससे आगे तक पहुंचने में मदद करेगा। इंडिगो हमारे व्यापक 6ई नेटवर्क पर किफायती, समय पर और परेशानी मुक्त यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## गिरावट से उबरा शेयर बाजार

**मुंबई** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जारी गिरावट और अमेरिकी श्रम आंकड़ों में नरमी से विश्व बाजार की बढ़त से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर में दो दिन बाद तेजी लौट आई।

बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 405.53 अंक अर्थात 0.62 प्रतिशत की छलांग लगाकर 65631.57 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 109.65 अंक यानी 0.56 प्रतिशत की मजबूती के साथ 19545.75 अंक पर पहुंच गया। वहीं, बीएसई का मिडकैप 0.03 प्रतिशत फिसलकर 31,866.42 अंक रह गया जबकि स्मॉलकैप 0.59 प्रतिशत की तेजी लेकर 37,649.51 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3785 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2278 में लिवाली जबकि 1384 में बिकवाली हुई वहीं 123 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 35 कंपनियां हरे जबकि शेष 15 लाल निशान पर रही।

बीएसई में एफएमसीजी, हेल्थकेयर, दूरसंचार, यूटिलिटीज, धातु और पावर समूह की 0.56 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर 14 समूहों में लिवाली हुई। इस दौरान कमोडिटीज 0.13, सीडी 0.93, ऊर्जा 0.19, वित्तीय सेवाएं 0.41, इंडस्ट्रियल्स 0.95, आईटी 0.98, ऑटो 0.81, बैंकिंग 0.69, कैपिटल गुड्स 1.31, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.92, तेल एवं गैस 0.19, रियल्टी 0.38, टेक 0.83 और सर्विसेज समूह के शेयर चढ़ गए।




अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सकारात्मक रुझान रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.41, जापान का निक्केई 1.80, हांगकांग का हैंगसेंग 0.10 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.10 प्रतिशत चढ़ गया जबकि जर्मनी के डैक्स में 0.04 प्रतिशत की नरमी रही।

कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 372 अंक की तेजी लेकर 65,598.26 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 65,443.34 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से यह दोपहर से पहले 65,753.20 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 65,226.04 अंक के मुकाबले 0.62 प्रतिशत की उड़ान भरकर 65,631.57 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी भी 86 अंक चढ़कर 19,521.85 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,487.30 अंक के निचले जबकि 19,576.95 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,436.10 अंक की तुलना में 0.56 प्रतिशत की छलांग लगाकर 19,545.75 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में एलटी 2.35, टाइटन 1.54, टीसीएस 1.48, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.19, इंफोसिस 1.19, आईसीआईसीआई बैंक 1.09, एसबीआई 1.08, एक्सिस बैंक 1.00, टाटा मोटर्स 0.99, मारुति 0.82, हिंदुस्तान यूनीलीवर 0.59, विप्रो 0.46, भारती एयरटेल 0.39, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 0.37, एचडीएफसी बैंक 0.33 और इंडसइंड बैंक 0.09 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, नुकसान उठाने वाली कंपनियों में पावरग्रिड 1.26, एनटीपीसी 0.47, नेस्ले इंडिया 0.46, एचसीएल टेक 0.26, बजाज फाइनेंस 0.07, टाटा स्टील 0.04 और रिलायंस 0.02 प्रतिशत शामिल है।

## मिंत्रा बिग फैशन फेस्टिवल की शुरुआत कल से

**नई दिल्ली,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। ऑनलाइन फैशन मार्केटप्लेस मिंत्रा ने अपने सबसे बड़े फेस्टिव फैशन महोत्सव, बिग फैशन फेस्टिवल (बीएफएफ) की घोषणा की है जो सात अक्टूबर से शुरू हो रहा है।

कंपनी ने आज यहां कहा कि मिंत्रा के बीएफएफ के इस चौथे संस्करण में फैशन, ब्यूटी, और लाइफस्टाइल के 6000 से ज़्यादा ब्रांडों के 23 लाख से अधिक स्टाइल मिलेंगे। इस फैशन कार्निवल में 80 लाख से ज़्यादा ग्राहकों द्वारा खरीददारी किए जाने का अनुमान है। प्लेटफ़ॉर्म का यह प्रमुख वार्षिक फेस्टिव शॉपिंग बोनांज़ा 7 अक्टूबर से शुरू होगा। इस महोत्सव में गैर-मेट्रो शहरों के ग्राहकों के पसंदीदा ब्रांडों के 5 लाख से ज़्यादा नये स्टाइल एकत्रित किए गये हैं। इस अवधि में बढ़ने वाले यातायात और प्लेटफ़ॉर्म पर आने वाले हर खरीददार के लिए शॉपिंग का सुगम व आसान अनुभव सुनिश्चित करने के लिए मिंत्रा ने अपने सिस्टम को



एक साथ 10 लाख ग्राहकों को संभालने के लिए तैयार कर लिया है। इस साल इस पर शो-स्टॉपर्स, बीएफएफ स्पेशल और रिवार्ड्स जैसी फेस्टिव-सेंटर्ड कैटेगरीज़ भी उपलब्ध होंगी।

इस प्लेटफ़ॉर्म पर 150 से अधिक नए लॉन्च, क्रॉस-ब्रांड गठबंधन और दिलचस्प सेलेब×ब्रांड क्रॉसओवर के साथ 'बीएफएफ स्पेशल्स' का अद्वितीय हीरो संग्रह मिलेगा। इन त्योहारों पर फैशन एवं ब्यूटी के अलावा जिन उभरती हुई श्रेणियों में माँग बढ़ने की उम्मीद है, उनमें होम प्रोडक्ट्स, लगेज, ट्रैवल एवं एक्सेसरीज़, जूते और हैंडबैग शामिल हैं।

## सूरजमुखी तेल और पाम ऑयल सस्ता

**नई दिल्ली,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में आई गिरावट के दबाव में आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में सूरजमुखी तेल और पाम ऑयल सस्ता हो गया जबकि मीठे में तेजी रही वहीं अनाज में मिलाजुला रुख रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अक्टूबर का पाम ऑयल वायदा 75 रिंगिट फिसलकर 3571 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह अक्टूबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.77 सेंट की गिरावट के साथ 55.22 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में सूरजमुखी तेल और पाम ऑयल में आई गिरावट को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सूरजमुखी तेल 146 रुपये और पाम ऑयल 333 रुपये प्रति क्विंटल लुढ़क गया। वहीं, सरसों तेल, मूंगफली तेल, सोया रिफाइंड और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में तेजी रही। इस दौरान चीनी 100 रुपये और गुड़ 100 रुपये प्रति क्विंटल गिर गया।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में मिलाजुला रूख रहा। इस दौरान गेहूं 50 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया। वहीं, चावल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## भारतीय माइक्रोन्यूट्रिएंट बाजार होगा 105 करोड़ डॉलर का

**नई दिल्ली,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय कृषि माइक्रोन्यूट्रिएंट बाजार 2022 में 57.16 करोड़ डॉलर का था जिसके वर्ष 2029 तक बढ़कर 105.76 करोड़ डॉलर होने का अनुमान है।

इंटरनेशनल जिंक एसोसिएशन (आईजेडए) ने फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएआई) के सहयोग से आज यहां आयोजित ग्लोबल माइक्रोन्यूट्रिएंट शिखर सम्मेलन के दूसरे संस्करण में विशेषज्ञों ने यह अनुमान व्यक्त किया। इस सम्मेलन का आईजेडए के अध्यक्ष और हिंदुस्तान जिंक के सीईओ अरुण मिश्रा ने शुभारंभ किया।

फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया के महानिदेशक अरविंद चौधरी और रियो टिंटो के कंट्री हेड इंडिया विक्रम मर्चेंट, विशेष अतिथि थे। मिट्टी, फसलों और मानव स्वास्थ्य में माइक्रोन्यूट्रिएंट की कमी के महत्वपूर्ण मुद्दे को संबोधित करने के लिए अन्य प्रमुख विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और उद्योग जगत के साथ ही भारतीय डाक के दिल्ली सर्कल की चीफ पोस्टमास्टर जनरल मंजू कुमार, केपीएमजी इन इंडिया, हैदराबाद के पार्टनर कुचिभोटला श्रीनिवासय और इंटरनेशनल जिंक एसोसिएशन के निदेशक साउथ एशिया (जेडएनआई) डॉ. सौमित्रा दास उपस्थित थे।

इसमें देश विदेश के 200 से अधिक लोगों ने



भाग लिया। इस दौरान विशेषज्ञों ने हाल में जारी रिपोर्ट का हवाला देते हुये कहा कि भारतीय कृषि माइक्रोन्यूट्रिएंट बाजार 2022 में 57.16 करोड़ डॉलर से बढ़कर 2029 तक 105.76 करोड़ डॉलर होने का अनुमान है, जो 9.19 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ेगा। हाल ही में, भारतीय उपभोक्ताओं की प्राथमिकताएं स्वास्थ्यप्रद भोजन विकल्पों की ओर बढ़ी हैं जो स्वास्थ्य को बनाए रखने और सुधारने में सहायता कर सकते हैं। इसके परिणामस्वरूप पोषक तत्वों से भरपूर फलों और सब्जियों जैसी उच्च मूल्य वाली फसलों की मांग में वृद्धि हुई है, जिससे भारतीय कृषि उद्योग में सूक्ष्म पोषक तत्वों की आवश्यकता बढ़ गई है।

इस मौके पर श्री दास ने कहा कि सर्वोत्तम स्वास्थ्य और कल्याण की दिशा में भारत की यात्रा हमारे आहार, स्वास्थ्य देखभाल और कृषि प्रथाओं में सूक्ष्म पोषक तत्वों के व्यापक एकीकरण पर निर्भर करती है। सूक्ष्म पोषक तत्व हमारे शरीर की मूलभूत प्रक्रियाओं की आधारशिला के रूप में काम करते हैं, समग्र जीवन शक्ति का पोषण करते हैं। ग्लोबल माइक्रोन्यूट्रिएंट शिखर सम्मेलन के माध्यम से, हम अपने दैनिक जीवन में, अपने भीतर और अपने कृषि प्रयासों दोनों में चरम प्रदर्शन के लिए उत्प्रेरक के रूप में माइक्रोन्यूट्रिएंट की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करने का प्रयास करते हैं। यह व्यक्तियों के लिए अपने शरीर के पोषण, दीर्घायु सुनिश्चित करने और स्वास्थ्य प्रतिकूलताओं के खिलाफ मजबूती सुनिश्चित करने के गहरे प्रभाव को स्वीकार करना अनिवार्य है। वैश्विक स्तर पर, एक मजबूत, स्वस्थ और लचीली आबादी को बढ़ावा देने के लिए कृषि में माइक्रोन्यूट्रिएंट की अपरिहार्यता को पहचानना सर्वोपरि है। एफएआई के निदेशक श्री चौधरी ने कहा कि कृषि की जटिल प्रक्रिया में, माइक्रोन्यूट्रिएंट अज्ञात नायक हैं, जो विकास और प्रचुरता के जीवंत नृत्य को बढ़ावा देते हैं। ग्लोबल माइक्रोन्यूट्रिएंट समिट के साथ, हम माइक्रोन्यूट्रिएंट-समृद्ध उर्वरकों के उपयोग के बारे में जागरूकता पैदा करना चाहते हैं।

# परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर ने राज्य का पहला पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग केंद्र का किया शुभारंभ

- पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग सेंटर (आरवीएसएफ) से स्क्रैपिंग कराने पर नये गाड़ी ख़रीदने से टैक्स में 25 प्रतिशत छूट का प्रावधान
- आरवीएसएफ से स्क्रैपिंग कराने पर बकाया एक साल का टैक्स, पेनाल्टी और ब्याज में छूट
- 15 वर्ष से पुरानी सभी शासकीय वाहन अनिवार्यतः स्क्रैप किए जाएँगे



**रायपुर,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। राज्य में 15 साल पुरानी गाड़ी को बेचने के लिए अब आपको भटकना नहीं पड़ेगा। इसे आप स्क्रैप सेंटर पर दे सकेंगे। परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर ने आज गुरुवार को रायपुर जिले के अंतर्गत ग्राम धनेली में स्क्रैपिंग सेंटर का उद्घाटन किया। गौरतलब है कि शासकीय विभाग के 15 वर्ष से पुरानी सभी गाड़ियो को भी आवश्यक रूप से स्क्रैप करने का निर्णय लिया जा चुका है।

छत्तीसगढ़ में यह पहला स्क्रैपिंग सेंटर खोला गया है। इस दौरान परिवहन मंत्री अकबर ने कहा कि हम छत्तीसगढ़ को मध्य भारत के लिए वाहन स्क्रैपिंग हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में काम कर रहे हैं, स्क्रैपिंग की सुविधा को बढ़ावा देने के लिए इस सेंटर को पूरी तरह डिजिटलीकृत किया गया है। छत्तीसगढ़ औद्योगिक नीति 2019-24 के तहत पंजीकृत व्हीकल स्क्रैपिंग सेंटर (आरवीएसएफ) को उच्च प्राथमिकता वाले उद्योगों की श्रेणी में रखने हेतु अधिसूचना जारी की गई है। राज्य में स्थापित होने वाले आरवीएसएफ भी उच्च प्राथमिकता वाले उद्योग हेतु निर्धारित छूट का लाभ ले सकते हैं। इस सेंटर का संचालन मेटल कॉरपोरेशन ऑफ़ इंडिया के द्वारा किया जाएगा।

परिवहन मंत्री अकबर ने बताया कि पंजीकृत स्क्रैपिंग सेंटर से गाड़ी को स्क्रैप कराने के बाद नये गाड़ी ख़रीदने के लिए टैक्स में 25 प्रतिशत छूट का लाभ दिया जाएगा। छूट के लिए पंजीकृत स्क्रैपिंग सेंटर के द्वारा ऑनलाइन सर्टिफिकेट जारी किया जाएगा, जिससे सर्टिफिकेट ऑफ़ डिपोजिट कहा जाएगा। सर्टिफिकेट ऑफ़ डिपोजिट ऑनलाइन जारी किया जाएगा, जो परिवहन विभाग के वाहन सॉफ्टवेर में प्रदर्शित होगा और संपूर्ण छत्तीसगढ़ के सभी ऑटोमोबाइल डीलरशिप में मान्य होगा। इसके अतिरिक्त मासिक या त्रैमासिक कर देने वाली ऐसी गाड़िया जिनका टैक्स बकाया है और स्क्रैपिंग कराना चाहते है, उन्हें भी गाड़ी में बकाया पिछले एक साल के टैक्स, पैनल्टी और ब्याज में छूट दी जाएगी।

धातु को ब्लॉकों में बदलने के लिए बेल प्रेस मशीन का उपयोग किया जाता है, जिसे बाद में विभिन्न कंपनियों को आपूर्ति की जाती है। वहीं कार के अन्य घटकों को पुनर्नवीनीकरण किया जाता है और इन्हे निजी कंपनियों को बेच दिया जाता है।

कार्यक्रम में परिवहन सचिव एस. प्रकाश ने कहा कि आज का दिन छत्तीसगढ़ में सतत विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक दिन है। इस नई स्क्रैपेज सुविधा के उद्घाटन के साथ, हम अपने परिवहन क्षेत्र के पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं। यह सुविधा न केवल पुराने वाहनों के स्क्रैपिंग के लिए एक सुविधाजनक और सुरक्षित माध्यम प्रदान करती है बल्कि परिवहन के लिए नयी टेक्नोलॉजी के साथ क्लीन और अधिक कुशल गाड़ियों को अपनाने के लिए भी प्रोत्साहित करती है। इस परियोजना को साकार करने में शामिल सभी पक्षों की प्रतिबद्धता की सराहना करते हैं, साथ ही अपने नागरिकों से स्वच्छ और हरित भविष्य की खोज में हमारे साथ एकजुट होने का आग्रह करते हैं।

### स्क्रैपिंग का प्रॉसेस क्या है?

जब कोई वाहन स्क्रैप सेंटर में पहुंच जाता है, तो उसे वैज्ञानिक तरीके से नष्ट कर दिया जाता है। अलग-अलग चरणों की बात करें तो स्टेशन पर टायर और इंजन किट हटा दिए जाते हैं। अगले चरण में बैटरियों और फ्री-ऑन गैस किटों को नष्ट कर दिया जाता है। उसके बाद वाहन की सीटें, स्टीयरिंग, इंजन और रेडिएटर हटा दिए जाते हैं, जिससे धातु से बना एक खोखला ढांचा रह जाता है।

### कैसे करे आवेदन?

आपको अपने पुराने वाहनों को स्क्रैपिंग के लिए पंजीकृत करने के लिए कुछ सरल चरणों का पालन करना होगा। एक विकल्प यह है कि आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं और एक फॉर्म भरें। फिर निकटतम स्क्रैप सेंटर आवेदक से संपर्क करें और इस प्रक्रिया को शुरू कर दें।

इस संबंध में परिवहन आयुक्त दीपांशु काबरा ने बताया कि पुराने वाहनों के संचालन में ईंधन व रखरखाव पर ज्यादा लागत आती है। ऐसे पुराने वाहनों के सड़क से हटने पर वायु प्रदूषण में कमी आएगी। प्रदेश में विभाग द्वारा इसे लागू करने की तैयारी कर ली गई है। 15 साल से अधिक पुराने सरकारी वाहनों को अक्टूबर से अनिवार्य रूप से स्क्रैप कराना होगा। समस्त श्रेणी के भारी वाहनों को हर दो साल में स्वचालित परीक्षण केंद्र से ही फिटनेस टेस्ट कराना होगा। यदि कोई वाहन स्वचालित फिटनेस परीक्षण में विफल रहता है, तो इसे एंड-आफ-लाइफ वाहन घोषित किया जाएगा। ऐसे वाहनों को अनिवार्य रूप से पंजीकृत सुविधा केंद्र के माध्यम से स्क्रैप कराना होगा।

इस अवसर पर परिवहन सचिव एस प्रकाश, संयुक्त परिवहन आयुक्त वेदव्रत सिरमौर, सहायक परिवहन आयुक्त शैलाभ साहू, एआरटीओ मुख्यालय सुश्री युगेश्वरी वर्मा, ऑटोमोबाईल डीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष विवेक गर्ग तथा ट्रक एसोसिएशन के प्रतिनिधि सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# आरक्षण और जलक्षेत्रों में पूर्ण अधिकार के लिए मछुआरा समाज ने जमकर बोला हल्ला



**धमतरी,** 5अक्टूबर (देशबन्धु)। मछुआरा समाज ने अजजा वर्ग में पुनः बहाली की मांग को लेकर अब आर-पार की लड़ाई में कूद गए है। धमतरी के गांधी मैदान में जंगी धरना-प्रदर्शन कर कांग्रेस-भाजपा दोनों ही राजनीतिक दलों पर मछुआरों की उपेक्षा का आरोप लगाते कहा कि प्रदेश में 11 फीसदी आबादी के बाद भी मछुआरा समाज को राजनीतिक भागीदारी नहीं मिल रही। आदिवासी वर्ग का आरक्षण को पुनः बहाल करने तथा जलक्षेत्र में पूर्ण अधिकार की मांग को लेकर जमकर हल्ला बोला।

गुरूवार को 5 अक्टूबर को गांधी मैदान में आयोजित मछुआरों के वृहद रूप में धरना देकर प्रदर्शन में धीवर, निषाद, केंवट, कहार, मल्लाह, भोई आदि शामिल हुए। आदिवासी कश्यप समन्वय समिति के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बाबा मार्तंड (कोरिया) ने कहा कि मछुआरा मांझी समुदाय के तहत आने वाले धीवर, निषाद, केंवट, कहार, मल्लाह, भोई आदि समानार्थी जनजातियों को वर्ष 1950 तक अनुसूचित जनजाति वर्ग में रखा गया था। शासन के राजपत्रों में प्रमाणित है। लेकिन 1950 के बाद षडयंत्रपूर्वक मछुआरा समुदाय के समस्त जनजातियों को अन्य पिछड़ा वर्ग की श्रेणी में डाल कर उन्हें आरक्षण से वंचित कर दिया गया। इसकी पुनः बहाली की मांग को लेकर बीते 75 सालों से मछुआरा समुदाय संघर्षरत हैं। मछुआरा समाज अब कांग्रेस-भाजपा के बहकावे में आने वाला नहीं है। मछुआरा नेता रामकृष्ण धीवर, परमेश्वर फूटान, मोतीलाल हिरवानी, सुखऊ राम निषाद, गणेशराम निषाद, होरीलाल मत्स्यपाल तथा महिला नेत्री संध्या हिरवानी ने कहा कि कांग्रेस-भाजपा राजनीतिक दलों ने बार- बार मछुआरा समाज को झूठा आश्वासन देकर समाज का वोट लिया है, लेकिन सत्ता में आने के बाद उन्हें भूला दिया गया। इससे छत्तीसगढ़ प्रदेश के 35 लाख मछुआरा समाज में बेहद आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने बस्तर से लेकर सरगुजा तक मछुआरा समाज को एक मंच से संघर्ष की प्रशंसा करते हुए कहा कि शुरू से ही मछुआरा समाज आदिवासी है, लेकिन लिपिकीय त्रुटि के चलते इसके लाभ से आज वंचित हो गए। इस त्रुटि को सुधार कर फिर से आदिवासी आरक्षण का लाभ दिलाया जाए। सभा को मछुआरा नेता भीमसेन तारक, नेहरू निषाद, लतखोर राम धीवर, संतरी निषाद, गूंजा निषाद, भोलाराम निषाद, अंजोर सिंह निषाद, चंदूलाल निषाद ने भी संबोधित किया। धरना के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। धरना-प्रदर्शन में नर्मदा जगबेहड़ा, सोहन धीवर, फिरोज हिरवानी, कृष्णा हिरवानी, नारायण निषाद, भुवन लाल धीवर, संगीता निषाद, पंचराम धीवर, मोहित तारक, सुरेश निषाद, राम निषाद, शैलेन्द्र नाग, अनिल निषाद, यशवंत कोसरिया, दिलीप धरमगुड़ी, भगवानदीन मछेन्द्र, सोनू नाग, सावित्री सपहा, शीला धीवर, धृति हिरवानी, सुनील निषाद, सियाराम ढीमर, तुलसीराम ढीमर, महेश मिस्त्री, शिवकुमार धरमगुड़े, हेमूराम धीवर, पूर्णिमा निषाद, मधु निषाद, फगनूराम, जितेद्र ओझा, रिखीराम तारक, जुगनूराम धीवर समेत बड़ी संख्या में समाजजन जुटे हुए है।

### जलक्षेत्र में मांगा पूर्ण अधिकार

मछुआरा समाज नई मछुआ नीति में ठेकेदारी प्रथा को बंद कर वापस मछुआरा समितियों को लीज पर देने, दोहरा आडिट के नियम को समाप्त करने, जलक्षेत्रों को जन्मजात मछुआरा समुदायों के लिए आरक्षित करने की मांग की जा रही है। भूमिहीन मत्स्य पालकों को तालाब खनन के लए भूमि निःशुल्क उपलब्ध कराने, नीट-मात्स्यिकी कालेजों, इंजीनियरिंग, जेई एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मछुआरा समाज को आबादी के अनुपात में सीट आरक्षित करने की मांग शामिल है।

# निलंबित बीईओ बहाल, आरंग में ही मिला प्रभार, जांच हो सकती है प्रभावित



**आरंग**, 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। अपने नए नए कारनामो से हैरान करने वाले स्कूली शिक्षा विभाग का एक और नया कारनामा सामने आया है।ताजा मामला आरंग के निलंबित बीईओ एनपी कुर्रे के बहाल आदेश जारी होने का है।बीते 22 सितंबर को ही आरंग विकासखंड शिक्षा अधिकारी एनपी कुर्रे को वित्तीय कार्य में अनियमितता, अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर व्याख्याता का कार्यालय अटैक, स्कूल में अनुपस्थित शिक्षिका को वेतन देने जैसे गंभीर विषय में दोषी मानते हुए स्कूली शिक्षा विभाग ने तत्काल प्रभाव से निलंबन की कार्यवाही थी।लेकिन अब स्कूली शिक्षा विभाग ने प्रशासकीय आवश्यकता का हवाला देते हुए निलंबित बीईओ एनपी कुर्रे को बहाल कर दिया है।आश्चर्य की बात ये है कि जिस आरंग कार्यालय में उनके विरुद्ध विभागीय जांच चल रही है उनको वापस पुनः आरंग कार्यालय में ही पदस्थ किया गया है जो विभाग की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े कर रही है।उसी जगह में पदस्थ होने से उनके विरुद्ध चल रहे विभागीय जांच भी प्रभावित होने से इंकार नही किया जा सकता। सवाल ये भी उठ रहे है कि विभाग ने जिस प्रकार प्रशासकीय आवश्यकता का हवाला दिया है तो क्या विभाग में स्टॉफ की इतनी कमी है कि एक निलंबित अधिकारी को इतनी जल्दी बहाल किया गया वो भी उसी जगह पर जहाँ उनके खिलाफ विभागीय जांच चल रही है। इस आदेश के बाद विभाग की विश्वसनीयता और उनके द्वारा किये गए कार्यवाही पर सवाल उठने लगे है।

# अंतरिक्ष सप्ताह आयोजन के लिए विश्वनाथ को अमेरिका से मंजूरी

- अंतरिक्ष एवं उद्यमशीलता थीम पर 4 से 10 अक्टूबर तक सम्मेलन
- छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा में केवल एक मात्र आयोजक
- 100 से ज्यादा देशों की सहभागिता

**दंतेवाड़ा,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। विश्व अंतरिक्ष सप्ताह संघ ह्यूस्टन, टेक्सास, यूएसए द्वारा वर्ष 2023 के लिए विश्व अंतरिक्ष सप्ताह का विषय अंतरिक्ष एवं उद्यमशीलता चयनित किया गया है। यूनिवर्सल विज्ञान, तकनीकि एवं नवाचार परिषद -भारत संस्था को देश में ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से निःशुल्क आयोजन का मौका मिला है।

छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा प्रदेश के केवल एक मात्र आयोजक अमुजुरी विश्वनाथ को यह अवसर विश्व अंतरिक्ष सप्ताह संघ हयूस्टन टेक्सास यूएसए से ईमेल के माध्यम से कार्यक्रम का संचालन करने हेतु आधिकारिक पुष्टि मिली है। यूनिवर्सल विज्ञान, तकनीकि एवं नवाचार परिषद -भारत संस्था के चैयरमैन व सीईओ तथा स्पेस फाउंडेशन कोलोराडो यूएसए के अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक संपर्क अधिकारी अमुजुरी विश्वनाथ ने जानकारी दी कि कार्यक्रम के लिए इसरो के पूर्व वैज्ञानिक तथा प्रोजेक्ट मैनेजर प्रो एलंगोवन राजगोपालन को अध्यक्ष बनाने के साथ साथ राष्ट्रीय वैमानिकी और अंतरिक्ष प्रशासन (नासा), स्पेस फाउंडेशन कोलोराडो यूएसए, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो), अंतर्राष्ट्रीय खगोलीय संघ, अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ, अंतरिक्ष शिक्षा अनुसंधान एवं विकास संथा, ग्रीन केयर सोसाइटी इंडिया और 100 से अधिक देशों ने कई कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं, जिनकी सहमति प्राप्त हुई है।

इस वर्ष सिएर्रा नावेदा कॉर्पोरेशन, घूएम, लॉकहीड मार्टिन, एयरबस, विआसट, एसईएस, एससीआई एयरोस्पेस, गोल्डमैन साचस द्वारा प्रायोजित किया गया और आधिकारिक साझेदार संयुक्त राष्ट्र कार्यालय, स्पेस फाउंडेशन कोलोराडो यूएसए, प्लेनेटरी सोसायटी, स्पेस जेनरेशन सलाहकार परिषद, यूनिवर्स अवेरनेस जापान, एनआईए, एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी ऑफ पेसिफिक, स्पेसवॉच ग्लोबल द्वारा कार्यविधि है। अमुजुरी विश्वनाथ ने बताया कि विद्यार्थी, शिक्षक, वैज्ञानिक, अंतरिक्ष उत्साही, पत्रकार, उद्यमी, आम जनता और सामुदायिक संगठन के लिए विभिन्न विषय पर वेबिनार, सम्मेलन प्रतियोगिताएं, पुरस्कार का एक हफ्ता कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है। लोगों को अंतरिक्ष विज्ञान, पृथ्वी निकट वस्तुओं, सैटेलाइट, रॉकेट्री, वातावरण के बारे में जानकारी देना और जागरूक करना इस क्रार्यक्रम का उद्देश्य है।

# रमेश चन्द्रवंशी ने बनाया विश्व रिकार्ड, गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज

- तीन दशक तक धैर्यपूर्वक परिश्रम का मिला प्रतिफल
- एक ही विश्वविद्यालय से अर्जित किया सर्वाधिक मास्टर डिग्री

**कवर्धा,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। गणित, शिक्षा, राजनीति, अर्थशास्त्र, इतिहास, हिन्दी, समाजशास्त्र, लोक प्रशासन, भूगोल, दर्शनशास्त्र, प्राचीन भारतीय इतिहास एवं भाषाविज्ञान शामिल अर्जित शिक्षा कभी निरर्थक नहीं जाता है, यह बात एक बार फिर से सही साबित हुआ है. जिले के कवर्धा विकासखण्ड अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल छिरहा में प्राचार्य के दायित्व का निर्वहन कर रहे गणित विषय के व्याख्याता व ग्राम परसवारा निवासी रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने शिक्षा के क्षेत्र में मिसाल पेश करते हुए विश्व रिकार्ड बनाया है. उनका नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज हो गया है. यह रिकॉर्ड मोस्ट मास्टर डिग्रिज अर्नड फ्रॉम वन यूनिवर्सिटी अर्थात एक ही विश्वविद्यालय से अर्जित सर्वाधिक मास्टर डिग्रियां टाइटल से दर्ज किया गया है. सभी बारह विषयों में मास्टर डिग्रियां पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर से ही प्राप्त किए हैं. रायपुर के माना में आयोजित कार्यक्रम में गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड्स के एशिया हेड डॉ. मनीष विश्नोई ने रमेश कुमार चन्द्रवंशी को विश्व रिकार्ड का प्रमाण-पत्र प्रदान किया. अपने सीखने की प्रवृत्ति को सतत बनाये रखते हुए विश्वविद्यालय अध्ययन शाला से सन 1996 में एम.एस-सी. गणित विषय से प्रावीण्य सूची में पांचवे स्थान प्राप्त करने वाले श्री चन्द्रवंशी ने सन 2005 में विभागीय चयन प्रक्रिया के आधार पर शासकीय शिक्षा महाविद्यालय रायपुर से नियमित छात्र के रूप में जनभागीदारी विद्यालयों के संगठनात्मक वातावरण, उपलब्ध सुविधाओं एवं समस्याओं का विश्लेषणात्मक अध्ययन विषय पर लघु शोध कार्य पूर्ण करते हुए प्रथम श्रेणी में मास्टर ऑफ एजुकेशन की उपाधि प्राप्त किए हैं. उन्होंने सन 2004 में राजनीति विज्ञान, 2007 में अर्थशास्त्र, 2009 में इतिहास, 2011 में हिन्दी साहित्य, 2013 में समाजशास्त्र, 2015 में लोक प्रशासन, 2017 में भूगोल, 2019 में दर्शनशास्त्र, 2021 में प्राचीन भारतीय इतिहास एवं वर्तमान वर्ष 2023 में भाषाविज्ञान में मास्टर डिग्री प्राप्त किए हैं. सन 1996 में पहले मास्टर डिग्री प्राप्त करने के बाद 2023 तक बारह विषयों में मास्टर डिग्री पूर्ण करने के लिए 28 साल अर्थात लगभग तीन दशक का समय लगा, इस दौरान कई बार विषम परिस्थिति व समस्याएं आने के बाद भी धैर्यपूर्वक परीक्षा में शामिल हुए.




बहुमुखी प्रतिभा के धनी श्री चन्द्रवंशी ने डाइट अर्थात जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में गणित व्याख्याता के पद पर सन 2008 से 2012 तक चार वर्ष की निर्धारित प्रतिनियुक्ति अवधि में सफलतापूर्वक सेवा देकर गणित विषय मे अपना विशिष्ट पहचान बनाने के साथ ही रिसोर्स पर्सन के रूप में भी अपनी सेवाएं प्रदान करते रहे हैं. मैनेजमेंट के क्षेत्र में देश के प्रतिष्ठित संस्थान आई.आई.एम. लखनऊ से पर्सनल ग्रोथ थ्रो सेल्फ एक्सप्लोरेशन विषय तथा एन.सी.ई.आर.टी. के अंतर्गत क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान श्यामला हिल्स भोपाल से गणित में च्की रिसोर्स पर्सन्सज्ञ में प्रशिक्षित हैं. अकादमिक कार्यों के अलावा कर्मचारी हितों के लिए समर्पित रूप से कार्य करने वाले रमेश कुमार चन्द्रवंशी वर्तमान में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष के रूप में शिक्षकों को कुशल नेतृत्व प्रदान कर रहे हैं. श्री चन्द्रवंशी ने पहली से पांचवीं तक कि शिक्षा कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित ग्राम पंडरिया एवं छठवीं से आठवीं तक ग्राम झलमला से प्राप्त किए हैं. नवमीं से बारहवीं तक स्वामी करपात्री जी शा. उच्चतर माध्यमिक शाला कवर्धा एवं बी.एस-सी गणित की शिक्षा विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव से पूर्ण किए हैं. बी.एड. की उपाधि केशरवानी महाविद्यालय जबलपुर से प्राप्त किए हैं. उनके इस उपलब्धि पर परिजनों, मित्रों, संघ पदाधिकारियों व शिक्षकों ने बधाई दिए हैं. श्री चन्द्रवंशी ने इस उपलब्धि को प्राप्त करने के लंबे सफर में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोग प्रदान करने वालों सहित सभी शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त किया है.

**NECC**

| 06.10.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 5.03 | 85 | 170 |
| चिल्हर | 6.25 | 100 | 200 |

डिलीवरी 518 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA




प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

# प्रादेशिकी

जगदलपुर-कांकेर-कोण्डागांव-बीजापुर-दंतेवाड़ा

# अस्वच्छता से परेशान दंतेश्वरी वार्डवासियों ने गीदम रोड में कचरा फेंक जताया विरोध

## कचरा वाहन एक सप्ताह से खराब, डोर टू डोर कचरा संग्रहण ठप्प, लोगों के घरों में लगा कचरे का ढेर



**जगदलपुर,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर निगम की लचर सफाई व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है। कांग्रेस शासित नगर निगम में विपक्षी भाजपा पार्षदों के वार्ड सदैव निशाने पर रहे हैं। बदहाल सफाई इंतजाम और कचरा गाड़ी न आने से परेशान दंतेश्वरी वार्ड के भाजपा पार्षद राजपाल कसेर सहित नाराज वार्ड वासियों ने गुरुवार को निगम के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया और गीदम रोड में कचरा फेंक कर प्रदर्शन किया। दंतेश्वरी वार्ड का कचरा वाहन लगातार करीब एक हफ्ते से खराब है। जिससे डोर टू डोर कचरा संग्रहण नहीं हो रहा जिससे लोगों के घरों में कचरा इक्कठा हो गया है और वार्ड वासी परेशान है। वार्ड पार्षद राजपाल कसेर द्वारा खराब कचरा वाहन को सुधारने बारंबार कहने व शिकायत करने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। दंतेश्वरी वार्ड के भाजपा पार्षद राजपाल कसेर ने कहा कि वार्ड का कचरा वाहन पुराना व कंडम हालत में है। माह में एक से दो बार वाहन खराब होती है। पिछले एक सप्ताह से गाड़ी खराब हालत में गैरेज में खडी है लेकिन उसे सुधारा नहीं जा रहा। निगम स्वच्छता अधिकारी से बात करने पर बोला जाता है कि गैरेज का पुराना पेमेंट नहीं हुआ है।

**भाजपा पार्षदों के वार्डों की अनदेखी कर रहा निगम : राजपाल कसेर**

जब निगम से पेमेंट होगा तब वाहन सुधार कर दिया जायेगा। नगर निगम में भाजपा पार्षदों के वार्ड की समस्याओं को जानबूझकर अनदेखा किया जा रहा है। गंदगी से परेशान हो चुके नाराज वार्ड वासियों ने घरों में एक सप्ताह से एकत्र कचरे को गीदम रोड में फेंक कर विरोध जताया है। विरोध प्रदर्शन के दौरान वार्ड पार्षद सहित वार्ड वासियों में चमेली कसेर, रामेश्वर ठाकुर, सरोज दास, कमला दास, मोती साहू, लता साहू, लक्ष्मी दास, मालती बाई, दुर्गेश गुप्ता, सत्यनारायण, त्रिनाथ दास, नगर अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, अमरनाथ झा सहित वार्ड वासी मौजूद थे।

## कांग्रेस की जिला कार्यकारिणी सूची में भाजपा सदस्य का नाम, जताया विरोध

**जगदलपुर,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव की सरगर्मियां तेज होते ही कार्यकर्ताओं को अपना बनाने व कहने का सिलसिला शुरू हो गया है। इस होड़ में गड़बड़ियां भी हो रही है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री (संगठन एवं प्रशासन) मलकीत सिंह गैदु द्वारा जारी बस्तर जिला कार्यकारिणी की सूची में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता बटोही झा का नाम कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। उक्त सूची में क्रमांक 40 पर अपना नाम देखने के बाद बटोही झा ने इसका खंडन किया है और नाराज़गी जताते हुए कहा कि विगत 4 दशकों से मैं भाजपा कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहा हूं और आज भी भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता हूं। भाजपा पर मेरा अटूट विश्वास है। मेरी अनुमति के बगैर कांग्रेस ने मेरा नाम कार्यकारिणी की सूची में उल्लेखित किया है जिसका मैं विरोध करता हूं।

## स्वस्थ तन में स्वस्थ मन का वास होता है और खेलों से तन-मन दोनों होते हैं स्वस्थ : रेखचंद जैन



**जगदलपुर,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने जगदलपुर में आयोजित 23 वें राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। जगदलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय 23 वां राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता जिसमें एथलेटिक्स, रग्बी एवं जूडो विधा में कुल 900 खिलाड़ी भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में इस अवसर पर विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने कहा कि हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल खेलों के विकास के लिए कृत संकल्पित है और इस हेतु खेल विकास प्राधिकरण का गठन किया गया है। शहर में खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए विश्व स्तरीय खेल मैदानों का निर्माण किया गया है। इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम, हाता ग्राउंड, धरमपुरा क्रीडा परिसर, सिटी ग्राउंड जैसे अत्याधुनिक खेल मैदान बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ तन में स्वस्थ मन का वास होता है और खेलों से तन और मन दोनों स्वस्थ होते हैं। बच्चों को हार जीत की परवाह किए बिना खेल भावना से खेलना चाहिए। खेलों में कोई एक जीतेगा तो कोई एक हारेगा पर महत्वपूर्ण यह है कि हमने खेल भावना से अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उन्होंने खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विभिन्न संभागों से खेलने आए हैं अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर छत्तिसगढ का नाम रौशन करें। इस अवसर पर विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन के साथ वरिष्ठ पार्षद यशवर्धन राव तथा अन्य जनप्रतिनिधि और जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान, सहायक संचालक विजेन्द्र डोंगरे, डीपीओ देवाशीष चौधरी, गणेश तिवारी, बीआरसी गरुड़ मिश्रा, खंड शिक्षा अधिकारी मानसिंह भारद्वाज, उप खंड शिक्षा अधिकारी भारती देवांगन, शालिनी तिवारी, संदीप तिवारी, सरला रथ सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, खेल प्रशिक्षक एवं खिलाड़ी उपस्थित थे।

## कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान द्वारा जंगल-प्रकृति आधारित लोकगीतों का आयोजन



**जगदलपुर,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। वन्य जीव सप्ताह के उपलक्ष में विकास समितियों के सहयोग से 4 अक्टूबर को कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के ग्राम नेतानार में शहीद वीर गुण्डाधुर स्मारक स्थल में लोकगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में एकल और समूह गीत मिलाकर कुल 27 प्रदर्शन दिए गए, जिसमें एकल गायन में सोनुराम नाग और महादेव नाग प्रथम, भीमा मरकाम द्वितीय एवं नेहा और एलिना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही समूह गायन में जगरनाथ एवं इनके साथियों ने प्रथम स्थान, मोगाय एवं साथियों ने द्वितीय स्थान और जयराम एवं साथियों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समूह नृत्य में दियारू एवं साथियों ने प्रथम स्थान, बालसिंह एवं साथियों ने द्वितीय स्थान, देऊ एवं साथियों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं वाद्य यंत्र में बैशाकू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में प्रख्यात लोकगायक लखेश्वर खुदराम, अबलेश कुमार और बादल अकादमी से योगेश कुमार और सचिन पन्ना इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

ग्रामीणों और वन विभाग की साझेदारी से वन्यजीव संरक्षण में प्रयास कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक धम्मशील गनवीर ने बताया कि इस आयोजन के माध्यम से हमे वनों और वन्यजीव के संरक्षण हेतु जागरुकता लाने में मदद मिलेगी, साथ ही बस्तर में प्रकृति और संस्कृति के इस अनोखे समागम को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए प्रेरक और माध्यम साबित होगी। राष्ट्रीय उद्यान द्वारा लगातार इस प्रकार के आयोजन कर ग्रामीणों और वन विभाग की साझेदारी से वन्यजीव संरक्षण की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम में 300 से अधिक लोग उपस्थित रहे, जिसमें नेतानार, कोंडापाल, नागलसर एवं मूंडागढ़ के सरपंच, ग्रामीण लोकगायक, ग्रामीण, युवोदय के स्वयंसेवक, वन मितान और कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के अधिकारी-कर्मचारी शमिल थे।

## पारम्परिक शिल्पकारों और कारीगरों को स्वयं के कार्य हेतु प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से मिलेगी सहायता


**जगदलपुर,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र जगदलपुर द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजनान्तर्गत पारम्परिक शिल्पकारों और कारीगरों से स्वयं के कार्य हेतु 5 प्रतिशत ब्याज दर पर सहायता प्रदान करने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है, जिसके तहत कारपेंटर, कुम्हार, मूर्तिकार, राजमिस्त्री, दर्जी, नाई, लोहार, सुनार, धोबी सहित नाव बनाने वाले, अस्त्र बनाने वाले, ताला बनाने वाले, हथौड़ा एवं टूलकिट निर्माता, डलिया-चटाई एवं झाड़ू बनाने वाले, पारम्परिक गुड़िया एवं खिलौने बनाने वाले और मछली जाल बनाने वाले पारम्परिक शिल्पकारों एवं कारीगरों को उक्त योजनान्तर्गत पहले चरण में एक लाख रुपये तक और दूसरे चरण में 02 लाख रुपये तक की सहायता 5 प्रतिशत ब्याज दर पर बैंकों के माध्यम से प्रदान की जायेगी। साथ ही योजना के तहत पारम्परिक शिल्पकारों एवं कारीगरों को कौशल विकास प्रशिक्षण, टूलकिट प्रोत्साहन तथा डिजिटल लेनदेन के लिए >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# सुकमा जिले में ग्रामीणों को मिला तेन्दूपत्ता से 50 करोड़ का फायदा : लखमा



**उद्योग मंत्री ने फीता काटकर देवगुड़ी का किया उद्‌घाटन**

**सुकमा,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश उद्योग एवं आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने सीसी रोड और पुल निर्माण का भूमिपूजन समेत देवगुड़ी का उद्घाटन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने नवनिर्मित देवगुड़ी का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार बनने के बाद आदिवासियों का विकास तेजी से हो रहा है। धान बेचने वालों का एक एकड़ में 20 चिंटल की खरीदी होगी। 2640 में धान की खरीदी की जा रही है आने वाले समय में 2840 में धान की खरीदी की जायेगी। वहीं सरकार बनने के बाद 3600 में धान खरीदी किया जायेगा। उन्होंने कहा कि आज स्कूल आश्रम खोलने का काम किया जा रहा है। हॉस्टल के लोगों को पहले 800 रुपये दिया जाता था उसे बढ़ाकर 1500 कर दिया गया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पहले 6 हजार रुपये मिलता था जिसे बढ़ाकर 10 हजार कर दिया गया है। सुकमा जिले में ही इस बार तेंदुपत्ता से 50 करोड़ का फायदा लोगों को मिला। आज टोरा, ईमली, महुआ की खरीदी की जा रही है। भाजपा शासन में 2 रुपये में महुआ खरीदा जाता रहा और हमारी सरकार बनने के बाद उसे बढ़ाकर 30 रुपये कर दिया गया, जिससे गरीब आदिवासियों को आर्थिक लाभ मिल रहा है। आज मातागुड़ी मंदिर छिंदगढ़ में भव्य रूप से कार्यक्रम हुआ। देवगुड़ी के निर्माण के लिए 5 लाख की आर्थिक सहायता कांग्रेस सरकार के द्वारा दी जा रही है। उन्होंने कहा गोरली नदी में पुल, कुंदलपारा में पुल और रोकेल से पेदा के बीच पुल का निर्माण प्रस्तावित है। बीजेपी, सीपीआई वाले आप सभी को बहकाने का काम करेंगे लेकिन आपको बहकावे में नहीं आना है। ग्रामीणों के द्वारा सामाजिक भवन बनाने की मांग किया गया जिसे जल्द ही बनवाया जाएगा। इस दौरान माहेश्वरी बघेल, हरीश कवासी, देवली बाई नाग, राजूराम नाग, आसमति यादव, सुकुलू राम नाग, हड़मा मुचाकी, बुधरा मुचाकी, देवाराम, बोटीराम ठाकुर, हितेश मरकाम, लखमा राम मंडावी, अन्नूराम ठाकुर, जगमोहन ठाकुर, देवाराम मंडावी, गंगा >> शेष पृष्ठ 9 पर >



# ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के लिए जिले में धुमाल व डीजे का संचालन तत्काल प्रभाव से बंद : कलेक्टर



**जगदलपुर**, 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ द्वारा जनहित में ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम के संबंध में पारित आदेश के पालन में कलेक्टर विजय दयाराम के. ने ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के लिए जिले में धुमाल और डीजे का संचालन तत्काल प्रभाव से बन्द करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री विजय ने धुमाल और डीजे संचालकों की बैठक लेकर कहा कि ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के लिए क्षेत्र के अनुविभागीय दंडाधिकारी या सक्षम अधिकारी सेअनुमति के बिना ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग नहीं किया जा सकता है। इसके साथ ही नियमों का शक्ति से पालन किया जाना भी सुनिश्चित किया जाएगा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र मीणा ने कहा कि लाउड स्पीकर, डीजे, वाहनों में प्रेशर हॉर्न इत्यादि जिनमें शासन द्वारा ध्वनि के लिए तय मानकों का उल्लंघन किया जा रहा है, वहां प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने हेतु आरटीओ, नगर पालिका परिषद, ट्रैफिक पुलिस व अन्य संबंधित सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित कर ध्वनि प्रदूषण के कारकों को अप्रभावित किया जायेगा। कलेक्टर ने गाड़ियों में डीजे और धुमाल के लिए अतिरिक्त मोडिफिकेशन करवाने वालों पर भी कार्यवाही करने के निर्देश आरटीओ अधिकारी को दिए। साथ ही उक्त वाहन चालकों का लाइसेंस रद्द करवाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सी पी बघेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निवेदिता पाल, समस्त अनुविभागीय दंडाधिकारी राजस्व और पुलिस उपस्थित थे।

## शहर के डीजे संचालकों पर बस्तर पुलिस की कार्रवाई

**जगदलपुर,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। शहर में डीजे संचालकों के खिलाफ कोलाहल अधिनियम के तहत् जगदलपुर पुलिस द्वारा कार्यवाही किया गया है। शहर में 4 अक्टूबर को रात्रि में गायत्री पेट्रोल पंप के सामने दलपत सागर एवं दलपत सागर के सामने मेनरोड में अलग अलग 4 वाहनों में धुमाल सेट स्पीटकर, बाक्स,एम्ली फायर, बडे बाक्स लगाकर बहुत अत्यधिक तेज ध्वनि में फिल्मी गाना बजाया जा रहा है, जिससे आसपास के रहवासियों को ध्वनि प्रदुषण होकर व्यधान होकर असुविधा हो रही है, कि प्रार्थी से सूचना प्राप्त हुआ। प्राप्त सूचना अनुसार दलपत सागर के सामने मेन रोड में अलग-अलग 4 वाहनों में धुमाल सेट साउण्ड सिस्टम बजाने वाले मुख्य व्यक्तियों से पुछताछ करने पर अपना अपना नाम आदर्श यादव, अनिकेत देशलहरे दोनों निवासी जगदलपुर तथा ब्यास नारायण साहू निवासी पलारी जिला बालोद और आकाश पटेल निवासी सुभाष वार्ड कांकेर का रहने वाले बताये। अनावेदकों का कृत्य धारा 3,5,15 कोलाहल अधिनियम का अपराध घटित करना पाये जाने से अनावेदको के विरूद्ध कोलाहल अधिनियम के तहत् कार्यवाही कर, अनावेदकों से मय 04 नग वाहन के साउण्ड सिस्टम एम्लीफायर 05 नग, बॉक्स 28 नग, स्पीकर 58 नग, लाईट 8 नग,सारपी लाईट 05 पेटी, बेस 12 नग, टाप 8 नग एवं जनरेटर 04 नग को जप्त किया गया। अनावेदकों के खिलाफ इस्तांगषा तैयार कर, माननीय न्यायालय में पेश किया गया।



# कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर के हाथों किलकारी केन्द्र का शुभारंभ

**जगदलपुर,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्ट्रेट के नए कंपोजिट बिल्डिंग में महिला एवं बाल कल्याण विभाग के द्वारा कलेक्टर कार्यालय में कार्यरत महिलाओं के बच्चों के प्रारंभिक देखभाल और खेल-खेल में शिक्षा की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से किलकारी केंद्र प्रारंभ किया गया। इस केंद्र का संचालन सुबह 10ः00 बजे से शाम 5ः30 बजे तक होगा। इसमें एक से लेकर 6 वर्ष आयु के बच्चों को दाखिला मिल सकेगा। डीएमएफटी मध्य से 5 लाख की लागत से निर्मित गुरुवार की शाम कलेक्टर दयाराम विजय के. के द्वारा इस किलकारी केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर दयाराम विजय के ने कहा कि इस किलकारी केंद्र के खुलने से के देखभाल की सुविधा उपलब्ध होगी, जिसके चलते वे अपने कार्य को भी गुणवत्ता के साथ कर सकेंगे और उनके बच्चों का देखभाल भी सही ढंग से हो पाएगा। महिला एवं बाल कल्याण विकास अधिकारी अरुण कुमार पांडे ने कहा कि इस किलकारी केंद्र को सर्व सुविधायुक्त बनाया गया है। यहां पर एक से 6 वर्ष आयु के बच्चों को दाखिला दिया जाएगा। बच्चों को प्रारंभिक देखरेख के साथ ही खेल-खेल में पढ़ाई की सुविधा भी उपलब्ध होगी। साथ ही माताएं अपने बच्चों को स्तनपान भी कर पाएंगे इसके लिए भी व्यवस्था की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहरी आंगनबाड़ी केदो में संचालित झूला घरों में नियुक्त 30 क्रेश कार्यकर्ता जो वर्तमान में 12 की संख्या में कार्यरत हैं यह क्रेश कार्यकर्ता इस किलकारी केंद्र में दो शिफ्ट में अपनी सेवाएं देंगे। पहले शिफ्ट 9ः30 बजे से 1ः00 बजे तक और दूसरा शिफ्ट 1ः00 बजे से शाम 5ः30 बजे तक रहेगा। विदित हो कि इन क्रश कार्यकर्ताओं को ?4000 प्रतिमा मानदेय प्रदान किया जा रहा है।




**महिला कर्मचारी के 1 से 6 वर्ष आयु के बच्चों का हो सकेगा प्रारंभिक देखभाल व खेल-खेल में शिक्षा की सुविधा**

# लकड़ी के खिलौने से मिलेगी आजीविका

## हितग्राहियों को तीन महीने का प्रशिक्षण



**दंतेवाड़ा,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। बड़े कारली और कुआकोण्डा में रीपा के अंतर्गत आजीविका संवर्धन के लिए लकड़ी के खिलौने बनाने का प्रशिक्षण प्रारम्भ किया गया। इसके तहत हितग्राहियों को 3 माह के प्रशिक्षण के बाद रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। इस कार्यक्रम में जनपद पंचायत सीईओ सुश्री क्रान्ति ध्रुव, मोहीनीश देवांगन, सहायक संचालक कौशल विकास हरीश सिन्हा, महात्मा गांधी फेलो आशुतोष ठाकुर, प्रशिक्षण संचालक रामेश्वर सिंह एवं अन्य उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने मतदान केन्द्रों का लिया जायजा

## दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैम्प व दूसरी सुविधा देने के निर्देश

**दंतेवाड़ा**, 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत नंदनवार ने विधानसभा निर्वाचन-2023 के तहत जिले के ग्रामीण एवं नगरीय निकायों के मतदान केंद्रों में मतदान केन्द्र का जायजा लिया।



उन्होंने मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिये मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता और सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्था की जानकारी ली। श्री नंदनवार ने जिले के गोडरे, मेटापाल, कटेकल्याण, टेकनार,गीदम तथा बारसूर में मतदान केंद्रों की व्यवस्था देखी। इसके साथ ही उन्होंने बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैम्प तथा व्हीलचेयर की उपलब्धता सहित मतदान केंद्रों पर पेयजल,बिजली, छाया और सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। वहीं बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं की सहायता के लिये स्काउट-गाइड के कैडेटों की सेवाओं लेने को कहा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नंदनवार ने मतदान केंद्रों में मतदान प्रक्रिया का जायजा लेते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ मतदान कराया जाने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक गौरव रॉय, संयुक्त कलेक्टर उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेन्द्र ठाकुर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

**गोडरे, मेटापाल, कटेकल्याण, टेकनार,गीदम तथा बारसूर में दस्तक**

# घर-घर सर्वे कर समझाया मतदान का महत्व

## कटेकल्याण के अंदरूनी गांवों में स्वीप अभियान



**दंतेवाड़ा,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत नंदनवार के निर्देशानुसार और सीईओ एवं स्वीप नोडल अधिकारी कुमार बिश्वरंजन के मार्गदर्शन में स्वीप कार्यक्रम के तहत घर-घर जाकर डोर टू डोर सर्वे किया जा रहा है। इस क्रम में ब्लॉक कटेकल्याण के परचेली में कृषि विभाग द्वारा घर-घर संपर्क करके ग्रामीणों को पोस्टर एवं स्लोगन के जरिये शत प्रतिशत मतदान की समझाईश दी गई। ग्रामीणों ने भी लोकतंत्र की है पहचान मत मतदाता और मतदान, वोट पंडुम दन्तेवाड़ा है यह सबकी जिम्मेदारी, डालें वोट सभी नर नारी जैसे सभी स्लोगनों के साथ उत्साहपूर्वक स्वीप दलों के साथ सहयोग किया। इसके अलावा मत्स्य पालन विभाग द्वारा ग्राम गंजेनार, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मेटापाल ग्राम मोलसनार में भी इसी प्रकार का अभियान चलाया गया।

## निर्वाचन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था हेतु कलेक्टर ने दिए निर्देश

**कोण्डागांव**, 5 अक्टूबर। आगामी विधान सभा निवार्चन को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से पूर्ण करने के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। मंगलवार को कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी की अध्यक्षता में रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी और पुलिस अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर ने अंतर जिला और अंतरराज्यीय सीमाओं के साथ ही विधान सभा क्षेत्र की सीमाओं में भी स्थैतिक निगरानी दलों की निगरानी बढ़ाने के साथ ही उड़नदस्ता दलों को भी सक्रिय करने के निर्देश दिए। बैठक में बेहतर सुरक्षा व्यवस्था के लिए जिला कार्यालय के भूतल पर स्थित सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेमप्रकाश शर्मा, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर उपस्थित थे।

# नगर के प्रत्येक पंडालों तक जाकर दुर्गा पूजा व विसर्जन को सनातन संस्कृति के अनुसार बनाने जागरूक करने का कार्य करेगी आद्यनारायणी : सुगंधा सोनी

**जगदलपुर**, 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। सनातन क्षेत्रीय मंच (सक्षम) आद्यनारायणी ने शारदीय नवरात्र में स्थापित होने वाली मां दुर्गा की प्रतिमाओं तक पहुंचेंगी। इसके साथ ही सनातन संस्कृति के अनुसार पूजा-अर्चना व प्रतिमा विसर्जन के लिए भक्तों को प्रेरित करेंगी। इसके अलावा दुर्गा पूजा के 9 दिन व विसर्जन के दौरान शराब सेवन व फिल्मी गीत बजाए जाने पर दुर्गोत्सव समितियों व डीजे संचालक के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की जाएगी। सक्षम आद्यनारायणी संयोजिका सुगंधा सोनी ने बताया कि शहर के दुर्गा पंडालों तक आद्यनारायणी की महिलाएं पहुंचेंगी। इस दौरान दुर्गा पूजा व विसर्जन के समय सनातन संस्कृति के अनुसार पूरे नियमों का पालन करने की प्रेरणा लोगों को दी जाएगी। सक्षम आद्यनारायणी की जिला संयोजिका ज्योति पटवा ने बताया कि मां दुर्गा सनातन धर्म का पालन करने वालों के लिए आराध्य देवी हैं। गणेश पूजा के दौरान देखने में आया कि कई गणेशोत्सव समितियों ने फिल्मी गीतों की धुन पर बप्पा को विदा किया। इस बीच कुछ लोगों के शराब के नशे में धुत्त होकर गणपति बप्पा की शोभायात्रा में शामिल हुए। इन सबसे अलग पितृपक्ष में भी गणपति का विसर्जन लगातार जारी है। इससे सनातन के आराध्य का अपमान हुआ है। सुगंधा व ज्योति ने संयुक्त रूप से कहा कि नवरात्र में किसी भी दुर्गोत्सव समिति या डीजे संचालक द्वारा भक्तिगीतों से अलग फिल्मी या अश्लील गीतों को बजाया गया और सदस्यों ने शराब सेवन किया तो आद्यनारायणी संबंधित समिति व डीजे संचालक के खिलाफ धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने के लिए धारा 295 के तहत एफआईआर दर्ज करवाएगी और तत्काल डीजे सिस्टम जब्त करने की मांग करेगी।



# विवि में रिक्त 59 शैक्षणिक पदों पर होगी भर्ती, विज्ञापन हुआ जारी



**जगदलपुर**, 5 अक्टूबर। शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के शैक्षणिक विभागों में छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा समय-समय पर स्वीकृत शैक्षणिक पदों (प्राध्यापक, सह प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक) में से रिक्त 59 शैक्षणिक पदों पर सीधी भर्ती के लिए विज्ञापन 5 अक्टूबर, 2023 को जारी कर दिया गया है। विश्वविद्यालय के कार्यपरिषद की आपात बैठक 5 अक्टूबर, 2023 को विश्वविद्यालय को प्रशासनिक भवन में आहूत की गई। बैठक में कार्यपरिषद के उपस्थित सभी सदस्यों को कुलपति प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव ने अवगत कराया कि 3 अक्टूबर, 2023 को छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग से शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के शैक्षणिक विभागों में स्वीकृत एवं रिक्त 59 शैक्षणिक पदों पर भर्ती के लिए छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग से स्वीकृति प्राप्त हुई है, जिसके अनुसार प्राध्यापक के 10 पद, सह प्राध्यापक के 19 पद एवं सहायक प्राध्यापक के 30 पद पर सीधी भर्ती करने के लिए अनुमति प्राप्त स्वीकृति प्राप्त हुई है। विश्वविद्यालय के द्वारा गठित समिति द्वारा अनुशंसित आरक्षण रोस्टर एवं विज्ञापन के प्रारूप का अनुमोदन भी कार्यपरिषद द्वारा किया गया तथा इसके आधार पर कार्यपरिषद ने विज्ञापन जारी करने की अनुमति प्रदान की। विश्वविद्यालय ने तत्काल कार्यवाही करते हुए विज्ञापन जारी कर दिया है। विस्तृत विज्ञापन, विज्ञापित पदों के लिए न्यूनतम योग्यता/अर्हता आदि के संबंध में जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध विज्ञापन से प्राप्त किया जा सकता है।

# बस्तर दशहरा के रथ निर्माण कारीगरों की सभी व्यवस्था करें सुनिश्चित : कलेक्टर

## विजय दयाराम के. ने रथ निर्माण की गतिविधियों का लिया जायजा

**जगदलपुर,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि बस्तर दशहरा के रथ निर्माण में लगे ग्रामीण कारीगरों की सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करें। ग्रामीण क्षेत्रों से पहुँचे उन्होंने दशहरा समिति के अधिकारियों को रथ निर्माण के आवश्यक सामग्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित करवाने के साथ-साथ कारीगरों के आवास,पेयजल, भोजन सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही सिरहासार भवन के पास उपलब्ध करवाई गई मोबाइल मेडिकल यूनिट में रथ कारीगरों का स्वास्थ्य जांच करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कारीगरों से चर्चाकर आवासीय, भोजन और अन्य आवश्यकताओं के सम्बन्ध में संज्ञान लिया। कलेक्टर ने रथ निर्माण की गतिविधियों की जायजा लेकर तय समय सीमा में रथ को पूर्ण करने पर जोर दिया। इस अवसर पर तहसीलदार व दशहरा समिति के सचिव यू के मानकर, तहसीलदार अर्जुन श्रीवास्तव उपस्थित थे।



## प्रादेशिकी का शेष...

### पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों ...

प्रोत्साहन दिया जायेगा। योजनान्तर्गत सहायता के लिए पात्रता के तहत आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए तथा आवेदक केन्द्र या राज्य शासन की अन्य स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित नहीं होना चाहिए। पारम्परिक शिल्पकारों और कारीगरों के एक परिवार से एक सदस्य पात्र होंगे। सरकारी सेवा में कार्यरत कर्मचारी और उसके परिवार के सदस्य पात्र नहीं नहीं होंगे। उक्त योजना से लाभान्वित होने के इच्छुक युवा कार्यालयीन दिवस एवं समय पर जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, बीएसएनएल ऑफिस के द्वितीय तल, नयापारा जगदलपुर में सम्पर्क कर मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं।

### सुकमा जिले में ग्रामीणों...

मुचाकी, देवा मंडावी, जयपाल चौहान, अशोक चौहान, सोमाराम नाग समेत ग्रामीण उपस्थित रहे।

बच्चों ने मंत्री से कहा पढ़ लिखकर डाक्टर, पुलिस और शिक्षक बनेंगे

प्रदेश के उद्योग एवं आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने जनसपंर्क के दौरान शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नयानार का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों से पढ़ाई लिखाई के बारे में जानकारी ली। साथ ही उन्होंने बच्चों से सवाल जवाब भी किया। बच्चों ने मंत्री से पढ़ लिख कर डॉक्टर, पुलिस व शिक्षक बनने की बात कही। मंत्री ने बच्चों को खूब पढ़ाई लिखाई व मेहनत करने की बात करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# अभाविप पर आरोप बेबुनियाद, मुख्यमंत्री समाज को गुमराह कर रहे : अभाविप



**जगदलपुर,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जगदलपुर, बस्तर के कार्यकर्ताओं के द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री भुपेश बघेल का गोल बाजार चौक जगदलपुर में पुतला दहन किया गया। अभाविप बस्तर जिला संयोजक ने बताया कि मुख्यमंत्री को किसी भी प्रश्न पर सोच समझकर उत्तर देना चाहिए जब सत्ताधारी दल के नेता और संबंधित लोगों के पुत्र पुत्रियां ही सीजीपीएससी परीक्षा में टॉप में आते हैं तो स्वाभाविक ही संशय उत्पन्न होता है। भ्रष्टाचार का संदेह उत्पन्न होता है। अभाविप जगदलपुर नगरमंत्री शैलेष ध्रुव ने कहा कि पिछले दिनों छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की परीक्षा परिणाम में हुई गड़बड़ी को लेकर लगातार परीक्षार्थियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। अभाविप लगातार इस विषय को सरकार के सामने उठा रहा है और अभाविप के 6 अक्टूबर को सीजीपीएससी घोटाला, महिला सुरक्षा और प्रदेश में बिगड़ते कानून व्यवस्था को लेकर चलो रायपुर की घोषणा के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री का यह डर बता रहा है कि उन्होंने 2 अक्टूबर पाटन, दुर्ग में मीडिया द्वारा घोटाला पर पूछे गए प्रश्न पर सीधा सीधा अभाविप पर ही आरोप लगा दिया। इस बेबुनियाद आरोप को सिरे से नकारती है और तत्काल प्रभाव से न्यायिक जांच की मांग करती है। अब तो हद ही हो गया, प्रदेश के मुख्यमंत्री सीजीपीएससी घोटाले की जांच न करवा कर अभाविप पर आरोप लगा कर समाज को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। इस दौरान गजेंद्र बघेल, संजय मुखर्जी, सचिन पांडे, अश्विन पिल्ले, वैभव दास,ऋतिक जोगी, भावेश पाणिग्रही, खिरेंद्र, टेमन मंडल, अंकुश, विनय, शीबू राज मिश्रा, शेख रेहान, प्रिंस ठाकुर, समीर आदि अभाविप के कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

# कृषि विज्ञान केन्द्र में अच्छी कृषि पद्धतियां व खाद्य सुरक्षा पर प्रशिक्षण




**जगदलपुर,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। बस्तर में राष्ट्रीय वनस्पति स्वास्थ्य प्रबंधन संस्थान हैदराबाद और कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद प्राधिकरण के सौजन्य से एसपीएस मेजर गुड एग्रीकल्चर प्रैक्टिसेस एंड फूड सेफ्टी विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में कृषि विज्ञान केंद्र, बस्तर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. संतोष नाग ने स्वागत उद्बोधन के साथ अच्छी कृषि पद्धतियों को अपनाने एवं खाद्य सुरक्षा की महत्ता के बारे में कृषकों को अवगत कराया। शहीद गुडाचूर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र जगदलपुर के वैज्ञानिक डॉ डी. पी. सिंह ने खाद्य सुरक्षा से संबंधी अपने अनुभव कृषकों से साझा किया एवं कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए कृषकों को प्रेरित किया।

राष्ट्रीय वनस्पति स्वास्थ्य प्रबंधन संस्थान के सहायक निदेशक डॉ. बसवराज ने विभिन्न तकनीकों जैसे प्रकाश प्रपंच, स्टीकी ट्रेप इत्यादि जैसे उन्नत कृषि पद्धतियों को पौध संरक्षण में शामिल करने एवं विभिन्न फसलों में इनकी उपयोगिता के बारे में कृषकों को विस्तार से बताया। डॉ. चन्द्रशेखर गुप्ता, सहायक वैज्ञानिक अधिकारी द्वारा कृषि उत्पादों के निर्यात प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया, साथ ही निर्यात के लिए आवश्यक पंजीयन एवं निर्यात में सरकार की ओर से दी जाने वाली सहायता के बारे में जानकारी दी गई। केंद्र के वैज्ञानिक इंजी. राहुल साहू ने लघुधान्य फसलों के प्रसंस्करण विधि एवं विभिन्न प्रसंस्कृत उत्पाद के बारे में विस्तार से बताया। मंच का संचालन धर्मपाल केरकेटटा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में केंद्र के इंजी. कमल ध्रुव, रीतिका समरथ, डॉ. उमेश दास सहित बस्तर जिले के 50 से अधिक प्रगतीशील कृषक सम्मिलित हुये।

# सीपीआई ने दंतेवाड़ा से भीमसेन मंडावी को उतारा

- कोंटा से मनीष व बीजापुर से पी. लक्ष्मीनारायण होंगे उम्मीदवार
- राज्य परिषद की बैठक में सात प्रत्याशियों का एलान
- प्रत्याशी चयन के मामले में कांग्रेस-भाजपा को पीछे छोड़ा



**दंतेवाड़ा,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। सीपीआई (भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी) ने दंतेवाड़ा सहित बस्तर संभाग की 7 विधानसभा सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। दंतेवाड़ा से भीमसेन मंडावी सीपीआई उम्मीदवार होंगे। वहीं आदिवासी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष कुंजाम कोंटा और बीजापुर पी. लक्ष्मीनारायण चुनाव लड़ेंगे। छत्तीसगढ़ परिषद की बैठक में यह घोषणा की गई। बस्तर की इन तीन सीटों पर सीपीआई का जबरदस्त असर है। भीमसेन मंडावी अभी सीपीआई के दंतेवाड़ा इकाई में जिला सचिव के रूप में कार्य कर रहे हैं। आदिवासियों के जल, जंगल, जमीन के मुद्दे पर वे सदैव संघर्ष करते रहे हैं, इसी वजह से पार्टी ने उन्हें इस बार चुनावी मैदान में उतारा है। 2008 के विधानसभा चुनाव में दंतेवाड़ा सीट पर सीपीआई दूसरे नंबर पर रही। इस चुनाव में भाजपा के स्व. भीमा मंडावी ने कांग्रेस के दिग्गज नेता महेन्द्र कर्मा को पराजित किया था। स्व. कर्मा इस चुनाव में तीसरे स्थान पर रहे, जबकि सीपीआई के मनीष कुंजाम दूसरे स्थान पर थे। बहरहाल प्रत्याशी चयन के मामले में आम आदमी पार्टी के बाद सीपीआई ने कांग्रेस और भाजपा दोनों से बाजी मार ली है। कांग्रेस और भाजपा अभी तक अपने प्रत्याशियों का ऐलान नहीं कर पायी है। काफी पहले प्रत्याशी घोषित होने के बाद आम आदमी पार्टी और सीपीआई को सघन जन संपर्क का मौका मिल रहा है। सीपीआई ने पिछले दिनों जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा में एक बड़ी रैली निकाली थी। बारिश के बावजूद इस रैली और सभा में हजारों ग्रामीण शामिल हुए। ग्रामीणों के परम्परागत मुद्दों को लेकर निकली इस रैली में वरिष्ठ नेता मनीष कुंजाम खास तौर पर शामिल हुए थे, जबकि वर्तमान प्रत्याशी भीमसेन मंडावी की भी महत्वपूर्ण भूमिका इस रैली और सभा में रही। प्रत्याशियों की घोषणा के लिए सीपीआई छत्तीसगढ़ राज्य परिषद की बैठक कामरेड तिलक पांडे की अध्यक्षता व राष्ट्रीय सचिव तथा छत्तीसगढ प्रभारी कामरेड रामकृष्ण पंडा की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। इस बैठक में छत्तीसगढ परिषद के राज्य सचिव कामरेड मनीष कुंजाम, सत्यनारायण कमलेश, रामा सोड़ी, रामू राम मौर्य, जीआर नेगी, गंगा राम नाग, कवासी हंदा, हड़मा मरकाम, आराधना मरकाम, मंजू कवासी, महेश कुंजाम, सोनाधार नाग, रामधर बघेल, देवाराम मंडावी, शैलेंद्र कश्यप, कमलेश झाड़ी, पी. लक्ष्मीनारायण, मंगल कश्यप, भीम सेन मंडावी, शंकर राव, राजेश नाग, जीवन बघेल, कामरेड तिरुमल रमन, धीरज शर्मा, पुष्पा सोढ़ी, अशोक श्रीवास्तव, बीएल श्रीवासतव, सुदरू कुंजाम, सोना राम मुदमी, जितेंद्र सोढ़ी सहित राज्य परिषद के समस्त सदस्य उपस्थित थे। इसी बैठक में बस्तर संभाग की सात सीटों पर प्रत्याशियों का प्रथम चरण में नाम ऐलान किया गया। इसमे कोंटा से मनीष कुंजाम, दंतेवाड़ा से भीमसेन मंडावी, बीजापुर से पी. लक्ष्मीनारायण, चित्रकूट रामूराम मौर्य, कोंडागांव जयप्रकाश नेताम, केशकाल से दिनेश मरकाम, नारायणपुर से फुलसिंह कचलाम को प्रत्याशी बनाए जाने की घोषणा की गई।

# राजनीतिक दलों की मौजूदगी में ईव्हीएम का अवलोकन

**कलेक्टर ने दी सीसीटीवी कैमरा व सुरक्षा की जानकारी**



**दंतेवाड़ा,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत नंदनवार एवं राजनैतिक दलों के द्वारा त्रैमासिक ईव्हीएम एवं वीवीपेट वेयर हाउस का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को ईव्हीएम एवं वीवीपेट की जानकारी देते हुए कहा कि वेयर हाउस में सभी प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा, अग्निशमन व्यवस्था के साथ-साथ मूलभूत सुविधाओं एवं अन्य व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है। इस मौके पर संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेंद्र ठाकुर, एसडीएम एवं आरओ शिवनाथ बघेल, जिला कोषालय अधिकारी मनोज नारंग एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# नक्सलियों के कब्जे में है लापता जवान शंकर

- माओवादियों ने प्रेस नोट जारी कर पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप, कहा- 29 सितंबर से है कब्जे में
- दो दिन पहले ही शंकर के परिवार के लोगों ने की थी माओवादियों से छोड़ने की विनम्र अपील



**बीजापुर,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर से बस्तरिया बटालियन के जवान शंकर कुडियम का नक्सलियों ने अपहरण कर लिया है. नक्सलियों के माड़ डिवीजन कमेटी ने जवान के अपहरण की जिम्मेदारी ली है. माओवादियों के माड़ डिवीजन कमेटी की सचिव अनीता मंडावी ने प्रेस नोट जारी कर इसकी जानकारी दी है. नक्सली नेता ने कहा 29 सितंबर से जवान उनके कब्जे में है. माओवादी नेता ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि जवान शंकर कुड़ियम के अपहरण की जानकारी पुलिस छुपा रही थी। माओवादी नेता ने कहा अभी जवान से पूछताछ चल रही है. पुलिस की प्रतिक्रिया के आधार पर संगठन द्वारा फैसला लिया जाएगा. माओवादी नेता ने ताड़मेटला कांड में शामिल दोषी कर्मियों पर कार्रवाई और उन्हें सजा देने की मांग रखी है।

बीजापुर से बस्तरिया बटालियन के जवान शंकर कुडियम का नक्सलियों के अपहरण करने की खबर बुधवार को सामने आई थी. बताया जा रहा कि अपहृत आरक्षक शंकर कुडियम एरमनार गांव का रहने वाला है और वह बीजापुर पुलिस लाइन में पदस्थ था. शंकर 27 और 28 सितंबर से अनुपस्थित था. 29 सितंबर को भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के उसपरी गांव से अपहरण कर ले जाने की जानकारी सामने आई है. वहीं परिजनों और सर्व आदिवासी समाज ने जवान के सकुशल रिहाई के लिए नक्सल संगठन से अपील की है।

# भाजपा अजजा ने रानी दुर्गावती की जयंती पर उन्हें किया नमन




**भानुप्रतापपुर,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मंडल भानु प्रतापपुर के द्वारा आज 5 अक्टूबर को देश की महान राष्ट्र और धर्म की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाली साहस और पराक्रम की प्रतिमूर्ति महान वीरगांना रानी दुर्गावती की जयंती पर उन्हें अनुसूचित जनजाति मोर्चा भाजपा मंडल भानुप्रतापपुर के कार्यकर्ताओं ने उनकी मूर्ति स्थान कांकेर रोड पर जाकर पूजा-अर्चना माल्यार्पण कर उन्हें सदर शत-शत नमन किया इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं में उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि धर्म एवं राज्य की रक्षा हेतु अपने प्राणों का बलिदान देने वाली अदमय साहस और शौर्य की प्रतिमूर्ति महान वीरांगना चंदेलों की बेटी थी गोंडवाने की रानी थी चंडी थी रणचंडी थी वह दुर्गावती भवानी थी. पर युवा मोर्चा प्रदेश है प्रशिक्षण प्रभारी देवेंद्र टेकाम अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश कारखाने सदस्य परमानंद तेता अनुसूचित जनजाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष चैतू राम अचल भाजपा मंडल अध्यक्ष उत्तम सिंह चौहान भाजपा मंडल महामंत्री डिगेश खापर्डे भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अरविंद जैन युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष जनपद सदस्य कमलेश निषाद अनुसूचित जाति मंडल महामंत्री लक्ष्मण कुलदीप रवि जैन लिलेश दुगा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# रानी दुर्गावती सम्मान से मड़ानार के शिक्षक व बच्चे सम्मानित किए गए



**कोण्डागांव,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। रानी दुर्गावती माता लोक कल्याण समिति कोण्डागांव द्वारा 5 अक्टूबर को वीरांगना रानी दुर्गावती जी की जयंती अवसर पर वार्षिक सम्मेलन एवं उत्कृष्ट खिलाड़ियों, समाज सेवकों, स्वच्छता दीदियों, शिल्पकारों का सम्मान करने हेतु समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें काष्ठ शिल्पकार शिवचरण को सामाजिक उत्थान में मरणोपरांत अपने अंग और देहदान की घोषणा के साथ जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क रक्त दान के लिए सम्मानित किया गया। वही सिलंबम गतका और योग में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मड़ानार के खिलाड़ी फलेंद्र ठाकुर, खिलेंद्र बघेल, लोकेश ठाकुर, कु.सुबती, कु.सिंधु नाग, कु.वेदिका बघेल, मंजनु सोरी, राजेश ठाकुर, देवअंश सोनबोईर, सत्या बघेल तथा राष्ट्रीय स्तर पर दिलेश्वर धनेश्वर ठाकुर, कु.रीता, कु.खिलेंद्री, कु.उपासी सोरी, कु.जम्बती, कु.सुकयारीन, गजेंद्र सागर सोरी, दिलीप यादव, संजय यादव, नितेश, निक्कू सोरी, विष्णु सोरी, कु.नेहा बघेल, कु.अंजली ठाकुर, कु.चीनो, कु.अंजली नाग, कु.मोनिका ठाकुर, कु.उषा, कु. दीपशीला, इसमन राजेश रोहित नाग, धनसु सोरी, कु.कामेश्वरी, कु.प्रमिला यादव, लकेश्वर, कु. सजना, हासेंद्र ओमप्रकाश, गणेश्वर, विनय, अनंत, अविनाश को मुख्य अतिथि सर्वश्री फरसूराम सलाम अध्यक्ष एससी एसटी ओबीसी मूल निवासी सर्व समाज धंसराज टंडन अध्यक्ष सर्व समाज आर.के.जैन सरंक्षक सर्व समाज अनिल कोर्राम अध्यक्ष अन्दकुरी गांडा समाज सुनील यादव जिला अध्यक्ष छत्तीसगढ़ पत्रकार संघ कोंडागांव जेसीआई अध्यक्ष डॉ.शिल्पा देवांगन की उपस्थिति और सचिव रोशन ध्रुव, अध्यक्ष रितेश कोर्राम, रानी दुर्गावती लोक कल्याण समिति की अध्यक्षता में प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## सार-संक्षेप

### बीएसएफ ने चलाया राष्ट्रव्यापी स्वच्छता अभियान



**दंडकवन/ नारायणपुर,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिनेश कुमार, उप कमान्डेण्ट, कार्यवाहक समादेष्टा, 11वाहिनी की अगुआई में बीएसएफ की सीओबी दंडकवन एवं अन्य सभी सीओबीमें राष्ट्रव्यापी स्वच्छता अभियान के चलते सफाई कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों एवम जवानों ने मिलकर अपने कैंपों के अंदर एवं बाहर के इलाके को साफ किया। इस मौके पर श्री दिनेश कुमार, कार्यवाहक समादेष्टा, 11 बटालियन ने सभी जवानों को अवगत कराया कि महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को पूरा करने के लिए सभी जवान प्रयासरत हैं, स्वच्छता पखवाड़ा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा अप्रैल 2016 में स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत शुरू किया था। स्वच्छता पखवाड़ा भारत सरकार के स्वच्छ भारत अभियान का हिस्सा है और इसका उद्देश्य देश को स्वच्छ बनाने के लिए लोगों को प्रेरित करना है।

### 21 से 30 तक परचनपाल में होगा एनसीसी का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर

**जगदलपुर,** 5 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ गर्ल्स बटालियन एनसीसी द्वारा शासकीय कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल में 21 से 30 अक्टूबर तक दस दिवसीय सयुंक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जायेगा। कमांडिंग आफिसर 1 छत्तीसगढ़ गर्ल्स बटालियन एनसीसी जगदलपुर से मिली जानकारी के अनुसार उक्त सयुंक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में बस्तर, कांकेर, कोण्डागांव, दन्तेवाड़ा एवं नारायणपुर जिले के विद्यालयों और महाविद्यालयों के गर्ल्स एनसीसी कैडेट्स तथा एनसीसी ऑफिसर एवं कर्मचारी सम्मिलित होंगे।

# पालकों व स्कूल समिति के सदस्यों ने खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा



**चारामा,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। मध्यान्ह भोजन में अंडा देने सहित खाने की गुणवत्ता सही करने की मांग को लेकर ग्राम स्वच्छता समिति के सहयोग से पालकों और स्कूल समिति के सदस्यों ने कहा खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौपा ।ग्राम स्वच्छता समिति के सदस्यों और पालकों ने बताया की विकास खण्ड चारामा में 254 स्कूल में मध्यान्ह भोजन संचालित है। जबकि 15 जनवरी 2019 से छत्तीसगढ़ शासन सचिव के आदेशानुसार हर स्कूल मध्यान्ह भोजन में अण्डा देने का प्रावधान है। लेकिन 254 में से सिर्फ 26 स्कूल में ही अण्डा दिया जा रहा हैं। 228 स्कूलों में ही दिया जा रहा है ।मैन्यू मैं सप्ताह में 2 दिन अंडा ,दूध या उसके समतुल्य न्यूट्रेशन मूल्य का पदार्थ दिया जाना चाहिए, यदि बच्चे के पालको के द्वारा अंडा को लेकर आपत्ति की जताई तो उसके स्थान पर अन्य समतुल्य पदार्थ दिया जाना चाहिये। जिससे बच्चो में प्रोटीन की मात्रा में वृद्धि हो सके। लेकिन कुछ ही स्कूलों में अंडा दूध या उसके समतुल्य प्रोटीन की मात्रा वाली सामग्री का वितरण किया जा रहा है लगभग लगभग सभी स्कूलों में नियमित दाल चावल और सब्जी का ही वितरण हो रहा है ना ही बच्चों को पापड़ अचार दिया जा रहा है। वहीं कई संस्थानों में सब्जी की गुणवत्ता बहुत ही निम्न क्वालिटी की होती जा रही है ,नगर के एक प्राइमरी स्कूल में बीते कई दिनों से बच्चों को दाल की बजाय सब्जी और चावल ही दिया जा रहा है। वहीं जनपद माध्यमिक शाला के साला समिति के अध्यक्ष और सदस्यों ने भी वीडियो को ज्ञापन सौंपा और बताया कि साल में जो समूह वर्तमान में संचालित है वह सही तरीके से सही मापदंड से बच्चों को खाना नहीं दे रही है, बच्चों को पर्याप्त मात्रा में सब्जी नहीं मिल पा रही है और शिकायत करने पर हमेशा समूह के द्वारा स्कूल समिति के सदस्यों से अमानवीय व्यवहार किया जाता है। इन सभी समस्याओं पर खंड शिक्षा अधिकारी केशव साहू के द्वारा बताया गया कि किसी भी स्कूल में अंडा दिया जाना अनिवार्य नहीं है, शासन की गाइडलाइन के अनुसार महीने में कम से कम दो बार अंडा या दूध या प्रोटीन से भी युक्त सामग्री बच्चों को खिलाई जानी है, लेकिन किसी स्कूल में अगर किसी प्रकार का विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है ,तो उसे आपस में स्कूल समिति शिक्षकों को निदान करना है, इस स्कूल स्तर पर ही मध्यान भोजन कैसे चलना है, पर बैठक कर समस्या का निदान किया जाए ।मेरे द्वारा स्कूलों को आदेशित कर दिया जाएगा कि शासन की गाइड लाइन अनुसार बच्चों को मेनू दिया जाए, लेकिन किसी बच्चों को अंडा खाने हेतु बाध्य भी ना किया जाए ,वहीं दूसरी समस्या जनपद माध्यमिक शाला पर भी उन्होंने कहा कि यह भी स्कूल स्तर का ही मामला है, स्कूल के प्राचार्य शिक्षक एवं शाला समिति के सदस्य बैठकर अगर महिला समूह के कार्यों से संतुष्ट नहीं है तो वे उन्हें हटाकर दूसरे महिला समूह को उसे स्थान पर कार्य दे सकते हैं, जिसकी सूचना मेरे द्वारा उच्च अधिकारी को दे दी जाएगी।

# संसदीय सचिव ने पांच पंचायतों में 6 करोड़ 73 लाख से अधिक के सड़क व नल-जल योजना का भूमिपूजन किया



**जगदलपुर,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव नगरीय प्रशासन एवं श्रम विभाग रेखचंद जैन ने जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत चोकावाड़ा, जीरागांव ,घाटपदमूर ,कुम्हरावंड एवं कालीपुर में 6 करोड़ 73 लाख 47 हजार रुपए के सड़क नवीनीकरण,नाली निर्माण एवं नल जल योजना का भूमि-पूजन किया। इस अवसर पर विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने कहा कि हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा अनुरूप ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। एन एच 43 से चोकावाड़ा एवं एन एच 43 से जीरागंव होते हुए कुम्हली तक की सड़क जर्जर हो गई थी तथा यहां के लोगों की वर्षों से इस सड़क को बनाने की मांग थी। हमने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से उच्च गुणवत्ता की सड़क स्वीकृत करने की मांग की थी जो स्वीकृत हो गई है और अब जल्द ही यह सड़क बन कर तैयार हो गाएंगी। इसी तरह हमारी सरकार हर घर तक शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए लगातार कार्य कर रही है और आज विभिन्न पंचायतों में करोड़ों रुपए के नल-जल योजनाओं का भूमि-पूजन किया गया है।

# एसपी ने संवेदनशील व उड़ीसा राज्य सीमा से लगे मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण



**कोण्डागांव,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोण्डागांव एस.पी. द्वारा आगामी विधान सभा चुनाव के मद्देनजर संवेदनशील क्षेत्र सहित उड़ीसा राज्य के सीमा से लगे मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया जाकर मतदान केन्द्रो में सेक्टर अधिकारी, सेक्टर पुलिस अधिकारी व थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। एस.पी. येदुवेल्ली अक्षय कुमार भा.पु.से.जिला कोण्डागांव के द्वारा 05 अक्टूबर 2023 को आगामी विधान सभा चुनाव के मद्देनजर मतदान केन्द्र संबलपुर, बम्हनी, बोरगांव, काकड़गांव, पलारी, बीजापुर, एरला, हीरापुर, इंगरा, पीढापाल का दौरा कर मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। मतदान केन्द्रों में सेक्टर अधिकारी, सेक्टर पुलिस अधिकारी व थाना प्रभारी कोण्डागांव, अनंतपुर, माकडी उपस्थित रहे, जिन्हें एस.पी. के द्वारा निर्विघ्न निर्वाचन कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। संवेदनशील क्षेत्र एवं उड़ीसा राज्य की सीमा से लगे मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। मतदान केंद्रों के निरीक्षण के दौरान एस.डी.ओ.पी.कोण्डागांव निमितेश सिंह उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने प्रेस कांफ्रेंस द्वारा मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की घोषणा की



**कोण्डागांव,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोण्डागांव कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी द्वारा प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर मीडिया प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की घोषणा करने के साथ ही उन्होंने कोण्डागांव जिले में आने वाले निर्वाचन क्षेत्रों के संबंध में विभिन्न जानकारियां देते हुए मतदाता सूची प्रकाशन के साथ मीडिया प्रतिनिधियों के सवालों का जवाब भी दिया, जिसमें उन्होंने बताया कि जिले में शत प्रतिशत ईपीक निर्माण कार्य किया गया है। नये मतदाताओं के लिए ईपीक कार्ड तैयार कर जल्द से जल्द वितरण के लिए डाक विभाग के साथ प्रशासनिक अमले को भी तैनात किया गया है। जिले में महिला मतदाताओं की संख्या पुरूषों की अपेक्षा अधिक है। यहां लिंगानुपात 1000-1065 है। जिले में स्थापित 588 मतदान केन्द्रों में संवेदनशील मतदान केन्द्रों की पहचान कर उनमें व्यवस्थाएं की जाने के साथ ही निर्वाचन आयोग के निर्देशासनुसार 50 प्रतिशत मतदान केन्द्रों का सीधा प्रसारण एवं मानिटरिंग आयोग द्वारा की जाएगी। मतदान को निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से सम्पन्न कराने के लिए मीडिया की भूमिका सदैव अहम रही है। इस निर्वाचन में भी मीडिया को सतत सहयोग एवं सक्रिय भूमिका निर्वाह करने हेतु कलेक्टर सभी को प्रोत्साहित किया।

मतदाता सूची में प्रारंभिक प्रकाशन के समय 2855 दिव्यांग मतदाताओं को चिन्हांकित किया गया, जिनकी संख्या अंतिम प्रकाशन में बढ़कर 4273 हो गयी है। 18-19 आयु वर्ग में प्रारंभिक प्रकाशन के समय में 10752 मतदाता थे जो अंतिम प्रकाशन में बढ़कर 18878 हो गयी है। इसमें कुल मतदाताओं की संख्या में 8126 की वृद्धि हुई है।

जिले के 18 से 22 वर्ष आयु वर्ग के 48 हजार 305 मतदाता इस विधान सभा निर्वाचन में पहली बार मतदान कर सकेंगे। 80 वर्ष से अधिक के 3020 मतदाताओं की पहचान कर उन्हें सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेंगी। बैठक में जिला पंचायत सीईओ प्रेम प्रकाश शर्मा, सहायक संचालक जन सम्पर्क अर्जुन प्रसाद पाण्डे, मीडिया प्रतिनिधि के रूप में शंभु यादव, अनुज कुमार, जितेन्द्र सुराना, मुकेश राठोर, संजीव शर्मा, इशरार अहमद, शाहिद मेमन, नीरज उईके, रमाकांत सिन्हा, अंजय यादव, अमरेश झा, दीपक वैष्णव, मिलन राय, हरिश कुमार देवांगन, विश्व प्रकाश शर्मा, यादव देवांगन, बंकिम साना, लक्ष्मी पटेल, चंदन विश्वास, बन्नूराम यादव, सिद्धार्थ महाजन सहित मास्टर ट्रेनर्स एवं विभागीय अधिकारी शामिल हुए।

# शासकीय उद्यान रोपणी कोपाबेड़ा में कृषकों को कराया गया प्रशिक्षण सह भ्रमण



**कोण्डागांव,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय उद्यान रोपणी कोपाबेड़ा में राज्य कृषक प्रषिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत त्रिदिवसीय प्रषिक्षण का आयोजन कर कृषकों को प्रषिक्षण सह भ्रमण कराया जाकर उद्यानिकी टूलकिट का वितरण भी किया गया ।कोण्डागांव जिले में राज्य एवं केन्द्र पोषित योजनाओं के माध्यम से कृषकों को पूर्व से ही विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण सह भ्रमण कराया जाता है जिसके तहत उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी विभाग द्वारा शासकीय उद्यान रोपणी कोपाबेड़ा का कृषकों हेतु 28 सितम्बर, 4 एवं 5 अक्टूबर को कृषक प्रषिक्षण सह भ्रमण का आयोजन कराया गया। जिसमें कृषि विज्ञान केन्द्र बोरगांव से विषय वस्तु विशेषज्ञ (उद्यानिकी) डॉ. सुरेश कुमार मरकाम द्वारा उद्यानिकी फसलों के खेती के लाभ के साथ-साथ समन्वयित कृषि प्रणाली पर विस्तार से व्याख्यान किया साथ ही विषय वस्तु विषेषज्ञ (पौध रोग विज्ञान) डॉ.वंदना शुक्ला द्वारा शाक सब्जियों में होने वाले बीमारियों के लक्षण एवं उपचार पर कृषकों को विस्तार से जानकारी दिया गया। इस दौरान सहायक संचालक उद्यान विमल कुमार गौतम द्वारा कृषकों को प्राकृतिक खेती से जोडते हुये उन्हें 'षून्य बजट' पर खेती करने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य कृषि स्थायी समिति के सदस्य षिव कुमार कोर्राम उपस्थित हुए जिनके द्वारा कृषकों को उद्यानिकी फसलों की खेती करने हेतु प्रोत्साहित करते हुये कृषकों को प्रमाण पत्र एवं उद्यानिकी टूलकिट का भी वितरण किया गया। इस दौरान उद्यान अधीक्षक लोकेश्वर प्रसाद धुव, हिमाचल नेताम, इंद्राणी पेगड़ सहित ग्राम बनसिरसी एवं भीरागांव ब के कृषक भी उपस्थित रहे।

# कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

**दुकानदार**- बहनजी आप दुकान पर आती हैं, गहने देखती हैं पर कुछ लेती क्यों नहीं ?

**ग्राहक**- हमेशा लेती हूं पर आप ध्यान नहीं देते..

# भाजपा कार्यालय में हंगामा

## आरंग से गुरु खुशवंत के नाम पर विरोध

### कार्यकर्ताओं ने कहा- नहीं चाहिए पैराशूट प्रत्याशी






**रायपुर,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा में लगातार संभावित प्रत्याशियों के खिलाफ कार्यकर्ता प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी बीच गुरुवार को भी कार्यकर्ताओं को भारी भीड़ रायपुर के भाजपा मुख्यालय में जुटी। ये सभी लोग आरंग से पैदल मार्च कर पहुंचे थे। जिन्होंने गुरु खुशवंत का नाम लेकर कहा कि, हम उनका सम्मान करते हैं लेकिन हमें पैराशूट लैंडिंग नहीं चाहिए। टिकट जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को ही मिलना चाहिए।

आरंग से आए कार्यकर्ता नारेबाजी करते प्रदेश कार्यालय में घुस आए। काफी देर तक यहां हंगामा करते हुए भीड़ प्रदेश के बड़े नेताओं से मिलने की जिद करने लगी। इस दौरान सैकड़ों कार्यकर्ता जमीन पर ही बैठ गए। विरोध प्रदर्शन विधानसभा चुनाव की टिकट को लेकर था। आरंग विधानसभा सीट से गुरु खुशवंत साहेब का नाम चर्चा में है। जिसके कारण कार्यकर्ता नाराज हैं।प्रदेश कार्यालय में मौजूद कुछ पदाधिकारियों ने इन्हें समझाने का प्रयास किया।

**कार्यालय में ही आरंग से आए कार्यकर्ता धरना देकर बैठ गए**

कार्यकर्ताओं ने कहा कि- हम किसी व्यक्ति विशेष के लिए नहीं आए हैं। हम गुरु खुशवंत का सम्मान करते हैं। हमारा कहना है कि जिसे पार्टी में आए 15 दिन हुए हैं, ऐसे लोगों को बतौर विधायक प्रत्याशी दिखना सही नहीं है। कुछ जगह से हमको जानकारी मिली है कि आरंग से टिकट के लिए उनका नाम सामने आया है।

कार्यकर्ताओं ने आगे कहा कि, किसी को भी टिकट दे दें हम तो पूरी मेहनत करेंगे और कमल के फूल को जीताएंगे। लेकिन हम चाहते हैं कि, जिन्होंने शिव डहरिया के खिलाफ मेहनत की ऐसे किसी जमीनी कार्यकर्ता को टिकट मिलना चाहिए। हमें पैराशूट लैंडिंग नहीं चाहिए।

इससे पहले पैदल मार्च करते हुए सभी कार्यकर्ता रायपुर आए।प्रदर्शन करते हुए कार्यकर्ताओं ने कहा कि- हमें दुख हुआ तकलीफ हुई, कार्यकर्ताओं और आम मतदाताओं में आक्रोश है, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी के वो नेता, कार्यकर्ता जिन्होंने लगातार संघर्ष किया। जिन्होंने आरंग से विधायक और सरकार में मंत्री शिव डहरिया के खिलाफ संघर्ष किया। जो मंत्री के खिलाफ खड़े रहे। ऐसे लोगों को ही टिकट मिलना चाहिए। भाजपा ने 21 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी किहाई। अब तक दूसरी सूची जारी नहीं की है। सिर्फ कयासों और संभावित नाम को लेकर यह विवाद हो रहा है। कई नामों पर भाजपा के भीतर ही बवाल है। बड़े नेताओं तक शिकायतें की गई हैं। 2 दिन पहले ही छत्तीसगढ़ी फिल्म एक्टर अनुज शर्मा का भी विरोध हुआ था। रायपुर के धरसींवा में उनका पुतला जलाया गया। सतनामी समाज के धार्मिक गुरु बालदास साहेब के बेटे हैं खुशवंत साहेब। पिता के साथ सामाजिक कामों में सक्रिय अब राजनीतिक मैदान में हैं। अगस्त में ही भाजपा की सदस्यता ली है। इससे पहले साल 2013 में छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के समय बालदास भाजपा का समर्थन करते थे।

2018 विधानसभा चुनाव से पहले उन्होंने कांग्रेस का हाथ थाम लिया था। बालदास कांग्रेस में तरजीह न मिलने से खफा थे, तो बेटे के साथ भाजपा की सदस्यता ले ली। अमित शाह के रायपुर दौरे के वक्त खुशवंत साहेब ने आरंग विधानसभा सीट से भाजपा के टिकट चुनावों लड़ने की इच्छा जताई थी।

गुरुवार को आरंग के भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में भाजपा के प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर के लिए रवाना हुए। कार्यकर्ता अपने हाथों में तख्ती लेकर नारेबाजी करते हुए आरंग के हाई स्कूल मैदान से कॉलेज चौक तक पैदल मार्च कर संभावित पैराशूट प्रत्याशी का विरोध करते हुए नजर आए। विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के संभावित संभावित प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट सामने आने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखी जा रही है। विधानसभा से कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए सतनामी समाज के धर्मगुरु बालदास के बेटे गुरु खुशवंत साहेब का नाम शामिल है। गुरु खुशवंत साहेब भी भाजपा में शामिल होने के बाद से क्षेत्र का सघन दौरा कर भाजपा के लिए प्रचार कर रहें है। ऐसे में पार्टी के कार्यकर्ताओ का कहना है कि जिन्होंने लंबे समय से पार्टी के लिए काम किया और कार्यकर्ताओं को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है ऐसे नेता को ही आरंग विधानसभा से टिकट मिलना चाहिए न कि कुछ माह पहले भाजपा में शामिल हुए व्यक्ति को।

# मोदी के कृत्यों पर पर्दा डालने अनुराग ठाकुर ने झूठे आरोप लगाए : कांग्रेस

**रायपुर,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काफी पहले झूठ बोलने की जो श्रृंखला शुरू की उसी को केन्द्र सरकार के मंत्री अनुराग ठाकुर छत्तीसगढ़ में आगे बढ़ाने आए थे। अडानी के साथ मिलकर देश को लूटने का जो सिलसिला भाजपा ने शुरू किया उस पर पर्दा डालने दूसरों पर ये झूठे आरोप लगा रहे हैं।ये बार-बार झूठ बोलते हैं कि गंगा जल हाथ में लेकर शराब बंदी की कसम खाई गई थी। सच्चाई यह है कि गंगा जल हाथ में लेकर किसानों से कर्ज माफी का वादा किया गया था जो कि पूरा भी हुआ। तत्कालीन कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता जयबीर शेरगिल जो गंगा जल हाथ में लेकर यहां कसम खाए थे वे दोनों अब भाजपा की गोद में जा बैठे हैं।



■ गंगा जल हाथ में लेकर कसम खाने वाले भाजपा की गोद में जा बैठे : शुक्ला

राजीव भवन में आज पत्रकारवार्ता में सुशील शुक्ला ने कहा कि अनुराग ठाकुर ने एक बार फिर से झूठ बोला कि धान खरीदी केंद्र सरकारकरती है। हकीकत यह है कि छत्तीसगढ़ में धान कांग्रेस सरकार अपने खुद के दम पर खरीदती है। धान खरीदने में केन्द्र सरकार का एक पैसे का भी योगदान नहीं है। मोदी सरकार तो घोषित समर्थन मूल्य से 1 रूपये भी ज्यादा कीमत देने पर राज्य सरकार को धमकाती है।श्री शुक्ला ने कहा कि अनुराग ठाकुर ने प्रधानमंत्री आवास पर भी झूठ बोला। मोदी सरकार की गरीब विरोधी नीति के कारण केन्द्र की मोदी सरकार लगातार छत्तीसगढ़ की उपेक्षा कर रही है। राज्य के प्रतीक्षारत 7 लाख आवासों की प्रतीक्षा सूची को केन्द्र लंबे समय से रोके रखा हैं, जिसके कारण राज्य आवासहीनों को परेशानी उठानी पड़ रही थी। शुक्ला ने कहा कि महादेव एप्प पर भी अनुराग ठाकुर ने झूठ बोलकर अपने पाप को छुपाया है। महादेव एप्प को भाजपा की केंद्र सरकार का संरक्षण है।

छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार तो महादेव एप्प पर कार्रवाई की है।एप्प पर प्रतिबंध लगाने का अधिकार केंद्र सरकार के पास है। केंद्र सरकार महादेव एप्प पर प्रतिबंध क्यों नहीं लगाती ? पत्रकार वार्ता में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी महामंत्री (प्रशासन व संगठन) मलकीत सिंह गैदू, महामंत्री चंद्रशेखर शुक्ला, अजय साहू, वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर, सुरेंद्र वर्मा, प्रवक्ता नितिन भंसाली उपस्थित थे।

# हाईकोर्ट ने पीएससी व राज्य शासन को जवाब पेश करने का दिया समय

**16 को होगी अगली सुनवाई**

**रायपुर,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश में कथित छत्तीसगढ़ पब्लिक सर्विस कमीशन घोटाला मामले में आज हाईकोर्ट में सुनवाई हुई।इस दौरान कोर्ट ने राज्य सरकार को जवाब देने के लिए 10 दिन का अतिरिक्त समय दिया है।मामले में अब अगली सुनवाई 16 अक्टूबर को होगी। भाजपा सरकार में गृहमंत्री रहे ननकीराम कंवर ने छत्तीसगढ़ पीएससी में बड़े स्तर पर घोटाले का आरोप लगाते हुए हाईकोर्ट में याचिका लगाई है।

■ पूर्व मंत्री ननकी राम कंवर ने दायर की थी याचिका

मामले में चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की बेंच में सुनवाई जारी है। हाईकोर्ट ने पूर्व मंत्री की याचिका पर पीएससी और राज्य शासन को जवाब पेश करने के लिए कहा है।इससे पहले राज्य सरकार ने हाईकोर्ट के समक्ष कहा था, कि वो स्वयं जांच करने के बाद न्यायालय के सामने जवाब पेश करेंगे। इसके साथ ही सरकार ने कहा है कि मामले की अगली सुनवाई जब तक नहीं हो जाती तब तक जिन व्यक्तियों पर आरोप लगा है और उनकी नियुक्ति नहीं हुई है, उन्हें अंतिम रूप नही दिया जायेगा।वहीं जिनकी नियुक्तियां हो चुकी है, उनकी नियुक्ति ➢➢ शेष पृष्ठ 4 पर ➢

## प्रदेश प्रभारी माथुर के आवास में बैठक

# कुछ सीटों पर नए चेहरों को मिल सकता है मौका

**रायपुर,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 के लिए भाजपा प्रत्याशियों की दूसरी सूची को लेकर भाजपा प्रदेश प्रभारी ओम माथुर के दिल्ली स्थित आवास में भाजपा नेताओं की बैठक चल रही है। बैठक में चुनावी रणनीति पर भी रायशुमारी की जा रही है. कुछ सीटों पर नए नाम को लेकर चर्चा होने की खबर सामने आई है। रायपुर, दुर्ग, बालोद, बिलासपुर जिले के कई सीटों में कार्यकर्ताओं में सबसे ज्यादा असंतोष की स्थिति है।

इसके चलते भाजपा संभावित सूची में शामिल नाम बदल सकती है।पूर्व मंत्री रामसेवक पैकरा और रमशीला साहू को छोड़कर सभी पूर्व मंत्रियों को टिकट देने के फार्मूले पर भी कार्यकर्ताओं में नाराज़गी की खबर सामने आई है। पार्टी हाईकमान इन सीटों पर विचार कर रहा है। बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव समेत कई नेता मौजूद हैं। बताया जा रहा कि भाजपा की दूसरी सूची जारी करने में विलंब हो सकती है।

# रायपुर से नौ माह में 18 लाख से ज्यादा यात्रियों ने भरी उड़ान


### रायपुर से जैसलमेर के लिए 29 से विमान सेवा

**रायपुर,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। रायपुर एयरपोर्ट से हवाई यात्रियों की आवाजाही में अब लगातार बढ़ोतरी होती जा रही है। इस वर्ष बीते नौ माह में स्वामी विवेकानंद विमानतल से 18 लाख से ज्यादा हवाई यात्रियों की आवाजाही हुई। हर माह दो लाख से ज्यादा यात्रियों ने उड़ान भरी है। पिछले वर्ष नौ माह की तुलना में इस वर्ष नौ महीने में 3 लाख 41 हजार 242 यात्रियों की आवाजाही अधिक हुई।



मिली जानकारी के अनुसार इस वर्ष जनवरी से लेकर सितंबर तक रायपुर विमानतल से कुल 18 लाख 26 हजार 786 यात्रियों की आवाजाही हुई। वहीं वर्ष 2022 में जनवरी से सितंबर तक कुल 14 लाख 85 हजार 554 हवाई यात्रियों की आवाजाही हुई थी। हालांकि उड़ानों के संचालन में पिछले वर्ष की तुलना में कमी रही। वर्ष 2022 में नौ माह में 13,950 उड़ानें संचालित हुईं, वहीं इस वर्ष नौ माह में 13,614 उड़ानें संचालित हुईं।विमानतल के निदेशक प्रवीण जैन ने बताया कि यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए विमानतल में नई सुविधाएं भी आ रही हैं। अक्टूबर माह के आखिर में रायपुर से जैसलमेर की सैर करना आसान होगा। बताया जा रहा है कि इंडिगो एयरलाइंस द्वारा 29 अक्टूबर से जैसलमेर और दुर्गापुर के लिए कनेक्टिंग फ्लाइट शुरू कर रही है। इसके साथ ही रायपुर से भुवनेश्वर के लिए भी कनेक्टिंग फ्लाइट शुरू हो रही है।

जानकारी के अनुसार रायपुर से दिल्ली जाने वाली फ्लाइट क्रमांक 2191 सुबह 9.20 बजे रायपुर से दिल्ली उड़ान भरेगी। इसके बाद दिल्ली से जैसलमेर के लिए फ्लाइट क्रमांक 2101 दोपहर 12.45 बजे ➢➢ शेष पृष्ठ 4 पर ➢




CMYK

### एमआईसी की आज बैठक

**रायपुर,** 5 अक्टूबर। महापौर एजाज ढेबर के आदेशानुसार नगर निगम रायपुर की मेयर इन काउंसिल एमआईसी की बैठक 6 अक्टूबर शुक्रवार को दोपहर1 बजे महापौर एजाज ढेबर की अध्यक्षता में नगर निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के तृतीय तल स्थित सभाकक्ष में आहुत की है।



# विधायक विकास का मुखौटा पहनाकर भैंस पर बैठा दिया

## रायपुर में विकास खोजने का सिलसिला जारी

**रायपुर,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। शहर में विकास खोजने के लिए प्रदर्शन का सिलसिला जारी है। गुरुवार को भाजपा ने पश्चिम विधानसभा सीट से विधायक विकास उपाध्याय का मुखौटा पहनाकर एक शख्स को भैंस पर बैठा दिया। अनोखा प्रदर्शन करते हुए भाजपा पार्षद और कार्यकर्ता यह कहते रहे कि, ऐ विकास कहां है तेरा विकास। 2 दिन पहले ही पूर्व मंत्री राजेश मूणत बड़ी सी दूरबीन लेकर शहर की सड़कों पर विकास खोजने निकले थे। इसके बाद फिर शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड नंबर-38 में प्रदर्शन किया। वार्ड में जहां गड्ढे मौजूद थे वहां भैंस पर विधायक का मुखौटा पहने शख्स बैठे शख्स से पूछा गया कि, आखिर शहर में जिस 36 हजार करोड़ रुपए के विकास कार्य का दावा कांग्रेस करती है वह कहां है।



**कहीं विकास नजर नहीं आ रहा है : जायसवाल**

भाजपा पार्षद दीपक जायसवाल ने कहा कि होर्डिंग और अखबारों के माध्यम से जानकारी मिल रही है कि सरकार ने शहर में 36 हजार करोड़ रुपए के विकास कार्य किए हैं। हम उन्हीं विकास कार्य को ढूंढने के लिए निकले हैं। लेकिन हमें शहर में कहीं भी विकास कार्य नजर नहीं आ रहा है।

आज तालाब में सौंदर्यीकरण का काम नहीं हो रहा है। शहर में जहां भी निकलो चारों तरफ रोड और गलियों में गड्ढे ही नजर आएंगे। यही कारण है कि हम विधायक विकास उपाध्याय को भैंस में बैठाकर निकले हैं और उनसे पूछ रहे हैं कि शहर में विकास कार्य कहां हुआ है।

**दलाली का भी लगाया आरोप**

पार्षद दीपक जायसवाल ने विधायक विकास उपाध्याय पर आरोप लगाते हुए कहा कि, जो लोग अवैध तरीके से जमीन दलाली का काम करते हैं आज सिर्फ उनका विकास हुआ है। शहर में जो सट्टा, जुआ का संचालन कर रहे हैं उनका विकास हो रहा है। पश्चिम विधायक के कार्यकर्ताओं का ही विकास हुआ है, बाकी आम जनता के विकास कार्य से उन्हें कोई मतलब नहीं है।

**शहर में विकास कार्य शून्य**

पार्षद ने कहा शहर में आज सारे विकास कार्य ठप हैं। शहर में कोई फ्लाईओवर नहीं बना है। ना ही इस सरकर में कोई नया काम हुआ है। शहर में जितने में कार्य हुए हैं वह पूर्व में भाजपा सरकार के समय के किए हुए हैं। आज शहर में सारे विकास कार्य शून्य है।

**बीमार आंखों से भाजपा नेताओं को नहीं दिखेगा विकास : कांग्रेस**

भाजपा के दूरबीन मामले में रायपुर पश्चिम विधानसभा के ब्लॉक अध्यक्षों दाऊलाल साहू, अशोक ठाकुर एवं देवकुमार साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राज्य में विकास किया है। रायपुर पश्चिम में कई आधारभूत विकास कार्य पूरे किए गए हैं। लेकिन यह सारे विकास विपक्षी नेताओं को नहीं दिखाई देता, क्योंकि वे आंखे होते हुए भी आंखे मूंदे हुए हैं। ऐसे लोगों को विकास दिखाने निकले कांग्रेस के कार्यकर्ता, आंखों वाले मन के अंधों को चश्मा भेंट करते हुए किया अनोखा प्रदर्शन। तीनों ब्लॉक अध्यक्षों ने भाजपा के मनगढ़त कथन को लेकर कहा हमारा इतना ही कहना है कि भाजपा के 15 साल के कार्यकाल में जो विकास हुआ उससे कहीं ज्यादा विकास कांग्रेस की सरकार मात्र 5 वर्षों में ही करके दिखा दी है।उसको भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष अरूण साव और राजेश मूणत हमारे साथ चलकर देखें।

# कलेक्टर ने पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करने वाले राजधानी के शिल्पकार बैरागी को किया सम्मानित

## सुरेंद्र बैरागी नारियल के खोल से बनाते है विभिन्न उत्पाद

**रायपुर,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे ने राजधानी वासी सुरेन्द्र बैरागी को आज सम्मानित किया। श्री बैरागी पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। वे पर्यावरण को प्लास्टिक मुक्त करने के लिए विशेष अभियान चला रहे हैं। इसके लिए उनके द्वारा नारियल के खोल से इको-फ्रैंडली कटोरियां, कप, साबुन दानी जैसे प्रोडक्ट बनाकर नि:शुल्क वितरित की जाती है। डॉ भुरे ने उनकी सराहना करते हुए कहा कि श्री बैरागी और उनके परिवार द्वारा जो कार्य किया जा रहा है अपने आप मे अनूठा है। पूरे समाज को, विशेषकर नई पीढ़ी को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। आज प्लास्टिक के कारण हमारे आस-पास का वातारण दूषित हो रहा है जिसके नकारात्मक प्रभाव देखने को मिलते हैं। उनकी पहल से आम जनता को प्लास्टिक का विकल्प मिलेगा और वे उसका कम उपयोग करने प्रेरित होंगे। उल्लेखनीय है कि रायपुर में रहने वाले सुरेंद्र बैरागी और उनके परिवार ने शहर को प्लास्टिक मुक्त करने के लिए एक अनोखी पहल की है। फाफाडीह में रहने वाले सुरेंद्र बैरागी पर्यावरण संरक्षक है और सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले नुकसान के प्रति लोगो में जागरूकता लाने का प्रयास करते हैं।



श्री बैरागी ने बताया कि मंदिरों में बड़ी मात्रा में नारियल उपयोग होता है और इसकी खोल इस्तेमाल के बाद अनुपयोगी हो जाता है। उन्हें इनसे विभिन्न प्रकार के उपयोगी चीजे बनाने का आइडिया आया और वह इस नारियल के वेस्ट खोल से बेस्ट बनाने में जुट गए। सबसे खास बात यह है कि नारियल से बनी इन चीजों को वह मुफ्त बांटते है। नारियल के बर्तन के साथ ही वह टेबल लैंप चूड़ियां जैसी कलात्मक चीजे भी बनाते है। साथ ही सुरेंद्र जी की पत्नी आशा पुराने कपड़े, चादर या फिर अनुपयोगी कपड़ों से थैला सिलने का कार्य करती हैं और सुरेंद्र अपने मित्रों और बच्चों के साथ इन थैलों को बाज़ार में बांटते हैं। श्री सुरेंद्र कहते हैं कि वह नारियल से बनी इन गुमटियों में उपयोग होने वाले प्लास्टिक के दोने के जगह नारियल से बनी कटोरियों के उपयोग करने के लिए दुकानदारों को आग्रह करते है।

# शह और मात का खेल है शतरंज

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता प्रारम्भ



**रायपुर,** 5 अक्टूबर। गांधी चौक स्थित महंत लक्ष्मी नारायण दास महाविद्यालय में दो दिवसीय राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का शानदार आगाज हुआ इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर निगम सभापति प्रमोद दुबे समिति अध्यक्ष अजय तिवारी सचिव अनिल तिवारी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता भरत खाखरिया समिति उपाध्यक्ष आरके गुप्ता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ देवाशीष मुखर्जी सहित राज्य के 12 टीमों के मैनेजर और कोच तथा 100 से अधिक खिलाड़ियों की विशेष उपस्थिति दर्ज की गई आयोजन में शतरंज के चाणक्य भरत खाखरिया मुख्य अतिथि प्रमोद दुबे सहित सभी गणमान्य अतिथियों का सम्मान किया गया इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रमोद दुबे ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय में शतरंज खेल की शुरुआत होने जा रही है यह खेल अद्भुत है जो बुद्धिमत्ता और चतुराई से खेला जाता है महाविद्यालय के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर से निकलकर विश्व स्तर पर उपलब्धि दर्ज करने में आगे आने लगे हैं जो एक महत्वपूर्ण बात है। वहीं आयोजन में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अजय तिवारी ने कहा कि यह खेल महाभारत के दौर से खेला जा रहा है इसमें राजा रानी मंत्री घोड़ा सभी की विशेष चतुराई के साथ क्षमता देखने को मिलती है।

# लापता जवान शंकर नक्सलियों के कब्जे में है 29 सितंबर से

## माओवादियों ने प्रेस नोट जारी कर पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप

**रायपुर,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। बीजापुर से बस्तरिया बटालियन के जवान शंकर कुडियम का नक्सलियों ने अपहरण कर लिया है। नक्सलियों के माड़ डिवीजन कमेटी ने जवान के अपहरण की जिम्मेदारी ली है। माओवादियों के माड़ डिवीजन कमेटी की सचिव अनीता मंडावी ने प्रेस नोट जारी कर इसकी जानकारी दी है। नक्सली नेता ने कहा 29 सितंबर से जवान उनके कब्जे में है। माओवादी नेता ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि जवान शंकर कुड़ियम के अपहरण की जानकारी पुलिस छुपा रही थी।



माओवादी नेता ने कहा अभी जवान से पूछताछ चल रही है। पुलिस की प्रतिक्रिया के आधार पर संगठन द्वारा फैसला लिया जाएगा।माओवादी नेता ने ताड़मेटला कांड में शामिल दोषी कर्मियों पर कार्रवाई और उन्हें सजा देने की मांग रखी है।

बीजापुर से बस्तरिया बटालियन के जवान शंकर कुडियम का नक्सलियों के अपहरण करने की खबर बुधवार को सामने आई थी। बताया जा रहा कि अपहृत आरक्षक शंकर कुडियम एरमनार गांव का रहने वाला है और वह बीजापुर पुलिस लाइन में पदस्थ था। शंकर 27 और 28 सितंबर से अनुपस्थित था। 29 सितंबर को भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के उसपरी गांव से अपहरण कर ले जाने की जानकारी सामने आई है। वहीं परिजनों और सर्व आदिवासी समाज ने जवान के सकुशल रिहाई के लिए नक्सल संगठन से अपील की है।

### विधानसभा चुनाव

# हरदिहा साहू समाज से प्रत्याशी नहीं बनाने पर भाजपा पार्टी के प्रति आक्रोश

**रायपुर,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। छतीसगढ प्रदेश हरदिहा साहू समाज ने आगामी विधान सभा चुनाव में भाजपा से एक उम्मीदवार टिकट मिलने आस लगाई थी जोकि उनके उम्मीद धूमिल होते नजर आ रही है भाजपा की ओर घोषित प्रत्याशीयों की सूची में हरदिहा समाज से एक कार्यकर्ता टिकट नही दिया गया है इससे समाज में भाजपा पार्टी के प्रति आक्रोश व्याप्त हो गया हैं। जारी बयान में समाज के अध्यक्ष त्रिलोकी राम साहू ने कहा कि आगामी विधान सभा चुनाव में भाजपा पार्टी को इसका खमियाजा भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि समाज के लोग भाजपा पार्टी से तन मन धन से जुड़े हुए है भाजपा के हर कार्यक्रम में समाज की ओर पार्टी के कार्यकर्ता पूरी तनमयता से कार्य करते है लेकिन विधानसभा चुनाव में समाज से जुडे पार्टी कार्यकर्ता को टिकट न दे समाज के प्रति भाजपा पार्टी की अनदेखी करना है इससे समाज की और भाजपा पार्टी के कार्यकर्ताओं में आक्रोश है उन्होनें प्रदेश पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को इस बाबत अवगत भी कराया है और कहा है इसका असर आगामी विधानसभा चुनाव में देखने को मिलेगा।

### सार-संक्षेप

**लोक कला संस्था द्वारा ललित मिश्रा सम्मानित**



**रायपुर,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। लोक कला संस्था दुर्ग द्वारा गांधी प्रतिमा स्थल में आयोजित मैं गांधी बन जाऊं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता पर सर्व ब्राह्मण समाज तथा बेटी बचाओ मंच के प्रदेश व राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा को सम्मानित किया गया। श्री मिश्रा के समाज सेवा, साहित्य व महिला उत्थान के क्षेत्र में प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर निरंतर किया जा रहे कार्यों के कारण यह सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल तथा कला मंच के अध्यक्ष शिवाकांत तिवारी ने शाल, श्रीफल व प्रशस्ति पत्र भेंट कर उक्त सम्मान से सम्मानित किया। आयोजन स्थल पर स्कूली छात्र, युवा वर्ग, नागरिक व विभिन्न संस्थाओं से लोग गांधी के भेष में काफी संख्या में उपस्थित थे।

### निधन

**मनराखन डड़सेना**



**महासमुंद,** 5 अक्टूबर। ग्राम पचरी निवासी 75 वर्षीय मनराखन डड़सेना का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्राम पचरी में 6 अक्टूबर को किया जाएगा। वे चिंतामणी डड़सेना, फागु डड़सेना, मोती डड़सेना के पिता व भूपेंद्र डड़सेना के बड़े पिता थे।

# 15 साल पुराने सरकारी वाहनों के होंगे टुकड़े

## रायपुर में स्क्रैपिंग सेंटर की शुरुआत

**रायपुर,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में पुरानी गाड़ियों के लिए स्क्रैप सेंटर खोला गया है। जिसमें 15 साल से पुराने सभी सरकारी गाड़ियों को अनिवार्य रूप से स्क्रैप कर दिया जाएगा। इस स्क्रैपिंग केंद्र की शुरुआत परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर ने की। उन्होंने बताया कि कोई व्यक्ति अपनी गाड़ी को स्क्रैप करवाता हैए तो उसे नई गाड़ी खरीदने पर टैक्स में 25 प्रतिशत की छूट का लाभ दिया जाएगा। मंत्री अकबर ने कहा कि सरकार की कोशिश है कि छत्तीसगढ़ को मध्य भारत में वाहन स्क्रैपिंग की सबसे बड़े हब के रूप में स्थापित किया जाए। जिसे लेकर इस केंद्र को पूरी तरह डिजिटल बनाया गया है। दरअसल छत्तीसगढ़ औद्योगिक नीति के तहत 2019.24 के तहत रजिस्टर्ड व्हीकल स्क्रैपिंग सेंटर उच्च प्राथमिकता वाले उद्योगों की कैटेगरी में रखा गया है। इस उद्योग को लगाने वाले को सरकारी छूट का लाभ ले सकते है।

**नई गाड़ी खरीदने पर मिलेगी 25 प्रतिशत की छूट**

इस मामले में परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर ने बताया कि रजिस्टर्ड स्क्रैपिंग सेंटर से यदि कोई गाड़ी को स्क्रैप करवाता है। तो उसे नई गाड़ी लेने पर 25 प्रतिशत टैक्स में छूट दी जाएगी। इसके अलावा एक ऑनलाइन सर्टिफिक्रेट भी जारी किया जाएगा। जिसे सर्टिफिक्रेट ऑफ डिपोजिट कहा जाएगा। जो छत्तीसगढ़ के सभी ऑटोमोबाइल डीलरशिप में मान्य होगा।

**बॉडी को धातु के ब्लॉकों में बदलेगी मशीन**

इसमें किसी भी गाड़ी को धातु के ब्लॉकों में बदलने के लिए बेल प्रेस मशीन का उपयोग किया जाएगा। फिर इसे कई कंपनियों को बेचा जाएगा। इसके अलावा कार के इंजनए चेचिस जैसे कई पाट्र्स को पुनर्निमित करने के लिए भी कंपनियों को दिया जाएगा। इस सेंटर को फिलहाल मेटल कॉरपोरेशन ऑफइंडिया चला रही है। यदि कोई व्यक्ति अपने पुराने वाहनों को स्क्रैपिंग करवाना चाहता है तो उसे रजिस्ट्रेशन के लिए कुछ स्टेप्स फॉलो करने पड़ेंगे। जिसके तहत आधिकारिक वेसाइट पर जाएं और एक फॉर्म भरें। फिर निकटतम स्क्रैप सेंटर आवेदक से संपर्क करें और इस प्रक्रिया को शुरू कर दें।

# धारदार चाकू के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर,** 5 अक्टूबर। थाना अभनपुर पुलिस टीम द्वारा थाना अभनपुर क्षेत्रांतर्गत छोटे उरला शराब भट्ठी जाने के रास्ता के पास अवैध रूप से चाकू लेकर घुमते एवं लहरा कर आते जाते लोगो को डराते आरोपी प्रदीप चतुर्वेदानी पिता ललित चतुर्वेदानी उम्र 26 साल निवासी छोटे उरला थाना अभनपुर रायपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखें 01 नग चाकू जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना गंज में धारा 25,27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।



# श्री रावतपुरा सरकार विवि में आयोजित युवा उत्सव में शामिल हुए कैबिनेट मंत्री अनुराग ठाकुर

## गर्ल्स हॉस्टल का किया लोकार्पण, विवि को मिली दो खेलो इंडिया सेंटर की सौगात

**रायपुर,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और खेल, युवा मामलों के कैबिनेट मंत्री अनुराग ठाकुर, नेहरू युवा केन्द्र रायपुर छत्तीसगढ़ युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 5 अक्टूबर 2023 को युवा उत्सव के लिए रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में सुबह 10 बजे पहुंचे, जहां उन्होंने युवाओं से संवाद किया। कैबिनेट मंत्री अनुराग ठाकुर ने विश्वविद्यालय के नर्मदा गर्ल्स हॉस्टल का लोकार्पण भी किया गया। विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति हर्ष गौतम ने उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत किया और कहा की आज विश्वविद्यालय में ऐसे जनप्रतिनिधि उपस्थित हुए है जिन्होंने युवाओं को एक नई दिशा दी है, हमारा विश्वविद्यालय अध्यात्म, शिक्षा एवं सेवा का त्रिवेणी संगम है।




उल्लेखनीय है कि 25 फरवरी 2023 को श्री अनुराग ठाकुर ने विश्वविद्यालय के मोबाइल एप का शुभारंभ किया था। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति एस के.सिंह, कुलसचिव डॉ. सौरभ शर्मा, सभी डीन, एच ओ डी, प्रोफेसर एवं विद्यार्थियों ने उपस्थित हो कर कार्यक्रम शोभा बढ़ा दी।

### कैपिटल जोन का शेष...

**हाईकोर्ट ने पीएससी व राज्य शासन को ...**

पर यथास्थिति न्यायालय के आदेश के अधीन रहेगी। ननकी राम कंवर ने एडवोकेट संजय अग्रवाल के माध्यम से हाई कोर्ट में दायर याचिका में पीएससी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा,ज्ज अधिकारी और नेताओं के बेटे-बेटियों सहित रिश्तेदारों को डिप्टी कलेक्टर, डीएसपी जैसे पदों पर नियुक्त किया गया है। वहीं होनहार बच्चों को दरकिनार किया जा रहा है।

अफसरों के रिश्तेदारों को अच्छे पद दे दिए गए हैं। जिसका असर दूसरे अभ्यर्थियों पर हुआ और उन्हें निचले पदों के लिए सिलेक्ट किया गया है।ज्ज याचिका में ये भी कहा गया है कि साल 2020 की परीक्षा में सिलेक्ट हुए तीन अभ्यर्थियों के नाम 2021 वाली नियुक्ति में जोड़ दिए गए हैं।

**171 पदों के लिए हुई थी भर्ती परीक्षा**

सीजी पीएससी परीक्षा का नोटिफिकेशन साल 2021 में जारी किया था। भर्ती के लिए कुल पद थे 171। परीक्षा का प्री एग्जाम 13 फरवरी 2022 को कराया गया. जिसमें कुल 2 हजार 565 पास हुए थे।इसके बाद आई मेंस एग्जाम की बारी. 26, 27, 28 और 29 मई 2022 को मेंस परीक्षा कराई गई. जिसमें कुल 509 अभ्यर्थी पास हुए. इनको इंटरव्यू के लिए बुलाया गया. जिसके बाद 11 मई 2023 को परीक्षा का फाइनल रिजल्ट जारी हुआ। 170 अभ्यर्थियों का इसमें फाइनल सिलेक्शन हुआ।

**रायपुर से नौ माह में ...**

उड़ान भरेगी और 2.25 बजे जैसलमेर पहुंचेगी। फ्लाइट क्रमांक 2102 जैसलमेर से दिल्ली के लिए दोपहर 2.55 बजे उड़ान भरेगी और शाम 4.15 बजे दिल्ली पहुंचेगी। इसके बाद फ्लाइट क्रमांक 859 दिल्ली से रायपुर के लिए शाम 7 बजे उड़ान भरेगी और रात्रि 8.45 बजे रायपुर पहुंचेगी।

# केंद्रीय मंत्री ने लॉन्च किया 'भू-पे' एप

## 'एप खोलते ही कांग्रेस के भ्रष्टाचार की मिलेगी डिटेल

**रायपुर,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के मीडिया सवांद कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने 'भू-पे' एप लॉन्च किया। निजी होटल में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, सांसद सुनील सोनी, पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, राजेश मूणत भी मौजूद रहे।भाजपा का कहना है कि इस एप को खोलते ही कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार की जानकारी मिलेगी।

डिजिटल पेमेंट सिस्टम की तरह भू पेएप को बनाया गया है। इस एप्प में शराब घोटाला, पीएससी घोटाला, भ्रष्टाचार, कोरोना काल में दिए जाने वाला अतिरिक्त चावल में घोटाला, गौठान घोटाला, कोयला घोटाला, महादेव सट्टा एप के बारे में जानकारी मिलेगी।



पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा, ये एप 5 साल में हुए घोटाले को बताएगी। छत्तीसगढ़ में अब परिवर्तन जरूर होगा।कांग्रेस के खोखले वादे से लोगों में भारी असंतोष है। 36 हजार करोड़ के घोटाले की लंबी सूची है।600 करोड़ पीडीएस घोटाला,5 हजार करोड़ गरीब खाद्यान्न योजना घोटाला, पीएससी की नियुक्ति में घोटाला से प्रदेश में व्यापक असंतोष है। युवाओं को महादेव सट्टा में सरकार ने लिप्त कर दिया है।

**केजरीवाल को किसने दिया ईमानदारी का सर्टिफिकेट बांटने का अधिकार ? : अनुराग**

आम आदमी पार्टी के 'पीएम मोदी मोस्ट करप्ट' वाले बयान पर केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल को ईमानदारी का सर्टिफिकेट बांटने का अधिकार किसने दिया है? सत्येंद्र जैन और मनीष सिसोदिया जेल में हैं, संजय सिंह जेल में जा रहे हैं। अगली किसकी बारी है, यह मीडिया की हेडलाइन बनने की तैयारी है।

केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए आज सुबह रायपुर पहुंचे।

एयरपोर्ट पर पत्रकारों से चर्चा में 'आप' के आरोपों पर कहा कि लोग अरविंद केजरीवाल के ऊपर हंस रहे हैं, चेहरे का तनाव देख रहे हैं? जिसका उपमुख्यमंत्री जेल में हो,जिसके स्वास्थ्य मंत्री जेल में हो, जिनका शिक्षा मंत्री जेल में हो, जिसके पार्टी के सांसद से लेकर विधायक जेल में हो। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इंडिया अगेंस्ट करप्शन का नारा देकर आए थे, और भ्रष्टाचार में डूबे हुए पाए गए। आम आदमी पार्टी के स्वास्थ्य मंत्री को भ्रष्टाचार के चलते इस्तीफा देना पड़ा।इसका अरविंद केजरीवाल के पास कोई जवाब नहीं है। शराब घोटाले में शर्मसार होना पड़ा है।उप मुख्यमंत्री से लेकर बाकी भी जेल गए हैं। अभी न जाने किन-किन का नंबर आएगा, जांच चल रही है। वहीं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आरोप 'प्रधानमंत्री मोदी जब भी आते हैं, झूठ बोलकर जाते हैं' पर कहा कि जिस व्यक्ति का दामन साफ ना हो, 5 साल में अपना किया कुछ ना हो, शराब घोटाले से लेकर कोयले की दलाली से लेकर न जाने क्या-क्या किया।

# प्रदेश से हफ्ते भर में मानसून की विदाई, तापमान में आएगी गिरावट

**रायपुर,** 5 अक्टूबर। प्रदेश में मौसम का मिजाज अब बदल गया है और 12 अक्टूबर के आसपास प्रदेश से मानसून की विदाई संभावित है। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले पांच दिनों तक प्रदेश के अधिकतम तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा, लेकिन न्यूनतम तापमान में गिरावट आएगी। आने वाले दिनों में अब वर्षा की गतिविधि भी घटेगी। बीते कुछ दिनों से बारिश कम होने से अब तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी होने लगी है। गुरुवार को रायपुर का अधिकतम तापमान 33.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा। इसी प्रकार न्यूनतम तापमान 24.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य रहा। प्रदेश में मौसम का मिजाज अभी ऐसा ही रहेगा। एक जून से लेकर 30 सितंबर तक प्रदेश में 1036 मिमी से ज्यादा बारिश हो चुकी है। रायपुर जिले में भी 1000 मिमी से ज्यादा बारिश हुई है।

**अवकाश से लौटी प्रमुख सचिव निहारिका सिंह ने दी ज्वाइनिंग**

**रायपुर,** 5 अक्टूबर। 1997 बैच की आईएएस निहारिका बारिक सिंह ने राज्य प्रशासन में अपनी ज्वाइनिंग दे दी है। निहारिका वर्ष 2021 से चाइल्ड केयर लीव पर थीं। पहले एक वर्ष और फिर एक वर्ष अवकाश बढ़ाया था। वह जर्मनी में थीं। वह प्रमुख सचिव स्तर की अधिकारी हैं। उनके आने से मनोज पिंगुवा के साथ दो प्रमुख सचिव हो जाएंगे। निहारिका, पूर्व में प्रशासन में वित्त सचिव रहीं हैं। जीएडी ने उनकी ज्वाइनिंग की सूचना सीएस और सीएम कार्यालय को भेज दी है। उन्हें जल्द ही पोस्टिंग मिल जाने के संकेत हैं। एक माह पहले ज्वाइनिंग देने वाली श्रुति सिंह को भी पोस्टिंग दी जानी है।

# लड़कियों का नंबर मांगने पर दुर्गा कॉलेज में बवाल

## एनएसयूआई और एबीव्हीपी के कार्यकर्ता आपस में भिड़े



**रायपुर,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के दुर्गा कॉलेज में एनएसयुआई और एबीवीपी कार्यकर्ताओं के बीच जमकर मारपीट हुई है। एनएसयुआई का आरोप है कि एबीवीपी के कार्यकर्ता कॉलेज में घुसकर लड़कियों का मोबाइल नंबर मांग रहे थे। वहीं एबीवीपी ने कहा कि वह सिर्फ हस्ताक्षर अभियान चला रही थी। इसी बात को लेकर दोनों संगठन में बवाल हो गया। मामला मौदहापारा थाना इलाके का है हालांकि इस मामले में किसी ने भी थाने में एफआईआर दर्ज नहीं कराई है। बताया जा रहा है कि पूरी घटना 3 सितंबर की है। जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि मंगलवार के दिन 15,20 एबीवीपी के युवक दुर्गा कॉलेज के अंदर दाखिल हुए थे। उन्होंने वहां मौजूद लड़कियों से संगठन के प्रोटेस्ट को लेकर कुछ फॉर्म भरवाए और उनसे मोबाइल नंबर मांगा। इस बात से वहां मौजूद छैन्प् के मेंबर नाराज हो गए। उन्होंने इसका विरोध किया। इसके बाद एबीवीपी के मेंबर्स ने कहा कि हम कोई जोर.जबरदस्ती नहीं कर रहे हैं। ये सिर्फहस्ताक्षर अभियान की सामान्य प्रकिया है। लेकिन वहां मौजूद युवकों ने गर्ल्स की सेफ्टी देखते हुए पहले कॉलेज से परमिशन लेने की बात की। तो मामला गर्म हो गया। जिससे दोनों तरफसे बहसबाजी शुरू हो गई। जो कुछ मिनटों में धक्का.मुक्की और फिर एक बड़े बवाल में तब्दील हो गई।

**बेल्ट और लात–घूसों से एक–दूसरे की पिटाई**

### पहले शर्ट फाड़ा फिर बेल्ट से पीटा

इस दौरान दोनों दलों के मेंबर्स ने एक.दूसरे पर जमकर लात.घूंसे बरसाए। जिसे जो हाथ लगा उसे पीट दिया। इस मारपीट में पहले लड़कों ने एक दूसरे का शर्ट फाड़ा फिर कमर में फंसा बेल्ट निकालकर पीटने लगे। इस मारपीट में युवकों को जो सामान सामने दिखा उसे उठाकर मारते दिखे।

**स्टूडेंटस ने कहा– मेन डोर बंदकर जान बचायी:** मौके पर मौजूद एक स्टूडेंट ने कहा कि बाहरी लड़कों ने घुसकर हमारे साथ मारपीट की है। जब इन्हें रोकने की कोशिश की गई तो वे आक्रोशित हो गए। इस मारपीट में 4 से 5 छात्रों को चोट आई है। हमने कॉलेज का मेन डोर बंद कर अपनी जान बचाई है। इस बवाल के बाद सदस्यों को लगी चोट के फोटो भी सामने आए हैं।

### कॉलेज प्रशासन ने नहीं रोका : एबीवीपी

इस मामले को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश मीडिया संयोजक शुभम जायसवाल ने बतायाकि मेंबर लोकतांत्रिक तरीके से खुली चर्चा कर सहमति से हस्ताक्षर करवा रहे थे। इसके बावजूद कुछ युवकों ने गर्ल्स के सामने गाली.गलौज की फिर मारपीट शुरू कर दी। जिसे कॉलेज प्रशासन ने रोकने की कोशिश भी नहीं की।

### लड़कियों से छेड़छाड़ करने से रोका तो हमला कर दिया

इस मारपीट को लेकर एनएसयुआई के जिला अध्यक्ष शांतनु झा ने बताया कि दुर्गा कॉलेज में शांतिपूर्ण तरीके से क्लास चल रही थी। इसके बीच में बिना अनुमति के एबपीवीपी के छात्र अंदर घुसकर जबरदस्ती गर्ल्स से मोबाइल नंबर मांग रहे थे। साथ ही वे छेड़छाड़ कर रहे थे। जिसका स्टूडेंट्स ने विरोध किया तो उन्होंने विवाद शुरू कर दिया।

### पुलिस को शिकायत का इंतजार

इस मामले में मौदहापारा थाना की पुलिस का कहना है कि ये घटना दो दिन पुरानी है। दोनों पक्षों में किसी ने भी अब तक थाने में शिकायत दर्ज नहीं कराई है। यदि कोई पक्ष शिकायत करता है तो कड़ा एक्शन लिया जाएगा।

# अब बिना अनुमति नहीं कर सकेंगे ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग



**रायपुर,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ सर्वेश्वर भुरे ने विधानसभा निर्वाचन 2023 के शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपादन के लिए जिले में बिना अनुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्रो के उपयोग को प्रतिबंधित किया है। इसके लिए आदेश जारी किया गया है। आदेश के अनुसार चुनाव प्रचार.प्रसार के लिए चलित वाहनों आदि में लाउडस्पीकर का उपयोग सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमति मिलने पर भी अधिकतम सुबह 6 से रात 10 बजे तक ही किया जा सकेगा। इसी प्रकार सामान्यत: आमसभाए प्रचारए जुलुसए वाहन इत्यादि के लिए लाउडस्पीकर का उपयोग सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमति मिलने पर भी अधिकतम सुबह 6 से रात 10 बजे तक ही किया जा सकेगा। यह आदेश जारी दिनांक से प्रभावशील होकर निर्वाचन समाप्ति तक प्रभावशील रहेगा। अनुमति प्रदान करने के लिए सक्षम प्राधिकारी की नियुक्ति कि गई है।

**कलेक्टर ने कोलाहल अधिनियम के तहत जारी किया आदेश**

# चुनाव कराने आ रही सुरक्षा बलों की 150 कपंनियां

**रायपुर,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में यहां मंत्रालय महानदी भवन में आगामी विधानसभा चुनाव संबंध में अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में अधिकारियों को आगामी विधानसभा चुनाव में आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए आवश्यक निर्देश दिये गये है। आगामी विधानसभा चुनाव के दौरान केन्द्रीय सशक्त पुलिस बल तैनात किये जायेंगे इनके लिए सभी बुनियादी आवश्यकताओं जैसे आवास परिवहन राशन पेयजल जलपूर्ति स्वास्थ्य दवाइ इलाज मोबाईल टायलेट बास बल्ली सहित अन्य आवश्यकताओं के लिए विभिन्न विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये है। मुख्य सचिव ने चुनाव कार्य हेतु होम गार्ड फॉरेस्ट गार्ड और कोटवारों की उपलब्धता के संबंध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है। बैठक में डी.जी.पी अशोक जुनेजा भी मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि विधानसभा चुनाव हेतु छत्तीसगढ़ आगमन होगा। विधानसभा चुनाव हेतु अधिकारियों ने होम गार्ड की उपलब्धता के बारे में बताया कि राज्य के विभिन्न जिलों के करीब 6996 होम गार्ड बल उपलब्ध है। इनमें से करीब 3115 होम गार्ड की डयूटी विधानसभा चुनाव में लगायी जायेंगी।

**मुख्य सचिव ने अधिकारियों को दिये निर्देश, अधिकारियों की ली बैठक**

# राजधानी में मारपीट दर्जन भर से अधिक घटनाएं

**रायपुर,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। छोटी छोटी बात पर बीती शाम रात मारपीट की माता दर्जन घटनाएं दर्ज की गई। विना इलाके के सह स्थित नमो एन्क्लब के क्लब हाउस के सामने संतोष पांडे 32 वर्ष महिलाओं को नीच कहकर अपशब्द कह रहा था। इस पर सुमीत चतुर्वेदी ने मना किया तो संतोष ने उसके साथ हाथ मुक्के से मारपीट और जान से मारने की धमकी दी। सुमीत की रिपोर्ट पर विस पुलिस ने धारा 294, 506,323, 34 का अपराध दर्ज किया इसी तरह से इलाके के दोदेंकला में बालमुकुद वर्मा अपना मकान बना रहा है। कल रात इर्ट से भरी हाईवा आने पर वहां रहे योगेन्द्र कश्यप ने लाने से मना किया । उसका कहना था कि पहले भारी वाहन के आने से सामने नाली टूट गई है। इसे लेकर दोनों में विवाद गाली गलौज और मारपीट भी हुई। वर्मा ने योगेन्द्र के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई। वहीं गोगेद्र ने भी काउंटर में हाईवा से नाली टूटने की रिपोर्ट निश्वर वर्मा पर रिपोर्ट दर्ज कराई। खमत पाई के जागृति नगर में रात ख्9रू30 बजे लक्की रिया प्रमोद मंगलेश आपस में गाली गलौज कर रहे थे ।यह देख सुन कर कमलेश निर्मलकर ने मना किया तो तीनों ने उसे जान से मारने की धमकी देकर मुक्के से मारपीट कर तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पास बीएसयूपी कालोनी में कल शाम 6.30 बजे भावेश यादव, देव कुमार ने रानी चतुर्वेदी के पति, भाई से मारपीट गाली गलौज और जान से मारने की धमकी दी। रानी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। देवकुमार ने रानी चतुर्वेदी, दिलहरण और बलराम जाल के खिलाफ पुरानी रंजिश पर मारपीट का भी मामला दर्ज कराया है। आजाद नगर रावाभाठा निवासी मनोज साहू और उसके पुत्र से शिव विश्वकर्माए रमेश ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। रमेश ने भी मनोज साहू और पुत्र कृष्णा साहू के खिलाफमामला दर्ज कराया। पुलिस ने दोनों पक्षों पर धारा 294, 506,323 34 के तहत मामला दर्ज किया।

### धारदार चाकू के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। थाना अभनपुर पुलिस टीम द्वारा थाना अभनपुर क्षेत्रांतर्गत छोटे उरला शराब भट्टी जाने के रास्ता के पास अवैध रूप से चाकू लेकर घुमते एवं लहरा कर आते जाते लोगो को डराते आरोपी प्रदीप चतुर्वेदानी पिता ललित चतुर्वेदानी उम्र 26 साल निवासी छोटे उरला थाना अभनपुर रायपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखें 01 नग चाकू जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना गंज में धारा 25,27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

# रणबीर कपूर ने ईडी से 1 हफ्ते की मोहलत मांगी



**रायपुर,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। ऑनलाइन बेटिंग ऐप केस में एक्टर रणबीर कपूर ने प्रवर्तन निदेशालय को ईमेल भेजकर पेश होने के लिए एक हफ्ते का वक्त मांगा है। रणबीर को 6 अक्टूबर शुक्रवार को ईडी के रायपुर के ईडी दफ्तर में पेश होना था। इधर ईडी रायपुर के वकील सौरभ पांडेय ने बताया कि रणबीर को 6 नहीं 5 अक्टूबर को पेश होना था लेकिन वे नहीं आए। शाम 5 बजे तक अफसरों ने उनका इंतजार किया। उनका ईमेल मिलने के बाद अब शुक्रवार को तय किया जाएगा कि उन्हें दूसरा समन किस तारीख का भेजा जाए। रणबीर पर सौरभ चंद्राकर के बेटिंग ऐप के प्रमोशन का आरोप है। ईडी का कहना है कि इसके लिए रणबीर को हवाला के जरिए कैश पेमेंट किया गया। एक्टर से ईडी जानना चाहती है कि वह इसका प्रमोशन कब से कर रहे हैं इसके लिए किसने संपर्क किया और पेमेंट किस मोड में मिला।

### मीडिया रिपोर्ट्स का दावा रणबीर आरोपी नहीं

कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि रणबीर इस केस में आरोप नहीं है। ईडी सिर्फ उनके जरिए लेने.देने को समझना चाहती है। इस केस का मुख्य आरोपी सौरभ चंद्राकर की शादी में टाइगर श्रॉफ नुसरत भरूचा, सुखविंदर सिंह, नेहा कक्कड़ और सनी लियोनी समेत 14.15 सेलेब्स ने शिरकत की थी। इन सभी को ईडी समन भेज सकती है।

**दो बार समन भेजने पर भी नहीं आए तो हिरासत में ले सकती है ईडी:** बेटिंग ऐप केस में जांच कर रहे अफसरों ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय की ओर से एक्टर रणबीर कपूर को फिर से समन भेजा जाएगा। अगर दो बार समन जारी करने के बाद भी वो पूछताछ में शामिल नहीं होंगे तो ईडी की टीम रणबीर कपूर को पूछताछ के लिए हिरासत में ले सकती है।

- रायपुर के अफसरों को ईमेल भेजा
- एक्टर से बेटिंग ऐप प्रमोशन पर पूछताछ होनी है

### 417 करोड़ की अवैध संपत्ति जब्त

ऑनलाइन बेटिंग ऐप से जुड़े लोगों के खिलाफम्क् लगातार कार्रवाई कर रही है। 15 सितंबर को म्क् ने रायपुरए भोपालए मुंबई और कोलकाता में 39 स्थानों पर छापेमारी कर सटोरियों के ठिकानों से 417 करोड़ रुपए की अवैध संपत्ति जब्त की थी। इसमें बड़ी तादाद में सोने.चांदी के जेवर और कैश बरामद किया गया था।

### सटोरिए की शादी में 200 करोड़ खर्च

फरवरी 2023 में बेटिंग ऐप के संचालक सौरभ चंद्राकर ने दुबई में शादी की थी। इस शादी समारोह में करीब 200 करोड़ रुपए खर्च किए गए थे। परिवार को लाने और ले जाने के लिए निजी जेट किराए पर लिए गए। इसके अलावा शादी में परफॉर्म करने के लिए मशहूर सेलिब्रिटीज को बुलाया गया था। वेडिंग प्लानर, डांसर, डेकोरेटर मुंबई से हायर किए गए। हवाला चैनलों का इस्तेमाल कर इन्हें पैसे दिए गए थे। योगेश पोपट नाम के व्यक्ति की कंपनी आर.1 इवेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर एक इवेंट मैनेजमेंट कंपनी को हवाला के जरिए 112 करोड़ रुपए पहुंचाए गए और 42 करोड़ रुपए की होटल बुकिंग करवाई गई थी।

### क्या है पूरा मामला

छत्तीसगढ़ के रहने वाले सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल मनी लॉन्ड्रिंग केस में वांटेड हैं। सौरभ कभी छत्तीसगढ़ के भिलाई में जूस बेचा करता था।

ईडी के सूत्रों की माने तो चंद्राकर ने 18 सितंबर 2022 को दुबई के एक 7 स्टार होटल में एक पार्टी दी थी। इस पार्टी में कुछ बॉलीवुड सेलेब्स भी शामिल हुए थेए जिसके लिए उन्होंने 40 करोड़ रुपए चार्ज किए थे। इसी साल फरवरी में सौरभ ने अपने परिवार वालों को नागपुर से प्राइवेट जेट्स के जरिए दुबई बुलाया था। बॉलीवुड सेलेब्स, वेडिंग प्लानर्स, डांसर्स और डेकोरेटर्स भी मुंबई से दुबई पहुंचे थे। इसी शादी में इन 17 सेलेब्स ने परफॉर्म किया था। पिछले साल दिसंबर से चल रही इस केस की इन्वेस्टिगेशन में अब जाकर बॉलीवुड कनेक्शन सामने आया है।

# मंत्री डहरिया ने किया कंप्यूटर प्रशिक्षण व लाइब्रेरी कक्ष का लोकार्पण



**गुरु घासीदास अकादमी भवन ज्ञानवर्धक व रोजगारन्मुखी शिक्षा का बनेगा केन्द्र : मंत्री डहरिया**

**रायपुर,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। न्यू राजेंद्र नगर स्थित गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी भवन में नई साज सज्जा के साथ सर्वसुविधायुक्त वतानुकूलित कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र, लाइब्रेरी कक्ष व गेस्ट रूम का लोकार्पण गुरुवार को प्रदेश के नगरीय प्रशासन एवं श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने गुरु गद्दी की पूजा अर्चना के साथ रिबन काटकर किया इस दौरान जय– जय सतनाम की जयघोष होती रही। इस अवसर पर उन्होंने अकादमी के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह भवन ज्ञानवर्धक व रोजगारन्मुखी शिक्षा का केंद्र बनेगा यह संस्था समाजोत्थान की दिशा में लगातार कार्य कर रही है उन्होंने लाइब्रेरी के संचालन के लिए अपने परिवार की ओर से 10 लाख देने की भी घोषणा किया।

अकादमी के अध्यक्ष के. पी. खण्डे एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि सामाजिक भवन में युवाओं के लिए कैरियर गाइडेंस, कंप्यूटर प्रशिक्षण, पुस्तकों का संग्रहण तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी आदि के लिए संसाधनों की कमी थी जिसके लिए अकादमी की मांग पर मंत्री श्री डहरिया ने अपने निधि से 50 लाख की राशि स्वीकृत किया था जिसका विधिवत लोकार्पण आज किया गया। उद्घाटन पश्चात समाज के लोगों ने कंप्यूटर व लाइब्रेरी कक्ष का नामकरण स्व. आशाराम डहरिया व स्व. श्रीमती गोदावरी बाई डहरिया की स्मृति में करने की घोषणा की।

कार्यक्रम को अध्यक्ष के.पी. खण्डे, राजश्री सद्भावना समिति की अध्यक्ष श्रीमती शकुन डहरिया, राजभाषा आयोग के अध्यक्ष डॉ. अनिल भतपहरी व अकादमी के महासचिव डॉ.जे. आर सोनी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता चेतन चंदेल द्वारा किया गया।

इस अवसर पर डी.एस.पात्रे, सुंदरलाल जोगी, एम.डी. माहिलकर, एस.के. सोनवानी,आर.के. पाटले, प्रकाश बाधे, टिकेंद्र बघेल, कृपाराम चतुर्वेदी, लाल पुरेना, पं. अंजोर दास बंजारे, घासीदास कोसले, मानसिंह गिलहरे, आसाराम लहरे, संतोष महिलांग, सुभाष कुर्रे, बाबा डहरिया, नंदू मारकंडे,अगम अनंत, डा.सुरेन्द्र कुर्रे, हृदय अनंत, बंशीलाल कुर्रे,चंपादेवी गेंदले, पुष्पा पाटले,अमरौतिन भतपहरी, सुनंदा बघेल, संगीता बालकिशोर, रेनू कोसले, दिलेश्वरी राय, राधिका मारकंडे ,सुरेखा राय सहित अनेकों लोग उपस्थित थे।

# पुलिस आरक्षक को उम्रकैद

**रायपुर,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में साढ़े चार साल पहले पचपेड़ी नाका के पास दिनदहाड़े आटोमोबाइल संचालक संजय अग्रवाल की उसके केबिन में घुसकर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। आरोपी आरक्षक मनोज सेन को जिला कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी आरक्षक को गिरफ्तार कर उसके पास से इंसास राइफल बरामद किया था। पूछताछ में आरोपी ने खराब कार को बनाकर नहीं देने पर आटोमोबाइल संचालक को गोली मारना स्वीकार किया था। लोक अभियोजक मनोज वर्मा ने बताया कि महासमुंद के शास्त्री चौक निवासी मनोज सेन 33वर्ष को पुलिस लाइन रायपुर में आरक्षक के पद पर पदस्थ था। उसने पुराने वाहन की खरीदी बिक्री करने वाले पचपेड़ी नाका के पास संचालित सांई मोटर्स के संचालक संजय अग्रवाल से संपर्क किया। इस दौरान सेवरलेट कंपनी की पुरानी कार पंसद आने पर तीन लाख 70 हजार रुपये में सौदा किया। नकद तीन लाख रुपये देने के बाद बकाया रकम दस्तावेजी खानापूर्ति के बाद भुगतान करने पर सहमति जताई थी लेकिन डिलिवरी के कुछ दिन बाद ही कार के खराब होने पर आटोमोबाइल संचालक ने सुधारने का आश्वासन दिया। कई बार.बार चक्कर लगवाने के बाद भी कार नहीं बनाकर देने से आरक्षक परेशान हो गया था। 26 मार्च 2019 की दोपहर 12.15 बजे वह अपने साढू भाई की इंसास राइफल लेकर आटो मोबाइल के दफ्तर में पहुंचा। इस दौरान केबिन में बैठे आटोमोबाइल संचालक संजय अग्रवाल पर दो गोली चलाई।

**24 गवाहों के बयान**– न्यू राजेंद्रनगर थाना पुलिस ने प्रकरण की जांच करने के बाद घटनास्थल की सीसीटीवी फुटेज सहित केस डायरी कोर्ट में पेश की। वहीं अभियोजन पक्ष द्वारा सुनवाई के दौरान 24 गवाहों के बयान करवाए गए। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अब्दुल जाहिद कुरैशी ने गवाहों के बयान और पुलिस द्वारा पेश किए गए साक्ष्य के आधार पर आरोपी आरक्षक को हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास के साथ पांच सौ रुपये अर्थदंड और धारा 25 ,1 ,ख क आयुध अधिनियम के अपराध एक वर्ष कठोर कारावास और पांच सौ रुपये अर्थदंड की सजा से दंडित करने का फैसला सुनाया। अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने पर आरोपी को तीन.तीन माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

# रायपुर पुलिस का हैलो जिन्दगी अभियान गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज



**रायपुर,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। नशे के खिलाफरायपुर पुलिस का जन जागरूकता अभियान हैलो जिन्दगी 15 जुलाई से 2 अक्टूबर तक जिले के अलग.अलग क्षेत्रों पब्लिक प्लेसेस, हाउसिंग सोसायटी, मोहल्ले,स्कूल कॉलेज, यूनिवर्सिटी शासकीय एवं निजी कार्यालयों सहित ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को नशे के विरूद्ध जागरूक करना था। हैलो जिन्दगी अभियान के दौरान विभिन्न स्कूलों कॉलेजों तथा संस्थानों के छात्र.छात्रायें नशे के विरुद्ध जनजागरूकता हेतु 61750 ;इकसठ हजार सात सौ पचास स्लोगन लेख कर हेलो ज़िंदगी अभियान में सम्मिलित हुए। रायपुर पुलिस को नशे के खिलाफ सबसे बड़ा नारा अभियान के लिए गोल्डन बुक ऑफ़वर्ल्ड रिकॉर्ड ने सर्टिफिक्रेट ऑफ़एक्सीलेंस प्रदान किया है।

### नारी शक्ति पर आज वृंदावन हॉल विचार गोष्ठी का आयोजन

**रायपुर,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री जन कल्याणकारी योजना जागरूकता अभियान के तत्वाधान में कल वृंदावन हॉल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश की नारी शक्ति को सशक्त बनाने और नेतृत्व प्रदान करने प्रदान किए गए आरक्षण पर आयोजित एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई है इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहेगी सुश्री नीता डूमरे विशेष वक्ता रहेंगी डॉक्टर वर्णिका शर्मा श्रीमती प्रियंका कौशल मानिक ताई हम्बर्डे,और विश्व दिनी पांडे। प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष सीमा शर्मा ने बताया बताया हमारे संगठन का उद्देश्य प्रधानमंत्री की कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाना है ।ऐसा आयोजन प्रदेश के अन्य शहरों में भी आयोजित किया जाएगा।

# बाल कल्याण समिति की चौंकाने वाली रिपोर्ट

## दुष्कर्म, छेड़छाड़ और पाक्सो के पीड़ित छोड़ रहे स्कूल



**रायपुर,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। बाल अवस्था में दुष्कर्म, छेड़छाड़ या फिर पाक्सो जैसे केस में पीड़ित बच्चे आज के समय में शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। इसके पीछे की सबसे बड़ी वजह उनके स्वजन हैं। बाल कल्याण समिति की रिपोर्ट में यह राजफाश हुआ है। जब हर महीने पांच केस सामने आ रहे हैं। इन मामलों में 70 प्रतिशत स्वजनों ने अपने बच्चों को स्कूलों से दूर कर दिया है। अब पुलिस की मदद लेकर बच्चों को दोबारा स्कूल भेजने काउंसिलिंग की कवायद तेज है। जानकारी के मुताबिक पिछले दो सालों में जिले में 150 से ज्यादा प्रकरण सामने आ चुके हैं। वर्तमान समय में बाल कल्याण समिति के पास हर महीने तीन से चार ऐसे मामले पहुंच रहे हैं इसमें स्वजनों ने केस दर्ज होने के बाद बच्चों को पूरी तरह से पढ़ाई से दूर कर दिया है। अब ऐसे बच्चों को दोबारा से स्कूल भेजने के लिए कवायद तेज करने के लिए पुलिस की मदद मांगी जा रही है। बाल कल्याण समिति के अधिकारी के मुताबिक पुलिस द्वारा थानों में बनाए गए संवेदना कक्ष में पीड़ितों की काउंसिलिंग करने के लिए कहा गया है। यहां से स्वजनों को समझाइश देने के बाद पीड़ित बच्चों को दोबारा पढ़ाई के लिए सक्षम बनाने का प्रयास है। आमतौर पर केस होने के बाद बच्चे भी मानसिक रूप से कमजोर पड़ जाते हैं लेकिन उन्हें पढ़ाई के लिए किसी तरह की समस्या ना होए इसलिए उनकी काउंसिलिंग कर रहे हैं।

**औसतन 65 केस हर साल :** बाल कल्याण समिति की रिपोर्ट के मुताबिक हर साल औसतन 65 केस सामने आते हैं। 2021 में पाक्सो से जुड़े 64 केस रजिस्टर्ड किए गए थे। 2022 में भी आंकड़ा इसी के आस.पास 66 के करीब था। इस साल भी हर महीने चार से पांच केस सामने आ रहे हैं। ऐसे में औसतन आकड़ा 60 .65 के आसपास माना जा रहा है।

- बाल कल्याण समिति की रिपोर्ट में आई जानकारी
- दो सालों में रायपुर में 150 से ज्यादा प्रकरण आए सामने
- 70 प्रतिशत स्वजनों ने अपने बच्चों को स्कूलों से किया दूर

**समिति ने बनाई निगरानी पालिसी:** ऐसे बच्चे और स्वजन जिन्हें काउंसिलिंग के बुलाया जाता है और फिर बच्चों को स्कूल भेजने के लिए सलाह दी जाती हैए ऐसे प्रकरणों में अब निगरानी की पालिसी तय कर दी गई है। जिन बच्चों की काउंसिलिंग हो चुकी है और स्कूल भेजने सलाह दी गई हैए स्थिति में सुधार हुआ या नहींए इसके लिए बाल कल्याण समिति ने निगरानी के लिए सिस्टम बनाया है। बाकायदा ऐसे बच्चों का पालोअप लेकर स्थिति में सुधार लाने का प्रयास जारी है। बाल कल्याण समिति के प्रभारी डीसीपीओ संजय निराला ने कहा हर महीने 3 से 4 केस सामने आ रहे हैंए जिसमें पाक्सो से जुड़े मामले में बच्चों को स्कूल से दूर करने की बात सामने आ रही है। ऐसे मामलों में लगातार बच्चों को स्कूल से जोड़ने प्रयास जारी है। समिति द्वारा पुलिस की मदद लेकर भी ऐसे प्रकरणों में परिजनों को भी काउंसिलिंग के लिए बुला रहे हैं। कुछ बच्चे ऐसे भी हैं जो स्कूल गए ही नहीं है। ग्रामीण क्षेत्र में ज्यादा केस ऐसे सामने आ रहे हैं। राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग सदस्य सोनल गुप्ता ने कहा नाबालिगों से जब भी इस तरह की घटना होती है आयोग पुलिस के माध्यम से स्वजनों से संपर्क करती है। उसके बाद स्वजनों से मिलकर उन्हें मुख्य धारा में जोड़ने के साथ.साथ मुआवजा की प्रक्रिया भी पूरी करवाई जाती है।

# प्रादेशिकी

दुर्ग-भिलाई-बालोद-कवर्धा-बेमेतरा-राजनांदगांव

## परंपरागत खेती के साथ किसान ऑयल पाम की खेती करें, आय में होगी वृद्धि : ताम्रध्वज



**गृहमंत्री जिला स्तरीय कृषक सम्मेलन में हुए शामिल**

**दुर्ग**, 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश के गृहए लोक निर्माण एवं कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री ताम्रध्वज साहू आज ग्राम थनौद हाई स्कूल प्रांगण में आयोजित जिला स्तरीय कृषक सम्मेलन में शामिल हुए। इस मौके पर मंत्री श्री साहू ने विभागीय स्टॉल प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

कृषक सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि कृषक सम्मेलन का उद्देश्य शासन की योजनाओं की जानकारी एवं उसका लाभ सभी किसानों तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि योजनाओं के अभाव में किसान शासकीय योजनाओं का लाभ नही उठा पाते। छत्तीसगढ़ एक ऐसा राज्य है जहां हमने किसानों से सबसे ज्यादा दाम पर धान खरीदी कर किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत करने का काम किया। स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर काम हुए हैं। डा. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत नि:शुल्क इलाज किया जाता है। उन्होंने शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की बाते कही। कृषि मंत्री श्री साहू ने किसानों को खेती के साथ ही साथ ऑयल पाम की खेती के बारे में बताया। छत्तीसगढ़ को खाद्य तेल में

आत्मनिर्भर बनाने व कृषकों की आय में वृद्धि हेतु ऑयल पाम खेती करने की बात कही। ऑयल पाम खेती किसी भी प्रकार की भूमि जो पूर्णत: सिंचित हो पर किया जा सकता है। यह बहुवर्षीय फसल एक बार लगा दो तो कई सालों तक चलता है और उत्पादन भी अच्छा होता है।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा यादव, जनपद पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख, उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल केशव बंटी हरमुख, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजेन्द्र साहू, कृषि विभाग के संयुक्त संचालक आर.के. राठौर सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित थे।

## हेमचंद विवि पूरक परीक्षा के आवेदन के लिए ऑनलाईन पोर्टल प्रारंभ

**परीक्षा 25 अक्टूबर से 10 नवंबर तक**

**दुर्ग**, 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। हेमचंद यादव वि.वि., दुर्ग द्वारा दो विषयों में पूरक परीक्षा में बैठने वाले परीक्षार्थियों हेतु ऑनलाईन पोर्टल आरंभ कर दिया गया है। विद्यार्थी 10 अक्टूबर तक पूरक परीक्षा हेतु आवेदन कर सकेंगे। यह जानकारी देते हुए वि.वि. के कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप एवं परीक्षा उपकुलसचिव, डॉ. राजमणि पटेल ने बताया कि विद्यार्थी को ऑनलाईन रूप से भरे हुए आवेदन की हार्डकॉपी पूरक परीक्षा केन्द्र में 11 अक्टूबर को जमा करना होगा।

पूरक परीक्षा आयोजन के संबंध में आज कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा ने वि.वि. के परीक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देष दिये कि दषहरा एवं दीपावली के अवकाष को ध्यान में रखते हुए पूरक परीक्षाएं की संभावित तिथि 25 अक्टूबर से आरंभ कर अनिवार्य रूप से 10 नवंबर तक समाप्त कर दी जाये। जिससे विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम नवंबर माह में ही घोषित करने के प्रयास किये जाएगें। वि.वि. के सूत्रों के अनुसार पूरक परीक्षा प्रतिदिन दोपहर 2 से 5 बजे के मध्य आयोजित होगी। प्रश्नपत्रों में किसी भी प्रकार का गैप नहीं होगा। वि.वि. द्वारा पूरक परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण किया जा रहा है। वि.वि. की कुलपति ने छात्रहित में पूरक परीक्षा के परीक्षा शुल्क में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं करने का निर्णय लिया है।

## सहकारी सदन निर्माण के लिए वोरा ने की 20 लाख देने की घोषणा



**दुर्ग**, 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। दुर्ग जिला अल्पबचत सहकारी साख समिति मर्यादित की 23 वीं वार्षिक आमसभा को संबोधित करते हुए विधायक अरूण वोरा ने संस्था की मांग पर विधायक निधि से सहकार भवन निर्माण हेतु 20 लाख रूपये देने की घोषणा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष आर.एन.वर्मा ने की। आमसभा को संबोधित करते हुए संस्था के अध्यक्ष रऊफ कुरैशी ने अतिथियों व अंशधारकों का स्वागत करते हुए जानकारी दी कि संस्था की आय 40.84 लाख, संचित लाभ 40.48 लाख, फंड प्रावधान 12.4 लाख रूपये की वर्तमान स्थिति तथा सदस्य संख्या पर अमानतदारों की संख्या में वृद्धि कर बैंक ने ए वर्ग की आडिट पात्रता प्राप्त कर ली है। उन्होंने अंशधारकों को 50 प्रतिशत लाभांश देने की घोषणा की है। इस अवसर पर विधायक अरूण वोरा को संस्था का संरक्षक घोषित किया गया।

संस्था की उपाध्यक्ष, पार्षद नजहत परवीन उपाध्यक्ष हनीफ भिंडसरा, संचालकगण मकबूल अली, ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## छात्राओं के कौशल विकास में सहायक होगी नृत्य कार्यशाला : तिवारी



तीन दिवसीय भरतनाट्यम पदम कार्यशाला का समापन

**दुर्ग**, 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। कला अकादमी छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद संस्कृति विभाग और शासकीय डॉक्टर वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के संयुक्त तत्वाधान में जारी तीन दिवसीय भरतनाट्यम पदम कार्यशाला का समापन हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य सुशील चंद्र तिवारी ने कहा कि ऐसी कार्यशालाएं छात्राओं के कौशल विकास में सहायक होती है। उन्होंने कहा कि यहां जिस गंभीरता के साथ छात्राओं सीख कर अपनी प्रस्तुति दी है उससे इनकी सीखने की क्षमता में और वृद्धि होगी।


समापन अवसर पर यहां छात्राओं ने तीन दिन की कार्यशाला के प्रशिक्षण उपरांत प्रस्तुतियां दी। जिनमें मौसमी, उर्वशी और निशा ने ष्प्रथम पूज्य गणेशष् की प्रस्तुति दी। वहीं नृत्यति संस्थान से सौम्या, पूर्वा, राजश्री, मेधा और कॉलेज से अनामिका, कीर्ति कश्यप, ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## किसान किताब में कूट रचना कर जमानत लेने के आरोपी को जेल

**दुर्ग**, 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने किसान किताब में कूटरचना कर एक जमानतदार सरोज साहू के विरूद्ध धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। आरोपी के विरूद्ध जिला न्यायालय में सहायक ग्रेड 3 क्रीमिनल रीडर चिराग शर्मा की शिकायत पर मामला दर्ज कर पुलिस द्वारा विवेचना की गई थी। श्री शर्मा न्यायिक मजिस्ट्रेट पायल टोप्पो की अदालत में पदस्थ है।

पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मेसर्स आकाश हाउस विरूद्ध जोगेश्वर राज सिन्हा के मामले में अभियुक्त जोगेश्वर राज सिन्हा की ओर से जमानतदार सरोज साहू (38) निवासी ग्राम नगपुरा थाना पुलगांव ने न्यायालय में किसान किताब प्रस्तुत किया है। जमानतदार सरोज साहू द्वारा पायल टोप्पो की अदालत के अन्य प्रकरण शासन विरूद्ध बी.एस.गुरलू आर्म्स एक्ट तथा श्री राम ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## कल ठगड़ा बांध पिकनिक स्थल पर होगा नि:शुल्क प्रवेश



**दुर्ग**, 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। ठगड़ा बांध में नवनिर्मित पिकनिक स्पाट में 7 अक्टूबर की शाम 6 बजे आम नागरिकों को नि:शुल्क प्रवेश दिया जायेगा। विधायक अरूण वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि लगभग 16 करोड़ से अधिक की लागत से मरीन ड्राइव की तर्ज पर इस नये पिकनिक स्पाट पर लोग 7 अक्टूबर को सपरिवार नि:शुल्क प्रवेश कर बांध के सौंदर्यीकरण का लाभ ले सकते है। उल्लेखनीय है कि इस बांध के बीचोंबीच आइसलैंड तैयार किया गया है। बांध से होकर बीचोंबीच ओव्हरब्रिज के नीचे के हिस्से में चौपाटी बनाई गई है। यहां बच्चों के मनोरंजन के लिये कई गेम्स की व्यवस्था की गई है। यहां शीघ्र ही रेस्टोरेंट प्रारंभ किया जायेगा। इसे अत्यंत ही आकर्षक लुक देने से इस डेढ़ सौ वर्षो पुराने बांध की खूबसूरती में गजब का निखार आ गया है। इसका वर्चुअल लोकार्पण गत दिवस मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया है।




## जीविका स्व सहायता समूह की महिलाओं ने धान में तिरंगा बैच बनाकर रचा इतिहास



**दुर्ग**, 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। जीविका स्व सहायता समूह की महिलाओं ने धान से तिरंगा बैच बनाकर मतदाता जागरूकता को और आगे बढ़ाने का कार्य किया है। इसके लिये साहू सदन में आयोजित कार्यक्रम में समूह की अध्यक्ष ललेश्वरी साहू को गोल्डन ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड के एशिया हेड डॉ. मनीष विश्नोई ने रिकार्ड बनाने की घोषणा करते हुए सर्टिफिकेट दिया।

उल्लेखनीय है कि उक्त जीविका स्व सहायता समूह बोरसी की महिलाओं ने 21 सौ लोगों तक धान से तिरंगा बैच बनाकर वर्ल्ड रिकार्ड में अपना नाम दर्ज करा लिया है। संस्था की अध्यक्ष ललेश्वरी साहू ने बताया कि युवा विकसित भारत थीम पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा हुबली चारवाड़ कर्नाटक में 26 वां राष्ट्रीय युवा महोत्सव में उनकी संस्था ने संस्था का प्रतिनिधित्व करते हुए धान से तिरंगा बैज बनाया और इसके माध्यम से विभिन्न राज्यों से पहुंचे युवाओं को छत्तीसगढ़ की संस्था से जोड़ने का प्रयास किया गया। इस आयोजन के माध्यम से 50 हजार लोगों को तिरंगा बैच बेचा गया। यह बैच कबाड़ से जुगाड़ एवं ईको फ्रेंडली बैच बनाने में शासकीय आदर्श कन्या विद्यालय दुर्ग, युवा शक्ति संगठन की महिलाओं का विशेष सहयोग मिला है।

# लूट के तीन आरोपी चंद घंटों में गिरफ्तार



**भिलाईनगर**, 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। सुपेला थाना क्षेत्र में बुधवार की आधीरात को स्पर्श अस्ताल के पास हुई लूट के मामले में पुलिस ने चंद घंटों में आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सुपेला पुलिस ने मामले में पुलिस ने 341, 294, 506, 394, 34 के तहत कार्रवाई की है। आरोपियों के पास से पुलिस ने 60 हजार रुपए की सोने की चेन बरामद कर ली है। सुपेला पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राम नगर निवासी इन्द्रपाल बुधवार की आधीरात 12 बजे सुपेला से अपने घर जा रहा था। वह अभी स्पर्श अस्पताल सुपेला के पास पहुंचा था उसी दौरान आरोपी पृथ्वी, दयाल, शुभम एवं रोहित के द्वारा रास्ता रोककर धमकाते हुए पैसे की मांग करने लगे। इस दौरान इन्द्रपाल सिंह की सोने की चेन लूट ली और भाग गया। इस दौरान राम नगर मुक्तिधाम तालाब के पास से घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपियों से पुछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया। इस कार्यवाही में निरीक्षक दुर्गेश कुमार शर्मा थाना प्रभारी थाना सुपेला, उप निरीक्षक रजनीकांत दीवान, प्रधान आरक्षक संतोष शर्मा, आरक्षक रवि साव, सुरेन्द्र पटेल, सूर्यप्रताप सिंह, श्यामजी मिश्रा का विशेष योगदान रहा।।

# भिलाई की जनता जागरुक भाजपा को देगी जवाब : यादव

**भिलाईनगर**, 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। भिलाई टाउनशिप में रहने वालों के लिए बड़ी खबर है। मालिकाना हक दिलाने की दिशा में बड़ा कदम उठा दिया गया है। फ्री होल्ड कराने के लिए राज्य सरकार नॉन कंपनी पर्पज़ के तहत बीएसपी से अपनी जमीन वापस लेगी। इसकी जानकारी विधायक देवेंद्र यादव ने आज अपने निवास में पत्रकारों से चर्चा के दौरान कही। आज गुरुवार को अपने कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा दुर्ग कलेक्टर द्वारा बीएसपी को लिखे गए पत्र लिखा है। बताया कि हाईकोट के आदेश को संज्ञान में लेकर पत्र लिखा गया है। राज्य सरकार ने सेल भिलाई स्टील प्लांट को संयंत्र लगाने के लिए नि:शुल्क जमीन दिया था। इसलिए जिस जमीन का इस्तेमाल प्लांट हित में नहीं किया जा रहा है। वह वापस ली जाएगी। जमीन को फ्री होल्ड कराने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि बीएसपी के लीज एग्रीमेंट के घरों में रहने वालों के लिए खुशखबरी है। फ्री होल्ड हो जाएगा। 4400 मकान में लीजधारी रह रहे हैं। नॉन कंपनी पर्पज़ की जमीन नि: शुल्क वापस करने की बात है। कलेक्टर ने पत्र बीएसपी को भेज दिया है। भिलाई टाउनशिप में बिजली बिल हाफ योजना के सवाल पर उन्होंने कहा कि इसी महीने से लोगों को लाभ मिलने



लगेगा। राज्य सरकार अपना अंशदान अदा करेगी। सेक्टर.2 तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य के बारे में जानकारी दी। रामवन गमन आदि की झलक यहां देखने को मिलेगी। साथ ही छत्तीसगढ़ महतारी की सबसे ऊंची प्रतिमा भी यहां लगाई जाएगी। विधायक ने पिछली सरकारों द्वारा विकास कार्य को रोकने का आरोप लगाया। भूपेश सरकार की उपलब्धियों को बयां करते हुए कहा जनहित के कार्य किए जा रहे हैं। हर स्तर पर काम हो रहा है। भिलाई टाउनशिप और पटरी पार के अंतर को पाटने की कोशिश की जा रही है। एजुकेशन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के कानून को नजर अंदाज करके ईडी अपना कानून चला रहा है। बिना सबूत ही कार्रवाई की जा रही है। बाद में कहा जा रहा है कि अब आप जाइए कोर्ट और वहां खुद को निर्दोश साबित कीजिए। विधायक ने कहा मेरे खिलाफ ईडी की कार्रवाई हुई। अफवाह उड़ाई गई कि संपत्ति अटैच की गई है। उन्होनें महज 19 लाख रुपए की संपत्ति है। इसमें से 12 लाख रुपए मेरी मां द्वारा खरीदे गए मकान का है। जबकि शेष राशि मेरी सैलरी की है। कानून की लड़ाई है, मैं कानून से लड़ूंगा। मेरे खिलाफ खूब माहौल बनाया गया। अब 25 अक्टूबर की डेट आ रही है। जनता देख रही है। भिलाई की जनता बहुत जागरुक है। जनता ही भाजपा और ईडी को जवाब देगी।

# अनुशासन में रहकर लक्ष्य को पूरा करना चाहिए : साधना



**भिलाईनगर**, 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। महर्षि विद्या मंदिर स्मृतिनगर में देश के दो महान विभूतियाँ महात्मा गाँधी और लाल बहादुर शास्त्री की जंयती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती साधना सिंग ने गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के अनमोल वचनो के द्वारा सभी को अवगत कराया, कि हमें हमेशा सत्य की राह मे चलना चाहिए एवं अनुशासन और एकता में रहकर अपना लक्ष्य को पूरा करना चाहिए। उन्होनें कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादूर शास्त्री जी ने देश में जब अनाज का संकट था तब उन्होनें सम्पूर्ण भारत वर्ष के लोगों से एक साथ सहयोग की अपील की थी। आज हम उनकी ही जंयती मना रहे है। कि छात्र छात्राओं ने निबंध प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता एवं भाषण में भाग लिया। महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिन पर बच्चो को उपहार एवं चॉकलेट वितरण किया गया। स्वच्छ भारत अभियान 2 अक्टूबर को पूरे भारत में व्यापक तौर से शुरू हुआ। इसी अभियान को आगे बढ़ाते हुए संस्था की प्राचार्या, शिक्षक शिक्षिका एवं छात्र–छात्राओ ने भी विद्यालय परिसर की सफाई की।

# ट्रांसपोर्ट नगर की नहर पुल को नए बनाने सौंपा ज्ञापन



**भिलाईनगर,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। समाजसेवी अशोक राव तान्दुलकर ने जानकारी दी की हथखोज नहर का पुल काफी जर्जर हो गया है। इस संबंध में उन्होनें कलेक्टर दुर्ग को ज्ञापन सौंपकर नया पुल बनाने की मांग की है। यह पुलिया अत्यंत जर्जर हो चुकी है पुल में बड़े–बड़े गड्ढे हो गए हैं एवं पुलिया का मलवा सरिया कांक्रीट सीमेंट छोड़ चुकी है। राड बाहर निकल रहे हैं। जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है। इस पुल पर 100 टन से 150 टन लोड वाहन गुजरते हैं जिससे पुल में कंपन होता है। उन्होनें कहा कि पुल क्षतिग्रस्त कमजोर हो चुका है। इस पुल पर प्रति मिनट 60 से 70 भारी वाहन आवागमन करते हैं इस पुल से व्यापारिक केंद्र हैवी इंडस्ट्रीज, लाइट इंडस्ट्रीज, प्रदेश का सबसे बड़ा ट्रांसपोर्ट नगर, इंजीनियरिंग पार्क सहित ग्रामीण क्षेत्र शहरी लोगों का औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत कामगारों का आवागमन होता है। ट्रके भारी भरकम वाहन अनवरत रात दिन चलती रहती है। उन्होनें कहा कि इस पुलिया का समय सीमा खत्म हो चुकी है। यह पुलिया ही एकमात्र रास्ता है औद्योगिक क्षेत्र ट्रांसपोर्ट को रायपुर महाराष्ट्र एमपी को जोड़ने वाली एकमात्र पुलिया है। इस महत्वपूर्ण पुल के अलावा दूसरा कोई रास्ता नहीं है। इन प्रतिष्ठान कारखानों का आवागमन बंद हो जाएगा पुल जर्जर के स्थिति में आवागमन जारी रहा तो कभी भी बड़ी दुर्घटना या जनहानि हो सकती है। कलेक्टर को सौपे ज्ञापन में समाजसेवी अशोक राव तान्दुलकर राजू गुप्ता ने जनहित में मांग की है। तथा शीघ्र ही उच्च स्तरीय वन वे पुल का निर्माण किया जाए। इसके अतिरिक्त दलबीर सिंह चौक पर ट्रैफिक सिग्नल लगाया जाए, ट्रैफिक पुलिस तैनात किया जाए, चौक पर हाई मास्क लाइट लगाया जाए, चौक के पास कहीं इमरजेंसी फर्स्ट इलाज अस्पताल बनाया जाए उपरोक्त मांग को लेकर यह ज्ञापन सौपा गया है।

# मंत्री रुद्रगुरु ने लोगों की सुनी समस्या



**भिलाईनगर,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। गत दिनों राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर अहिवारा विधानसभा दावेदार राम सूर्यवंशी द्वारा ग्राम मुर्रा में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में शामिल हुए और सफाई अभियान व वृक्षारोपण किया। साथ गांधी जयंती के अवसर पर ग्राम मूरमुंदा से कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा बाइक रैली निकाली गई जिसमे शामिल होकर उनका उत्साहवर्धन किया और गुरु रुद्र कुमार मंत्री के साथ अहिवारा में पैदल यात्रा कर में शामिल हुआ और जनता से भेट की। साथ जामुल पहुंचकर रैली के समापन कार्यक्रम में पहुंच कर कार्यकर्ताओं व जनता को संबोधित किया गया। साथ ही भिलाई–3, व हथखोज के जनता से भेंट मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जाना और उन्हे अस्वस्त किया उनकी समस्याओं का निराकरण हेतु प्रयास किया जाएगा। अहिवारा विधानसभा प्रदेश सचिव असंगठित ठेका मजदूर कांग्रेसराम सूर्यवंशी ने बताया कि इस दौरान मंत्री गुरु रुद्रकुमार के साथ लोगों से उनकी समस्या के बार में पुछा जिसके निराकरण के लिये तत्काल संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित भी किया गया। इस अवसर पर लोगों ने मंत्री का जगह–जगह स्वागत भी किया।

# मृत समझकर किया अंतिम संस्कार अचानक पहुंची घर




**भिलाईनगर,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। कुदरत का यह चमत्कार नहीं तो और क्या है जिस बेटी का अंतिम संस्कार मां और उसके परिवार ने कर दिया था, वही बेटी आज अपनी मां को गले लगाकर मां और बेटी रोते नजर आई है। रोते हुए मां ने कहा कि मुझे माफ करना बेटी मुझे लगा कि तुम इस दुनिया में नहीं हो। मामला को ऐसे समझे थाना नंदनी नगर टीआई ने बताया कि 112 टीम को एक युवती दौड़ते हुए नजर आई जिसके पीछे एक युवक भी दौड़ रहा था जिसे देखकर 112 की टीम ने युवती को रोककर उनसे पूछताछ किया इसके बाद युवती ने कहा कि मैं इन लोगों के साथ नहीं रहना चाहती जिसके बाद थाना नंदनी नगर से 30 सितंबर को चिकित्सा मुलाइजा उपरांत पीड़िता को अस्थाई आश्रय हेतु सखी दुर्ग में लाया गया। सखी सेंटर की अवंती साहू ने बताया कि पीड़िता का परामर्श करने पर जानकारी मिली की जनवरी 2020 से घर से निकल गई और ट्रेन में बैठकर डोंगरगढ़ पहुंची जहां अनजान परिवार के साथ भिलाई जामुल में आकर रहने लगी। पीड़िता का फोटो एवम जानकारी उसके द्वारा बताए पते अनुसार संबंधित थाना तखतपुर जिला बिलासपुर भेजी गई जहा पीड़िता का गुमशुदगी दर्ज किया गया था। इसके बाद पीड़िता की मां और उनके चाचा 3 सितंबर को सखी सेंटर दुर्ग पहुंचे। सखी सेंटर मे 03 सितंबर को पीड़िता के मां द्वारा जानकारी दिया गया की पीड़िता लगभग 3 वर्ष पूर्व अपने पिताजी के मृत्यु के सदमे में मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण घर से निकल गई। जिसका गुमशुदगी 3 वर्ष पूर्व 2020 में थाना तखतपुर में दर्ज किया गया। कोविड काल के समय एक युवती की शव मिला था और शव का पहचान कर पीड़िता समझकर अंतिम संस्कार कर दिया परिवार वालो द्वारा भी पीड़िता को मृत समझ लिया गया। सखी द्वारा जब पीड़िता की जानकारी परिवार वालों को दी तो एका एक उनको विश्वास ही नहीं हुआ कि जिस बेटी का उन्होंने अंतिम संस्कार कर दिया है वह आज जिंदा है सखी द्वारा पीड़िता को सुरक्षार्थ उनके माता पिता को सुपुर्द किया गया। पीड़िता युवती उसकी मां और चाचा ने सखी परिवार और नदनी थाना की पूरी टीम को धन्यवाद देते हुए उन्होंने कहा कि आप सभी मेरे लिए भगवान है जो मुझे अपनी बेटी से मिलाया।

# स्वच्छता ही सेवा के तहत अहिवारा में सम्मान समारोह



**भिलाईनगर,** 5 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद अहिवारा में स्वच्छता ही सेवा के तहत नगर पालिका परिषद अहिवारा में सम्मान समारोह एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के बच्चे, स्वच्छता दीदीयों, स्वच्छता कर्मियों, ब्रांड एंबेसडर तथा नगर के समस्त स्वच्छता के प्रति उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों को भी प्रशस्ति पत्र के साथ पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष नटवरलाल ताम्रकार समस्त वार्डो के पार्षद अनुज साहू, शिब्बू अग्रवाल, भगवान सिंह, स्टीलिन स्वमवेल, हेमंत साह, अरूण बंजारे, श्रीमती दुलारी साहू, श्रीमती शिवकुमारी कुशवाहा, श्रीमती डेजी टंडन, श्रीमती मीना जोशी, श्रीमती मोकेश्वरी साहू, एल्डर मैन नितेश देवांगन, शिव साहू, राजू यादव, अभिषेक गिरी, श्रीमती जमुना बारले, सांसद प्रतिनिधि कुशल साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती सीमा बक्शी, उपाभियांता डी.आर. साहू एवं समस्त ऑफिस कर्मियों की उपस्थिति मे कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# पुलिस अधीक्षक ने 6 थाना प्रभारियों का किया तबादला

**भिलाईनगर,** 5 अक्टूबर ( देशबन्धु)। दुर्ग एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने 6 थाना प्रभारियों का तबादला आदेश जारी किया है। जारी आदेश के मुताबिक पदोन्नत हुए दो थाना प्रभारियों को थाने की जिम्मेदारी दूसरे थानेदारों को सौपी गई है। जारी आदेश के तहत हाल ही में प्रमोशन पाकर डीएसपी बने जामुल थाने के टीआई याकूब मेमन की जगह कुम्हारी में पदस्थ टी.आई. केशव राम कोशले को जिम्मेदारी दी गई है। वैशाली नगर के टीआई का प्रमोशन होने के बाद उनकी जगह नेवई की थाना प्रभारी ममता अली शर्मा को वहां की जिम्मेदारी दी गई है। आदेश के मुताबिक छावनी थाना प्रभारी नवी मोनिका पांडेय को प्रभारी डीएसबी, डीसीबी, डीसीआरबी बनाया गया है। रक्षित केंद्र में पदस्थ सोनल ग्वाला को छावनी थाने का प्रभार दिया गया है। रक्षित केंद्र में पदस्थ संजीव मिश्रा कुम्हारी थाना प्रभारी बनाया गया है। रक्षित केंद्र में पदस्थ प्रशांत मिश्रा को नेवई का थाना प्रभारी बनाया गया है। जारी आदेश के मुताबिक दुर्ग जिले में पदस्थ डीएसपी क्राइम राजीव शर्मा को डीएसपी हेडक्वार्टर बनाया गया है। वहीं कांकेर में पदस्थ डीएसपी अनुराग झा को दुर्ग ट्रांसफर किया गया है। अभी उन्हें क्या जिम्मेदारी दी जाएगी, यह तय नहीं है। इसी तरह उप पुलिस अधीक्षक रेडियो रेंज भिलाई अरुण गजपाल को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूर संचार शाखा, पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर बनाया गया है। सहायक सेनानी 7वीं वाहिनी, छसबल भिलाई ममता देवांगन को उप सेनानीए 11वीं वाहिनी छसबल जांजगीर बनाया गया है। जारी आदेश के बाद शीघ्र ही थाने में अपना दायित्व संभाल लेगे।

## नकली केंट आरओ फिल्टर, अपराध दर्ज



**भिलाईनगर।** स्मृति नगर चौकी क्षेत्र के अंतर्गत सिरसा रोड कोहका स्थित दुकान के द्वारा नकली केंट आरओ फिल्टर विक्रय करने के आरोप में संचालक के खिलाफ सुपेला थाने में अपराध पंजीकृत कर विवेचना में लिया गया है। कंपनी की जांच अधिकारी के शिकायत पर से सुपेला पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई है। थाना प्रभारी वैशाली नगर प्रदीप सोरी ने बताया कि प्रार्थी पौशिक विश्वास 26 वर्ष साकिन नोएडा उत्तरप्रदेश में कंपनी के जांच अधिकारी, विशेषज्ञ हमराह क्लांइट तनमय के साथ थाना आकर लिखित आवेदन दिये जिसमें सिरसा रोड कोहका स्थित दुकान के मालिक के द्वारा अपने दुकान में नकली वाटर फिल्टर बेचकर आम नागरिको को धोखाधडी कर वाटर फिल्टर बिक्री कर रहा है। जिसस कंपनी का छवि खराब हो रही है। उक्त शिकायत की जांच पर पौशिक 27 साल एवं तन्मय 30 वर्ष के साथ जाकर पौशिक द्वारा वाटर फिल्टर खरीदा गया। बिल मांगने पर बिल नही दिया गया। वाटर फिल्टर को चेक करने पर जांच अधिकारी पौशिक उक्त वाटर फिल्टर को नकली होना पाया तथा एप्लाइसेंस के मालिक के दुकान से उक्त माल के संबंध में नोटिस देकर वैधानिक दस्तावेज का मांग किया जो वैधानिक दस्तावेज प्रस्तुत नही किया जिस पर प्रोडक्ट की सम्पूर्ण जानकारी हैं आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 420 वं 63 कापीराइट अधिनियम 1957 का अपराध घटित करना पाये जाने से आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# निगम प्रशासन ने चार सेवानिवृत्त कर्मियो को दी विदाई



**भिलाईनगर,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके निगम के 4 कर्मचारियों को वदाई दी गई। निगम प्रशासन की ओर से कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, शॉल और श्रीफल भेंट करते हुए सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना किए। इसके पूर्व सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों ने सेवाकाल के दौरान कार्य एवं अनुभव को साझा करते हुए सभी को सामंजस्य बनाकर कार्य करने के लिए प्रेरित किए। राजस्व अधिकारी प्रीति सिंह ने कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों ने निगम के हर कठिन परिस्थितियों में काम करते हुए कई उपलब्धियां हासिल किए है। निगम भिलाई के तीरथ राम यादव पम्प सहायक,सुदामा प्रसाद सोनी चौकीदार, पुरूषोत्तम चन्द्राकर हेल्पर, इंदल सफाई कामगार सहित 04 कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने पर बिदाई दी गई। बिदाई समारोह में निगम के बसंत देवांगन, संजय शर्मा, अजय शुक्ला, राजेश पालवे, सीताराम, मनीष चंद्राकर, हंसराज, अप्पा राव सहित अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# जिले की पहली डिजिटल लाईब्रेरी खुर्सीपार में शुरु



**भिलाईनगर,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। दुर्ग जिले का पहला डिजिटल लाइब्रेरी खुर्सीपार श्रीराम चौक के पास बन कर तैयार हो गया है। जिसे आज भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने भलाई के छात्र.छात्राओं को सौंप दिया है। पूरे विधि विधान के साथ लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल उपस्थित थे। जहां छात्र–छात्राओं के साथ विधायक ने फीता काटकर लाइब्रेरी का लोकार्पण किया। इस दौरान क्षेत्र के विद्यार्थियों में बड़ी उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। फीता काटने के साथ विधायक श्री यादव सहित सभी ने लिए लाइब्रेरी ओपन की गई। सभी ने लाइब्रेरी के प्रत्येक कमरे, रीडिंग जोन, बुक्स आदि का निरीक्षण किया। लाइब्रेरी की खूबसूरती और सुविधाओ को देख कर क्षेत्र के नागरिक व छात्र–छात्राओं में काफी उत्साह का माहौल रहा। लाइब्रेरी में सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए है। क्षेत्र के नागरिकों ने इसके लिए विधायक श्री यादव का आभार जताया। लोकार्पण कार्यक्रम में महापौर नीरज पाल सहित सभी एमआईसी मेंबर, क्षेत्र के कांग्रेसी नेता आदि शामिल रहे। विधायक देवेन्द्र यादव ने कहा कि अब सभी बच्चे विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी कर सकेगे। हमारे बच्चे भी बैंक, रेलवे, यूपीएससी, पीएससी सहित सभी तरह की परीक्षा दे सकें। उनकी पढ़ाई में पैसा और सुविधा संसाधन की कमी कोई बाधा ना बने। सभी बच्चों जरूरी किताबें उपलब्ध कराने यह लाइब्रेरी शुरू की गई है। जो हमारे बच्चों को भविष्य उज्जवल बनाएंगी। विधायक देवेन्द्र यादव कह कि ने बच्चे खूब पढ़े और इस शिक्षाधानी का नाम पूरे विश्व में रौशन करें।

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यरत कर्मियों को मिले बेहतर ईलाज सुविधा

**भिलाईनगर,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री सैय्यद असलम ने उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंहदेव, अपर मुख्य सचिव रेणु पिल्ले, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संचालक से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यरत अधिकारी व कर्मचारियों को राज्य एंव राज्य से बाहर मान्यता प्राप्त अस्पतालों में इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने मांग की है। श्री असलम ने बताया कि नियमित कर्मचारियों को इसकी सुविधा है कि वे स्वयं अथवा परिवार के आश्रित सदस्यों के बीमार होने पर राज्य एंव राज्य के बाहर मान्यता प्राप्त निजी चिकित्सालय में बेहतर उपचार करा सकते हैं लेकिन प्रदेश के 26 हजार से ज्यादा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यरत अधिकारी व कर्मचारियों को स्वयं अथवा परिवार के सदस्यों के बीमार होने पर ऐसी व्यवस्था नहीं है वर्षों तक स्वास्थ्य विभाग में दूसरों की सेवा करने वाले इन कर्मचारियों को व्यक्तिगत रूप से बीमारी होने पर आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता। जिससे वे बेहतर उपचार नहीं करा पाते जो कर्ज़ा लेकर उपचार कराते हैं तो ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है कि उनके उपचार में ख़र्च राशि का कोई प्रतिपूर्ति राशि दी जाती है। अगर इलाज के दौरान अकास्मिक देहांत हो गया तो घर के किसी सदस्य को अनुकंपा का कोई प्रावधान नहीं है। श्री असलम ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सैकड़ों लोगों विभिन्न पदों में सेवाएं प्रदान कर रहे हैं जिसमे चिकित्सक पैरामेडिकल स्टाफ, कर्लक, आफिस स्टाफ, शामिल हैं। दुर्ग जिले के सीटी प्रोग्राम मैनेजर टार्जन का स्वास्थ्य खराब होने पर पहले स्पर्श हास्पिटल ओर उसके बाद राम कृष्ण केयर हास्पिटल रिफर किया गया है। हमर क्लिनिक में आपरेटर पद पर कार्यरत प्रगति का पीलिया रोग से इलाज के दौरान निधन हो गया। सैय्यद असलम ने कहा कि ऐसे सभी मामलों में संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन रायपूर को नियमों को शिथिल कर अनुदान राशि देना चाहिए ।

# निगम क्षेत्र का अब हर मकान होगा डिजिटल



**भिलाईनगर,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु) । नागरिक सुविधा में एक कदम और आगे बढ़ते हुए निगम भिलाई ने क्षेत्र के एक लाख करदाता भवन को डिजिटल प्रणाली से जोड़ने के लिए डिजिटल डोर नम्बर लगाये जाने हेतु महापौर की मौजूदगी में आयुक्त ने कंपनी के साथ अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर किये। महापौर नीरज पाल की उपस्थिति में आयुक्त रोहित व्यास ने एच.डी.एफ.सी बैंक के साथ करार किया है, भिलाई निगम क्षेत्र के एक लाख करदाता मकानों को आनलाईन प्रणाली से जोड़ने मकान में डिजिटल डोर नम्बर पटटीका लगाया जाएगा। किये गये अनुबंध के संबंध में जानकारी देते हुए आयुक्त रोहित व्यास ने बताया कि निगम भिलाई क्षेत्र में आवासीय एवं व्यवसायिक भवनो में डिजिटल नम्बर प्लेट लगाया जाएगा। जिसके क्यू.आर. कोड में भवन के मालिक का संक्षिप्त विवरण के साथ निगम के देय करो की जानकारी तथा भुगतान की सुविधा होगी। नम्बर प्लेट के क्यू.आर.कोड को स्केन करके भवन के मालिक निगम में देय कर संपत्तिकर, जलकर, युजर्स चार्ज का भुगतान कर सकेगें। डिजिटल प्रणाली के करार में निगम क्षेत्र के एक लाख संपत्तिकर वाले मकानों में यह सुविधा प्रदान किया जाएगा। जिसके प्रथम चरण में 10 हजार मकानों में नम्बर प्लेट लगाया जायेगा। जिसकी शुरूवात निगम वार्ड 1 से किया जायेगा। निगम क्षेत्र के मकानो को डिजिटल डोर नम्बर हो जाने से नागरिक अपने मकान, दुकान अथवा भवन में लगे इस नम्बर प्लेट के क्यू.आरण् कोड को स्केन कर निगम की देय करो की जानकारी तो प्राप्त करेगा साथ ही करो का भुगतान करके आनलाईन पावती भी प्राप्त कर सकेगें। भिलाई निगम क्षेत्र के संपत्तिकरदाता एक लाख मकान में डिजिटल डोर नम्बर लगाया जाना एक क्रांतिकारी कदम होगा। एच.डी.एफ.सी. बैंक के प्रतिनिधि श्रीओझा, आलोक चंद्राकर, पराग चक्रवर्ती, युवराज देवांगन ने एम.ओ.यु. पत्र पर हस्ताक्षर करवाकर महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त रोहित व्यास को सौंपते हुए बधाई दी।

## किसान पंजीयन अंतिम तिथि 15 तक

**बलौदाबाजार**, 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। खरीफविपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का उपार्जन हेतु कृषकों का पंजीयन समितियों के माध्यम से किया जा रहा है। इसके तहत पूर्व में राज्य शासन के निर्देशानुसार यदि पूर्व से पंजीकृत किसान द्वारा कोई संशोधन हेतु 30 सितंबर 2023 तक आवेदन, समिति में प्रस्तुत नही किया जाता है।



# आप सबके मान, सम्मान व प्रेम का कर्ज उतारने चुनाव लड़ रहा हूं : राजा खड्गराज सिंह



**सहसपुर लोहारा,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव की तिथि अभी घोषित नहीं हुई है। पर आम आदमी पार्टी के कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवार और सहसपुर लोहारा राजपरिवार के सदस्य राजा खड़्गराज सिंह लगातार चुनावी दौरा कर अपने लिए समर्थन और सहयोग मांग रहे है। राजा खड़्ग राज सिंह जहाँ भी जा रहे वहां ग्रामीण उनसे मिलने, देखने और उनसे बात करने के लिए अपना काम छोड़कर उनकी सभाओ में पहुंच रहे है।

गांव मोहल्ला बैठक के सिलसिले में अपने परिवार के सबसे पुराने गांव सहसपुर पहुंचने पर जिस प्रकार से उनका स्वागत गांव की महिलाओ, पुरुषो, बुजुर्गो और युवाओं ने किया उसे देखने से तों यही लग रहा था की राजा खड़्गराज सिंह का स्वागत एक उम्मीदवार के रूप में ना होकर अपने परिवार के सदस्य के रूप में किया जा रहा है। जिस प्रकार से राजा खड़्गराज सिंह से मिलने उन्हें देखने की ललक ग्रामीणों में दिखी वो अतभूत नजारा था। ग्राम महराटोला, छिरबांधा और सहसपुर में लोगो के बीच पहुँचे राजा खड़्गराज सिंह ने लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा की मैने चुनाव लड़ने का फैसला आप सब लोगो की विकट स्थिति को देखते हुए लिया है जब मेरे अपने लोगो को निम्न दर्जे की शिक्षा व्यवस्था, बेकार स्वास्थ्य व्यवस्था, किसानो का शोषण करने वाली राजस्व व्यवस्था से आप सबकी परेशानी को देखा हूँ तभी से मैंने चुनाव लड़ने का फैसला लिया है। क्योंकि आप सब मेरे हो और मै आपका हूँ और आप का भविष्य अंधकारमय हो जाये ये मै कभी नहीं चाहुँगा। इस लिए आप सबके मान, सम्मान और प्रेम का कर्ज उतारने के लिए मै चुनाव मैदान में उतरा हूँ। और यह चुनाव मै बस नहीं लड़ रहा हूँ बल्कि हर वो व्यक्ति चुनाव मैदान में है जो अपने बच्चो भविष्य सवारना चाहता है। इस भ्रष्ट व्यवस्था को बदलना चाहता है।

राजा खड़्ग राज सिंह ने आगे कहाँ की मै आम आदमी पार्टी से चुनाव लड़ रहा हूँ इसका केवल यही कारण है की आम आदमी पार्टी की सोच और सिद्धांत उच्च स्तर की शिक्षा, सबको निशुल्क चिकित्सा और भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन देने का है ताकि आपका और आपकी आने वाली पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित हो सके। जबकि बाकि राजनितिक दल केवल आपको बहका कर बरगला कर अपना राजनितिक हित साधते है क्योंकि जिस दिन आपके बच्चे उचित माहौल में उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्राप्त कर लेगे उस दिन इन दलों की राजनीति ही समाप्त हो जायेगी। इस लिए ये आपको अवसर प्राप्त है की आप अपने मत से व्यवस्था में बहुत भारी बदलाव ला सकते है जो काम दिल्ली की जनता और पंजाब की जनता ने किया वो काम आप भी कर इस राज्य को और इस क्षेत्र को विकसित बनाने में अपना योगदान देंगे।इस अवसर पर ब्लाक सहसपुर लोहारा अध्यक्ष अंजू लाल साहू,मेलन दास मानिकपुरी, तुलसी राम साहू,धन्नू राम यादव,पुनिया बाई मांडवी, आजूराम, फत्तेसिंह मरकाम, केजा बाई निषाद, विशाल यादव के साथ बड़ी संख्या में महिलाये और पुरुष उपस्थित रहे।

# सभापति के फटकार के बाद मुख्य मार्ग में मरम्मत कार्य शुरू

**गुरुर,** 5 अक्टूबर। गुरुर ब्लॉक के सबसे अंतिम क्षेत्र में स्थित ग्राम सोंहपुर व निपानी के मध्य 45.42 मीटर लंबा पुल का निर्माण पूरा हो गया है, लेकिन पुल के पास मुख्य मार्ग में ही खतरनाक गड्ढा हो जाने के कारण यंहा ग्रामीण एवं राहगीर बेवजह दुर्घटना का शिकार हो रहे थे।



लगातार शिकायत मिलने के बाद जिला पंचायत बालोद सभापति ललिता पीमन साहू ने जिम्मेदार अधिकारियों को भी अवगत कराया था, शुरुआती दौर में अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया, लेकिन जिला पंचायत बालोद की बैठक में सभापति ललिता पीमन साहू ने मुद्दा रखते हुए विभागीय अधिकारियों को पुनः फटकार लगाई जिसके बाद विभाग तत्काल हरकत में आया और मरम्मत कार्य शुरू किया।

**जिला मुख्यालय जाने का एकमात्र रास्ता**

ग्राम सोंहपुर के ग्रामीणों ने बताया कि इस स्थान पर पुल बनाने के लिए 20 साल से मांग कर रहे थे, क्योंकि यहां पहले पुल की ऊंचाई काफी कम होने के कारण हर साल बारिश के दिनों में ग्रामीणों को बाढ़ का सामना करना पड़ता था। यहां बाढ़ आने पर ग्रामीण व स्कूली बच्चे कई दिनों तक गांव में ही फंस जाते थे, क्योंकि यह मार्ग बालोद जिला मुख्यालय जाने का मुख्य मार्ग है।

इस पुल को गुरुर ब्लॉक के ग्राम सोंहपुर व बालोद ब्लॉक के ग्राम निपानी के बीच प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बनाया गया है।

इस मार्ग से गुरुर ब्लाक के ग्राम सोंहपुर के अलावा ग्राम अर्जुनी, चिरचारी, बगदई, सोरर, धोबनपुरी सहित बालोद ब्लॉक के ग्राम निपानी, मुजगहन, अमोरा, लिमोरा, नागाडबरी, गोड़री सहित अन्य ग्राम के ग्रामीण भी प्रतिदिन आवागमन करते हैं। ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए जिला पंचायत बालोद सभापति ललिता पीमन साहू द्वारा शासन प्रशासन से लगातार पत्र व्यवहार किया गया, इसके बाद शासन ने यहां पुल बनाने के लिए स्वीकृति प्रदान की। गुरुर एवं बालोद ब्लाक की मध्य सीमा क्षेत्र में महत्वपूर्ण पुल का निर्माण कार्य पूरा होने एवं मुख्य मार्ग में खतरनाक गड्ढा की मरम्मत होने के बाद क्षेत्रवासियों ने जिला पंचायत बालोद सभापति ललिता पीमन साहू के प्रयास की सराहना की है।

# कुएं में गिरने से 4 वर्षीय मासूम बच्चे की मौत

## ग्राम ठंडार में मातम का माहौल



**गंडई पंडरिया,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। थाना गंडई क्षेत्र के ग्राम ठंडार के भाठापारा में अपने ही घर के कुंए में गिरने से चार वर्षीय मासूम बच्चे की मौत हो गई है। जिसके चलते गांव में मातम का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम ठंडार वार्ड 10 भाठापारा निवासी जनक जंघेल का 4 वर्षीय पुत्र मारुति जंघेल कल दोपहर 1 बजे के लगभग अपने घर में खेलते- खेलत कुंए तक पहुंचा और गिर गया। कुएं में गिरने से मासूम की मौत हो गई। जिस समय मासूम कुएं में गिरा उस समय उसके माता और पिता घर में ही थे। जब बच्चे की आहट सुनाई नहीं मिली तो पिता जनक जंघेल ने बच्चे को इधर-उधर ढूंढा, बच्चा के नहीं मिलने तालाब के समीप तथा आस पास मोहल्ले में पता किया फिर भी बच्चा कहीं नहीं मिला। घर वालों ने कुएं में काटा डालकर खोजबीन की तो बच्चे का कपड़ा फंसा। बच्चे को कुएं से बाहर निकाला गाया और मोटर साइकिल से गंडई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां बच्चे को मृत घोषित कर दिया गया। बताया जाता है कि रास्ते में बच्चे का सांस चल रहा था। लेकिन अस्पताल पहुंचने के पहले मासूम ने दम तोड़ दिया। हादसे के चलते माता- पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। घर में स्थित कुआं के समतल होने के चलते बच्चा गिर गया। कहा जा रहा है कि अगर कुएं में जगत बना होता तो शायद यह घटना घटित नहीं होती।

# 25 किसानों को बांटा गया पावर वीडर



**गुरुर,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। डीएमएफ जिला खनिज न्यास योजना के तहत 25 किसानों को 5त्न कृषक अंश की राशि के साथ पावर वीडर का वितरण किया गया। यंहा गन्ना, सब्जी, मक्का उत्पादक किसाना को प्राथमिकता दी गई है। कृषि विभाग कार्यालय मे जनपद पंचायत गुरुर के उपाध्यक्ष तोषण साहू, विधायक प्रतिनिधि डॉ ओमकार महमल्ला, प्राधिकृत अधिकारी भूषणपुरी गोस्वामी, जनपद सदस्य योगेश्वर, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सीएल ठाकुर ने किसानों को इसका वितरण किया।

**मिनटों में होगा काम, होगी समय की बचत**

अधिकारियों ने बताया कि यह पावर वीडर कुछ समय मे ही कई मजदूर का काम अकेले कर ही सकता है, पावर वीडर के उपयोग से किसानों के लिए समय की बचत, खेतों की सफाई के लिए मजदूर की बचत, नींदाई कराने के लिए मजदूर की बचत, सबसे बड़ी बात पैसों की बचत और समय की बचत है। जानकारी के मुताबिक एक पावर वीडर की कीमत 78445 रुपये है, जिसमें किसानों को सिर्फ 5त्न कृषक अंश की राशि देनी होगी। यहां किसान धामेश्वर साहू, वीरेंद्र राजपूत, नोहरधर, धनसिंह, त्रिवेणी, दिनेश, उमाशंकर, तुलसीराम, प्रकाश, भेद राम, जितेन, चम्मन सहित कुल 25 किसानों को पावर वीडर का वितरण किया गया।

# राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता के लिए चयनित बालिकाओं का किया गया सम्मान



**गुरुर**, 5 अक्टूबर। राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता के लिए बासीन की चयनित बालिकाओं को बीआरसी भवन गुरुर में सम्मानित किया गया, जिन्होंने 27 सितंबर से 1 अक्टूबर तक दुर्ग भिलाई में रहकर योग प्रतियोगिता में प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल प्राप्त किया। राष्ट्रीय शालेय खेल योग प्रतियोगिता के लिए खुशी साहू, अंजली यादव, राधिमा साहू, दीपांजलि साहू, भीनेश्वरी चयनित हुए हैं, जिसका आयोजन आगामी दिनों में दिल्ली और कोलकाता में आयोजित होगा। इस दौरान योगेश्वर साहू, संध्या साहू, कुलेश्वरी, डिकेश्वरी बंधु, धीरपाल चंद्राकर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप

### सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**सहसपुर लोहारा,** 5 अक्टूबर। शासकीय गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा में समाजशास्त्र विभाग द्वारा सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में महाविद्यालय की वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉक्टर के एस परिहार इतिहास विभाग उपस्थिति रही उनके द्वारा सामाजिक जागरूकता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां छात्र-छात्राओं को दिया गया कार्यक्रम का संचालन सु श्री अंजू महोबिया समाजशास्त्र द्वारा किया गया उन्होंने छात्र-छात्राओं को सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य तथा समाज में चल रही कुप्रथाएं जैसे दहेज घरेलू हिंसा बाल विवाह बालिका भ्रूण हत्या भ्रष्टाचार इत्यादि जागरूकता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक सुश्री मोना बर्मन, संदीप सोनकर सुश्री काजल साहू, विवेक चौहान एवं समस्त प्राध्यापक तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे कार्यक्रम में भाषण निबंध कविता इत्यादि प्रतियोगिताएं आयोजित की जिसमें महाविद्यालय की छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## निधन

### मनराखन डड़सेना



**महासमुंद,** 5 अक्टूबर। ग्राम पचरी निवासी 75 वर्षीय मनराखन डड़सेना का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्राम पचरी में 6 अक्टूबर को किया जाएगा। वे चिंतामणी डड़सेना, फागु डड़सेना, मोती डड़सेना के पिता व भूपेंद्र डड़सेना के बड़े पिता थे।

# कलेक्टर-जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनप्रतिनिधियों व पत्रकारों को मतदाता सूची की अंतिम प्रकाशन की जानकारी दी

**कवर्धा,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 आर्हता तिथि 1 अक्टूबर 2023 की स्थिति में आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए आज 04 अक्टूबर को कबीरधाम जिले के विधानसभा 71 पंडरिया और 72 कवर्धा के लिए मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया है। कलेक्टर ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक और जिले के मीडिया साथियों के साथ प्रेसवार्ता लेकर अंतिम प्रकाशन की विधानसभावार विस्तृत जानकारी दी। साथ ही आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देश तथा निर्वाचन के संबंध में विस्तृत जानकारियों को साझा किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ, कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन रजिष्ट्रीकरण अधिकारी पीसी कोरी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज बिसेन सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री महोबे ने बैठक में बताया कि द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 आर्हता तिथि 01 अक्टूबर 2023 के संबंध में मतदाता सूची का प्रारूप 16 में अंतिम प्रकाशन आज मतदान केन्द्रों सहित सभी निर्धारित स्थानों पर किया गया। उन्होंने बताया कि जिले में 803 मतदान केन्द्र हैं और कुल 6 लाख 47 हजार 549 मतदाता हैं। इसमें 3 लाख 22 हजार 336 पुरूष मतदाता, 3 लाख 25 हजार 210 महिला मतदाता और 03 थर्ड जेंडर मतदाता है। इसमें 5 हजार 543 दिव्यांग मतदाता, 30 हजार 390 18 से 19 वर्ग के युवा मतदाता और 80 वर्ष से अधिक वरिष्ठ नागरिक की संख्या 5 हजार 576 है। जिले में जेंडर रेसियों 1008.92 है।

कलेक्टर ने बताया कि विधानसभा 71 पंडरिया में 393 मतदान केन्द्र में 01 लाख 57 हजार 649 पुरूष मतदाता, 01 लाख 58 हजार 493 महिला मतदाता और थर्ड जेंडर शून्य है। इस प्रकार कुल 03 लाख 16 हजार 142 मतदाता हैं। इसमें 3 हजार 102 दिव्यांग मतदाता, 14 हजार 588 18 से 19 वर्ग के युवा मतदाता और 80 वर्ष से अधिक वरिष्ठ नागरिक की संख्या 3223 है। जेंडर रेसियों 1005.35 है। इसी प्रकार विधानसभा 72 कवर्धा में 410 मतदान केन्द्र में 01 लाख 74 हजार 687 पुरूष मतदाता, 01 लाख 66 हजार 717 महिला मतदाता और थर्ड जेंडर 03 है। इस प्रकार कुल 03 लाख 31 हजार 407 मतदाता हैं।



इसमें 2 हजार 441 दिव्यांग मतदाता, 15 हजार 802 18 से 19 वर्ग के युवा मतदाता और 80 वर्ष से अधिक वरिष्ठ नागरिक की संख्या 2 हजार 353 है। जेंडर रेसियों 1012.33 है।

मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन में 31 हजार 637 मतदाताओं की संख्या में वृद्धि कलेक्टर श्री महोबे ने बताया कि मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन में कुल 31 हजार 637 मतदाताओं की संख्या में वृद्धि हुई है। इसमें 12 हजार 172 पुरूष, 19 हजार 466 महिला मतदाता की संख्या में वृद्धि हुई है और 01 थर्ड जेंडर की कमी हुई है। इसमें 30 दिव्यांग मतदाता की कमी हुई है। 18 से 19 वर्ग के युवा मतदाता की संख्या में 14 हजार 300 की वृद्धि हुई है और 80 वर्ष से अधिक वरिष्ठ नागरिक की संख्या 702 मतदाता कम हुआ है। इस प्रकार कुल जेंडर रेसियों में 23.17 की वृद्धि हुई है।

विधानसभा 71 पंडरिया में कुल 16 हजार 545 मतदाताओं की संख्या में वृद्धि हुई है। इसमें 5 हजार 750 पुरूष मतदाता और 10 हजार 795 महिला मतदाताओं की संख्या में वृद्धि हुई है। इस विधानसभा क्षेत्र में 16 दिव्यांग मतदाताओं की कमी हुई है। 18 से 19 वर्ग के युवा मतदाता की संख्या में 07 हजार 427 की वृद्धि हुई है और 80 वर्ष से अधिक वरिष्ठ नागरिक की संख्या 414 मतदाताओं की संख्या में कमी हुई है। इस प्रकार कुल जेंडर रेसियों में 33.01 की वृद्धि हुई है। विधानसभा 72 कवर्धा में कुल 15 हजार 92 मतदाताओं की संख्या में वृद्धि हुई है। इसमें 6 हजार 422 पुरूष मतदाता और 8 हजार 671 महिला मतदाताओं की संख्या में वृद्धि हुई है और थर्ड जेंडर में 01 मतदाता की कमी हुई है। इस विधानसभा क्षेत्र में 14 दिव्यांग मतदाताओं की कमी हुई है। 18 से 19 वर्ग के युवा मतदाता की संख्या में 06 हजार 873 की वृद्धि हुई है और 80 वर्ष से अधिक वरिष्ठ नागरिक की संख्या 288 मतदाताओं की संख्या में कमी हुई है। इस प्रकार कुल जेंडर रेसियों में 13.71 की वृद्धि हुई है।

कलेक्टर श्री महोबे ने मतदान केन्द्र के संबंध में बताया कि विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71 पंडरिया में कुल 393 में कुल 393 मतदान केन्द्र एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72 कवर्धा में कुल 410 मतदान केन्द्र है। आयोग के निर्देशानुसार 1500 मतदाता पर एक मतदान केन्द्र निर्धारित है। अंतिम प्रकाशन उपरांत विधानसभा क्षेत्र 72 कवर्धा के मतदान केन्द्र क. 243. मतदान केन्द्र का नाम शा.नवीन प्राथ.शा भवन रामनगर कवर्धा में कुल मतदाता की संख्या 1606 हो गई है। उक्त केन्द्र का सहायक मतदान केन्द्र तैयार करने का प्रस्ताव प्रेषित किया जाएगा।

उन्होंने राजनैतिक दलों के सदस्यों को बताया कि आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए निर्वाचन व्यय की सीमा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 28 लाख रु. से बढ़ाकर 40 लाख रू. निर्धारित किया गया है। निर्वाचन व्यय के लेखा संधारण के लिए प्रत्येक निर्वाचन अभ्यर्थी को किसी भी बैंक में 0 बैलेंस खाता खुलवाना अनिवार्य है। अभ्यर्थी अपना निर्वाचन व्यय इसी खाते के माध्यम से करेगा। उक्त खाता एकल खाता होना चाहिए। अभ्यर्थी को उक्त खाते की जानकारी अपने निर्वाचन फार्म में दी जानी है। निर्वाचन फार्म दाखिल करते समय सभी दल/अभ्यर्थियों को आदर्श आचरण संहिता का पालन करना होगा। रिटर्निंग ऑफिसर को फार्म प्रस्तुत करते समय एक समय में केवल 5 व्यक्ति ही प्रवेश करने की अनुमति निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित की गई है। शासकीय फोटोग्राफर, विडियोग्राफर के द्वारा फोटो, विडियों ली जाएगी, जिसे संबंधित दल/अभ्यर्थी को प्रेषित कर दी जाएगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं को अपना ई ईपिक प्राप्त करने के संबंध में वोटर सर्विस पोर्टल ीजजचेरूध्ध्अवजमतेण्मबपण्हवअण्पद उपलब्ध कराया गया है। इस सर्विस के माध्यम से मतदाता अपना ईपिक ऑनलाईन डाउनलोड कर सकते हैं।

## प्रादेशिकी का शेष...

### सहकारी सदन निर्माण के लिए ...

मंजूर अंसारी, शम्सुद्दीन थारानी, नदीम आजमी, सुरेश्वर अग्रवाल (वकील), शफीक खान, रज्जब अली, नूर मोहम्मद, अबरार पुंवार, तनवीर अशरफी, अहमद खान, हुसैन खोखर, वसीम कुरैशी, नसीम फारूखी सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### छात्राओं के कौशल विकास में ...

पी. राजेश्वरी, पूजा चेलक व प्रेक्षा सहित 20 छात्राओं ने परकिया नायिका पर आधारित पदम की प्रस्तुति दी।

इस दौरान कार्यशाला में शामिल रहे प्रसिद्ध कोरियोग्राफर अनिल तांडी में कहा कि नृत्य गुरु जी.रतीश बाबू ने जिस सहजता के साथ हम सभी को सिखाया और यहां छात्रों में जिस गंभीरता से समझने की कोशिश की, ऐसा बहुत कम कार्यशालाओं में देखने को मिलता है। छात्राओं को संबोधित करते हुए डा.रतीश बाबू ने कहा कि यहां छात्राओं को भरतनाट्यम में अभिनय पक्ष को जिस गंभीरता से आत्मसात कियाए उससे उम्मीद की जा सकती है कि इस शास्त्रीय नृत्य को छात्राएं और बेहतर ढंग से परफॉर्म कर पाएंगी। नृत्य विभाग की प्रमुख डॉक्टर ऋचा ठाकुर ने कहा कि महाविद्यालय की छात्राओं और नृत्यति संस्थान की छात्राओं ने मिलकर तीन दिन में जिस गंभीरता से सीखा हैए यह उनके भविष्य में काम आएगा। उन्होंने इस आयोजन के लिए कला अकादमी के अध्यक्ष योगेंद्र त्रिपाठी का भी आभार जताया।

### किसान किताब में कूट रचना कर ...

ट्रांसपोर्ट फायनेंस विरूद्ध शशी गेण्ड्रे धारा 138 एनआई एक्ट में किसान किताब की माध्यम से जमानत ली गई है। आज प्रस्तुत की गई किसान किताब में पूर्व जमानत का कोई उल्लेख नहीं है। साथ ही तहसीलदार दुर्ग द्वारा जमानतदार को कोई डुप्लीकेट अथवा नई किसान किताब जारी किये जाने का कोई प्रमाण नहीं है। जांच में जमानतदार सरोज साहू द्वारा दस्तावेज में कूट रचना करना पाया गया। पुलिस ने सरोज साहू के विरूद्ध धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# नपा परिषद कुम्हारी की सामान्य बैठक में जनहित में पारित किए गए महत्वपूर्ण निर्णय

**कुम्हारी,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। बुधवार को नगर पालिका परिषद की सामान्य सभा की बैठक नगर पालिका भवन के सभागार में पालिकाध्यक्ष अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर की अध्यक्षता में संम्पन्न हुई उक्त बैठक में कुल 19 प्रस्ताव पर विचार विमर्श पश्चात निर्णय लिए गए। लगभग साढ़े पांच करोड़ के विभिन्न कार्यों तथा सौंदर्यीकरण, भवन मरम्मत, निर्माण कार्य, आरसीसी नाली मरम्मत, सड़क नवीनीकरण, उद्यान निर्माण, जल पाइपलाइन विस्तारीकरण, मुक्तिधाम निर्माण, भवन एवं मंच निर्माण, तालाब गहरीकरण आदि विभिन्न वार्डों में जनहित के कार्य हेतु परिषद द्वारा विचार विमर्श कर सर्वसम्मति से प्रस्तुत प्रस्ताव को पारित कर दिया गया। बैठक में पार्षद महेश सोनकर ने वार्ड क्रमांक 10 में स्थित एक एक मकान जो हाई टेंशन की जद में है पुनः निर्माण की अनुमति पर सवाल उठाए जिसे मुख्यंगरपालिका अधिकारी ने संज्ञान में लेकर कार्यवाही की बात कही वहीं वार्ड क्रमांक 15 की पार्षद रागिनी राजू निषाद द्वारा वार्ड के नालियों की साफ सफाई की बात करते हुए इस पर तत्काल उचित कार्यवाही की मांग रखी जिसे भी अध्यक्ष ने गंभीर विषय की श्रेणी में रखते हुए उचित व्यवस्था एवं तत्काल कार्यवाही की बात कही। उपाध्यक्ष के रवि कुमार ने सड़कों के गुणवत्ताहीन निर्माण को लेकर ठेकेदारों पर कार्यवाही की जानकारी मांगी जिसपर सीएमओ द्वारा जवाब दिया गया। सामान्य सभा की इस बैठक के पश्चात पत्रकारों से चर्चा के दौरान अध्यक्ष से आगामी विधान सभा चुनाव की तैयारियों के संबंध में पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि भूपेश बघेल विरुद्ध विजय बघेल की चुनावी प्रतिद्वंद्विता में भूपेश बघेल के मुकाबले में कोई दूर-दूर तक कहीं नहीं है क्षेत्र की जनता उनके तमाम विकास के कार्यों से प्रसन्न है एवं उन्हें दोबारा इसी रूप में देखना चाहते हैं। सभा समाप्ति के पूर्व पार्षद थनेश पटेल ने विकास कार्यों में शासन के सहयोग के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।



# मंत्री अकबर ने रामायण महिला मंडली के सदस्यों से भेंट मुलाकात की

**कवर्धा,** 5 अक्टूबर। प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर आज कवर्धा शहर के नंदी विहार कॉलोनी में रामयण महिला मंडली समूह से भेंट मुलाकात की। रामायण महिला मंडली के सदस्यों ने मंच निर्माण के लिए मांग किया। मंत्री श्री अकबर ने मंच निर्माण के लिए मंजूरी दी। इसके लिए स्थान चयन करने के लिए कहा।



# भंडारपुरी वाले गुरू द्वारिका साहेब अपने 300 समर्थकों के साथ मंत्री डॉ. डहरिया के समक्ष कांग्रेस में हुए शामिल



**आरंग,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार में प्रदेश में हो रहे चहुंमुखी विकास कार्यों से तथा प्रदेश में स्थापित सुशासन व्यवस्था के साथ मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के नेतृत्व क्षमता व आरंग विधानसभा क्षेत्र में हुवे विकास कार्यों से प्रभावित होकर भण्डारपुरी वाले गुरू द्वारिका साहेब एवं गुरू भावेन्द्र साहेब अपने 300 समर्थकों के साथ प्रदेश कांग्रेस कार्यालय रायपुर पहुँच कर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, केबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, उधोराम वर्मा जिलाध्यक्ष रायपुर ग्रामीण एवं कोमल सिंह अध?यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी आरंग समक्ष कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। गुरू द्वारिका साहेब एवं गुरू भावेन्द्र साहेब के साथ कांग्रेस पार्टी में शामिल होने वाले में प्रमुख रूप से मुकेश सारथी, आनंद बंजारे, प्यारे धीवर, किशन साहू, धरम मिरी, सोनेचंद मिरी, किशन टंडन, बालकुमार कुर्रे, शेखर कुर्रे, उत्तम बांधे, योगेश घृतलहरे, रोहित कुर्रे, हिरालाल मुंगेंड़या, संतोष धीवर, किशन साहू, रामकुमार धीवर, मनी कुर्रे, तारण गायकवाड़, भोला बघेल, मन्नू सतनामी, झालाराम सतनामी सहित 300 समर्थकों ने कांग्रेस प्रवेश कर पार्टी की रीति नीति में चलने का शपथ भी लिया।

# भाजपा की संभावित सूची वायरल होने के बाद मचा बवाल



■ सैकड़ो की संख्या में भाजपा संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता किए राजधानी कूच, हाई कमान के समक्ष जताया विरोध

■ पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन ,प्रदेश अध्यक्ष साव, संगठन मंत्री पवन साय से भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने की मुलाकात

**बेमेतरा,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। संभावित सूची जारी होने के बाद भाजपा में बवाल मच गया है।जमकर विरोध के स्वर उठ रहे हैं।मंगलवार 4 अक्टूबर को बेमेतरा विधान सभा के चारो मंडल के अध्यक्ष जनों के साथ सैकड़ों की संख्या में पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता रायपुर कुच किए और प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव,पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह,संगठन मंत्री पवन साय से मिलकर संभावित सूची में आए नाम को लेकर अपना विरोध दर्ज कराया । इस दौरान भाजपा के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने पार्टी के नेताओं के पास विधानसभा की वास्तविक परिस्थितियों को रखते हुए इस बात का भी ध्यान हाई कमान के समक्ष उठाते हुए रखा की जिस तरह से संभावित सूची में नाम आ रहे हैं उससे पार्टी का चुनाव हारना एक तरह से सुनिश्चित हो जाएगा । पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की बात को बड़ी गंभीरता से सुनते हुए प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह और संगठन महामंत्री साय ने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त करते हुए कहा की अभी पार्टी ने अधिकृत रुप से सूची जारी नहीं की है और कार्यकर्ताओं की भावनाओं की आधार पर ही टिकिट दिया जाएगा। बहरहाल संभावित सूची जारी होने और जिला पंचायत सदस्य राहुल टिकरियहा का नाम आने से जिस तरह से संगठन के सारे पदाधिकारी व लंबे अरसे से भाजपा में काम कर रहे भाजपा नेताओं की एकजुटता प्रदर्शित करते हुए प्रदेश नेतृत्व के समक्ष अपनी बातें रखी गई । इससे जिला मुख्यालय के राजनीतिक हलकों में इस बात की चर्चा तेज हो गई की भाजपा में जारी संभावित सूची से असंतुष्ट है।

### इन भाजपा नेताओं एवं पदाधिकारी ने रायपुर पहुंच कर रखी बात

प्रदेश के नेताओं की समक्ष अपनी बात रखने वालों में बेरला मंडल अध्यक्ष बलराम पटेल ,मंडल अध्यक्ष बेमेतरा शहर मोंटी साहू ,मंडल अध्यक्ष भिंभोरी यशवंत वर्मा ,मंडल अध्यक्ष बेमेतरा ग्रामीण छोटू साहू के नेतृत्व में सेवा सहकारी समिति के पूर्व अध्यक्ष संजीव तिवारी , पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद दुबे , जिला पंचायत सदस्य पुष्पा साहू जिला पंचायत सदस्य भुनेश्वरी वर्मा , पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजा साहू , पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष विजय सुखवानी,संतोष वर्मा, डोमेंद्र राजपूत, बंशी राठी,कैलाश शर्मा,प्रकाश वर्मा, दीक्षांत साहू , पार्षद प्रवीण नीलू राजपूत सहित सैकड़ो की संख्या में भाजपा के नेता व कार्यकर्ता तथा संगठन के पदाधिकारी शामिल रहे ।

# विधायक छाबड़ा के प्रयासों से शिवनाथ नदी में तटबंध निर्माण कार्य की मिली प्रशासनिक स्वीकृति

**बेमेतरा,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधायक आशीष छाबड़ा के प्रयासों से राज्य शासन की ओर से सुंदर-सुंदर नदी के तटबंध निर्माण कार्य में 8 करोड़ 69 लाख 12हजार की प्रक्रिया की स्वीकृति प्रदान की गई है विधायक आशीष छाबड़ा ने अपने निर्वाचन पक्ष से इस कार्य की स्वीकृति के लिए लगातार प्रयासरत थे इसके लिए विधायक आशीष छाबड़ा ने विभागीय मंत्री के समक्ष कई बार दौड़ लगाई साथी साथ प्रदेश के मुखिया को भी इस कार्य की आवश्यकता से अवगत कराया विधायक आशीष छाबड़ा की बातों से सहमत होते हुए राज्य सरकार ने इस कार्य का प्रशासकीय आदेश जारी किया है इस कार्य के हो जाने से सलाह समिति शिवनाथ नदी में हो रहे जल कटाव को रोका जा सकेगा साथ ही साथ ग्रीष्मकल में पानी की उपलब्धता भी बढ़ेगी ग्राम सालधा के शिवनाथ नदी तटबंध निर्माण कार्य के साथ ही साथ राज्य शासन रायपुर द्वारा चेटुवा बाढ़ नियंत्रण योजना अंतर्गत किरतपुर से चेटूवा के बीच तटबंध निर्माण कार्य की स्वीकृति दी है जिसके लिए 2 करोड़ 88 लाख 80 हजार रुपए की स्वीकृति प्राप्त हुई है विधायक आशीष छाबड़ा अपने क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्पित होकर कार्य कर रहे थे जिसका नतीजा है कि बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में किसानों के पानी की समस्या ना हो साथी साथ नदी किनारे बसे हुए गांव में जल भराव ना हो इसको ध्यान में रखकर उनके द्वारा लगातार नदी किनारे तद्धव निर्माण की मांग की जा रही थी विधायक आशीष छाबड़ा के भागीरथी प्रयासों का ही नतीजा है कि राज्य शासन में दो बड़े महत्वपूर्ण कार्यों की स्वीकृति में मित्र विधानसभा क्षेत्र को सौगात के रूप में दी है विधायक आशीष छाबड़ा ने स्वीकृति मिलने पर प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल सहित जल संसाधन मंत्री रविंद्र चौबे के प्रति आभार व्यक्त किया है जिनकी छत्र छाया में बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र का विकास ध्रुव गति से हो रहा है ।



# देवरी क के ग्रामीणो ने सरपंच सचिव पर लगाए 15 वे वित्त राशि गबन करने का आरोप

■ ग्रामीणो की शिकायत पर जांच मे पहुंचे अधिकारी

**गुण्डरदेही,** 5 सितम्बर (देशबन्धु) । ग्राम पंचायत देवरी क के ग्रामीणो ने सरपंच सचिव पर आरोप लगाया कि 15 वे वित्त राशि की जानकारी ग्रामीणो को मांगने पर नही दी जाती जिसके बाद ग्रामीणो ने आनलाइन से पुरी जानकारी निकाली गई जिसमे पता चला कि सरपंच सचिव व सरपंच पति वर्तमान रोजगार सहायक द्वारा तीनो मिलकर 15 वे वित्त की राशि जो गांव के विकास कार्य मे लगना चाहिए था उसे बंदरबांट किया गया है जिसकी शिकायत ग्रामीणो ने 13 सितंबर को जनपद पंचायत गुण्डरदेही मे जाकर की ग्रामीणो की शिकायत के बाद बुधवार 4 अक्टूबर को जांच अधिकारी सुर्य प्रकाश दिवेदी पंचायत पहुंचे अधिकारी की जांच मे पता चला की सरपंच सचिव वित्तिय वर्ष 2022 23 व 2023 24 के 15 वे वित्त व मूलभूत की राशि मे अनियमितता की गई है , ग्राम पंचायत के चपरासी व कम्पुटर आपरेटर को दिए जाने वाले मानदेय के आलावा अन्य फर्जी बिल लगाकर पंचायत के खाते से राशि निकाला गया , विधुत समाग्री व पेयजल समाग्री के नाम से अतिरिक्त फर्जी बिल लगाकर राशि गबन किया गया है , डोंगीडबरी तालाब मे शौचालय निर्माण मे फर्जी बिल लगाया गया है जबकि तालाब मे शौचालय निर्माण हुआ नही है, बोरखनन पाइपलाइन व स्वच्छता कार्यो के नाम से भी फर्जी बिल लगाकर राशि निकाला गया है, सरपंच सचिव द्वारा प्रत्येक राशन कार्डधारी से सौ रुपए विधुत शुल्क के नाम से वसूला गया है जबकि विधुत उपकरण के नाम से अलग से बिल लगाकर राशि निकाला जा चुका है वही सरपंच पति वर्तमान रोजगार सहायक पंचायत के हर कार्य मे हस्तक्षेप करते है



### जांच प्रतिवेदन तैयार कर सीईओ को सौंपा जाएगा

इधर सीईओ के आदेश पर जांच मे गए अधिकारी सुर्य प्रकाश दिवेदी आंतरिक लेखा परीक्षण ने बताया कि ग्राम पंचायत देवरी क के शिकायतकर्ता ग्रामीण द्वारा शिकायत किया गया था उक्त शिकायत की जांच की गई जिसके बाद जांच प्रतिवेदन तैयार कर जनपद सीईओ को सौंपा जाएगा।

# मोबाइल पाइंट दुकान से चोरी गये 12 नग टच स्क्रीन मोबाइल सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**बेमेतरा,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। 13-14 सितम्बर की दरम्यनी रात मे प्रार्थी दिलीप सिन्हा उम्र 34 साल साकिन खण्डसरा थाना व जिला बेमेतरा के मोबाइल पाइंट दुकान से कोई अज्ञात चोर दुकान के छप्पर के खपरैल को हटाकर अंदर प्रवेश कर केबिन में रखे टच स्क्रीन मोबाइल 04 नग एवं रिपेयरिंग हेतु रखे हुए मोबाइल जुमला किमती 13,500/- रू को चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट पर दिनांक 21.09.2023 को चौकी खण्डसरा मे अपराध सदर धारा 457, 380, 34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।



उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया । जिस पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) ने आवश्यक निर्देश दिये। जिसके तहत अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में पुलिस चौकी खण्डसरा प्रभारी को अपराध विवेचना हेतु चौकी स्टाफ के साथ माल मुल्जिम पतासाजी में लगाया गया ।

विवेचना माल मुल्जिम पतासाजी के दौरान जरिये मुखबीर की सूचना पर दिनांक 03.10.2023 को आरोपी राहूल पाण्डेय 02 घनश्याम उर्फ अजय पटेल उक्त चोरी के संबंध में पुछताछ करने पर दिनांक 13-14.09.2023 के रात्रि को दिलीप मोबाइल पाइंट खण्डसरा से चोरी करना स्वीकार किये। जिनके पास से चोरी गये 12 नग टच स्क्रीन मोबाइल जुमला कीमती 28,500/- रु. को जप्त कर बरामद किया गया।

आरोपी 01. राहूल पाण्डेय पिता कपिल पाण्डेय उम्र 18 साल 10 माह, 02. घनश्याम उर्फ अजय पटेल पिता कपिल पटेल उम्र 19 साल साकिनान मोहतरा चौकी खण्डसरा थाना व जिला बेमेतरा को विधिवत गिरफ्तार कर दिनांक 04.10.2023 को न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

उपरोक्त कार्यवाही में पुलिस चौकी खण्डसरा प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी बृज किशोर यादव, सउनि गुहाराम वारे, प्रधान आरक्षक शिवकुमार बंजारे, आर. चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, ऐश्वर्य कुमार सिन्हा एवं अन्य चौकी स्टाफ का सराहनीय भुमिका रही।

# भाजपा प्रत्याशी विक्रांत का जनसम्पर्क तेज



**छुईखदान,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी विक्रांत सिंह का जन संपर्क चुनाव प्रचार कार्यक्रम पूरे विधानसभा क्षेत्र में लगातार चल रहा है ।छुईखदान नगर में भी हनुमान मंदिर वार्ड क्रमांक 4 के पास नुक्कड़ सभा एवं लोगों से जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें काफी संख्या में वार्ड वासी एवं नगर वासी उपस्थित रहे लोग भाजपा प्रत्याशी विक्रांत सिंह को सुनने के लिए एवं अपनी बात रखने के लिए काफी संख्या में इकट्ठा हुए लोग अपनी अपनी बात एवं समस्या रखी जिसे बहुत ही विनम्रता एवं सहज भाव के साथ विक्रांत सिंह ने सुना व जवाब दिए तथा अपने उद्बोधन में कहे छुई खदान क्षेत्र में जितने भी विकास कार्य हुए जैसे कृषि महाविद्यालय बकर कट्टा सड़क निर्माण ,सिविल कोर्ट की स्थापना ,सिंचाई व्यवस्था पानी बिजली सभी कार्य बीजेपी सरकार डॉ रमन सिंह के समय की देन है यदि आपका आशीर्वाद से मैं चुनाव जीत गया तो छुईखदान व ग ?डई में भी खैरागढ़ जैसे सुविधा होगी तथा आप लोगों के साथ मैं हमेशा खड़ा रहूंगा मुझे अपना भाई समझ कर सहयोग करो इस कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष घमन साहू ,मंडल भाजपा अध्यक्ष नेतराम जंघेल, अरविंद शर्मा, प्रेम नारायण चंद्राकर, गिरिराज वैष्णव महावीर जैन ,भावेश जैन, दीपक देशमुख शैलेश जैन सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिले में कलेक्टर की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग के सलाहकार समिति की हुई बैठक

■ जिले में नियमानुसार सोनोग्राफी केंद्रों का संचालन सुनिश्चित करें : कलेक्टर

■ जिले में सोनोग्राफी के संचालन को लेकर हुई विचार विमर्श



**खैरागढ़,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने 5 अक्टूबर को जिला मुख्यालय के सभागार में कलेक्टर गोपाल के अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग के सलाहकार समिति की बैठक हुई जिसमें स्वास्थ्य विभाग के प्रसव पूर्व निदान तकनीक लिंग चयन प्रतिषेध नियम 1996 के अनुसार जिला सलाहकार समिति की बैठक हुई जिसमें जिले में संचालित सोनोग्राफी सेन्टर की अनुमति, नियमानुसार सोनोग्राफी संचालन करने वाले संचालकों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने सलाहकार समिति की बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिला में नियमानुसार सोनोग्राफी केंद्रों का संचालन सुनिश्चित करें। उक्त बैठक में प्रस्ताव अनुसार जानकारी दी गईं। जिले में संचालित सोनोग्राफी सेन्टर का निरीक्षण माह में 06 बार किया गया। प्रस्ताव में किसी भी सेन्टर में लिंग परिक्षण न हो एवं करते हुए पाये जाने पर सीधा सीज करने का प्रस्तावित किया गया है। पीसीपी एनडीटी का एक खाता खोला गया है। नियमानुसार डायग्नोस्टिक सेंटर की पंजीयन की प्रक्रिया पूर्ण किया जाये, 1 नए प्रस्ताव की अनुमति नियमानुसार दिया जाए एवं 1 नवीनीकरण का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है शिकायत पर जॉच कर नोटिस जारी किया जाएगा सोनोग्राफी सेन्टर का संचालन एवं रिपोर्टिंग नियमित रेडियोलॉजिस्ट के द्वारा ही किया जाना है, यदि नही पाया जाता है तो उचित कार्यवाही किया जाएगा।

कलेक्टर की अध्यक्षता में चर्चा की गई कि डायग्नोस्टिक सेंटरो में प्रसव पूर्व कियें गयें जॉच(सोनोग्राफी) के लियें निर्धारित शुल्क एक समान हो। अलग- अलग सोनोग्राफी सेन्टर में डॉक्टरों की फीस अलग अलग होने एवं अलग अलग स्कैन की कीमत में भिन्नता होने की वजह से सभी जगह सोनोग्राफी की कीमत एक समान तय नही किया जा सकता है। उक्त बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विवेक बिसेन, जिला नोडल अधिकारी डॉ. बोधन पर्ते, डॉ प्रशांत झा, राजेश्वरी अग्रवाल, सुबोधकांत पाण्डे सहित अन्य नागरिक गण के अलावा विभाग के अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।

# केबिनेट मंत्री अकबर मोर मान मोर कबीरधाम, एक सम्मान कबीरधाम के स्वप्न दृष्टाओं कार्यक्रम में शामिल हुए

**कवर्धा,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि-विधायी एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर वीर सावरकर भवन कवर्धा में आयोजित मोर मान मोर कबीरधाम, एक सम्मान कबीरधाम के स्वप्न दृष्टाओं का कार्यक्रम में शामिल हुए। मंत्री श्री अकबर द्वारा कबीरधाम के विरासत इतिहास और स्मृतियों के लिए महानुभावों द्वारा किए गए कार्यो के प्रेरणा स्वरूप दिवंगत महानुभावों के परिवार जनों और उपस्थित महानुभावों साथ ही कबीरधाम जिले के मान बढ़ाने वाले लोगों को कबीरधाम गौरव की ख्याति से अलंकृत करते हुए सम्मानित किया। कवर्धा विधानसभा में हुए विकास कार्यों को लेकर मंत्री एवं विधायक मोहम्मद अकबर को सर्वश्रेष्ठ विधायक के रूप में सम्मानित किया। कबीरधाम के इतिहास विरासत और स्मृतियों पर संकलित और लिखित लेखों पर च्मोर मान मोर कबीरधामज्ज पत्रिका का विमोचन मंत्री और विधायक मो. अकबर और मंच पर उपस्थित अतिथियों द्वारा किया गया।

केबिनेट मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मंत्री श्री अकबर ने पत्रिका में लिखे गए लेखों में से सरोधा बांध जलाशय के निर्माण की स्मृतियों को याद करते हुए पूर्व विधायक दिवंगत जनाब हमीदुल्लाह खान और दिवंगत जनाब अकबर दीवान को स्मरण करते हुए भावुक होते हुए कहा की जैसे उनके द्वारा अतुलनीय कार्य को हम आज याद कर रहे है वैसे ही आपके द्वारा दिए गए प्यार सम्मान, निर्माण कार्यों जैसे सूतिया पाठ, जगमड़वा जलाशय के लिए भविष्य में उन्हें भी याद किया जाएगा। उन्होंने अपनी उपलब्धियों का पूरा श्रेय जनता का उन पर विश्वास को दिया है। उन्होंने कहा कि जगमड़वा बांध और घटोला जलाशय के लिए स्वीकृति मिलने के बाद निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया है। यह जिले के लिए बड़ी उपलब्धि है। घटोला बांध बनने के बाद घटोला बांध से सुतियापाठ जलाशय तक पानी भेज सकेंगे। जिससे उसकी सिंचाई क्षमाता का विस्तार हो सकेगा। उन्होंने कहा कि कबीरधाम जिले के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मेडिकल कॉलेज की सौगात दी है। इस अवसर पर श्री होरी साहू, श्री गणेश योगी, नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा, श्रीमती गंगोत्री योगी, पार्षद संतोष नामदेव, राजकुमार तिवारी, बिलाल खान, विकास केसरी सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# केबिनेट मंत्री अकबर पहुंचे पत्रकार सूरजदास मानिकपुरी के निवास पर

**कवर्धा,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि-विधायी एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर बुधवार को पत्रकार श्री सूरजदास मानिकपुरी, श्री राजूदास मानिकपुरी के निवास पर पहुंचकर उनकी परिवार जनों से सौजन्य भेंट मुलाकात की और पूरे परिवारजनों से चर्चा करते हुए सभी का हाल-चाल जाना। भेंट-मुलाकात के दौरान मंत्री श्री अकबर को अवगत कराया गया कि पत्रकार सूरजदास मानिकपुरी पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ्य है। उनका उपचार रायपुर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है, फिलहाल घर पर है और समय-समय पर पहुच कर स्वास्थ्य लाभ ले रहे है। केबिनेट मंत्री श्री अकबर ने उनके परिवारजनों और पत्रकार सूरजदास से चर्चा करते हुए कहा कि उनके बेहतर स्वास्थ्य की कामना की साथ ही उपचार के लिए हर संभव मदद के लिए आश्वासन दिए। इस दौरान मानिकपुरी परिवार ने केबिनेट मंत्री श्री अकबर को संत कबीरदास की तैल्यचित्र भेंट की। इसके बाद मंत्री श्री अकबर पत्रकार राजूदास मानिकपुरी के निवास भी पहुंचे। निवास पहुंचकर पूरे परिवारजनों से सौजन्य भेंट मुलाकात किए। केबिनेट मंत्री के साथ जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि होरी साहू, नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष नीलकंठ साहू, उपाध्यक्ष चोवाराम साहू, राजकुमार तिवारी, मोहित महेश्वरी, विरेन्द्र जांगड़े सहित संबंधित वार्डो के पार्षदगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



■ परिवार जनों ने श्री अकबर को संत कबीरदास की फोटो फ्रेम चित्र भेंट की

# कोलाहल नियंत्रण सीमा के बाहर होने पर डीजे को किया जाएगा राजसात: कलेक्टर

**खैरागढ़,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। गुरुवार 5 अक्टूबर को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने डीजे व धुमाल संचालको की जिला मुख्यालय के सभागार में बैठक लेकर दिशा निर्देश दिया गया। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बैठक में कहा कि तीव्रता कोलाहल नियंत्रण सीमा के भीतर ही डीजे बजा सकते है। यदि डीजे की आवाज तय सीमा से बाहर हुई तो डीजे संचालक के ऊपर नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान जिले के डीजे संचालक, व उनके प्रतिनिधि, प्रशासन व पुलिस के अधिकारी उपस्थित रहे। केसीजी के कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिले के सभी डीजे संचालक व उनके प्रतिनिधियों को निर्देशित करते हुए कहा कि न्यायालय के आदेशानुसार डीजे की तीव्रता कोलाहल नियंत्रण सीमा के बाहर होने पर सीधे डीजे संचालक के ऊपर राजसात की कार्यवाही की जाएगी। इतना ही नही उपकरण को भी नष्ट करके संचालक पर नियमानुसार पुलिस थाने में रिपोट दर्ज की जाएगी। इसलिए तय मापदंड सीमा का ध्यान रखकर डीजे का संचालन करें हाईकोर्ट के मुख्य सचिव ने इस विषय पर शपथ पत्र की मांग की थी। इसलिए जिला प्रशासन को आवश्यक बैठक रखना रखा पड़ा छत्तीसगढ़ राजपत्र में अधिसूचना में निम्न विवरणों को दिया गया है। क्रमांक एफ 04-03/2018/32.- पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का सं. 29) के अंतर्गत निर्मित ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) नियम, 2000 के नियम 3 के उप नियम (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, उक्त उप-नियम के परिशिष्ट के अनुसार, ध्वनि प्रदूषण के प्रभावी नियंत्रण के लिये सभी ध्वनि प्रणाली / लोक संबोधन प्रणाली में ध्वनि सीमक (सीमकों) के आवश्यक रूप से उपयोग के लिए, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल, एतद्द्वारा, इस अधिसूचना को सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में तत्काल प्रभाव से जारी करते हैं। किसी भी ध्वनि प्रणाली का, किसी भी ऐसे विनिर्माता/व्यापारी/दुकानदार/एजेंसी, जो लोक संबोधन प्रणाली को / संबंधित प्रणाली के उपकरणों को एकल रूप से किराये पर देते हैं, के द्वारा इसमें ध्वनि सीमक के बिना, विक्रय / कय/प्रदाय / संस्थापन / उपयोग नहीं किया जायेगा / किराये पर नहीं दिया जायेगा। सभी अनुज्ञा देने वाले प्राधिकारी, जिसमें पुलिस प्राधिकारी, नगर पालिक निगम, नगर पालिक परिषद्, नगर पंचायत, पंचायत सम्मिलित है, यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी ध्वनि प्रणाली या लोक संबोधन प्रणाली, ध्वनि सीमक सज्जित किये बिना, किसी भी शासकीय या गैर-शासकीय कार्यक्रमों में स्थापित नहीं किया जाये या किराया पर नहीं लगाया जायें संबंधित एजेन्सियों के द्वारा जारी सभी अनुज्ञप्तियों में, इस शर्त को सम्मिलित किया जायें। बैठक में अपर कलेक्टर डीएस राजपूत, प्रकाश राजपूत, मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रमोद शुक्ला, कमल नारायण जंघेल, उप पुलिस अधीक्षक प्रदीप येरेवार सहित जिले के डीजे संचालक व उनके प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# प्रादेशिकी

महासमुंद-धमतरी-बलौदाबाजार-बागबाहरा-पिथौरा-गरियाबंद

# कॉलेज के विद्यार्थियों को जल्द मिलेगी बस सुविधा का लाभ



**जनभागीदारी समिति की बैठक में बस सेवा शुरू करने का लिया निर्णय**

**महासमुंद**, 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय महासमुन्द के विद्यार्थियों को जल्द ही बस सेवा की सुविधा मिलेगी। महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर की अध्यक्षता में हुई बैठक में बस सुविधा प्रारंभ करने के साथ ही कई प्रस्तावों के लिए स्वीकृति प्रदान की गई। बुधवार को शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय महासमुन्द के जनभागीदारी समिति की बैठक अध्यक्ष श्री चंद्राकर की अध्यक्षता में बैठक में बस सेवा शुरू करने को लेकर सर्वसम्मति से जल्द ही कार्रवाई किए जाने का निर्णय लिया गया। जिसके तहत ड्राईवर व कंडक्टर की नियुक्ति करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए कालेज के प्राध्यापकों को जिम्मेदारी भी दी गई है। इसी तरह कॉलेज परिसर में पेयजल की समुचित व्यवस्था के साथ ही बैठक व्यवस्था को लेकर सहमति प्रदान की गई। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री चंद्राकर ने प्राध्यापकों से नियमित रूप से समय पर कॉलेज पहुंचने व विद्यार्थियों की क्लॉस लेने के निर्देश दिए। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि अध्यापन कार्य में कोताही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान जनभागीदारी समिति की सदस्य दाऊलाल चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू, मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे, सदस्य संजय शर्मा, योगेश गंडेचा, हरिकृष्ण भार्गव, रमाकांत गायकवाड, गौरव चंद्राकर, निर्मल जैनए तरूण साहू, किशन देवांगन सहित प्रभारी प्राचार्य अनुसूईया अग्रवाल, डा नीलम अग्रवाल, मनीराम धीवर, डा ईपी चेलक, अजय राजा, मनोज शर्मा, कुंदन देवांगन आदि मौजूद रहे।

## भटगांव में 50 लाख की लागत से अडबंधा पार में प्रारंभ किया गया सौंदर्यीकरण कार्य

**भटगांव/बलौदाबाजार**, 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। लोग चाहे भी कुछ बोले कुछ भी कहे लेकिन कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में और क्षेत्रीय विधायक संसदीय सचिव चंद्र देव राय के सक्रियता और नगर पंचायत के अधिकारी व पार्षदगणों के नगर भटगांव में विकास की प्रतिबद्धता की वजह से आज नगर में जगह जगह विकास कार्य देखने को मिल रही है।



अडबंधा तालाब के चांपा रोड पर 50 लाख की लागत से पार्ट 1 का सौंदर्यीकरण कार्य हो समाप्त हो चुका है और अब अडबंधा तालाब में शिवमंदिर से लेकर तालाब के ऊपर 50 लाख की लागत से पार्ट 2 के सौंदर्यीकरण कार्य शुरू हो गई है। पूर्व में राज्य में 15 साल भाजपा सरकार सरकार की कमजोर जनप्रतिनिधि की वजह से नगर भटगांव में विकास कार्य देखने को नहीं मिला। सन् 2008 में कुछ विकास कार्य जरुर किया था। लेकिन आम लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पाया जो भी विकास कार्य हुए थे, वह नगण्य है। लेकिन वर्तमान में नगर पंचायत भटगांव के अधिकारी व पार्षदगणों की सकारात्मक सोंच ने भटगांव को नया स्वरूप देने की कोशिश की जा रही है जो काबिले तारीफ है। नगर में जगह जगह विकास कार्य देखने को मिल रही है जो कांग्रेस सरकार की देन है। फिर भी कांग्रेस सरकार और वर्तमान विधायक संसदीय सचिव चंद्र देव के कार्यप्रणाली की प्रशंसा करने बजाय कुछ लोगों द्वारा आलोचना करते हुए नजर आ रहें हैं। भटगांव क्षेत्र की जनता भली-भांति जानती है और पहचानती भी है कि वर्तमान कांग्रेस सरकार की कार्यकाल के दौरान भटगांव में कई विकास कार्य कराए जा रहे हैं जो नगर के लिए बहुत बड़ी >> शेष पृष्ठ 9 पर>

## वादे के पक्के अमितेश शुक्ल तीन दिन में ही वापस पहुंचे सुरसाबांधा



**राजिम**, 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजिम विधायक अमितेष शुक्ल 30 सितंबर 23 को सुरसाबांधा में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होने पहुंचे थे। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों द्वारा ग्राम सुरसाबांधा में फुटपार्क निर्माण में हो रही देरी के संबंध में नाराजगी व्यक्त की गई, जिस पर श्री शुक्ल द्वारा अपर कलेक्टर से दूरभाष पर चर्चा उपरांत ग्रामीणों को बताया गया कि हाईकोर्ट में मामला लंबित होने के कारण उक्त फुटपार्क निर्माण कार्य प्रारंभ नही हो पा रहा है, किन्तु ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे, जिस पर श्री शुक्ल द्वारा ग्रामीणों को आश्वस्त किया गया कि एक सप्ताह के भीतर संबंधित अधिकारियों को स्वयं अपने साथ लेकर पुनः सुरसाबांधा आकर ग्रामीणों के बीच चर्चा करेंगे।

अपनी पक्के जुबान के लिए माने जाने वाले श्री शुक्ल तीन दिन के ही अंदर 03 अक्टूबर 23 को अपर कलेक्टर, एस.डी.एम., तहसीलदार और महाप्रबंधक, उद्योग विभाग को अपने साथ लेकर पुनः ग्राम सुरसाबांधा पहुंचे, जहां पर ग्रामीणों और >> शेष पृष्ठ 9 पर>

## रोहित के प्रचार-प्रसार में युवा, मातृशक्ति और नौजवान का साथ : राधेश्याम बंजारे



**राजिम**, 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी ने राजिम से रोहित साहू को घोषित किया तब से राजिम क्षेत्र का माहौल भाजपा मय हो गया हे जबकि कांग्रेस से प्रत्यासी घोषित नही होने के कारण कांग्रेस का प्रचार-प्रसार अभी शून्य नजर आ रहा हे। भाजपा से रोहित को टिकट मिलने के कारण अनेको कार्यकर्ता मतदाताओं से मिलने जुलने और खुलकर बातचीत करने का मौका नही छोड रहे हे जिसमें खासकर युवा वर्ग, मातृशक्ति और नौवजवान साथी शामिल हे। इन्होने पार्टी को धन्यवाद देते हुए कहा कि श्री साहू एक अच्छे व्यक्ति हे जिसे प्रत्याशी बनाया है जो काफी सरल सहज एवं मिलनसार है, उक्त बाते राजिम भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राधेश्याम बंजारे ने एक भेट मे बताया।

श्री बंजारे ने आगे कहा कि जो व्यक्ति जो-दो बार सरपंच बने और सरपंच संघ के अध्यक्ष बने और सभी सरपंचों को साथ लेकर चले और उनके सकुशल कार्य करने की तरीके से लोगों के बीच उनकी पहचान बनी और भारी मतो से जीताकर >> शेष पृष्ठ 9 पर>

## विधायक ने किया नगर पंचायत आमदी में विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण



**विकास कार्य को गति व जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना जनप्रतिनिधि का दायित्व है : रंजना**

**धमतरी**, 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। धमतरी विधानसभा के नगर पंचायत आमदी में विधायक रंजना डीपेंद्र साहू के करकमलों से वार्डों में नाली व सीसी रोड निर्माण के लिए एक करोड़ 88 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन महाराज जी के मंत्रोपचार के साथ विधि विधान से समस्त पार्षद गण, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं समस्त वार्ड वासियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। साथ ही विधायक निधि से स्वीकृत हृदय स्थल बाजार चौक में शेड निर्माण कार्य, एवं किचन शेड निर्माण कार्य 13 लाख के विकाश कार्यों का लोकार्पण किया गया। समस्त नगर पंचायत वाशियो ने सभी अतिथियों का स्वागत किए। स्वागत उद्बोधन में नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत माला ने बताया की नगर पंचायत आमदी के विकास के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है, और क्षेत्र की विधायक रंजना साहू ने अपनी जन्मभूमि के लिए अनेक निर्माण कार्यों की स्वीकृति हमारे नगर पंचायत को दिए हैं, उनका प्रयास नगर के विकास के लिए रहा समस्त नगर पंचायत की ओर समय धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। कार्यक्रम के उद्बोधन में विधायक रंजना साहू ने कहा कि विकास कार्य, मूलभूत सुविधाएं देना जनप्रतिनिधि का दायित्व हैं किंतु हुए निर्माण कार्य को सहेजने और संवारने का कार्य स्थानियों का होता है। जनहित के लिए किया गया कार्य कभी व्यर्थ नहीं जाता किंतु उसकी सार्थकता तभी सिद्ध होगी जब उनका सदुउपयोग हो। >> शेष पृष्ठ 9 पर>

# युवक कांग्रेस ने किया भारत जोड़ो मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन




**■ युवाओं ने लिया बढ़चढ़ कर हिस्सा**
**■ अव्यवस्थाओं के बीच सम्पन्न हुई युवक कांग्रेस की मैराथन दौड़**

**बलौदाबाजार**, 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के तहत छत्तीसगढ़ में मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत गुरुवार को बलौदाबाजार-भाटापारा जिले से किया गया। दौड़ में युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.वी. श्रीनिवास मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और युवाओं के साथ दौड़ लगाई। दौड़ के बाद विजेता युवाओं को चेक देकर सम्मानित किया गया।

इस मैराथन दौड़ में कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, पाठ्यपुस्तक निगम अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी, पूर्व सांसद राज्य सभा छाया वर्मा, जींव जंतु बोर्ड अध्यक्ष विद्याभूषण शुक्ल, युवक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष विक्रम गिरी, जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, तेलघानी बोर्ड के सदस्य रोहित साहू, पूर्व विधायक जनक राम वर्मा, युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र बंजारे सहित बड़ी संख्या में युवक कांग्रेस के प्रदेश पदाधिकारियों के साथ काफी संख्या में युवाओं ने भाग लेकर तीन किलोमीटर की लंबी दौड़ लगाई। श्रीनिवास ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा निकालकर देश में फैली नफरत को मिटाकर मोहब्बत की दुकान खोल रहे हैं। आज हम छत्तीसगढ़ में ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को जोड़ने के लिए विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज कर रहे हैं उसी के तहत मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया है।

कार्यक्रम आयोजन में अनुभवहीनता के चलते भारी अव्यवस्था-बलौदाबाजार जिला युवक कांग्रेस द्वारा आयोजित भारत जोड़ो यात्रा के वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मैराथन प्रतियोगिता कल हुई। जिसमे युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी वी श्रीनिवास मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत किये। इस आयोजन में तमाम खामियां देखने को मिली जिसके चलते कई बार राष्ट्रीय अध्यक्ष की नाराजगी भी उभर कर सामने आई। सबसे पहले इस मैराथन प्रतियोगिता के पूर्वनिर्धारित समय से लगभग 2 घंटे का विलम्ब हुआ जिसके चलते अनेको प्रतिभागी इस दौड़ में हिस्सा नही ले सके तथा अनेको लोग सूरज की तपती धूप में आहत दिखाई दिए, फिर मंचीय व्यवस्था में किसी भी प्रकार का कोई सिस्टम देखने को नही मिला। बलौदाबाजार जिले के कई वरिष्ठ कांग्रेसी नेता गण जिनमे से कई राज्यमंत्री का दर्जा प्राप्त निगम मंडल के >> शेष पृष्ठ 9 पर>



## बेमचा खल्लारी मंदिर क्वांर नवरात्र महोत्सव 15 से

**महासमुंद,**5 अक्टूबर (देशबंधु)। ग्राम बेमचा में मूल खल्लारी सिद्ध शक्ति पीठ मां खल्लारी मंदिर बेमचा में ज्योति प्रज्ज्वलन 15 अक्टूबर रविवार को होगा। श्रद्धालु गण उक्त कार्यक्रम में सह परिवार पधारकर मां खल्लारी के दर्शन एवं आशीर्वाद का लाभ उठाएं मां खल्लारी आपकी मनो काम ना पूर्ण करें । मनोकामना तेल ज्योति 701 रुपए, कार्यक्रम ज्योति स्थापना 15 अक्टूबर रविवार समय दोपहर 12 बजे । पंचमी श्रृंगार 19 अक्टूबर गुरुवार । हवन अनुष्ठान 22 अक्टूबर रविवार समय संध्या 5 बजे। ज्योति शांति 22 अक्टूबर रविवार रात्रि 12 बजे। यह उक्त जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी रविकांत चंद्राकर ने दी है।

# खट्टी के कबड्डी प्रतियोगिता में विजेता बिलासपुर ( खट्टी ) एवं उपविजेता गुढ़ेलाभांठा रहें

**बागबाहरा,** 5 अक्टूबर (देशबंधु)। अंचल के यह प्रसिद्ध ग्राम खट्टी (नर्रा) हर साल कबड्डी प्रतियोगिता के लिए चर्चित है। यहाँ छत्तीसगढ़ समेत ओड़िशा राज्य के खिलाडी एवं दर्शक बड़ी संख्या में पहुंच कर इस खेल का जमकर आनंद लेते है। गांव में दो दिनों तक आयोजित इस खेल को देखने लोगों की जनसैलाब उमड़ पड़ते है। ओड़िशा सीमा से लगे जनपद पंचायत बागबाहरा के अंतिम छोर में बसे जय ठाकुर देव क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक समिति पंक्र 24357 ग्राम पंचायत खट्टी (नर्रा) के तत्वावधान मे दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन खट्टी के मिनी स्टेडियम मे आयोजित की गई ।इस प्रतियोंगिता मे छत्तीसगढ सहित ओड़िशा प्रदेश के कुल 43 टीमों ने भाग लिया ।इस प्रतियोगिता का फाईनल मैच मे बिलासपुर (खट्टी) ने जीता ।आयोजन समिति के अध्यक्ष बलदेव पटेल , उपाध्यक्ष नागेश्वर पटेल , सचिव दिनेश सोम, सह सचिव भोज राम ठाकुर, कोषाध्यक्ष कैलाश सिन्हा , संयोजक मिथलेश ठाकुर एवं संगठन सचिव पवन पटेल आदि ने बताया कि हमारे ग्राम पंचायत खट्टी मे हर साल राष्ट्रपिता स्वर्गीय महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर 37 वे वर्ष से लगातार कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन ग्रामीणों द्वारा उत्साहपूर्वक करते चले आ रहे है । इस प्रतियोगिता मे फाइनल मुकाबला बिलासपुर (खट्टी) एवं गुढ़ेलाभांठा झलप के टीमों के बीच खेला गया । फाइनल मैच बिलासपुर ने अंत्यत रोमांचक मुकाबले मे गुढेलाभांठा के टीम पर बढ़त बनाते हुए शानदार जीत दर्ज किया । इस प्रकार प्रथम विजेता एमजी स्पोर्ट क्लब खट्टी बिलासपुर, द्वितीय स्थान पर गुढ़ेलाभांठा, तृतीय स्थान पर सक्ति जिला छग एवं चतुर्थ स्थान पर मारुती स्पोर्ट क्लब खट्टी के खिलाडियों ने बाज़ी मार कर शील्ड एवं नगद राशि पर कब्ज़ा जमाया। प्रथम पुरस्कार के रूप मे पन्द्रह हजार रुपए शील्ड, द्वितीय पुरस्कार दस हजार रुपए शील्ड, तृतीय पुरस्कार सात हजार रुपए शील्ड एवं चतुर्थ पुरस्कार पांच हजार रुपए अतिथियों के द्वारा विजेता टीमों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया । कबड्डी प्रतियोगिता के इस समापन समारोह मे अतिथि के रूप मे ग्राम पंचायत खट्टी की सरपंच श्रीमती मीना बाई तीरथ राम पटेल, पूर्व अध्यक्ष कोमल सोम, पूर्व संयोजक जीवनलाल ठाकुर, पूर्व उपसरपंच रोशन तारक, कौशिक पटेल, बालकुमार साहू, अध्यक्ष बलदेव पटेल आदि उपस्थित थें । सरपंच श्रीमती मीना बाई पटेल ने खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के पारम्परिक कबड्डी खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए । खेलो से खिलाडियों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है । तथा खेल की भावना को मैदान में मित्रता के साथ खेलना चाहिए। ताकि खिलाडियों का मन हमेशा चंचल रहें। कबड्डी प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम मे बडी संख्या मे दर्शकगण उपस्थित थें। वहीँ इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोगी ज्वाला प्रसाद दुबे, सुरेश ठाकुर राधेश्याम दुबे ,जितेन्द्र पटेल ,छबीलाल पटेल, शिव चरण कुर्रे सहित ग्रामवासियो का विशेष सहयोग रहा।



# मां खल्लारी के भक्तों को बहुत जल्द मिलेंगे रोपवे का लाभ : द्वारिकाधीश यादव

■ खल्लारी पहाड़ी में रोपवे शुरू होने की देन खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव को जाता है



**बागबाहरा**, 5 अक्टूबर (देशबंधु)। भरोसा यात्रा के शुभारंभ के दौरान मां खल्लारी की पूजा अर्चना के पश्चात स्वर्गीय गांधी और शास्त्री जयंती मनाई गई। वहीं उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए शासन के संसदीय सचिव व विधायक द्वारिकाधीश यादव ने राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं तथा एकदिवसीय भरोसा यात्रा की विस्तार से जानकारी दी गई । साथ ही भरोसा यात्रा के पदयात्रियों को इस यात्रा का उद्देश्य बताते हुए श्री यादव ने कहा कि राष्ट्रपिता स्वर्गीय महात्मा गांधी के जन्म जयंती के अवसर पर भरोसा यात्रा निकालने का एकमात्र उद्देश्य यह है कि छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की नेतृत्व वाली कांग्रेस पार्टी की सरकार महात्मा गांधी के बताए मार्ग पर चलती आ रही है। जबकि सन 2018 से पहले 15 सालों तक भारतीय जनता पार्टी का शासन छत्तीसगढ़ में रहा। जिन्होंने केवल भाजपा के नेताओ ने अपनी भोली भाली जनता को छला है। और यहां के प्राकृतिक संसाधनों का भरपूर दोहन किया है।

**सर्वाधिक समर्थन मूल्य में खरीदा किसानों का धान, घर-घर पहुंचा पानी**

जबकि 2018 के बाद बनी कांग्रेस पार्टी की सरकार ने यहां की आम जनता की तकलीफों को दूर करने का प्रयास किया है। आज किसान, मजदूर, युवा सभी वर्ग कांग्रेस के शासन के कार्यकाल में सुखी है। जहां एक ओर 25 सौ से अधिक के समर्थन मूल्य में अन्नदाता किसान के परिश्रम की उपज को क्रय किया गया। वहीं दूसरी ओर माता बहनों की सबसे बड़ी समस्या पीने के पानी को इस सरकार ने दूर करते हुए घर-घर नल जल योजना के तहत पानी पहुंचाया है । जिसके कारण ग्रामीणों को नल-जल योजना का लाभ मिल रहा है।

15 सालों तक शासन करने वाली पार्टी केवल गाय और राम के नाम पर राजनीति करती रही। लेकिन हमारे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली सरकार ने गौ माता को संरक्षण देने के लिए गोबर खरीदी प्रारंभ किया। भगवान राम के ननिहाल इस छत्तीसगढ़ प्रदेश को एक नई पहचान देते हुए चंदखुरी में मां कौशिल्या के भव्य मंदिर धाम का निर्माण हुआ है। साथ ही आज युवा वर्ग भी राजीव युवा मितान क्लब से जुड़कर लगातार आगे विकास की ओर बढ़ रहे है। श्री यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के इसी विकास की गाथा को

आप सबको गांव-गांव, घर-घर तक पहुंचाना है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर निकाले गए भरोसा यात्रा में पार्टी के नेताओ एवं कार्यकर्ताओ ने अपने हाथों में झंडे, बैनर एवं फ्लेक्स लेकर जोश-फरोश, जूनून एवं दमदारी के साथ गांव- गांव में भरोसा यात्रा निकालकर पार्टी एवं छत्तीसगढ़ शासन के योजनाओ को जन-जन तक पहुंचा रहे हैं। गांव में भरोसा यात्रा का हुजूम पहुंचते ही ग्रामीणों का जनसैलाब उमड़ पड़ते है। पूरे क्षेत्र में ग्रामवासियो का कांग्रेस पार्टी के प्रति पूरी निष्ठा एवं श्रद्धा के साथ हम सबका आशीर्वाद है। खल्लारी माता एवं चंडी माता देवी से प्रार्थना है कि छत्तीसगढ़ में फिर से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार बने।

# कांग्रेस सरकार बनाने में महिलाओं की होगी अहम भूमिका: ज्योति ढेपे

**महासमुंद,** 5 अक्टूबर (देशबंधु)। महिला कांग्रेस कमेटी की लोकसभा प्रभारी व मुबंई की महिला सचिव ज्योति मोहन ढेपे का बुधवार को महासमुंद में प्रथम नगर आगमन हुआ। महिला कांग्रेस की प्रदेश व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग के नेतृत्व में महिला कांग्रेस नेत्रियों द्वारा उनका नेहरू चौक में आतिशी स्वागत किया गया। कांग्रेस भवन में आयोजित स्वागत समारोह के बाद श्रीमती ढेपे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में इस बार भूपेश बघेल की न सिर्फ सरकार बनानी है बल्कि 90 में से 75 सीटों पर जीत भी दर्ज करनी है और भूपेश बघेल के 75 पार के लक्ष्य को पूरा करना है। इसमें महिलाओं की अहम भूमिका होगी। इसके लिए महिला कांग्रेस कमेटी की सभी महिलाओं को सरकार की योजनाओं और किए गए कार्यों की जानकारी जनता तक पहुंचानी है और कांग्रेस के पक्ष में वोट मांगना है। कार्यक्रम को महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग ने सम्बोधित करते हुए कहा कि छग में जब से कांग्रेस की भूपेश सरकार आई है उन्होंने विकास की नई गाथा लिखी है। चुनाव में महिलाओं की भागीदारी हमेशा अहम रही और इस बार भी रहेगी। इसके लिए महिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों के साथ सभी कार्यकर्ताओं को एक जुट होकर कार्य करना होगा। राजनीति में आगे बढ़ने का मौका महिलाओं को भी मिल रहा है। कार्यक्रम को कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने भी संबोधित किया। इस दौरान मंच पर महिला कांग्रेस कमेटी की पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रही।



# शासकीय योजना का लाभ उठाकर वर्षा ने शुरू किया पैथोलॉजी लैब

**महासमुंद,**5 अक्टूबर (देशबंधु)। श्रीमती वर्षा गजेन्द्र अब पैथोलॉजी लैब की संचालक के रूप में पहचानी जाती है। श्रीमती वर्षा परिवार में इस तरह के कार्यों से पहले से ही परिचित थी और ये कार्य उनकी रूचि से भी मेल खाती थी। शुरू से ही पैथोलॉजी लैब खोलने के सपने को लेकर आगे बढ़ना चाह रही थी। लेकिन आर्थिक स्थिति आड़े आने के कारण सफल नहीं हो पा रही थी। तभी उन्हें राज्य और केन्द्र सरकार की शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए खुद के व्यवसाय के लिए ऋण योजनाओं की जानकारी मिली। उन्होंने तत्काल प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम अंतर्गत महासमुंद स्थित कार्यालय में व्यवसाय हेतु आवेदन दाखिल किया। पैथोलॉजी लैब संचालन हेतु बैंक से 10 लाख रुपए का ऋण लेकर अपना व्यवसाय शुरू किया। इस योजना के तहत ढाई लाख रुपए का अनुदान ऋण भी प्राप्त हुआ। इससे उन्हें लैब संचालन में काफी मदद मिली। उन्होंने श्री हरि पैथोलॉजी लैब के नाम से वार्ड न 01 शंकर नगर महासमुंद खुद का व्यवसाय शुरू किया और अपने सपने साकार किए। शुरूआत में उन्हें थोड़ी दिक्कत जरूर हुई लेकिन समय के साथ धीरे.धीरे सफलता मिलने लगी। उन्होंने बताया कि लैब मे छः महिला स्टाफकार्य कर रही है। उन्हें लैब से बिजली बिल, बैंक की किस्त एवं लैब मे काम कर रही महिलाओं को वेतन देने के बाद नियमित आय प्रति माह प्राप्त हो रही है। जिससे उनकी घर परिवार एवं समाज में स्थिति मजबूत हुई है। आज वह अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिला रही है। साथ ही छः महिलाओं को रोजगार प्रदान कर रही है।



श्रीमती वर्षा बताती है कि जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के अधिकारियों का भरपूर सहयोग मिला। ऋण फॉर्म भरने से लेकर आवेदन का निराकरण होने तक उनका पूरा सहयोग रहा। श्रीमती वर्षा ने बताया कि किसी भी काम में उतार चढ़ाव आम बात है। हमारी दृढ इच्छाशक्ति प्रबल होनी चाहिए। शुरूआत में किसी भी काम में थोड़ी बहुत कठिनाई और दिक्कत अवश्य आती है। लेकिन सभी के सहयोग और मागदर्शन से उससे बाहर निकलकर आगे बढ़ना चाहिए। वे अपने शिक्षित युवा साथियों से भी कहना चाहती है कि वे शासन की योजनाओं का लाभ उठाकर अपना स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकते है और दूसरों को भी रोजगार देने में मदद कर सकते है। शासन की योजनाएं वास्तव में हमारे सपने साकार करने में सहायक हैं।

## जिला स्तरीय हब हेतु 8 पदों पर संविदा भर्ती के लिए आवेदन 18 तक

**महासमुंद,**5 अक्टूबर (देशबंधु)। एकीकृत महिला सशक्तीकरण कार्यक्रम अंतर्गत महिलाओं के सुरक्षा एवं बचाव के लिए एक अम्ब्रेला योजना मिशन शक्ति की शुरुआत की है। मिशन शक्ति के अंतर्गत जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्रए हब स्थापित किया गया है। मिशन शक्ति के दिशा निर्देशों के अनुसार जिले में जिला मिशन समन्वयक, कार्यालय सहायक, डाटा एंट्री ऑपरेटर पीएमएमवीवाई एवं मल्टी टास्क स्टाफ;अनारक्षितद्ध के एक.एक पद तथा जेन्डर विशेषज्ञ एवं वित्तीय साक्षरता व समन्वयक विशेषज्ञ अजजा.01 व अनारक्षित.01 के दो.दो पद कुल 08 संविदा पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने बताया कि पात्र आवेदक 18 अक्टूबर शाम 5 बजे तक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग महासमुंद के पते पर पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट एवं कोरियर के माध्यम से आवेदन जमा कर सकते है। उन्होंने बताया कि उक्त तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के वेबसाइट पर अवलोकन किया जा सकता है। साथ ही संबंधित कार्यालय के नोटिस बोर्ड में भी चस्पा किया गया है।

## शांत्रीबाई कालेज में स्वच्छता अभियान

**महासमुंद,** 5 अक्टूबर (देशबंधु)। शांत्रीबाई कला वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय महासमुंद की प्राचार्य डॉ. सविता चन्द्राकर के मार्गदर्शन में महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के सभी सहा. प्राध्या., कर्मचारी एवं छात्र/छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सविता चन्द्राकर ने समस्त स्टाफ एवं छात्र/छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छ शरीर में ही स्वस्थ बुद्धि निवास करती है। जब हम स्वयं स्वस्थ रहेंगे तभी किसी कार्य सफलतापूर्वक कर सकते है। भारत को स्वच्छ बनाने के लिए हमें खुद से ही शुरुआत करना होगा।जब हम स्वयंस्वच्छ रहेंगेऔरअपनेआस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखेंगे तभी हमअन्य लोगों को स्वच्छता के बारे मे जागरुक कर सकते है। जब सभी लोग स्वच्छता के प्रति जागरुक हो जायेंगे फिर स्वतः हमारा भारत देश स्वच्छ हो जायेगा। इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा महाविद्यालय परिसर एवं कार्यालय की साफ-सफाई की गई। कार्यक्रम में मेनका चन्द्राकर, नारायण चक्रधारी, आकांक्षा सिंह, देवेन्द्र चन्द्राकर, किशोरकठार, दिव्या चन्द्राकर, लुकेश साहू, गायत्री चन्द्राकर, हीना चन्द्राकर, शत्रुघन पटेल, गीतांजलि देवांगन, सोनाली यादव, यमनसिन्हा, गुलाब चन्द्राकर, देवानंद चन्द्राकर, विष्णु चन्द्राकर, घनश्याम साहू, बलराम चन्द्राकर, मानिक लाल तारक, प्रमिला चन्द्राकर, मानिक पटेल आदि उपस्थित थे।



# आरंग क्षेत्र में जहाँ कम हुआ मतदान उन ग्रामों में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**आरंग,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। बुधवार को एसडीएम आरंग अतुल विश्वकर्मा के निर्देशानुसार कम मतदान वाले केंद्रों में फोकस करते हुए कुलीपोटा, भैंसमुड़ी, भंडारपुरी और डूमहा में ईवीएम प्रदर्शन के साथ सघन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। एसडीएम आरंग ने बताया कि गत चुनाव में कुलीपोटा में केवल 49.17 एवं डूमहा में 57.14 प्रतिशत मतदान हुआ था अतः मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप टीम के द्वारा प्रभावशाली पहल की जा रही है। वहीं कुलीपोटा के बीएलओ, वरिष्ठ एवं युवाओं ने संदेश दिया कि आगामी चुनाव में मतदान का प्रतिशत अवश्य बढ़ाएंगे। वही स्वीप

मास्टर ट्रेन शिक्षक महेंद्र कुमार पटेल एवं अरविंद कुमार वैष्णव ने ईवीएम प्रदर्शन एवं पूछे गए प्रश्नों का सटीक समाधान करते हुए निर्वाचन आयोग के ईवीएम चैलेंज को स्पष्ट किया एवं लोकतांत्रिक निष्पक्ष मतदान की शपथ भी करवाई एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सबको रोमांचित करते हुए प्रलोभन रहित मतदान का संदेश दिया। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता निर्मला देवी नोरंगे, उत्तरी कुर्रे , धर्मिन बाई, हेमलता गेंदे, सुनीता कोसले, सूरज जांगड़े, प्रेमलाल कुर्रे , शिक्षक गण संजय कुमार कुर्रे, सुरेश कुमार तिवारी, यज्ञ ऋषि गोरे ,भुनेश्वर प्रसाद लहरी, ईश्वर प्रसाद साहू, तिलक राम मनहर, संतोष कुमार, दुर्गेश कुमार झारिया, लालजी साहू, संतोष गोयल, प्रदीप धुरंधर, सुमन दीवान ,ग्रामों के प्रमुख पटवारी एवं ग्रामीण व युवा मतदाताओं आदि की उपस्थिति रही।




# आरंग में मनाया जा रहा वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह

## लोगो को वन्यजीव के प्रति किया जा रहा जागरूक

**आरंग,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। 2 अक्टूबर से वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह के अवसर पर रायपुर वनमंडल रायपुर के सौजन्य से वन परिक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर के तत्वाधान में वन परिवृत्त आरंग के द्वारा जागरूक करने बाइक रैली का आयोजन किया गया। जो आरंग डिपो से प्रारंभ होकर आरंग नगर भ्रमण पश्चात हाथी प्रभावित ग्राम बेनीडीह में लोगो एवं बच्चों को वन्यजीवों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सवेंदनशील रहने जागरूक किया गया। साथ ही हाथी आने पर सावधानी एवं सुरक्षा के लिए दीवाल लेखन भी करवाया गया। वनमण्डलाधिकारी एवं संयुक्त वनमण्डलाधिकारी के निर्देशानुसार मानक ऊँचाई से कम के विद्युत तार जो खेतों में है, को ऊपर करवाने लोगो को समझाइश दिया गया।अंत में स्वल्पाहार वितरण कर रैली का समापन किया गया।

इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी रायपुर एवं संयुक्त वनमंडलाधिकारी एवं परिक्षेत्र अधिकारी के मार्गदर्शन मे ष्टस्नह्न संतोष सामंतराय,क्लस्नह्न दिलीप परमार,सावन साहू,दौलत साहू,विजय चेलक,पंकज वर्मा उपस्थित रहे।



# बाईक रैली में दिखा युवाओं का जनसैलाब हजारों की संख्या में जनसभा

**सरायपाली,** 5 अक्टूबर (देशबंधु)। गांधी लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर युवा नेता एवं जनसेवक डोलचंद पटेल के नेतृत्व में मोटरसायकल रैली एवं जनसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान रैली में डीजे व जोशीले संगीत के साथ बाईक एवं कार में हजारों युवा शामिल हुए। रैली में युवा मोटरसायकल में स्थानीय झिलमिला चौक से घण्टेश्वरी मंदिर होते हुए ओव्हरब्रीज से जय स्तंभ चौक पहुंचे। रैली में लगभग 7 किलोमीटर से अधिक दूरी तक सैकड़ों मोटरसाइकिल निकली, जिससे पूरा मार्ग मोटरसाइकिलमय नजर आ रहा था। इसके पश्चात रैली नई मण्डी प्रांगण पहुंची, जहां पर पहले से ही हजारों की संख्या में लोग पहुंच चुके थे।

युवा जनसेवक पटेल के नेतृत्व में आज 2 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे स्थानीय झिलमिला पेट्रोल पंप से बाईक रैली निकली, जो घण्टेश्वरी मंदिर होते हुए पदमपुर रोड ओव्हरब्रीज से स्थानीय जय स्तंभ चौक की ओर से होते हुए नई मण्डी प्रांगण पहुंची। तत्पश्चात 3.30 बजे महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के छायाचित्र पर पूजन अर्चन कर जन सम्मेलन कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इस दौरान श्री पटेल ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज इतनी भारी भीड़ को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि उन्होंने जिस कार्य की शुरूवात की है, वह सही है और इसका अंजाम भी अच्छा होगा। उन्होंने कहा कि आज भी अधिकारी अपने शासकीय कार्यालयों में समय पर नहीं पहुंचते हैं, इन सबके जिम्मेदार हम हैं। अगर आप जनता साथ दोगे तो सत्ता परिवार्तन जरूर होगा। हम चाहते हैं कि हमारे बीच से ही कोई बड़े पोस्ट पर पहुंचे जो गरीब घर से हो और जो हमारी समस्या को समझ सके। जो दिन रात संघर्ष कर सिस्टम को बदलने की कोशिश करे और उनके बीच का ही प्रतिनिधि हो और विधायक बने। उन्होंने कहा कि जब देश के शीर्ष दिल्ली में सत्ता बदल सकती है तो सरायपाली कोई बड़ी बात नहीं है। अगर हर परिवार से 10-10 वोट मिले तो जीत उनकी ही होगी। उन्होंने प्रत्याशी का चयन करते हुए एक बिजली बिल बांटने वाले गरीब परिवार से ज्वाला प्रसाद नाग तथा एक अन्य युवक अजीत चौहान को आगामी चुनाव हेतु विधायक प्रत्याशी घोषित किया। बाईक रैली के उद्देश्य के बारे में प्रकाश डालते हुए उन्होंने जनता को यह संदेश दिया कि सभी युवा एक हैं और युवा वर्ग से ही कोई राजनीति में आगे आकर जनता के हितों के लिए कार्य करेगा। वह युवा ऐसा होगा, जो सभी वर्गों की समस्याओं को समझ सकेगा और उनके हितों में विधानसभा में अपनी बात रखने में सक्षम हो।



**जनता को होना चाहिए प्रत्याशी चुनने का अधिकारः शर्मा**

वहीं जन सभा को संबोधित करते हुए रायगढ़ के राधेश्याम शर्मा समाज सेवक ने अपने उद्बोधन में कहा कि आजादी के 76 साल बाद भी आज बडे-बडे दल अपना प्रत्याशी स्वयं चयन करते हैं, लेकिन जनता को भी प्रत्याशी चुनने का अधिकार होना चाहिए। उन्होंने सभी युवा साथी, देवी शक्ति से अनुरोध किया कि आज यहां कुछ ऐसा करें कि राष्ट्रीय पार्टी भी सोचने को मजबूर हो जाए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ आज सड़क दुर्घटना मामले में पहला राज्य है। राजनीतिक पार्टी कांग्रेस ने गंगाजल हाथ में लेकर वादा किया था, लेकिन माताओं बहनों से वोट लेकर उन्हें ठगा है। आज छ.ग. की जनता राजनीतिक दल से उब चुकी है। इसलिए अगर आपके बीच से प्रत्याशी बनकर विधायक बनता है, तो इसके मालिक आप स्वयं होंगे।

**जन चेतना के लिए निकाली गई बाइक रैलीः चंद्राकर**

जिला पंचायत सदस्य महासमुंद जुगनु जागेश्वर चंद्राकर ने विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम 12 साल से किसान के हित आंदोलन से जुड़े हुए हैं। उनके द्वारा बहुत सारे आंदोलन किए गए, सरकार बदल दिए। जो भी सरकार में सत्ता में आता है, वह जनता को भूल जाता है। यह बाईक रैली जन चेतना के लिए हुआ है। जो भी सत्ता में आए, इमानदार व्यक्ति आए और चलाए। उन्होंने यह भी बताया कि अगर सिकासेर का पानी महासमुंद जिले के चारों विधानसभा में आ जाए, तो पूरे जिले को पानी की कमी नहीं होगी। किसानों को अपने खेतों के लिए पूरा पानी मिलेगा और वाटर लेबल भी बढ़ जाएगा।

**हजारों लोगों ने हाथ उठाकर प्रत्याशी का किया समर्थन**

सम्मेलन के दौरान हजारोकी संख्या में युवा, महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित थे। इस दौरान महिलाओं की भी बहुत अधिक भागीदारी देखी गई। प्रत्याशी की घोषणा होते ही लोगों ने हाथ उठाकर जय घोष करते हुए इसका समर्थन किया। कार्यक्रम में मंच संचालन सादराम गुरूजी ने किया।

# विश्वविद्यालय के टीम में सौम्य रंजन चिन्दा का चयन

**बागबाहरा,** 5 अक्टूबर (देशबंधु)। शासकीय खे. ल. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय बागबाहरा के बीएससी-प्रथम वर्ष के छात्र सौम्य रंजन चिन्दा का चयन पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय के बैडमिंटन टीम के लिए हुआ है। महाविद्यालय के क्रीड़ाधिकारी पालन कुमार दीवान ने बताया कि स्कूली शिक्षा के दौरान विश्वविद्यालय बैडमिंटन में राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में खेल चुके सौम्य रंजन आगामी दिनों में विश्वविद्यालय के टीम के साथ असम डिब्रूगढ़ जाएंगे। गौरतलब है कि सौम्य रंजन के पिता कमलेश चिन्दा बागबाहरा में क्रिकेट में ख्यातिप्राप्त खिलाड़ी है। वे अपने महाविद्यालयीन शिक्षा के दौरान के लिए चयनित हो चुके है।सौम्य रंजन की उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य बी एस ठाकुर प्राध्यापक एस जी रात्रे,डॉ. एल एस साहू,डॉ. के के साहू, डॉ. भूमिका शर्मा,गजानंद बुडेक,धनुर्जय साहू,खिलावन पटेल,मीरा निषाद,नीतिशा बजाज के अलावा नगर के नागरिक प्रशांत अग्रवाल,संजय अग्रवाल,मनीष श्रीश्रीमाल, अख्तर खान,पुष्पेंद्र चन्द्राकर,अकिल अहमद, भोजनाथ देवांगन,जिज्ञाशू जैन,योगेश चिन्दा ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभ कामनाएं की है।



## किसान पंजीयन अंतिम तिथि 15 तक

**बलौदाबाजार**, 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। खरीफविपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का उपार्जन हेतु कृषकों का पंजीयन समितियों के माध्यम से किया जा रहा है। इसके तहत पूर्व में राज्य शासन के निर्देशानुसार यदि पूर्व से पंजीकृत किसान द्वारा कोई संशोधन हेतु 30 सितंबर 2023 तक आवेदन, समिति में प्रस्तुत नही किया जाता है।

# किसानों का भूपेश सरकार पर भरोसा : सुशील शर्मा

**भाटापारा,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कृषि मंत्री ताम्रध्वज साहू, खनिज विकास निगम अध्यक्ष गिरीश देवांगन की अनुसांशा से स्वीकृत विकास कार्यों का कृषि उपज मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने कल सिमगा ब्लॉक के ग्रामों का धुआंधार दौरा कर करीब 70 लाख के कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण का कार्य संपन्न किया उनके साथ में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सरिता ठाकुर,जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष श्री शैली भाटिया, भाटापारा के पूर्व पार्षद नानू सोनी, सचिन्द्र शर्मा आदि भी साथ थे सर्वप्रथम श्री शर्मा ग्राम रोहरा के धान खरीदी केंद्र पहुंचे जहां 14 लाख रुपए के तीन शेड निर्माण के कार्यों का भूमि पूजन किया समिति अध्यक्ष श्री रामनाथ साहू, बल्दाउ वैष्णव, श्री नेतराम साहू ,आदि कांग्रेस के कार्यकर्ताओं एवं किसानों ने फूलमाला एवं आतिशबाजी कर आए अतिथियों का स्वागत किया ग्रामीणों की मांग पर श्री शर्मा ने बहुत जल्द धान खरीदी केंद्र के अहाता निर्माण के कार्य को स्वीकृत करने का आश्वासन दिया

ग्राम पंचायत ढेकुना पहुंचने पर सोसायटी अध्यक्ष श्री कुबेर यदु एवं सरपंच श्रीमती राजकुमारी कांठ्ले तथा उनके पंचों ने श्री शर्मा एवं उनके साथ आए अतिथियों का स्वागत किया जहां श्री शर्मा ने ग्रामीणों से चौपाल लगाकर चर्चा की और कहा की भूपेश सरकार में किसानों के साथ-साथ गांव में भी काफी विकास हुआ है आज 14 लाख रुपए के सीसी रोड एवं 12 लाख के बाजार चबूतरा का भूमि पूजन हुआ है जो की अति शीघ्र बन कर तैयार हो जाएगा और ग्रामीणों की मांग पर श्री शर्मा ने दो सीसी रोड की और घोषणा की चौपाल में किसानों ने भूपेश सरकार पर भरोसा जताते हुए आगामी विधानसभा में कांग्रेस को जीताने का संकल्प लिया



धर्मनगर दामाखेड़ा पहुंचने पर श्री शर्मा ने सर्वप्रथम कबीर आश्रम पहुंचकर गुरु गद्दी का दर्शन किया एवं गुरु गोसाई डॉक्टर भानु प्रताप साहेब जी से आशीर्वाद एवं दर्शन लाभ लिया उनके साथ जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सरिता ठाकुर, शैली भाटिया ,दिनेश साहू ,नानू सोनी ,सचिन्द्र शर्मा आदि उपस्थित थे गुरु दर्शन पश्चात श्री शर्मा दामाखेड़ा साहू समाज की मांग पर डीएमएफ की राशि से 2 लाख के आहाता निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया जहां सरपंच प्रतिनिधि पूरन देवांगन ,महंत दानी दास ,हेमलाल साहू ,पार्वती शर्मा, विकी मानिकपुरी और अनेक ग्रामीण जन उपस्थित थे श्री शर्मा ने ग्रामीणों को कहा कि भूपेश बघेल के रहते विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आवेगी बहुत जल्द आपका खाद गोदाम निर्माण भी प्रारंभ हो जाएगा और किसान कुटीर या किसान सामुदायिक भवन के लिए भी मंडी बोर्ड की ओर से प्रयास कर दामाखेड़ा में एक भव्य किसान भवन बनाया जाएगा

ग्राम किरवाई में गौठान समिति अध्यक्ष हेमलाल के नेतृत्व में श्री शर्मा का भव्य स्वागत किया गया और श्यामलाल देवांगन, चुरामन मंडल ,विकी मानिकपुरी, दिनेश साहू, पूरन देवांगन आदि ने मंच में श्री शर्मा एवं आए अतिथियों का स्वागत किया जहां श्री शर्मा ने बतलाया इस कार्य के लिए ग्रामीणों ने मुझे दो माह पूर्व आवेदन दिया था इसे लेकर माननीय जिलाधीश के समक्ष मैंने मांग रखी थी जिसे जिलाधीश महोदय ने तुरंत स्वीकृत करते हुए 5 लाख की राशि पंचायत के खाते में ट्रांसफर की यह खनिज न्यास की राशि में से रामायण चबूतरे के सामने कांक्रीटीकरण का कार्य स्वीकृत हुआ है जिसके लिए आदरणीय गिरीश देवांगन जी का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं यह उनके दिशा निर्देश से ही राशि प्राप्त हो सकी है वहीं सभा को संबोधित करते हुए श्रीमती सरिता ठाकुर ने ग्रामीण विकास की बातों को बतलाया तथा श्री शैली भाटिया ने अपने उद्बोधन में किसानों के लिए भूपेश सरकार ने जो कार्य किए हैं उनको बतलाते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने की अपील की।

# जिला स्तरीय निर्वाचन प्रशिक्षण के प्रथम दिवस एमसीसी व पोस्टल बैलेट का दिया गया प्रशिक्षण

### आचार संहिता प्रभावी होते ही शुरू हो जाएगी संपत्ति विरूपण की कार्रवाई

**बलौदाबाजार,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार के दिशानिर्देशन में आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 को दृष्टिगत रखते हुए जिला स्तरीय प्रशिक्षण की शुरुआत 4 अक्टूबर 2023 को जिला पंचायत सभाकक्ष में हुई। पहले दिन आदर्श आचार संहिता, कानून व्यवस्था तथा पोस्टल बैलेट के सम्बंध में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में सभी रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, नोडल ऑफिसर्स, एफएसटी एसएसटी सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए। अपर कलेक्टर एवं एमसीसी के नोडल अधिकारी वीसी एक्का एवं जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर के द्वारा बारीकी से प्रशिक्षण देते हुए कई शंका का समाधान किया गया। इस दौरान उप निर्वाचन अधिकारी आर आर दुबे भी मौजूद थे। प्रशिक्षण में बताया गया कि फ्री एंड फेयर चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता एवं कानून व्यवस्था की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। आदर्श आचार संहिता निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की घोषणा संबंधी प्रेस कॉन्फ्रेंस करने की तिथि से प्रभावी हो जाती है। आचार संहिता प्रभावी होने के तत्काल बाद शासकीय भवनों, सार्वजनिक स्थानों तथा निजी भवनों से संपत्ति विरूपण की कार्यवाही शुरू हो जाएगी। इसके साथ ही एसएसटी, एफएसटी तथा व्हीएसटी की टीम अपने-अपने क्षेत्र में सतर्क होकर भ्रमण शुरू कर देंगे। द्वितीय सत्र में पोस्टल बैलेट, सर्विस वोटर, दिव्यांग वोटर, नाम निर्देशन की प्रक्रिया, ईव्हीएम की कमिशनिंग सहित अन्य संबंधित विषयों पर विस्तार से प्रशिक्षण दी गई। जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 5 अक्टूबर को प्रथम पाली में निर्वाचन व्यय तथा द्वितीय पाली में एमसीएमसी टीम का प्रशिक्षण संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित है। इसीप्रकार 6 अक्टूबर को सेक्टर ऑफिसर, आईटी, नॉमिनेशन तथा 9 अक्टूबर को मतदान दिवस प्रक्रिया का प्रशिक्षण आयोजित है।



# महाशक्ति दुर्गा उत्सव समिति कुम्हारपारा की बैठक



**नवापारा-राजिम,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। महाशक्ति दुर्गा उत्सव समिति द्वारा कुम्हार पारा मे 15 अक्टूबर से आरंभ हो रही नवरात्रि मे दुर्गा स्थापना के लिए पंचमुखी हनुमान मंदिर में एक अति आवश्यक बैठक रखी गई जिसमें सदस्यों की उपस्थिति मे समिति के कार्य को संचालित करने के लिए समिति का गठन किया गया। समिति के संरक्षक द्वारिका चक्रधारी, सलाहकार भूषण चक्रधारी, परमेश्वर शर्मा, सतीश सखारिया, सत्यनारायण चौहान, अध्यक्ष संतोष अल्लू चक्रधारी, उपाध्याय मयंक गुप्ता, सचिव परमेंद्र बया, सहसचिव जिनेंद्र चक्रधारी, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण गुप्ता एवं उप कोषाध्यक्ष मुकेश प्रजापति को दायित्व सौंपा गया। प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी दुर्गा समिति को दुर्गा की मूर्ति टीकम चक्रधारी द्वारा दान स्वरूप दिया जाएगा। इस बैठक में समिति के सदस्य विजय चौहान, दीपक गुप्ता, सोनू साहू, अनिल बया, लीलाराम विश्वकर्मा, प्रकाश साहू, बंटी प्रजापति, राकेश चक्रधारी, कौशल साहू, राजू चक्रधारी, चेतन कौशिक, गब्बर चक्रधारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। समिति के मीडिया प्रभारी चेतन चौहान ने बताया कि सभी ने यथाशक्ति से नवरात्रि को सफल बनाने के लिए विशेष योगदान देने की बात कही।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में ललिता ने बाजी मारी

**कटगी/बलौदाबाजार,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2022-23 में बलौदाबाजार जिले के कसडोल विकासखंड के हायर सेकेंडरी स्कूल कटगी की 12वीं आर्ट की छात्रा कुमारी ललिता साहू पिता रमेश साहू ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन द्वारा जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त कर ग्राम कटगी का नाम रोशन किया है। इसके लिए उन्हें बलौदा बाजार में 501 का नगद पुरस्कार एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया है। वहीं उनकी शिक्षिका श्रीमती प्रतिभा देवांगन को भी नारी जागरण, युवा जागरण एवं नियमित रूप से बाल एवं किशोर संस्कारशाला संचालन के लिए शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है।



# भारतीय संस्कृति पूरी दुनिया में सबसे श्रेष्ठ, जिसे अन्य देश भी अपना रहे : जुड़ावन सिंह

### सशिमं नवापारा में संस्कृति महोत्सव का शुभारंभ

**नवापारा राजिम,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। सरस्वती शिक्षा संस्थान रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित दो दिवसीय संस्कृति महोत्सव के कार्यक्रम का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर नवापारा में किया गया।मुख्य अतिथि जुड़ावन सिंह ठाकुर अध्यक्ष सरस्वती शिक्षा संस्थान रायपुर, डा.देवनारायण साहू प्रांतीय संगठन मंत्री छ.ग.प्रांत रायपुर, रामकुमार वर्मा रायपुर विभाग समन्वयक, कामता प्रसाद धीवर, गौरी शंकर निर्मलकर प्राचार्य नवापारा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रतिवेदन में विभाग समन्वयक रामकुमार वर्मा ने बताया इस कार्यक्रम में पंद्रह विद्यालय कुल 198 प्रतिभागी सम्मिलित हुए हैं।अपने उद्बोधन में जुड़ावन सिंह ठाकुर ने कहा की भारतीय संस्कृति पूरी दुनिया में सबसे श्रेष्ठ हैं उसकी अलग महिमा है जिसे अन्य देश के लोग भी अपना रहे है भारत की मिट्टी से सभी को प्रेम होना चाहिए और विश्व शांति सद्भाव सहयोग के लिए हमेशा प्रयास करना चाहिए बचपन से ही नैतिक गुणों को आचरण में लाना जरूरी है अपनी परंपरा को संजोकर रखना सभी का कर्तव्य हैं। डा.देवनारायण साहू ने कहा की हर बालक और बालिका मे त्याग-तपस्या और समर्पण के भाव होना जरूरी हैं देश के प्रति अपने कर्तव्य के निर्वहन में आगे आना चाहिए ।अपनी सभ्यता और मर्यादा से जुड़कर ही हम प्रगति कर सकते है विदेशी संस्कृति भटकाव की स्थिति निर्मित करते है।भौतिक भोग-विलास में डूबकर अपना जीवन बर्बाद नहीं करना है बल्कि जो समाज की मुख्य धारा से कट गए है उन्हे साथ लेकर चलना है।सेवाभावी बनकर अपने व्यक्तित्व को गढ़ना है सृजन शील बने और अपने हुनर को प्रदर्शित कर नवयुग के निर्माण में योगदान दें। कार्यक्रम प्रभारी कामता प्रसाद धीवर ने कहा की प्रतिभागी वंदे मातरम एकल भजन गीत तात्कालिक भाषण तबला वादन मूर्तिकला लोकनृत्य प्रश्न मंच रंगोली चित्रकला पत्रवाचन शास्त्रीय गायन कथा कथन निबंध गीता पाठ मानस अंताक्षरी सहित कई विधाओं में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।

कार्यक्रम का संचालन सरोज कंसारी आभार वरिष्ठ आचार्य नरेश यादव ने किया। इस अवसर पर आचार्य कृष्ण कुमार वर्मा नारायण पटेल नरेंद्र साहू रेणु निर्मलकर नंद कुमार साहू तामेश्वर साहू संजय सोनी,धनेश्वरी साहू निकिता तराने मंजू साहू ममता साहू जयश्री साहू निकिता यादव परमेश्वर सिन्हा उपस्थित रहे। उक्त जानकारी प्रचार प्रसार से सरोज कंसारी ने दी.



## सार-संक्षेप

### श्री गोपाल गौशाला को मिली डीजल गाड़ी



**नवापारा राजिम,** 5 अक्टूबर। नगर की 100 वर्ष पुरानी श्री गोपाल गौशाला को आज गौ प्रेमी के द्वारा टाटा की डीजल 4 चक्के वाली गाड़ी दान में दी गई। राजू नायर रायपुर निवासी जब गोपाल गोशाला पहुंचे एवम यहाँ लगभग 400 गायों को देखा एवम यहाँ खराब पड़ी बैटरी गाड़ी को देखा तो स्वयम होकर उन्होंने टाटा की गाड़ी दान में दी जिससे नगर से रोटी,गुड़ एवम हरी सब्जी,गौ आहार एकत्र किया जा सके इस गौशाला के वर्तमान संरक्षक मनमोहन अग्रवाल,अध्यक्ष गिरधारी अग्रवाल, उपाध्यक्ष चंदू कंसारी,सचिव राजू काबरा, कोषाध्यछ नंदकिशोर राठी एवम अन्य पदाधिकारी एवम सदस्य है। गाड़ी की चाबी अध्यछ गिरधारी अग्रवाल को सौंपते हुवे राजू नायर जी,चोला मण्डलम के राजीव निगम प्रकाश राव ने आशा व्यक्त की की इससे गौ माता को प्रतिदिन रोटी ,गुड़ एवम अन्य गौ आहार प्राप्त होगा। संस्था के सभी पदाधिकारी एवम सदश्यों ने दान दाता के प्रति आभार प्रगट करते हुवे कहा कि काफी समय से यैसे ही वाहन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी जिसे आपने पूरा किया। आपकी इस सेवा भावना को नमन है एवम आपके लिए गौ माता से मंगल कामना करते है,निश्चित ही गौ माता का आशीर्वाद आपको मिलेगा।

## निधन

### मनराखन डड़सेना



**महासमुंद,** 5 अक्टूबर। ग्राम पचरी निवासी 75 वर्षीय मनराखन डड़सेना का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्राम पचरी में 6 अक्टूबर को किया जाएगा। वे चिंतामणी डड़सेना, फागु डड़सेना, मोती डड़सेना के पिता व भूपेंद्र डड़सेना के बड़े पिता थे।

# आत्मानंद कोचिंग भूपेश सरकार की एक और नई दुकान : रितेश श्रीवास्तव

**बलौदाबाजार,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना की शुरूआत कर प्रदेश की प्रतिभाओं को कुचलने और दबाने का काम की शुरू किया है। यह आरोप लगाते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रितेश श्रीवास्तव ने कहा कि भूपेश सरकार ने आत्मानंद कोचिंग का ठेका एलंस कोचिंग को दिया है। बिना भ्रष्टाचार और कमीशन के कोई काम न करने वाली इस सरकार के मुखिया ने इसमें भी नि:संदेह कमीशन का खेल खेला है। प्रदेश में स्थानीय स्तर पर अनेक ऐसी संस्थाएं हैं जहां से हर साल सैंकड़ों, हजारों छात्र-छात्राएं सफल हो रहे हैं। इन स्थानीय संस्थाओं को आत्मानंद कोचिंग का काम क्यों नहीं दिया, दिल्ली की संस्था को ठेका क्यों दिया। स्थानीय और छत्तीसगढिया को लाभ देने का राग अलापने वाले कांग्रेस सरकार को इसका जवाब देना होगा। उन्हें यह बताना होगा कि ऐसा कर क्या उन्होंने प्रदेश के विकास में भागीदार बन रहे कोचिंग संस्थानों को बंद करने का कुत्सित प्रयास नहीं किया है? श्री श्रीवास्तव ने कहा कि चुनाव के ठीक पहले आत्मानंद कोचिंग के नाम से भ्रष्टाचार की नई दुकान खोलने वाले भूपेश बघेल को यह भी स्पष्ट करना होगा कि उन्हें जब स्थानीय प्रतिभाओं को उभारना ही था तो उसने सत्ता में आते ही पूर्ववर्ती भाजपा सरकार में एससीईआरटी में एडुसेट के माध्यम से 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन कोचिंग की जो व्यवस्था पूरे प्रदेश में सभी के निरूशुल्क की गई थी उसे खत्म क्यों किया। उन्होंने कहा कि गांव और कस्बों में रहने वाले गरीब विद्यार्थियों को ऑनलाइन कोचिंग का इस सरकार ने केवल झुनझुना पकड़ाया है। उन्हें बताना होगा कि इस नई योजना में प्रदेश के गरीब विद्यार्थियों को स्मार्ट फोन कहां से मिलेगा। क्योंकि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने हर विद्यार्थी और गरीब को मोबाइल देने की योजना बनाई थी उसे तो इस सरकार ने बंद कर दिया है। उन्होंने आगे कहा कि भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ में आत्मानंद स्कूल और कॉलेज शुरू किया। इस योजना में पुराने स्कूलों का रंग-रोगन कर और घटिया सामग्री की सप्लाई कर प्रदेशभर में जिला खनिज न्यास निधि (डीएमएफ) के कई करोड़ रुपयों का बंदरबाट किया। इन स्कूलों में हुए घोटालों की परतें अभी से खुलने लगी हैं। इतना ही नहीं ज्यादातर स्कूलों में बच्चों को पढ़ाने के लिए इस शिक्षा सत्र में भी चार महीने बीत जाने के बाद भी शिक्षकों तक की व्यवस्था भूपेश बघेल नहीं कर पाए हैं। ऐसे में कांग्रेस सरकार कैसे छत्तीसगढ़ के बच्चों को एजुकेट कर पाएगी, इसका जवाब उन्हें देना होगा।



# नवनियुक्त पदाधिकारी का प्रथम स्वर्णिम शपथ ग्रहण समारोह

### अधिवक्ता संघ तहसील शाखा खरोरा

**खरोरा,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। अधिवक्ता संघ रायपुर द्वारा कार्य व्यवस्था के अंतर्गत तहसील शाखा खरोरा में नवनियुक्त पदाधिकारी का प्रथम स्वर्णिम शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रवीण चंद्र गिलहरे अध्यक्ष एवं तुकेश्वर दीवान सचिव नियुक्त हुए। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तहसीलदार खरोरा पवन कोसमा थे। मुख्य अतिथि के द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके राज गीत के पश्चात अधिवक्ता संघ तहसील शाखा के अध्यक्ष एवं सचिव पद की शपथ मुख्य अतिथि तहसीलदार पवन कोसमा द्वारा दिलाई गई । मुख्य अतिथि एवं नियुक्त अध्यक्ष एवं सचिव ने उद्बोधन दिया गया। अधिवक्ता संघ खरोरा की ओर से मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस कार्यक्रम मे कार्यकारिणी अधिवक्तागण श्रीमती कृष्णा साहू, श्रीमती सतबीर कौर, श्रीमती आभा चंद्राकर, श्रीमती सोनल लाटा, हीरा, लखन देवांगन, लोमेद्र भारती, कार्यक्रम अधिवक्ताओं के अलावा, केशला पटवारी , खरोरा पटवारी एवं ग्राम के कृषक गण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सतबीर कौर के द्वारा किया गई।




## प्रादेशिकी का शेष...

### भटगांव में 50 लाख की...

उपलब्धि है। नगर पंचायत अधिकारी मधुलिका सिंह चंदेल और नगर पंचायत भटगांव के समस्त पार्षदगणों की सजकता की कार्यकुशलता को दिखाता है कि नगर में विकास को लेकर कितने गंभीर नजर आ रहे है। सौंदर्यीकरण का कार्य पूर्ण होने पर नगर वासियों को घुमने फिरने के लिए एक निश्चित स्थान मिल जाएगा क्योंकि नगर में कहीं भी चहलकदमी करने के लिए वातानुकूलित कोई मनमोहक स्थान नहीं है। नगर पंचायत द्वारा बनाए गए अपने प्लान के तहत एक एक करके विकास कार्यों को नया मूर्तरूप देने की कोशिश की जा रही है।जो भटगांव नगर के लिए बहुत बड़ी सौगात है।

### वादे के पक्के अमितेश...

अधिकारियों की बैठक हुई। ग्रामीणों से चर्चा पर यह बात सामने आई कि ग्रामीणों द्वारा ही शासकीय भूमि का अतिक्रमण किया गया है तथा हाईकोर्ट में प्रकरण भी लगाया गया है, जिसके कारण फुट पार्क का निर्माण नही हो पा रहा है तथा हाईकोर्ट से ऊपर कोई नही है, फलस्वरूप हाईकोर्ट के निर्णय से पहले फुलपार्क से संबंधित कोई भी कार्य उक्त जगह पर नही हो सकता। उपस्थित अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को आश्वस्त किया गया कि जल्द से जल्द से हाईकोर्ट में जवाब दावा प्रस्तुत कर प्रकरण के निराकरण का प्रयास किया जावेगां

इन सबके बीच लोगों के बीच चर्चा का प्रमुख श्री शुक्ल और उनके द्वारा किया गया वादा रहा। लोगों के बीच यह चर्चा रही कि श्री शुक्ल जुबान के पक्के है और ये बात उन्होंने साबित कर दिया। उनके द्वारा अधिकारियों के साथ एक सप्ताह के अंदर आने की बात कही गई थी, जो तीन दिन में ही वे अधिकारियों के साथ पहुंच गये। ग्राम सुरसाबांधा के ग्रामीण यह कहने से अपने आपको रोक नही पाये कि अमितेश शुक्ल की जुबान पत्थर की लकीर है, जो बोल देते है, वो पूरा करते ही हैं।

### रोहित के प्रचार-प्रसार...

जिला पंचायत सदस्य बने और उन्होने दिन दुखी असहाय और कमजोर तपके के लोगों की सेवा में समर्पित रहते हुए क्षेत्र के विकास के लिए बेहतर से बेहतर काम किये उनके कार्यकाल की खासियत यह रहा कि उन्हें कोई काम के लिए ढूडना नहीं पड़ता । वे हर समय क्षेत्रवासी के बीच में रहते हे ऐसे लोकप्रिय व्यक्ति को जीताने का मौका मिला है उन्हें अनुसूचित जाति के मतदाता जिताकर भेजेगे ताकि राजिम का चहुमुखी विकास हो सके।

श्रीबजारे ने यह भी बताया कि पार्टी के आदेशानुसार प्रत्याशी रोहित साहू राजिम विधानसभा के मंडल छुरा, गरियाबंद, पाण्डुका, फिंगेश्वर, राजिम, प्रत्येक मंडल में दो-दो दिन का संपर्क कार्यक्रम के तहत कुम्ही बकली. अरण्ड, धमनी किरवई, सेम्हस्तरा, बेलटुकरी, ख्मा, परतेवा लफंदी, देवरी जैसे अनेको गांव पहुंचे श्री साहू के पहुंचते ही ग्रामवासियों द्वारा बाजे गाजे फूलमालाओं से भव्य स्वागत कर रहे है है और जबरदस्त भीड़ देखने को मिल रही है उसमें खासकर युवा वर्ग नौजवान साथी मातृशक्ति की भीड़ , बुजुर्ग एवं मातृशक्ति श्री साहू को विजय श्री का आशीर्वाद दे रहे है और रोहित साहू को जिताने हर संभव प्रयास कर रहे है।

### विधायक ने किया नगर...

लोकार्पण भूमि पूजन कार्यक्रम में तेजराम साहू उपाध्यक्ष नगर पंचायत आमदी, उमानंद कुंभकार सभापति, कोमल यादव सभापति, लेखेश्वरी साहू पार्षद, अनीता ठाकुर, पार्षद, गजेंद्र प्रजापति पार्षद, घनानंद साहू पार्षद, कविता साहू पार्षद, व्यास नारायण पार्षद , प्रेम साहू पार्षद , लक्ष्मी पटेल पार्षद ,भीखम साहू पार्षद, सुनिता साहू पार्षद, उषा देवांगन पार्षद, एल्डरमेन भागीरथी देवांगन धनीराम साहू, तीरथ साहू, असरु साहू, सुखदेव साहू, बिस्सू पटेल, कार्तिक साहू, शिवप्रशाद, गणेश्वर साहू, जागेश्वर साहू, किशोर कुंभकार, नारायन मटियारा, जागेश्वर ध्रुव, फूलसिंह, राधेश्याम साहू, ज्योति साहू,दीनदयाल, सोनु साहू, कमल साहू, तामेश्वर साहू, निर्मला , प्रमिला, बिसन, जीतेंद्र पटेल सहित बड़ी संख्या में नगर पंचायत आमदी के वार्डवासी उपस्थित रहे।

### युवक कांग्रेस ने किया भारत...

अध्यक्ष एवम सदस्य मौजूद थे उनके प्रोटोकॉल का कही से भी पालन दिखाई नही पड़ा। साथ ही मंच संचालन पूरी तरह से अव्यवस्थित रहा। एक वरिष्ठ कांग्रेसी ने दबीजुबान से अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि जिले के युवक कांग्रेस के पदाधिकारियों से किसी भी प्रकार का सहयोग या सलाह किसी अन्य अनुभवी लोगो से नही लिया गया जिसके चलते एक बेहतरीन पहल के कार्यक्रम में भारी अव्यवस्था देखने को मिल रही ही।

प्रदेश के दूर दूर से आये प्रतिभागियों के खाने पीने की व्यवस्था में भी भारी कमी देखी गई। प्रतियोगिता के समापन स्थल दशहरा मैदान में लगाई गई कुर्सियों पर लोग भी तेज धूप के चलते नहीं बैठे जिन्हें बीच कार्यक्रम के दौरान उठना पड़ा। कुलमिलाकर एक अच्छे आयोजन अनुभवहीनता के चलते अव्यवस्थित रहा।

स्थानीय नेता मंचीय कार्यक्रम में शामिल हुए बिना ही वापस लौट गये-प्रतियोगिता में व्याप्त अव्यवस्था एवं खिलाड़ियों में व्याप्त नाराजगी को देखते हुए कांग्रेस के स्थानीय नेता मंचीय कार्यक्रम में शामिल हुए बिना ही वापस लौट गये। वहीं अन्य जिलों एवं दूरदराज से पहुंचे खिलाड़ियों को पानी व नास्ता तक नसीब नहीं हुआ। जबकि युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष समेत कार्यकर्ता कार्यक्रम के साथ फोटो खिचवाने में मशगूल रहे।

गौरतलब है मैराथन यात्रा नगर से करीब 5 किमी. दूर कुकुरदी बायपास स्थित कृष्ण कुंज से प्रातरू 7 बजे प्रारंभ होकर 8 बजे दशहरा मैदान में समाप्त होना था परंतु करीब डेढ़-दो घंटे विलम्ब से प्रारंभ हुई। इस दौरान जशपुर, आरंग, तिल्दा, भाटापारा, सुहेला, समेत आसपास के दर्जनों ग्रामों से पहुंचे खिलाडी परेशान होते रहे। किसी तरह 10 बजे दशहरा मैदान में मंचीय कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। जहां विजेताओं के नाम की घोषणा की गयी। मंच पर राष्ट्रीय अध्यक्ष बीव्ही श्रीनिवास के साथ फोटो खिचाने की होड़ में युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष अन्य पदाधिकारी दूर-दराज से पहुंचे खिलाड़ियों का आतिथ्य सत्कार तक भूल बैठे। वहां उपस्थित कुछ वरिष्ट कांग्रेसजनों द्वारा ध्यान आकृष्ट कराये जाने के पश्चात युवक कांग्रेस अध्यक्ष शैलेश बंजारे ने पास में लगाये गये मोहब्बत के स्टॉल में जलपान की व्यवस्था की घोषणा किया गया। घोषणा पश्चात सभी युवक कांग्रेस कार्यकर्ता सर्किट हाऊस की ओर रवाना हो गये। वहीं करीब पौन घंटे तक स्टाल में जलपान का इंतजार करने के बाद मायूस खिलाड़ी आसपास स्थित होटलों में जलपान के पश्चात गंतव्य की ओर रवाना हुए। कुछ खिलाड़ियों ने कार्यक्रम समाप्ति पश्चात जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर से भी पूरी अव्यवस्था को लेकर जमकर शिकायत किया गया। जिस पर उन्होंने किसी तरह इन आक्रोशित खिलाड़ियों को समझाकर शांत कराया।

# भंडारपुरी वाले गुरू द्वारिका साहेब अपने 300 समर्थकों के साथ मंत्री डॉ. डहरिया के समक्ष कांग्रेस में हुए शामिल



**आरंग,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार में प्रदेश में हो रहे चहुंमुखी विकास कार्यों से तथा प्रदेश में स्थापित सुशासन व्यवस्था के साथ मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के नेतृत्व क्षमता व आरंग विधानसभा क्षेत्र में हुवे विकास कार्यों से प्रभावित होकर भण्डारपुरी वाले गुरू द्वारिका साहेब एवं गुरू भावेन्द्र साहेब अपने 300 समर्थकों के साथ प्रदेश कांग्रेस कार्यालय रायपुर पहुँच कर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, केबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, उधोराम वर्मा जिलाध्यक्ष रायपुर ग्रामीण एवं कोमल सिंह अध?यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी आरंग समक्ष कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। गुरू द्वारिका साहेब एवं गुरू भावेन्द्र साहेब के साथ कांग्रेस पार्टी में शामिल होने वाले में प्रमुख रूप से मुकेश सारथी, आनंद बंजारे, प्यारे धीवर, किशन साहू, धरम मिरी, सोनेचंद मिरी, किशन टंडन, बालकुमार कुर्रे, शेखर कुर्रे, उत्तम बांधे, योगेश घृतलहरे, रोहित कुर्रे, हिरालाल मुंगेड़या, संतोष धीवर, किशन साहू, रामकुमार धीवर, मनी कुर्रे, तारण गायकवाड़, भोला बघेल, मन्नू सतनामी, झालाराम सतनामी सहित 300 समर्थकों ने कांग्रेस प्रवेश कर पार्टी की रीति नीति में चलने का शपथ भी लिया।

# पट्टा व गंदगी को लेकर झुग्गी झोपड़ी के लोगों ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन



**कुरूद,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। झुग्गी झोपड़ी में निवासरत लोगो ने पट्टा की मांग एवम वार्डवासियों ने तालाबो की गंदगी से परेशान होकर वार्ड क्रमांक 5,6,8,9 सयुंक्त वार्डवासियो ने महिलाओं ने नगर पंचायत कुरूद सीएमओ को ज्ञापन सौप राहत दिलाने की मांग की।

नगर के मुख्य तालाब जलसन, मरही डबरी, रामसागर जलकुंभी एवं गंदगी से पटा भरा है जिससे वार्डवासियों को निस्तारी करने में काफी असुविधा हो रही है। वही वार्ड क.-08 एवं 09 की महिलाओं ने नगर के तालाब बस्तियों में निवासरत लोगो ने बताया कि कुरुद नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चंद्राकर ने आबादी पटटे देने का वादा चुनाव के समय किया गया था लेकिन 4 साल बीतने के बाद भी अब तक अपना वादा पूरा नही किया जिसे याद दिलाते हुये पूरा करने की मांग की तथा सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि वादा पूरा नहीं करने पर नगर के नागरिको द्वारा उग्र आंदोलन किये जाने का फरमान सुनाया।

विदित हो कि नगर के मुख्य तालाबों में जलसन तालाब, मरही डबरी, रामसागर तालाब मे भारी गंदगी की सफाई किया जाये और नगर के झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले नागरिकों के साथ मिलकर सड़क की लड़ाई नगर पंचायत में तालाबंदी एस डी एम कार्यालय घेराव कर उग्र प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रविकांत चंद्राकर ने नगर प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुये बताया कि नगर के तालाबो एवं सडक, नाली गंदगी से भरी हुई है और तालाब मे असहनीय बदबू से निस्तारी करने लायक नहीं है उसके बाद भी शासन प्रशासन कोई गंभीर नही दिखाई दे रहे है।

नगर पंचायत कुरूद पूर्व अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने कहा कि वर्तमान अध्यक्ष द्वारा 100 दिन में नगर को नशामुक्त बनाने का वादा किया गया था लेकिन कुरूद नगर के वार्डो में अवैध शराब, गांजा, जुआ सट्टा का जोरो से चल रहा है। नेता प्रतिपक्ष भानू चंद्राकर ने कहा कि तीन साल से लगातर शिकायत कर रहे तालाब जल कुम्भी से पट गया वंहा की पानी निस्तारी करने लायक नहीं है। जिस पर नगर प्रशासन गंभीर नही है। नागरिको की मांग पूरा नही होने पर उग्र आंदोलन होगा जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

वरिष्ठ भाजपा नेता मालक राम साहू, भोजराज चंद्राकर, भारती बैस, भगवती यादव,गोपाल बैस, संजय चंद्राकर, किशोर यादव, भूपेंद्र सिन्हा, भारत ठाकुर, देव पटेल, सुनील चद्राकर, कविता चंद्राकर, तीजिया, अंजू, भावना, सुनीति, रूपा, कान्ति, अनुपमा, मोना, पूर्णिमा, उर्मिला, चमेली, राधा, सकून, परमेश्वरी सहित सैकड़ो लोग पट्टे की माँग की।

सांसद प्रतिनिधि मूलचंद सिन्हा विधायक प्रतिनिधि कृष्णकांत साहू ने बताया कि नगर में फैले गंदगी से परेशान और नागरिकों को हो रही असुविधा को याद दिलाते हुए चश्मा भेट कर स्वच्छता को बरकरार रखने की मांग की।

# सांसद और विधायक से दुखी जनता ने फिर लगाई गुहार

**भाटापारा,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाटापारा रेलवे स्टेशन में पिछले 4 सालो से एक भी ट्रेनों का स्टॉपेज ना मिलने से आहत क्षेत्र की जनता ने सांसद सुनील सोनी और विधायक शिवरतन शर्मा से आधा दर्जन ट्रेनों का आचार संहिता लगने के पूर्व भाटापारा स्टेशन में स्टॉपेज कराने की गुहार लगाई है।भाटापारा स्टेशन में वर्तमान में 2 दर्जन ट्रेनों का स्टॉपेज नही है।




**आचार संहिता लगने के पूर्व 6 ट्रेनों का मात्र 2 मिनट के लिए कराए स्टॉपेज**

विदित हो की दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर डिविजन का भाटापारा रेलवे स्टेशन सम्पूर्ण जिले का एक मात्र रेलवे स्टेशन है। जिले का एक मात्र रेलवे स्टेशन होने के साथ साथ भाटापारा स्टेशन बेमेतरा,मुंगेली जिले के लगभग 6 विधानसभा क्षेत्रों का भी नजदीकी एवम सर्व सुलभ रेलवे स्टेशन है।भाटापारा के समीप ही राष्ट्रीय एवम अंतराष्ट्रीय स्तर के आधा दर्जन से ज्यादा विशाल सीमेंट के कारखाने है, जिनके अधिकारियों कर्मचारियों का जीवंत संपर्क भाटापारा से बना हुआ है। भाटापारा स्टेशन पर वर्तमान में 2 दर्जन यानी 24 जोड़ी ट्रेनों का स्टॉपेज नही है भाटापारा के नागरिक गण काफी लंबे समय से ट्रेनों के ठहराव की मांग करते आ रहे है पिछले 4 सालो से एक भी ट्रेनों का भाटापारा स्टॉपेज नही होने से क्षेत्र की जनता बहुत ज्यादा दुखी है और उनमें अच्छी खासी नाराजगी देखने को मिल रही है। नागरिकों का कहना है बिलासपुर रेलवे जोन के दो डिविजन नागपुर और बिलासपुर के विभिन्न स्टेशन में समय समय पर जनता की मांग पर स्टॉपेज मिल रहा है लेकिन रायपुर डिविजन के बड़े स्टेशन एन एस जी 3 लेबल के भाटापारा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन ठहराव पिछले 4 सालो से ना होना घोर आश्चर्य का विषय बना हुआ है।क्षेत्र की जनता को दुख इस बात का है की विधायक शिवरतन शर्मा प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष भी है,सांसद सुनील सोनी भी भाजपा से है,रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव भी भाजपा से है और प्रधानमन्त्री भी भाजपा से है,सभी जनप्रतिनिधि एक ही राजनेतिक दल के होने के बाद भी भाटापारा की जनता को चलती हुई ट्रेन के पहिए को मात्र 2 मिनट के लिए रोकने लंबे समय से संघर्ष करना पड़ रहा है। रेल स्टॉपेज की सुविधाओ से मोहताज होना पड़ रहा है।क्षेत्र वासियों ने विधान सभा चुनाव की अचार संहिता लगने की आहट को देखते हुए एक बार फिर क्षेत्र के सांसद और विधायक से गुहार लगाते पूर्व भाटापारा रेलवे स्टेशन में 12851द्ध12852,बिलासपुर चेन्नई एक्सप्रेस,22939द्ध22940 बिलासपुर हापा एक्सप्रेस,22893द्ध22894 शिरडी साई नगर हावड़ा एक्सप्रेस, 12949द्ध12950 पोरबंदर संतरागाछी एक्सप्रेस,12101द्ध12102 हावड़ा लोकमान्य तिलक ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस और 20825द्ध20826 बिलासपुर नागपुर वंदेभारत एक्सप्रेस का भाटापारा स्टॉपेज विधानसभा चुनाव की अचार संहिता लगने के पूर्व दिलाए जाने की गुहार लगाई है।

# दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष नीरज एवं उपाध्यक्ष ताम्रध्वज बने

**बागबाहरा,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। दशहरा उत्सव समिति की बैठक नगर के रेस्ट हाउस में रखी गई। जिसमे हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ आतिशबाज़ी करते हुए दशहरा पर्व मनाने का निर्णय सर्वसम्मति से बैठक में लिया गया।इस बैठक में दशहरा उत्सव समिति के नए पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का गठन किया गया। जिसमे सर्वसम्मति से अध्यक्ष नगर के वार्ड नं. 4 थानापारा के पार्षद प्रतिनिधि सक्रिय युवा नेता नीरज सोनी, कार्यकारी अध्यक्ष नगर पालिका के उपाध्यक्ष दीपक यादव को बनाया गया है। वही उपाध्यक्ष ताम्रध्वज बघेल छोटू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश सोनी, सचिव



मयंक शर्मा मोनू, सहसचिव अभिषेक यादव एवं कोषाध्यक्ष योगेश साहू जोंटी को बनाया गया है द्य नगर के रावणभांठा मैदान में हर साल दशहरा पर्व धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ नागरिको द्वारा मनाया जाता है।शाम को रावणवध करने के बाद रात्रि में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी समिति द्वारा किया जाता है। इस कार्यक्रम को देखने नगरवासियो समेत दूरदराज गांव के लोग बड़ी संख्या में यहाँ आते हैं। और इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का रात भर आनंद लेते हैं। रात्रि में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस जवानो की तैनाती भी किया जाता है।ताकि यहाँ किसी भी प्रकार का कोई अप्रिय घटना न हों।

# राज्य सूचना आयोग में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**आरंग,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)।गुरुवार को जिला रायपुर कलेक्टर सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे एवं एसडीएम आरंग अतुल विश्वकर्मा के निर्देशन में नया रायपुर राज्य सूचना आयोग में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत अवर सचिव राज्य सूचना आयोग डा गीता दीवान ने सबको प्रेरित करते हुए कहा की हम सब की मानवीय उत्सुकता यही होती है की अगली सरकार किसकी बनेगी किंतु हम सबको अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी और भारत निर्वाचन आयोग के लक्ष्य शत प्रतिशत मतदान की ओर आगे बढ़ना होगा उन्होंने सबको डेमो वोट करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा की हमारे द्वारा किए गए मतदान को वीवीपीएटी




मशीन दर्शाती है और यह कंट्रोल यूनिट और बैलट यूनिट के मध्य ऐसी प्रतीत होती है मानो दो भाइयों के बीच एक बड़ी बहन हो वहीं उन्होंने कंट्रोल यूनिट को ईवीएम का ब्रेन बताते हुवे लोकतंत्र के महायज्ञ में मतदान को आहुति के रूप में परिभाषित कर जागरूक मतदाता बनने का संदेश दिया इस अवसर पर स्वीप मास्टर ट्रेनर शिक्षक महेंद्र कुमार पटेल एवं अरविंद कुमार वैष्णव ने दो सुंदर जागरूकता गीत पेश करते हुए सभी को लोकतांत्रिक निष्पक्ष मतदान की शपथ करवाई और साथ ही संयुक्त कलेक्टर छत्तीसगढ़ संवाद विनायक शर्मा और उपसचिव दीपक अग्रवाल ने जागरूकता गीतों की प्रशंसा की।इस अवसर पर अनुभाग अधिकारी एके वर्मा, कुलेश्वर साहू, रवींद्र वर्मा, महावीर प्रसाद साहू, संतोष नेताम, डीके रीडर, वीरेंद्र गुप्ता, प्रदीप गौर, मनोहर लाल पैकरा, यशवंत धीवर, खोमन सिंह ठाकुर पंजीयन शाखा, सुजीत कुमार यादव, विजय सेनानी, रेखा धीवर, सुनीता शुक्ला,स्वेता राजपूत, श्याम सुंदर सिदार,प्रेम यादव,सत्यप्रकाश बांधे,दीपा पातरे,जीवन पटेल, आशीष कुमार यादव एवं सामान्य जनों की अच्छी खासी उपस्थिति रही।

# सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं, लगातार मेहनत से ही मिलती है सफलता : कलेक्टर छिकारा





**गरियाबंद,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। बाल प्रतिभाओं के सृजनात्मक कौशल को विकसित करने के लिए राष्ट्रीय अविष्कार अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन गरियाबंद के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर आकाश छिकारा ने शामिल होकर विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए विज्ञान प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता के सभी विधा का सूक्ष्मता के साथ निरीक्षण किया।साथ ही मॉडल से संबंधित अलग-अलग प्रश्न बच्चो से पूछे। बच्चों ने भी कलेक्टर छिकारा को रोचक अंदाज में जवाब दिए। प्रश्नों के विस्तार से जवाब पाकर कलेक्टर अभिभूत हो गए। उन्होंने बाल वैज्ञानिकों के मॉडल, पुस्तक प्रदर्शनी, क्विज प्रतियोगिता, कबाड़ से जुगाड़ के नवाचारी गतिविधियों को देखकर खूब तारीफ़ किए।

**राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत क्विज, विज्ञान प्रदर्शनी एवं अन्य गतिविधियां हुई संचालित**

कलेक्टर ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सफलता का कोई सरल तरीका नहीं है। अथक और लगातार मेहनत करने से ही सफलता मिलती है। उन्होंने कहा कि आगे बढ़ने के लिए उस भाषा का प्रयोग करें जिसमें आपकी दक्षता हो। रटने की आदत को छोड़कर समझने की प्रवृत्ति विकसित करें जो दीर्घकाल तक स्मृतिपटल पर अंकित रहता है। उन्होंने आगे कहा कि यथोचित सफलता प्राप्त करने के लिए अपने सोच और क्षमता को एक लेवल ऊपर रखकर मेहनत करें। शिक्षक समाज का दर्पण होता है। बच्चे अच्छे शिक्षक बनकर सभी वर्गों का सेवा कर सकते हैं। राष्ट्र निर्माण में सर्वस्व न्यौछावर करने का जज़्बा हमें सदैव आगे बढ़ाएगा। इस दौरान डीएमसी खेल सिंह नायक सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं शिक्षकगण मौजूद रहे।

राष्ट्रीय अविष्कार अभियान कार्यक्रम में आयोजित कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता में बच्चों ने पौधे की संरचना, चलित कागभगोड़ा, कोण पर आधारित टीएलएम, होलोग्राम ऊर्जा के विभिन्न रूपो के जीवंत प्रस्तुति ने सबको प्रभावित किया। क्विज प्रतियोगिता में विज्ञान, गणित, तकनीक के कठिन प्रश्नों का सरल जवाब देकर बच्चों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। मॉडल प्रदर्शनी में हीमोडायलिसिस, अम्ल क्षार लवण की अवधारणा, आईआर बेस्ड फील्ड सिक्योरिटी प्रोजेक्ट, चंद्रयान-3, आदित्य एल वन, एडवांस रोपवे, आर्मी सिक्योरिटी सिस्टम, वायरलेस पावर ट्रांसमिशन सिस्टम, नवीन तकनीक से सड़क दुर्घटना का नियंत्रण, ऑटो टर्न ऑफ वाटर स्विच आदि का चलित प्रदर्शन किया। पुस्तक प्रदर्शनी में भी बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सभी विजेताओं को मोमेंटो, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

# कोमा में राजीव युवा मितान क्लब ने किया वृद्धजनों का सम्मान



**बागबाहरा,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजीव युवा मितान क्लब कोमा द्वारा विश्व वृद्धजन दिवस के मौके पर ग्राम पंचायत कोमा में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा गठित राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यो द्वारा ग्राम के वृद्धजनों को तिरंगा गमछा एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। गांव के वृद्धजन सम्मानित होकर अपने आप को गौरवान्वित महसूस करने लगे। उनके खुशी से आँखों के आंसू टपक पड़े। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष बैतलराम पटेल, उपाध्यक्ष नीरा दीवान, कोषाध्यक्ष इंद्र कुमार चौहान,संयुक्त सचिव टोमीन दीवान दीवान,ग्राम पंचायत कोमा की सरपंच श्रीमती सविता गोस्वामी,ललित निषाद, विष्णु दीवान,हरिचंद निषाद,राधाबाई दीवान,दिगेश्वरी दीवान,बालकुमारी दीवान, टेमन दीवान,माया दीवान,खिलेश्वरी निषाद,धनेश्वरी ध्रुव, अनुता निषाद,कांति दीवान, तिरीथ बाई दीवान एवं स्वच्छता समिति से सचिव राधा दीवान शामिल थें।

# कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने मीडिया को निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन की जानकारी दी

**बिलाईगढ़,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया को आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के अंतिम प्रकाशन के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर जिले के पत्रकारगण उपस्थित थे।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सिद्दीकी ने बताया कि फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 अक्टूबर 2023 के संदर्भ में 04 2023 को फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का प्रकाशन किया गया है, जो जन साधारण के अवलोकन हेतु जिला निर्वाचन कार्यालय (सामान्य) सारंगढ़-बिलाईगढ़, कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) सह निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सारंगढ़ व बिलाईगढ़, कार्यालय तहसीलदार सह सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सर्व जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ और सभी मतदान केन्द्रो में उपलब्ध रहेगा। जिले की सामान्य जानकारी अंतर्गत 19 हजार 539 कुल परिवर्धन, 9 हजार 517 कुल विलोपन, 7 हजार 126 कुल संशोधन है। परिवर्धन, विलोपन एवं संशोधन की जानकारी 721 मतदान केन्द्र के अनुसार है। 30 सितंबर 2023 की स्थिति में जिले की कुल 7,71, 533 जनसंख्या है, जिसमें 3,84,838 पुरुष और महिला 3,88,695 हैं। कुल मतदाता 5,09,821 हैं, जिसमें 254126 पुरूष और 255687 महिला मतदाता और तृतीय लिंग 8 मतदाता हैं। सेवा मतदाता में 297 हैं। युवा मतदाता 19481, दिव्यांग मतदाता (च्च्क), लिंगानुपात-1006 और ईपी रेशियो 70.54 प्रतिशत है। सारंगढ़ बिलाईगढ़ में तहसील सरिया में विधानसभा रायगढ़-16 अंतर्गत 59 मतदान केन्द्र, विधानसभा सारंगढ़ के 7 मतदान केन्द्र, बरमकेला तहसील में सारंगढ़-17 विधानसभा के 104 मतदान केन्द्र, सारंगढ़ तहसील में सारंगढ़ विधानसभा के सारंगढ़ तहसील में 234 मतदान केन्द्र, बिलाईगढ़ और भटगांव तहसील में बिलाईगढ़-43 विधानसभा के 247 मतदान केन्द्र है। इसी प्रकार बलौदाबाजार-भाटपारा जिले से संबंधित टुण्डरा तहसील में बिलाईगढ़-43 के 55 मतदान केन्द्र, सोनाखान तहसील में बिलाईगढ़-43 के 74 मतदान केन्द्र है। जिले में कुल मतदान केन्द्र 651 है और विधानसभा अनुसार कुल मतदान केन्द्र 721 है।

डॉ. सिद्दीकी ने बताया कि निर्वाचन की घोषणा होते ही नाम का विलोपन (नए फार्म-7 की प्रोसेसिंग बंद हो जाएगा)। घोषणा के दिन तक प्राप्त सभी फार्म-7 का निपटारा अगले 10 दिनों के अन्दर पूर्ण कर लिया जाएगा। इसी प्रकार फार्म-8 के करेक्शन से संबंधित नए आवेदनों की प्रोसेसिंग बंद हो जाएगी एवं घोषण के दिन तक प्राप्त ऐसे सभी आवेदनों का निपटारा अगले 10 दिनों के अन्दर पूर्ण कर लिया जाएगा। फार्म-6 में नए नाम जोड़ने एवं फार्म-8 के शिफ्टिंग वाले नामांकन के अंतिम दिवस के 10 दिन पहले तक प्राप्त आवेदन नामांकन के अंतिम दिवस तक निराकृत कर लिए जाएंगे। शिफ्टिंग वाले नाम नई जगह जुड़े तो होंगे, परन्तु पुरानी जगह से डिलीट नहीं होंगे। पुरानी जगह में उनका मार्किंग 'एएसडी' मतदाता के रूप में की जाएगी एवं निर्वाचन पूर्ण होने के बाद उनका नाम पुरानी जगह से विलोपित किया जाएगा। इस प्रकार नामांकन के अंतिम दिन नामावली फ्रीज हो जाएगी।

# कोमा में राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों ने किया गांव की साफ-सफाई

**बागबाहरा,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित राजीव युवा मितान क्लब के माध्यम से विलुप्त हो रही छत्तीसगढ़ की संस्कृति को आगे बढ़ाने सामाजिक समरसता और युवाओं को देश हित में आगे लाने के लिए शासन की एक अच्छी पहल है। और ये उसी का परिणाम है कि इस क्लब के माध्यम से जनपद पंचायत बागबाहरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोमा में पंचायत परिसर, स्कूल के पास एवं अटल चौक की साफ-सफाई स्वच्छता अभियान के माध्यम से किया गया। जिसमें राजीव युवा मितान क्लब कोमा के अध्यक्ष बैतलराम पटेल, उपाध्यक्ष नीरा दीवान, कोषाध्यक्ष इंद्र कुमार चौहान,संयुक्त सचिव टोमीन दीवान, ललित निषाद, विष्णु दीवान, हरिचंद निषाद,राधाबाई दीवान,दिगेश्वरी दीवान,बालकुमारी दीवान, टेमन दीवान,माया दीवान,खिलेश्वरी निषाद,धनेश्वरी ध्रुव, अनुता निषाद,कांति दीवान, तिरिथ बाई दीवान एवं स्वच्छता समिति की सचिव राधा दीवान शामिल थें। गांव के गली- मोहल्ले एवं चौक-चौराहों को हमेशा साफ-सफाई रखने हेतु ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।




# सामुदायिक भवन व जैतखाम सह मेला स्थलों का हुआ वर्चुअल भूमिपूजन

**बिलाईगढ़,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा, सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मुख्य आतिथ्य में रायगढ़ जिले के ग्राम कोड़ातराई में 'भरोसे का सम्मेलन' आयोजन किया गया। इस वर्चुअल कार्यक्रम के दौरान कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी और अन्य मुख्य अतिथियों की उपस्थिति में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के सरिया में आंचलिक कोलता समाज के श्रीश्री रणेश्वर रामचण्डी सेवा संस्थान का सामुदायिक भवन निर्माण के साथ-साथ बरमकेला, बिलाईगढ़ और सारंगढ़ विकासखंड में जैतखाम सह मेला स्थल का विकास कार्य का भूमिपूजन किया गया।

इस अवसर पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री कुमारी शैलजा, छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरण दास महंत, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ शिव कुमार डहरिया, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरू रूद्र कुमार, संसदीय सचिव चंद्रदेव राय, छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम के अध्यक्ष नंद कुमार साय,विधायक सारंगढ़ श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े विधायक प्रकाश नायक, लालजीत सिंह राठिया, चक्रधर सिंह सिदार सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# धान खरीदी केंद्र और उप केंद्र खोलने की मांग : सुशील शर्मा



**भाटापारा,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। कृषि उपज मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने आज किसानों के साथ ज़िलाधीश चंदन कुमार से मिलकर भाटापारा के ग्राम राजाढार में नवीन धान उपार्जन ख़रीदी केंद्र और सिमगा के ऑरोठी, नवाँगाँव,कचलोन में किसानों की सुविधा को देखते हुये नये धान उपार्जन केंद्र खोलने का प्रस्ताव जिलाधीश को दिया गया,ज़िलाधीश चंदन कुमार ने आश्वस्त किया है उपरोक्त सभी गाँव में आसपास के किसान आपना धान विक्रय कर सकेंगे इससे किसानों को बहुत लाभ प्राप्त होगा।मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा के साथ सोसायटी अध्यक्ष चंद्रकुमार साहू, सचिन शर्मा, दाऊराम यादव, झाड़ूराम, रोशन यादव, राजेश साहू, प्यारे साहू,दिनेश साहू आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।